CMYK

सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:32
अधिकतम तापमान : 24.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-227 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 08 फरवरी 2025
09 शाबान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# 487 और अवैध भारतीय प्रवासियों को भारत भेजेगा अमेरिका : विदेश मंत्रालय

- मिला अंतिम निष्कासन आदेश
- बुधवार को 104 भारतीयों को अमेरिका ने वापस भारत भेजा
- निर्वासन पर विपक्ष ने मोदी सरकार को घेरा




**नई दिल्ली।** अमेरिका ने पिछले दिनों 104 भारतीय प्रवासियों को वापस भारत भेजा। इस बीच केंद्र सरकार ने बताया कि उन्हें अमेरिकी अधिकारियों ने बताया है कि 487 संभावित भारतीय नागरिक हैं जिनके पास अंतिम निष्कासन आदेश हैं। इस बात की जानकारी विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने दी।

दरअसल, विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि हमें बताया गया है कि 487 संभावित भारतीय नागरिक हैं, जिनके निष्कासन के अंतिम आदेश हैं। बता दें कि बुधवार को सी-17 अमेरिकी सैन्य विमान में जंजीरों और बेड़ियों से बंधे 104 भारतीय प्रवासियों को वापस भारत भेजा गया। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने एक बयान में कहा कि अमेरिकी न्याय प्रणाली के अनुसार उनकी कानूनी स्थिति और स्थिति के बारे में, हमारे पास संबंधित अप्रवासियों की संख्या के बारे में कुछ जानकारी है। हम उपलब्ध कराई गई ऐसी संख्याओं के साथ काम कर रहे हैं। इसके साथ ही भारतीयों को निर्वासित करने के लिए अमेरिका द्वारा सैन्य विमानों के इस्तेमाल पर विदेश सचिव ने कहा कि यह विशेष निर्वासन पहले की उड़ानों की तुलना में कुछ अलग है। अमेरिकी प्रणाली में ही इसे राष्ट्रीय सुरक्षा अभियान बताया गया था। जानकारी दें कि प्रवासियों को लेकर एक अमेरिकी सैन्य विमान बुधवार को अमृतसर में उतरा। ये राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के तहत पहला सामूहिक निर्वासन था। इस विमान में 104 भारतीय सवार थे। इन भारतीयों ने अवैध चैनलों के माध्यम से संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने का प्रयास किया था। कथित तौर पर इन भारतीयों को उड़ान के दौरान उन्हें बेड़ियों और बंधनों जकड़ा गया था।

अमेरिका द्वारा भारतीयों के निर्वासन को जिस तरीके से अंजाम दिया गया, इसको लेकर भारत में राजनीति चरम पर है। विपक्ष ने पूछा कि केंद्र ने अपनी शर्तों पर उन्हें वापस लाने के लिए हस्तक्षेप क्यों नहीं किया। वहीं, इस मामले पर केंद्र सरकार ने अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का हवाला देते हुए अपना बचाव किया।

# कौशल भारत को बड़ी मंजूरी

**मोदी कैबिनेट**

- 8800 करोड़ रुपये के बजट पर मुहर
- नए आयकर बिल को भी कैबिनेट की हरी झंडी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए। कौशल भारत कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए 8,800 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग का कार्यकाल तीन साल बढ़ाने का निर्णय लिया गया, जिससे सफाई कर्मचारियों के हितों की रक्षा होगी।

दक्षिण तटीय रेलवे जोन के विकास को भी स्वीकृति मिली, जिससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत होगी। वहीं, सूत्रों के अनुसार, कैबिनेट ने नए आयकर बिल को भी मंजूरी दे दी है, जिससे कर प्रणाली में सुधार की उम्मीद है।




केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।

मंत्रिमंडल ने कौशल भारत कार्यक्रम को 2026 तक जारी रखने और पुनर्गठित करने की मंजूरी दी। यह कार्यक्रम 2022-23 से 2025-26 की अवधि के लिए 8,800 करोड़ रुपये के बजट के साथ संचालित किया जाएगा। युवाओं के लिए बढ़ेंगे रोजगार अवसर इस पहल के जरिए पूरे देश में तकनीकी रूप से सक्षम, उद्योग-उन्मुख और भविष्य की मांग के अनुरूप कुशल युवाओं को तैयार किया जाएगा। कौशल भारत कार्यक्रम के तहत अब प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना और जन शिक्षण संस्थान योजना को एक साथ जोड़ा गया है। इन तीनों योजनाओं के एकीकृत होने से युवाओं को व्यापक प्रशिक्षण और बेहतर रोजगार के अवसर मिलेंगे।

## न्यूज डायरी

### दो आरोपियों को हाईकोर्ट से जमानत



**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की हत्या करने की बिश्नोई गिरोह की कथित साजिश के सिलसिले में पिछले साल गिरफ्तार किए गए दो लोगों को शुक्रवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति एन आर बोरकर ने गौरव भाटिया उर्फ संदीप बिश्नोई और वासपी महमूद खान की जमानत याचिका मंजूर कर ली। विस्तृत आदेश अभी उपलब्ध नहीं हुआ है। नवी मुंबई पुलिस ने पिछले साल आरोप लगाया था कि इन दोनों लोगों और अन्य आरोपियों ने मुंबई के पास पनवेल में सलमान खान के फार्महाउस और बांद्रा स्थित उनके घर के आसपास के इलाके और उन कुछ जगहों की रेकी की थी जहां सलमान फिल्म शूटिंग के लिए गए थे।

### पीएम मोदी 12 से अमेरिकी दौरे पर



**वॉशिंगटन।** पीएम मोदी 12 और 13 फरवरी को अमेरिका दौरे पर रहेंगे। वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के न्योते पर अमेरिका जा रहे हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ट्रम्प के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद मोदी की यह पहली मुलाकात होगी। मोदी फ्रांस की यात्रा खत्म करने के बाद 12 फरवरी की शाम को वाशिंगटन डीसी पहुंचेंगे। वे 14 फरवरी तक रहेंगे। पीएम इस दौरान अमेरिकी बिजनेसमैन और भारतवंशी समुदाय से भी मुलाकात कर सकते हैं। पीएम और राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच 27 जनवरी को बातचीत हुई थी।

### सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने संभल में संरचनाओं की तोड़फोड़ पर उसके फैसले का कथित तौर पर उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही का अनुरोध करने वाले याचिकाकर्ता से संबंधित उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने याचिकाकर्ता मोहम्मद गयूर की ओर से पेश वकील से कहा, ''इसे उच्च न्यायालय में दाखिल करें। पीठ ने याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय जाने की छूट देते हुए कहा, ''हमें लगता है कि इस मुद्दे से संबंधित उच्च न्यायालय सबसे बेहतर तरीके से निपट सकता है।

# भतीजी की शादी में आशीर्वाद देने गांव पहुंचे मुख्यमंत्री योगी



**देहरादून।** उत्तराखंड के राज्यपाल ले. जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह व सीएम पुष्कर सिंह धामी पंचूर गांव पहुंचे। यहां वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भतीजी की शादी में शामिल हुए। उसके बाद कांडी गांव में राज्यपाल व सीएम ने स्व. चंद्रमोहन नेगी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। शादी समारोह में शामिल होने के लिए शुक्रवार को राज्यपाल ले. जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह व सीएम पुष्कर सिंह धामी करीब पौने एक बजे पंचूर गांव पहुंचे। कांडी गांव में हेलीपैड बनाया गया था। यहां से सड़क मार्ग से करीब तीन किमी दूर पंचूर गांव पहुंचे। राज्यपाल व सीएम धामी ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया। शादी समारोह में सांसद अनिल बलूनी और त्रिवेंद्र सिंह रावत भी शामिल हुए।

# केजरीवाल के घर पहुंची एसीबी, नोटिस दिया

- दिल्ली के उपराज्यपाल ने आप के विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोपों की जांच के दिए आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के उन आरोपों की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) से जांच कराने के आदेश दिए जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर उसके उम्मीदवारों को प्रलोभन देकर अपने पाले में करने का आरोप लगाया गया था।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस बीच, एसीबी की टीम अपनी जांच के सिलसिले में आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के आवास पर पहुंची। जांच का यह आदेश दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना से एक दिन पहले आया है। दिल्ली में पांच फरवरी को विधानसभा चुनाव हुआ था। उपराज्यपाल कार्यालय ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा, ''आप यह आरोप लगा रही है कि भाजपा उसके विधायकों को पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने के लिए रिश्वत की पेशकश कर रही है। उपराज्यपाल ने निर्देश दिया है कि इस मामले की सच्चाई का पता लगाने के लिए एसीबी के माध्यम से गहन जांच की जानी चाहिए।'' मुख्य सचिव को यह निर्देश भाजपा की दिल्ली इकाई के महासचिव विष्णु मित्तल द्वारा उपराज्यपाल कार्यालय को दिए गए ज्ञापन के बाद दिया गया। मित्तल ने उपराज्यपाल को लिखे पत्र में कहा, ''अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह द्वारा लगाए गए आरोप बहुत गंभीर हैं और इनकी तत्काल जांच की आवश्यकता है। हालांकि, उन्होंने अपने दावों की पुष्टि के लिए कोई सबूत या साक्ष्य जैसे कि फोन कॉल या इसमें शामिल व्यक्तियों का विवरण प्रस्तुत नहीं किया है।' उन्होंने कहा, ''मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप एसीबी या किसी अन्य जांच एजेंसी को प्राथमिकी दर्ज करने और सात मौजूदा आप विधायकों को 15-15 करोड़ रुपये की कथित पेशकश के संबंध में विस्तृत जांच करने का निर्देश दें।''




इससे पूर्व बृहस्पतिवार को केजरीवाल ने भाजपा पर दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों से पहले पार्टी के 16 उम्मीदवारों को खरीदने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

उन्होंने आरोप लगाया कि आप उम्मीदवारों को पाला बदलने पर भाजपा की ओर से मंत्री पद और 15-15 करोड़ रुपये मिलने का प्रस्ताव मिला है। इसी तरह के आरोप आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और अन्य नेताओं ने भी लगाए हैं।

# आरबीआई ने 5 साल बाद रेपो रेट में की 0.25 प्रतिशत की कटौती

- सस्ते हो सकते हैं लोन
- ईएमआई भी कम होगी
- पांच साल बाद ब्याज दरें घटीं
- बदल जाएगा सभी बैंकों का वेब एड्रेस

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को आर्थिक वृद्धि को गति देने के मकसद से प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया।

केंद्रीय बैंक ने लगभग पांच साल बाद रेपो दर में कटौती की है। इससे पहले मई, 2020 में कोविड-19 महामारी के समय रेपो दर को 0.40 प्रतिशत घटाकर चार प्रतिशत किया गया था। फिर रूस-यूक्रेन युद्ध के जोखिमों से निपटने के लिए आरबीआई ने मई, 2022 में दरों में बढ़ोतरी करनी शुरू की थी और यह सिलसिला फरवरी, 2023 में जाकर रुका था। रेपो दर दो साल से 6.50 प्रतिशत पर स्थिर बनी हुई है। आरबीआई के गवर्नर ने संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की बैठक में लिए गये निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि छह सदस्यीय समिति ने आम सहमति से रेपो दर को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत करने का निर्णय किया है। रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिये इस दर का उपयोग करता है। रेपो दर में कमी करने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में कमी आने की उम्मीद है। इसके साथ, एमपीसी ने अपने रुख को 'तटस्थ' बनाये रखने का निर्णय किया है।

### फाइनेंशियल सर्विसेज को मिलेगी सुरक्षा

बैंकों के लिए अलग से इंटरनेट की शुरुआत की जाएगी। इस सर्विस का मकसद है कि साइबर फ्रॉड से छुटकारा दिलाया जाए। फिशिंग जैसी दुर्भावनापूर्ण गतिविधि को भी कम करना इसका उद्देश्य है। इस नई इंटरनेट सर्विस के जरिए फाइनेंशियल सर्विसेज को अतिरिक्त सुरक्षा दी जाएगी। उम्मीद है कि इस कदम से डिजिटल बैंकिंग और पेमेंट सर्विस से लोग अधिक संख्या में जुड़ सकेंगे। इस सर्विस के जरिए लोगों का बैंकिंग प्रोसेस पर विश्वास भी बढ़ेगा।



# महाकुंभ में इस्कॉन के टेंट सिटी में लगी भीषण आग

- 22 टेंट जले, दमकल की कई गाड़ियों ने पाया काबू

**प्रयागराज।** महाकुंभ में सेक्टर 18 में अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के शिविर के पास शुक्रवार को करीब 11 बजे आग लग गई। आग किचन में लगी इसके बाद तेज हवा चलने के चलते पूरे शिविर में फैल गई। देखते ही देखते आश्रम के वीआईपी टेंट सिटी से आग की ऊंची लपटें उठने लगीं। चीख पुकार करते हुए लोग बाहर भागने लगे। सूचना पाकर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

ओल्ड जीटी रोड स्थित महाकुम्भ नगर में शुक्रवार को स्वामी हरिहरानंद और सुखदेवानंद के शिविर में अचानक आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल महाकुम्भ के फायर ब्रिगेड की



एक दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया गया। चीफ फायर ऑफिसर प्रमोद शर्मा ने बताया कि आग इस्कॉन क्षेत्र में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, जिससे 20 से 22 टेंट जल गए। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। दमकलकर्मियों ने त्वरित कार्रवाई कर आग को फैलने से रोक लिया। घटना की जानकारी मिलते ही उत्तरी झूंसी के जोनल पुलिस ऑफिसर, एडिशनल एसपी सर्वेश कुमार मिश्रा, स्थानीय पुलिस और मेला मजिस्ट्रेट भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना आज

- आप और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती शनिवार को होगी, जिससे यह तय होगा कि आम आदमी पार्टी (आप) चौथी बार सत्ता में आएगी या फिर 27 साल बाद राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा सरकार बनाएगी। पिछले दो विधानसभा चुनावों में एक भी सीट नहीं जीतने के बाद कांग्रेस भी इस बार कुछ बढ़त की उम्मीद कर रही है। कई एग्जिट पोल ने भाजपा को आप पर बढ़त दिखाई है, जो 2015 से दिल्ली में सत्ता में है।

मतगणना की प्रक्रिया सुबह आठ बजे शुरू होगी और शुरुआती रुझान शुरुआती घंटों से ही आने शुरू हो जाएंगे। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, दिल्ली चुनाव के लिए बुधवार को 60.54 फीसदी वोट पड़े। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने




दावा किया है कि उनकी पार्टी करीब 50 सीटें जीतेगी। वहीं, आप ने एग्जिट पोल के अनुमानों को खारिज करते हुए कहा कि वह फिर से सरकार बनाएगी और उसके संयोजक अरविंद केजरीवाल चौथी बार मुख्यमंत्री बनेंगे। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) एलिस वाज ने कहा कि मतगणना पर्यवेक्षकों, मतगणना सहायकों और प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षित सहायक कर्मचारियों सहित कुल 5,000 कर्मियों को शनिवार को मतगणना के लिए तैनात किया जाएगा। मतगणना प्रक्रिया की निष्पक्षता को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच वीवीपैट (वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल्स) का यादृच्छिक चयन किया जाएगा। इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव की मतगणना के मद्देनजर 19 मतगणना केंद्रों के लिए अर्धसैनिक बलों की दो कंपनियों और दिल्ली पुलिसकर्मियों सहित तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

### मिल्कीपुर उपचुनाव के नतीजे आज

**अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए शनिवार सुबह पांच बजे मतगणना की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। राजकीय इंटर कॉलेज में वोटों की गिनती के लिए पंडाल बनाकर 14 टेबल सज गई हैं। इन टेबलों पर मतगणना करने वाले 76 कार्मिकों को अंतिम प्रशिक्षण भी दे दिया गया है। इस दौरान आरओ और एआरओ के साथ हर टेबल पर माइक्रो ऑब्जर्वर निगरानी करेंगे। जिला प्रशासन ने निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतगणना की सभी तैयारियों को शुक्रवार को अंतिम रूप दे दिया। मतगणना स्थल जीआईसी में सुरक्षा के कड़े प्रबंध प्रभावी किए गए हैं। मुख्य द्वार पर ही बैरिकेडिंग लगा दी गई है।

# माध्यमिक शिक्षा के 1845 शिक्षक-कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का तोहफा

**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा विभाग ने एक अप्रैल 2005 से पहले के विज्ञापित पदों पर नियुक्ति पाने वाले लगभग 1845 शिक्षक-कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का तोहफा दिया है। विभाग के अपर शिक्षा निदेशक सुरेंद्र कुमार तिवारी की ओर से शुक्रवार को ऐसे शिक्षक-कर्मचारियों की सूची जारी की गई है। इससे शिक्षकों-कर्मचारियों में खुशी की लहर है। केंद्र सरकार की घोषणा के बाद पिछले दिनों प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया था कि एक अप्रैल 2005 के पहले जारी विज्ञापन लेकिन नियुक्ति इसके बाद में पाने वाले शिक्षकों-कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाएगा। इस क्रम में माध्यमिक शिक्षा विभाग ने संबंधित शिक्षकों-कर्मचारियों से आवेदन लेकर निदेशालय स्तर पर समिति का गठन किया था। समिति की हाल में आई रिपोर्ट के बाद 1845 से अधिक शिक्षकों-कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने का निर्णय लिया गया है।



# शेख हसीना की टिप्पणी को भारत के साथ ना जोड़े

- बांग्लादेशी उच्चायुक्त को भारत ने किया तलब
- भारत की यूनुस सरकार से दो टूक, कहा- बांग्लादेश माहौल न करे खराब

**नई दिल्ली।** भारत ने आज कड़े शब्दों में बांग्लादेश को आईना दिखाया। भारत ने साफ कहा कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बारे में की गई टिप्पणियां उनकी व्यक्तिगत हैसियत से की गई हैं, जिसमें भारत की कोई भूमिका नहीं है।

दरअसल, पिछले दिनों शेख हसीना ने फेसबुक लाइव पर संबोधित किया। इसके बाद ढाका में प्रदर्शनकारियों ने शेख मुजीबुर रहमान के घर पर हमला कर दिया और आवास में तोड़फोड़ की। बवाल के बाद बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारत सरकार के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। बांग्लादेश ने कहा कि पूर्व पीएम शेख हसीना भारत की शरण में हैं और वहां से झूठी व मनगढ़ंत टिप्पणियां व बयान दिए जा रहे हैं। बता दें कि आज भारत ने बांग्लादेश के कार्यवाहक उच्चायुक्त मोहम्मद नूरल इस्लाम को आज विदेश मंत्रालय ने तलब किया।



इस बात की जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी। उन्होंने कहा कि शेख हसीना द्वारा व्यक्तिगत रूप से की गई टिप्पणियों को भारत की स्थिति के साथ मिलाना द्विपक्षीय संबंधों के लिए अच्छा नहीं है।

CMYK

## समूह का छह लाख रुपये हड़पे जाने को लेकर समूह के सदस्य परेशान

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** समूह का छह लाख रुपये हड़पे जाने को लेकर समूह के सदस्य परेशान हैं और रिपोर्ट दर्ज करने के लिए कोतवाली के चक्कर लगा रहे हैं, पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही है। पीड़ितों की रिपोर्ट ना लिखने का यह पहला मामला नहीं है। तमाम अन्य लोग भी कोतवाली के चक्कर लगा रहे हैं। कोई सुनने वाला नहीं है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सैठन निवासी शिवकुमार की पत्नी वर देवी, जमुना प्रसाद की पत्नी सुनीता देवी, कयूम की पत्नी अफसाना, महफूज की पत्नी अफसाना, जलालुद्दीन का बेटा फरीद और ललई के बेटे बबलू का कहना है कि गांव में समूह चलता है जिसमें उन्होंने रुपए जमा किए थे। गांव का इरशाद अली भी सदस्य है। आरोप है कि उसने सभी सदस्यों को गुमराह कर वाउचर पर हस्ताक्षर कर लिए और फिर समूह का 6 लाख का भुगतान निकाल लिया। उसके बाद फरीद से भी 20 हजार रुपये भी हड़प लिए।

जब उन लोगों को जानकारी हुई तो उन्होंने इरशाद से रुपए की मांग की। उनका कहना है कि इरशाद ने कहा कि रुपए खर्च हो गए हैं। उन सभी ने कोतवाली पहुंच तहरीर दी, पर पुलिस ने नहीं सुनी। कई दिनों तक कोतवाली के चक्कर लगाने के बाद अब पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक के साथ डीएम, डीआईजी और मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत भेजी है।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 34/025 धारा 2(ख)(i)/3 गैगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त साहिल पुत्र जाबिर अली नि0 ग्रा0 सियाथू थाना गोला हैदरबाद जनपद खीरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय महोदय के समक्ष भेजा गया।

## अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर , बाइक सवार युवक की मौके पर हुई मौत

**लखीमपुर-खीरी।** पलिया भीरा रोड पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त करने के बाद मामले की सूचना परिजनों को दी। परिजनों की मौजूदगी में पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

## कुंभ मेले में ड्यूटी गए एक होमगार्ड की अज्ञात कारणों के चलते हुई मौत

**लखीमपुर-खीरी।** गोला कोतवाली से कुंभ मेले में ड्यूटी गए एक होमगार्ड की अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गई। सूचना पर घर में कोहराम मच गया। परिजन शव लेने के लिए कुंभ रवाना हो गए हैं। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वजीरनगर निवासी होमगार्ड 48 वर्षीय सालिकराम पुत्र इतवारीलाल 30 दिसंबर 2024 को विभाग की ओर से कुंभ मेले में ड्यूटी के लिए भेजा गया था सुबह आठ से चार बजे तक डयूटी पर रहा। इसके बाद उसके पेट में अचानक दर्द हुई। बताते हैं कि वह दवा लाया और खाकर सो गया। इसके बाद शुक्रवार को सुबह देर तक नही उठा। खाने के टाइम पर उसके साथियों ने उसे उठाने का प्रयास किया। तो पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। सालिकराम के निधन होने की खबर पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी व बेटियां का हाल बेहाल है।

## युवक ने खुद को मारी गोली

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने खुद को गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर परिजन युवक के कमरे की ओर दौड़े तो युवक लहूलुहान जमीन में पड़ा तड़प रहा था। परिजन अस्पताल ले जाते इससे पहले ही युवक ने दम तोड़ दिया। उसकी मौत से कोहराम मच गया। युवक ने आत्महत्या क्यों की, इसका कारण स्पष्ट नहीं हुआ है गांव रमुआपुरसत्ती निवासी सर्वेश वर्मा के 25 वर्षीय पुत्र गौरव वर्मा ने घर में रखी लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मार ली। घटना सुबह करीब साढ़े छह बजे की बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों से पूछताछ कर रही है।

## नाट्यकर्म थिएटर द्वारा नया नाटक 'आओ तनिक प्रेम करें' आज यूथ हॉस्टल हरिपर्वत में

**आगरा।** नाट्यकर्म थिएटर द्वारा 8 फरवरी यानी आज शाम 5 बजे यूथ हॉस्टल हरिपर्वत पर नया नाटक किया जा रहा है। ''आओ तनिक प्रेम करें÷ जिसकी लेखिका हैं विभा रानी और नाटक का निर्देशन मन्नू शर्मा ने किया है। प्रेम और अधूरे पन के एहसास को पूरी तरह से दर्शाता है ये नाटक। फिर से शादी के 30 साल बाद अपने प्रेम का ऐलान करना और उसे अनुभव करने की कहानी को दर्शाता है ये नाटक।

जानकारी अनुसार नाटक में पति पत्नी एक साथ रहते भी हैं झगड़ते भी हैं लेकिन जब बात प्यार की आती है तो उसे बयान ही नहीं कर पाते बच्चे और घर की भाग दौड़ में अपना सारा जीवन गुजार देते हैं। प्रेम को अपने बीच में फिर से जगाने और उसके एहसास को दर्शाता ये नाटक हैं। पुरुष का ईगो हमेशा हावी रहता है वो गुस्सा जितनी असानी से दिखाता है उतना प्यार नहीं दिखा पाता पत्नी को यही शिकायत है। जीवन के 60 साल बीतने पर पति को एहसास होता और वो फिर से एक नयी शुरुआत करना चाहता है अपनी पत्नी के साथ, प्रेम और तकरार की कहानी दर्शाई गई है इस नाटक में।

## पायलेट प्रोजेक्ट के तहत पहले कलेक्ट्रेट के 10 किमी की परिधि के क्षेत्र को घोषित किया गया जोन ऑफ एक्सीलेंस

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** सड़क हादसे में सिर्फ एक शख्स की ही जान नहीं जाती है बल्कि उसके साथ कई लोगों का जीवन प्रभावित होता है। हादसे में जान गंवाने वाले शख्स के परिवार के साथ सबसे अधिक अपने भविष्य के सुनहरे सपनों को संजाने वाले नौनिहालों का जीवन प्रभावित होता है। ऐसे में जोन ऑफ एक्सीलेंस अपनों की हिफाजत का अभियान है। ये बातें जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने शुक्रवार को पायलेट प्रोजेक्ट के तहत कलेक्ट्रेट के 10 किमी की परिधि के क्षेत्र को «जोन ऑफ एक्सीलेंस» घोषित करते हुए अभियान के शुभारंभ पर कही। अभियान की बेहतर परिणाम को देखते हुए इसे पूरे जिले में लागू किया जाएगा जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में सड़क हादसों को रोकने एवं हादसे के दौरान उन्होने वाली मृत्यु को जीरो करने के लिए नो हेल्मेट नो फ्यूल अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एक कदम आगे बढ़ाते हुए लखीमपुर खीरी में हादसों पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए पायलट प्रोजेक्ट के तहत





कलेक्ट्रेट के 10 किमी की परिधि के क्षेत्र को जोन ऑफ एक्सीलेंस घोषित किया गया है। डीएम ने एसपी संकल्प शर्मा संग शुक्रवार को अभियान के शुभारंभ के दौरान स्वयं खड़े होकर हादसों के शॉर्टकट बने हाईवे के अवैध कट को बंद कराए। साथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क सुरक्षा के उपायों का अवलोकन किया। इस दौरान अभियान से जुड़े 84 स्टूडेंट्स को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जोन ऑफ एक्सीलेंस क्षेत्र में लोगों में सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता का संदेश देंगे। डीएम ने कहा कि जोन ऑफ एक्सीलेंस के तहत रोड सेफ्टी विजन के साथी बन रहे 84 एनएसएस-एनसीसी स्टूडेंट्स रीयल हीरो हैं। इस पुनीत दायित्व को संभालने के लिए स्वयं से आगे आने और इस अभियान से जुड़ने के लिए सभी 84 स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट्स को शुभकामनाएं। डीएम ने कहा कि असुरक्षित ड्राइविंग, यातायात नियमों की अनदेखी, हेलमेट और सीट बेल्ट न पहनना आदि कई कारक दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार हैं। इसलिए, यातायात नियमों का पालन करते हुए दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाएं। दुर्घटनाओं और मृतकों की संख्या को शून्य करने के लिए जरूरी है कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी विभाग पारस्परिक सहयोग से समेकित रूप से प्रयास करें एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि जोन ऑफ एक्सीलेंस के लिए NCC-NSS के स्टूडेंट पुलिस कैडेट्स सजग प्रहरी की भूमिका निभाते हुए ट्रैफिक रूल्स के प्रति जागरूकता अभियान में अपनी सशक्त भूमिका निभाएंगे। सुगम और सुरक्षित यातायात के लिए शुरू की गई पहल «जोन ऑफ एक्सीलेंस» मील का पत्थर साबित होगी। इस पहल के तहत जिला प्रशासन सड़क सुरक्षा के व्यापक उपायों, नवाचारों और डिजिटल समाधानों पर कार्य कर रहा है, जिससे भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

इस दौरान सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी तरुणेन्द्र त्रिपाठी, अनिल कुमार यादव, केके झा, शुभ नारायण, डीआईओएस डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह, पीटीओ डॉ. कौशलेंद्र, सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी सहित इस मुहिम से जुड़े विभिन्न विभाग के अधिकारी मौजूद रहे डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एसपी संकल्प शर्मा संग रोड सेफ्टी के लिए डेडिकेटेड जोन ऑफ एक्सीलेंस का न केवल शुभारंभ किया बल्कि स्वयं खड़े होकर पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर अफसरों की देखरेख में लखीमपुर-सीतापुर मार्ग पर एलआरपी से 2 किमी दूर हादसों का शॉर्टकट बने अवैध कट को बंद कराया। बताते चलें कि अभियान के तहत सभी अवैध कट को बंद कराया जाएगा।

## मोबाइल विवाद को लेकर ईंट से सिर में वारकर की थी अपने दोस्त की हत्या

**सहारनपुर।** थाना कोतवाली नगर पुलिस ने एक हत्यारोपी को दबोचकर धीरज हत्याकांड का खुलासा करने में सफलता हासिल कर ली। आरोपी ने मोबाइल के विवाद को लेकर अपने दोस्त की ही ईंट से वारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

एसपी सिटी व्योम बिंदल ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 3 फरवरी को बेहट रोड पर अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था, जिसकी पहचान धीरज उर्फ मल्लू पुत्र स्व.सुखवीर सिंह निवासी मौहल्ला भीष्म नगर पुराना कलसिया रोड थाना मण्डी के रूप में हुई थी, जिसके संबंध में मृतक के परिजनो की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज कोतवाली नगर प्रभारी सुनील नागर व वरिष्ठ उपनिरीक्षक रईस अहमद, उपनिरीक्षक रविन्द्र धामा व अरविंद सागवान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बेहट अड्डे से एक हत्यारोपी पंकज वर्मा पुत्र स्व.महेश वर्मा निवासी तोता चौक कृष्णा कुन्ज कालोनी थाना मण्डी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दबोचे गये आरोपी ने खुलासा किया कि वह धीरज उर्फ मल्लू को पिछले दो ढाई वर्ष से जानता था। विगत् 3 फरवरी की शाम हम दोनो ने साईं मन्दिर बेहट रोड से आगे देशी शराब के ठेके के पास शराब पी थी, जहां मल्लू ने मेरा फोन ले लिया था। जब मैंने उससे फोन वापस मांगा, तो वह बहाने बाजी करने लगा। मोबाइल में मेरी पत्नी की फोटो होने के चलते मैंने गुस्से में आकर रास्ते में एक सुनशान जगह पर जाकर मल्लू के सिर व चेहरे पर ईट से वारकर मौत के घाट उतार दिया था तथा मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## चोरी की बाईक बरामद कर दो आरोपियों को भेजा जेल

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरो को दबोचकर बाईक चोरी की घटना का खुलासा कर लिया। पुलिस ने आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना कुतुबशेर प्रभारी एचएन सिंह ने बताया कि विगत् 6 फरवरी को वादी नीटू पुत्र शेर सिंह निवासी ग्राम सढौली थाना नकुड की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ वादी की बाईक चोरी कर ले जाने के संबंध में थाने पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया आज उनके व उपनिरीक्षक जयवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव भावपुर रोड से 02 शातिर वाहन चोरों आनन्द उर्फ हरिओम पुत्र कुलदीप व कार्तिक पुत्र संजय निवासीगण राम मंदिर वाली गली राधा विहार थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियो के कब्जे से चोरी की बाईक बरामद कर ली। थाना प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि बरामद बाईक उन्होंने विगत् 2 फरवरी को अंबाला रोड स्थित सागर रत्ना से चोरी की थी, जिसे आज वह बेचने जा रहे थे कि तभी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## पुलिस ने दबोचा वाहन चोर, स्कूटी बरामद

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को दबोचकर उसके कब्जे से चोरी की स्कूटी बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

कोतवाली सदर बाजार प्रभारी सूबे सिंह ने बताया कि विगत् 6 फरवरी वादी अंकित पासी पुत्र सोमनाथ निवासी न्यू लक्ष्मीपुरम कालोनी गलीरा रोड थाना सदर बाजार की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ वादी की स्कूटी को चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। सिंह ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक देवेन्द्र अधाना व बबलू कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फतेहपुर जट की पुलिया के पास से एक शातिर चोर सिद्धार्थ उर्फ सिद्धू पुत्र मिटठनलाल निवासी न्यूलक्ष्मी पुरम गलीरा थाना सदर बाजार को दबोचकर उसके कब्जे से चोरी की स्कूटी बरामद कर ली।

## सपा नवनियुक्त प्रदेश सचिव रेहान खान का पार्टी कार्यालय प्रथम आगमन पर किया जोरदार स्वागत

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** समाजवादी पार्टी 27 जनवरी से जनपद में चल रही पी डी ए पंचायतों का विधानसभा वार समीक्षा की समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश सचिव रेहान खान का पार्टी कार्यालय प्रथम आगमन पर सभी ने माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।उपरोक्त जानकारी समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामपाल यादव ने लोहिया भवन में आयोजित पार्टी की मासिक बैठक में दी। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बैठक में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कहा कि पी डी ए की पंचायतें बूथ स्तर पर भी आयोजित की जाएगी, बूथ समितिया अपने अपने यहां आयोजन के लिए कार्यक्रम तय करके सूचित कर दे, उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, बिगड़ती कानून व्यवस्था



से त्रस्त है और जनता भाजपा सरकार को हटाना चाहती है और सन 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार प्रदेश में बनाना चाहती है इस लिए अभी से पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को लेकर जनता के बीच जाएं द्य नवनियुक्त प्रदेश सचिव रेहान खान ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार दलित, पिछड़े एवं अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों की उपेक्षा कर रही है, उनका अकारण उत्पीडन किया जा रहा है, उन्हें संविधान से प्रदत अधिकारों से वंचित किया जा रहा है द्य साथ ही बी जे पी सरकारों द्वारा पी डी ए के लोगों पर किए जाने वाले अत्याचारों का भंडाफोड़ किया जाएगा। उन्होने कहा कि 2027 में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने के लिए आज से ही काम शुरू कर दे द्य बैठक का संचालन जिला महासचिव अंसार महलूद ने किया।बैठक को पूर्व एम एल सी शशांक यादव, पूर्व विधायकों में रामशरण , सुनील लाला, आर एस कुशवाहा, वरुण चौधरी, प्रीतेंद्र सिंह कक्कू, पूर्व जिला अध्यक्ष मो कयूम खान, अनुराग पटेल, तृप्ति अवस्थी, आर पी चौधरी, अनीता यादव, नरेश यादव, सांसद प्रतिनिधि अशोक वर्मा ने भी बैठक को सम्बोधित किया।बैठक में अरुण मौर्या, सरदूल सिंह, भूपेंद्र सिंह, गणेश शंकर पाल, मंजीत सिंह, शेखू मिर्ज़ा, गुरु प्रीत सिंह नन्नर, संजीव वर्मा, शिवराज वाल्मीकि, उदयभान सिंह, मुन्ना यादव, उमेश गिरि, प्रवीन यादव, प्रख्याति खरे, अमित वर्मा, इसरार अहमद, हेमंत भार्गव, राघवेन्द्र गौतम, गुरुप्रीत सिंह, ललित पाल, अताउर रहमान, शेखावत अली, भंडारी यादव, नेत्र प्रकाश, शब्बीर बाबा, भरत लाल, विकास यादव, रामजीवन, आनंद पटेल, अब्दुल मन्नान एहतिशाम खान, मातादीन यादव सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महापौर ने किया 25 लाख लागत वाले विकास कार्यो का शुभारंभ



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज वार्ड 27 और वार्ड 14 में बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इन विकास कार्यो पर करीब 25 लाख रुपये की लागत आयेगी। महानगर में विकास कार्यो को गति देने की श्रृंखला में आज महापौर डॉ. अजय कुमार ने वार्ड 27 और वार्ड 14 में दो महत्वपूर्ण सीसी सड़कों और नालियों का वेद मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना एवं सड़क पर गेंती चलाकर शुभारंभ किया। इन विकास कार्यों पर क्रमशः 14.50 लाख और 10 लाख रुपये की लागत आयेगी। महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि इन वार्डो के लोगों द्वारा काफी समय से उक्त सड़कों एवं नालियों के निर्माण की मांग की जा रही थी। क्षेत्रीय लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से करीब 25 लाख रुपये की लागत से सड़कों एवं नालियों का विकास कार्य शुरु किया गया है। इनके निर्माण से क्षेत्रवासियों का न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि जलभराव की समस्या से भी राहत मिलेगी । इस दौरान पार्षद चौधरी वीरसेन सिद्धू, पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, राव केसर सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न ऋण सुविधाएंः जिलाधिकारी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ रही है। हमें आमजन के लिए रोजगार और बेसिक स्ट्रक्चर तैयार करना है। हमारी कोशिश है कि युवा स्वरोजगार स्थापित कर न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बने बल्कि अन्यों को भी रोजगार के अवसर प्रदान करें। जिलाधिकारी मनीष बंसल आज यहां पंजाब नैशनल बैंक द्वारा आयोजित दो दिवसीय होम लोन एक्सपो एवं पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत लोन मेले के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मनीष बंसल ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सब्सिडी के साथ ऋण मुहैया कराया जा रहा है जिसे आसान किश्तों में चुकाने की व्यवस्था की गयी है। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं में दिए जा रहे ऋण का सदुपयोग कर देश की अर्थव्यवस्था को ओर अधिक मजबूत बनाने में



सहयोग प्रदान करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना बहुत ही अच्छी योजना है। इससे न केवल विद्युत बिलों में कमी आएगी बल्कि आमदनी का एक ओर नया स्त्रोत बनेगा। साथ ही साथ पर्यावरणीय संरक्षण होगा और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। उन्होने उपस्थित लोगों का आह्वान किया कि इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ स्वयं उठाते हुए अन्य को भी प्रेरित करें। मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन ने कहा कि पीएनबी द्वारा लगाए गये ऋण मेला से अन्य बैंकों द्वारा भी प्रेरणा लेकर ऐसे लोन मेले समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अन्तर्गत बताया कि युवाओं को अपना उद्यम स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा बिना ब्याज के 05 लाख रूपये तक की ऋण सुविधा उपलब्ध कराई गयी है।

पीएनबी के मण्डल प्रमुख ललित भाटिया ने बताया कि इस मेले में सहारनपुर, मेरठ, देहरादून के छः बिल्डर्स, ग्यारह सौर घर योजना डीलर्स एवं चार कार डीलर्स अपने उत्पाद के साथ भाग ले रहे हैं। इसमें बड़ी संख्या में ग्राहक अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं एवं उनकी पात्रतानुसार तत्काल लोन की सुविधा प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम में सोलर रूफटॉप सयंत्र स्थापित करने के लिए ऋण प्राप्त करने वाले 05 लाभार्थियों को डमी चैक वितरित किये गये।

इस अवसर पर एलडीएम प्रवीण जमुआर, पीओ नेडा आरबीवर्मा, पीएनबी प्रधान कार्यालय के प्रतिनिधि सहायक महाप्रबंधक संजय कुमार जैन, अंचल कार्यालय मेरठ के प्रतिनिधि उप महाप्रबंधक राजकुमार अग्रवाल, लघु उद्योग भारती के अनुपम गुप्ता, उपमंडल प्रमुख सहित पीएनबी के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आगरा में पुलिस हिरासत में व्यक्ति की मौत, 3 दरोगा निलंबित, थाना प्रभारी लाइन हाजिर

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** हम-आप का शिष्टाचार सीख रही आगरा पुलिस गुरूवार को एक बार फिर विवादों में नजर आई। दरअसल जिले के डौकी थाना की कबीस पुलिस चौकी पर पूछताछ के लिए बुलाए चक्की संचालक की गुरुवार शाम मौत हो गई। वही शुक्रवार को पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) अतुल शर्मा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना डौकी के प्रभारी निरीक्षक को लाइन हाजिर कर दिया है। तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में चक्की संचालक समेत तीन आरोपियों को पूछताछ के लिए पुलिस चौकी पर बुलाया था। पूछताछ में चक्की संचालक की तबियत खराब हो गई तो पुलिस में खलबली मच गई। पुलिसकर्मी घबरा गए, तभी परिजन भी पुलिस चौकी पर पहुंच गए। पुलिस ने गंभीर हालत में चक्की संचालक को एसएन मेडिकल




कॉलेज की इमरजेंसी में भेज दिया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों ने एसएन मेडिकल कॉलेज के पोस्टमार्टम हाउस पर हंगामा किया।

अधेड़ की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने पहले कबीस पुलिस चौकी घेर ली, फिर जमकर नारेबाजी की। परिजनों ने पुलिस पर मारपीट का भी आरोप लगाया। आरोप है कि जो पुलिसकर्मी लेकर आए थे उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। गुस्साए परिजन और ग्रामीण एकजुट होकर आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर पहुंच गए और जाम लगा दिया।

जानकारी अनुसार मामला जिले के डौकी थाना की कबीस पुलिस चौकी का है। गांव गढ़ी हंसिया निवासी देवेंद्र ने बताया कि केदार सिंह (58) की गांव में चक्की है। पिता केदार सिंह खाना खाकर बैठे थे, तभी कबीस पुलिस चौकी से एक एसआई के साथ पुलिसकर्मी आए थे, जो अपने साथ पूछताछ के लिए ले गए थे। पिता अपनी बाइक से पुलिस चौकी पर गए थे, हम पीछे से पुलिस चौकी पर पहुंचे तो पिता केदार सिंह की हालत खराब थी।

## आगरा में पैराशूट न खुलने से सेना के जवान की दुखद मौत

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा के मलपुरा स्थित ड्रॉप जोन में एक बड़ा हादसा हो गया। दरअसल एक जवान पैराजम्पिंग कर रहा था। तभी पैराजम्पिंग के दौरान पैराशूट के न खुलने के कारण अचानक हादसा हो गया। हादसे में जवान की मौके पर ही मौत हो गई। जवान का नाम मंजूनाथ बताया जा रहा है जो कर्नाटक के रहने वाले है। इस घटना की जानकारी पुलिस प्रशासन को दी गई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होनें घटना की जानकारी ली। पुलिस द्वारा जवान को सेना के अस्पताल में लाया गया। दरअसल मलपुरा में शुक्रवार की सुबह 9 बजे के करीब पैराजंपिंग की जा रही थी पैराजंपिंग जोन में करीब 1500 फीट की ऊंचाई से एयरक्राफ्ट से 12 जंपर जवान छलांग लगा रहे थे। छलांग के दौरान 11 जंपर के पैराशूट समय पर खुलने के कारण सब नीचे आ गए। लेकिन उनमें से 1 जवान नहीं पहुंच पाया।

उसी दौरान लापता जवान की तलाश में साथी जबान जुट गए। लापता जबान की तमाम खोज पड़ताल के बाद सुतेंडी के पास एक खेत में मंजूनाथ मिले। उनके साथियों ने मौके पर ही एम्बुलेंस को बुलाया और एयरफोर्स के सीएमसी हॉस्पिटल में ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सेना के अधिकारी और जवान पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस ले गए। फिलहाल परिवार के लोगों को सूचना दे दी गई है। पोस्टमार्टम के बाद उनके पार्थिव शरीर को घर ले जाया जाएगा।

## डीएम आगरा की अध्यक्षता में भीमनगरी समारोह आयोजन समिति के सदस्यों के साथ बैठक संपन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** शुक्रवार को प्रस्तावित भीमनगरी समारोह आयोजन 2025 हेतु विधायक जीएस धर्मेश के साथ जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी के समक्ष प्रस्तावित विकास कार्यों व व्यवस्थाओं संबंधी कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डा0 अम्बेडकर जयंती एवं भीम नगरीय समारोह केन्द्रीय समिति के पदाधिकारीगण ने जिलाधिकारी से भीमनगरी आयोजन हेतु विभिन्न विकास कार्यों को कराये जाने हेतु एक मांग पत्र प्रस्तुत किया तथा निकाली जाने बाली शोभायात्रा रूट की मरम्मत सहित यथा-विद्युत पोल शिफ्टिंग, मार्ग में वाईफाई केबिल शिफ्टिंग आदि कार्यों को कराये जाने की मांग की। साथ ही यात्रामार्ग के आसपास की बस्तियों में विकास कार्यों हेतु समयबद्ध पूर्ण कराए जाने का आग्रह किया। जिलाधिकारी ने नगरायुक्त व अपर जिलाधिकारी नगर तथा सिटी मजिस्ट्रेट को प्रस्तावित कार्यों की मौके पर समीक्षा करने, शोभायात्रा मार्ग का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में नगरायुक्त ने प्रस्तावित विकास कार्यों



को समय पूर्ण करने का आश्वासन दिया। बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा मलिन बस्तियों में रहने वाले व्यक्तियों को शासन द्वारा संचालित पेंशन योजनाओं से लाभान्वित कराये जाने के उद्देश्य से कैम्प लगाये जाने की मांग की। साथ ही चिकित्सा कैम्प लगाये जाने की भी मांग की, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा जिला समाज कल्याण अधिकारी तथा मुख्य चिकित्साधिकारी को समन्वय स्थापित कर कैम्प लगाये जाने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों को चयन कर उन्हें योजना के लाभ दिलाये जाने के उद्देश्य से एक कैम्प लगाये जाने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा समिति को आश्वस्थ किया गया कि कार्यक्रम आयोजन में यथा सम्भव सहयोग व कार्यों को समयावधि के अन्तर्गत पूर्ण करा दिया जायेगा। बैठक में नगरायुक्त अंकित खंडेलवाल, अपर नगर आयुक्त सुरेन्द्र कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर अनूप कुमार, मुख्य संरक्षक भीम नगरी केन्द्रीय समिति करतार सिंह भारतीय, अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनी सहित समिति के सदस्य व अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

# राजस्व परिषद पर्यवेक्षक ने अंश निर्धारण, रियल टाइम खतौनी, एग्री स्टैक, कृषि गणना का किया समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



- घरौनी वितरण को शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाए
- रियल टाइम खतौनी, अंश निर्धारण त्रुटियों को किया जाए दुरुस्त : राजस्व परिषद पर्यवेक्षक

**गोरखपुर।** राजस्व परिषद पर्यवेक्षक /प्रभारी स्पेशल ड्यूटी अफसर सुनील कुमार झा ने कलेक्ट्रेट जिलाधिकारी सभागार पर्यटन भवन पर एडीएम प्रशासन मुख्य राजस्व अधिकारी सहित जनपद के समस्त तहसीलदारों व रजिस्टार कानूनगो के साथ बैठक कर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के लिए अब तक किए गए महत्वाकांक्षी योजनाओं का किसानों को कितना लाभ मिला का समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि किसानों के लिए सरकार कटिबद्ध है कि किसानों को एग्री स्टैक ,कृषि गणना की द्वितीय चरण तृतीय चरण रियल टाइम खतौनी (आर.टी. के.) अंश निर्धारण अंश त्रुटियों की सुधार ई-परवाना बैंक बन्धक उत्तराधिकार/वरासत खसरा 1432 फसली खरीफ खसरा 1431 फसली खरीफ, रबी व जायद घरौनी वितरण का अब तक किए गए प्रगति की समीक्षा किया। श्री झा ने कहा कि

तहसीलवर एग्री स्टैक से किसानों की आमदनी बढ़ाने एवं अधिक से अधिक किसानों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए सरकार द्वारा नई तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है जिसको देखते हुए राज्य में एग्री स्टेक (डिजिटल एग्रीकल्चर पब्लिक इन्फ्रास्टक्चर के अंतर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वे की पड़ताल) के कार्य कों संपादित कराने हेतु जनपद एवं तहसील स्तर के चयनित मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षण कराया गया डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से फसलों के जो आंकड़े प्राप्त होंगे, किसानों के लिए योजना बनाने में बहुत सुविधा प्राप्त होगी। जो कृषकों के लिए लाभकारी होगा। इसके अतिरिक्त डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से प्राप्त होने वाले आकड़ों से जहाँ एक और किसानों को लाभ प्राप्त होगा, वही सरकार और उपभोगता सभी इससे लाभान्वित होगें। फसल नुकसान की स्थिति में कृषक को वास्तविक (छत) का मुआवजा प्राप्ति में सरलीकरण हो जाएगा। समय समय पर किसानों को उनके फसल विशेष हेतु लक्षित फसल सलाह प्रदान की जा सकेगी। बोई गई फसल के वास्तविक उपज के आँकलन हेतु मोबाइल एप के माध्यम से क्रॉप कटाई एक्सपेरिमेंट (सीसीई) का प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो सकेगा। आपदा के दौरान फसल नुकसान होने पर राहत/अनुदान का समयबद्ध सर्वेक्षण तथा राहत वितरण संभव हो सकेगा।

समीक्षा बैठक में रियल टाइम खतौनी निर्माण, स्वामित्व योजना, लम्बित राजस्व वाद, राजस्व वसूली, वरासत प्रकरण एवं पैमाइश मामलों की समीक्षा करते हुए श्री झा ने कहा कि अगर किसी तहसील में 26त्न कार्य किया जा रहा है तो दूसरे तहसील में 6त्न कार्य करना शर्मनाक की बात है उन्होंने राजस्व अधिकारियों से कहा कि अपनी प्राप्त मजिस्ट्रेट की शक्तियों को सकारात्मक दिशा में प्रयोग करें तथा प्रोएक्टिव रहते हुए लीडरशिप बनाए रखें। राजस्व वसूली एक जरूरी कार्य है जिस पर लापरवाही न की जाए। सभी राजस्व अधिकारी कलेक्शन मैनुअल को जरूर पढें। उन्होंने मानक और दायरे के अनुसार न्यायालयों में लम्बित वादों के निस्तारण करने के निर्देश दिए। राजस्व अधिकारियों से कहा कि जनपद में लम्बित वादों की यथास्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि सभी वादों का यथाशीघ्र निस्तारण कराया जाए। साथ ही साथ सभी मजिस्ट्रेट वादों का निस्तारण करते समय न्याय संगत आदेश करना सुनिश्चित करें। उन्होंने धारा 80 के तहत आने वाले प्रकरणों को भी यथाशीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए।

# भाजपाई सरकार में बने रहने के लिए समाज को तोड़ने का काम कर रहे है

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** बाबा साहब डा. भीमराव राव आंबेडकर के द्वारा दिए गये संविधान को बचाने, शोषितों एवं वंचित समाज को उसका हक दिलाने की लड़ाई समाजवादी पार्टी लड़ रही है। वहीं भाजपा उनके द्वारा दिए गये धर्म निप्रेक्ष संबंधित को समाप्त करने पर तुली है। इसके लिए, सपा के अगुवाई पीडीए को एकजुट होना पड़ेगा। वरना आने वाले समय में गुलामी का जीवन जीना पड़ेगा।

यह बातें समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव राम मिलन भारती ने कहीं। वह शुक्रवार को संगठन के जिला कार्यालय पर सपा जिला इकाई की मासिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बसपा भाजपा के इसारे पर काम कर रही है। इससे दलित वर्ग काफी हताश व निराश हो गया है। अब वह बाबा साहब एवं बहुजनों के अगुवा रहे कांशीराम के मिशन व संविधान की रक्षा का रहनुमा अखिलेश यादव में देख रहे है। सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि भाजपाई सरकार में बने रहने के लिए समाज को तोड़ने का काम कर रहे है। इससे शोषित एवं वंचित वर्ग परेशान व हताश हो गया है।

इनके मुखिया निजीकरण को बढ़ावा देकर संविधान को बदलने के फिराक में लगे हुए है। पीडीए पंचायत के जरिए पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांव गांव और घर घर जाकर पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाए। जनता जनविरोधी सरकार से ऊब चुकी है। पीडीए समाज के बड़े नेता कार्यक्रम लगाकर दलित एवं अति पिछड़ा वर्ग को सपा से जोड़ने का काम करें। जिससे सपा 2027 में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाकर सभी के खोए अधिकार को वापस दिला सकें। कार्यक्रम को पूर्व विधायक विजय पासवान, उग्रसेन सिंह, बेचई यादव, कमरुज्जा खान, प्रदीप पथरकट, बहरैची प्रेमी, जुबैदा चौधरी, अनूप यादव, रिंधू पासवान, अनीता द्विवेदी, मणेंद्र मिश्र मसाल, जोखन चौधरी, राम सेवक लोधी, कलाम अहमद, अजय यादव, रामधीरज सहानी, खलकुज्जह, जेपी यादव, शकील अहमद, चन्द्रभान पहलवान, राजेंद्र प्रसाद, चन्द्रहास यादव व रामू यादव आदि ने संबोधित किया।

## सेवानिवृत्त संग्रह अमीन को दी गई भावभीन विदाई

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत बुदहट टोला



नगरा निवासी देवकीनन्दन शुक्ल जो संग्रह अमीन थे। जिन्हें गोला तहसील सभागार में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ द्वारा सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई, जिसमें उन्हें प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्रम, जरी की माला, छड़ी तथा धार्मिक पुस्तके भेंट की गई। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए नायब तहसीलदार ने कहा कि सरकारी नौकरी में इन संग्रह अमीनों ने कर्तव्य निष्ठा का प्रदर्शन किया है तथा आगे समाज तथा परिवार को उनसे अपेक्षाएं हैं, जिसकी चुनौती उनके सामने हैं। उन्होंने सेवानिवृत्त अमीनों के उज्जवल भविष्य की कामना की। गोला संग्रह अमीन संघ अध्यक्ष सुदामा ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सरकारी दायित्व समाप्त हुआ है, लेकिन सामाजिक दायित्व अभी शेष है, जिसके लिए उन्हें इसी कर्तव्य निष्ठा का प्रदर्शन करना होगा। इस अवसर पर बड़े बाबू भोला, पूर्व अध्यक्ष रामअशीष नायक, संग्रह अमीन, रमेश मौर्य, राजेश यादव, पवन दूबे, शेषनाथ, ओझा जी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एसडीएम व ब्लाक प्रमुख ने जालौन प्रीमियर लीग का शुभारंभ किया

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जेपीएल (जालौन प्रीमियर लीग) के दूसरे सीजन का धूमधाम के साथ शुभारंभ हुआ। एसडीएम विनय मौर्य ने फीता काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ कराया। उद्घाटन मैच प्रभाकर एकेडमी उरई व किंग्स लीजेड औरैया के बीच खेला गया। जिसमें प्रभाकर एकेडमी उरई विजेता रही। जालौन प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन का आगाज हो गया है। टूर्नामेंट के शुभारंभ पर कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन ने की और मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम विनय मौर्य मौजूद रहे। एसडीएम ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से जहां लोगों का मनोरंजन होता है तो दूसरी और खेल प्रतिभाओं को भी बढ़ावा मिलता है।

## ऑयल मिल पर सरसों के तेल का नमूना लिया गया

**उरई (जालौन)।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कस्बे में छापेमारी कर एक ऑयल मिल से सरसों के तेल का नमूना भर कर परीक्षण के लिए भेजा। उन्होंने तहसील परिसर स्थित होटलों का भी निरीक्षण किया और उन्हें साफ-सफाई के निर्देश देकर नोटिस जारी किए। एसडीएम ज्योति सिंह की अगुवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुनील कुमार ने कस्बे के बाजार में छापेमारी कर रामगंज बाजार में अरविंद कुमार के ऑयल मिल से सरसों के तेल का नमूना भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है। इसके बाद अधिकारी ने तहसील स्थित चाय पकौड़ी के होटलों का निरीक्षण कर उन्हें साफ सफाई के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा, खाद्यान्न सामग्री हमेशा ढक कर रखें और साफ सफाई पर खास ध्यान दें। उन्होंने कहा, दुकानों पर गंदगी पाए जाने पर दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि दोनों होटल संचालकों को नोटिस भी जारी किए गए हैं।

## महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में जनपद स्तरीय कैरियर मेला का आयोजन किया गया

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** दिनाँक 07.02.2025 को महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय




बालिका इण्टर कालेज, फतेहगढ़ के प्रांगण में समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत जनपद स्तरीय कैरियर मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी , विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्र , व जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी ., प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, रजलामई अनुपम अवस्थी , प्राचार्य, आई0टी0आई0 (कार्यदेशक) बृजेश कुमार ., प्राचार्य राजकीय पालीटेक्निक दयाचन्द. नगर उद्योग व्यापार मण्डल अध्यक्ष सदानन्द शुक्ल जी, कार्यक्रम संयोजक जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह , कार्यक्रम के नोडल सौरभ प्रताप सिंह , कार्यक्रम आयोजक श्रीमती दीपिका राजपूत जी, जिला समन्वयक श्री मनेन्द्र मिश्र आदि ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी , विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी जिला विकास अधिकारी का सरस्वती विद्या मंदिर इ0 का0 फतेहगढ़ की बैण्ड टीम ने जोरदार स्वागत किया व एन0सी0सी0 कैडेट्स ने अतिथियों को सलामी दी। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा अतिथियों को पुष्प व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इण्टर कालेज, फतेहगढ़ की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की व मदन मोहन कानोडिया बालिका इ0का0 फर्रुखाबाद की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर समा बांध दिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि छात्र/छात्राओं को कैरियर के नये आयाम प्राप्त करने के लिये यह कार्यक्रम बहुत ही सुन्दर मंच है। जनपद स्तरीय कैरियर मेले में एक साथ कई विभागों के अधिकारियों के द्वारा उन्हें उनके कैरियर चुनने में सहायता प्राप्त होगी। उन्होंने कैरियर मार्गदर्शन की उपयोगिता को समझाया और छात्र/छात्राओं की अभिरुचि अनुसार उन्हें आगे कैरियर मे महत्व को बताया।

## डिप्लोमा इंजीनियरिंग के छात्रों ने एनएसआईसी के औद्योगिक दौरे के दौरान व्यावहारिक जानकारी हासिल की

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग (मैकेनिकल) के चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों ने अपने औद्योगिक अनुभव और व्यावहारिक शिक्षण पहल के तहत राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एनएसआईसी), अलीगढ़ का दौरा किया। जिससे छात्रों ने लघु-स्तरीय औद्योगिक संचालन, विनिर्माण प्रक्रियाओं और उद्यमिता विकास के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त की। यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के प्राचार्य प्रो. अरशद उमर ने इंजीनियरिंग अवधारणाओं की छात्रों की व्यावहारिक समझ को बढ़ाने में औद्योगिक दौरों के महत्व पर जोर दिया। मैकेनिकल इंजीनियरिंग सेक्शन के सेक्शन-इन-चार्ज डॉ. एम. आसिफ हसन ने सैद्धांतिक शिक्षा को मजबूत करने में व्यावहारिक अनुभव के महत्व पर प्रकाश डाला। दौरे के दौरान छात्रों ने लघु-स्तरीय उद्योगों में उपयोग की जाने वाली विनिर्माण तकनीकों और मशीनरी का अवलोकन किया, लघु उद्यमों के परिचालन और प्रबंधकीय पहलुओं को समझा। एनएसआईसी द्वारा दी जाने वाली सरकारी सहायता योजनाओं और कौशल विकास कार्यक्रमों के बारे में जानकारी ली।


## लखनऊ नगर निगम

टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ. फोन-फैक्स: 0522-2622440, ई-मेल: nnlko@up.nic.in

संख्या : 250/मु०अ०/24-25 **अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक : 01.02.2025

समस्त पंजीकृत ठेकदारों को उनकी सीमान्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु दिनांक 18.02.2025 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 17.02.2025 तक अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है या नगर निगम की बेवसाइट upgov.nic.in से टेण्डर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 18.02. 2025 को अपरान्ह तीन बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में एवं मुख्य अभियन्ता के कार्यालय कक्ष मे रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 18.02.2025 को अपरान्ह 4:00 बजे मुख्य अभियन्ता के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार समक्ष अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्प्यूटराइज हॉट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि रू० में | जमानत धनराशि रू० में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शिवरी प्लान्ट में गेट नं. 02 से अन्दर जाने पर सर्वेंट क्वाटर के पीछे दायीं तरफ फ्रेश वेस्ट हेतु शेड के लिये कॉलम का निर्माण कार्य (पार्ट ब) | 826130.00 | 82613.00 | 30 दिन | 826.00 | 149.00 | 975.00 |
| 2 | शिवरी प्लान्ट में गेट नं. 02 से अन्दर जाने पर सर्वेंट क्वाटर के पीछे दायीं तरफ फ्रेश वेस्ट हेतु शेड के लिये कॉलम का निर्माण कार्य (पार्ट अ) | 825112.00 | 82511.00 | 30 दिन | 825.00 | 149.00 | 974.00 |
| 3 | शिवरी प्लान्ट में गेट नं. 02 से अन्दर जाने पर सर्वेंट क्वाटर के पीछे दायीं तरफ फ्रेश वेस्ट हेतु शेड के लिये कॉलम का निर्माण कार्य (पार्ट स) | 225030.00 | 22503.00 | 30 दिन | 225.00 | 41.00 | 266.00 |
| 4 | शिवरी प्लान्ट में गेट नं. 01 से अन्दर जाने पर गैसी फायर के सामने रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य। | 552315.00 | 55232.00 | 30 दिन | 552.00 | 99.00 | 651.00 |
| 5 | शिवरी प्लान्ट में ऑफिस के पीछे प्रथम तल पर कमरे में रंगाई-पुताई व फॉल सीलिंग लगाने का कार्य। | 706737.00 | 70674.00 | 30 दिन | 707.00 | 127.00 | 834.00 |
| 6 | शिवरी प्लान्ट में गेट नं. 01 से अन्दर जाने पर गैसी फायर के पास फ्रेश वेस्ट हेतु फ्लोरिंग का कार्य।(पार्ट J) | 833958.00 | 83396.00 | 30 दिन | 834.00 | 150.00 | 984.00 |
| 7 | शिवरी प्लान्ट में गेट नं. 01 से अन्दर जाने पर बायें तरफ स्थित फ्रेश वेस्ट के पास रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य। | 533058.00 | 53306.00 | 30 दिन | 533.00 | 96.00 | 629.00 |
| 8 | शिवरी प्लान्ट में गेट नं. 01 से अन्दर जाने पर बायें तरफ स्थित लिगेसी वेस्ट प्लांट के बगल में टिपिंग फ्लोर का निर्माण कार्य (पार्ट-ब) | 845138.00 | 84514.00 | 30 दिन | 845.00 | 152.00 | 997.00 |
| 9 | शिवरी प्लान्ट में गेट नं. 01 से अन्दर जाने पर दायें तरफ स्थित फ्रेश वेस्ट प्लांट के सामने शेड के नीचे सी0सी0 का कार्य (पार्ट-A) | 680623.00 | 68062.00 | 30 दिन | 681.00 | 123.00 | 804.00 |
| 10 | शिवरी प्लान्ट में गेट नं. 01 से अन्दर जाने पर दायें तरफ स्थित स्टोर रूम के सामने सी0सी0 मरम्मत का कार्य। | 432032.00 | 43203.00 | 30 दिन | 432.00 | 78.00 | 510.00 |
| 11 | शिवरी प्लान्ट में गेट नं. 01 से अन्दर जाने पर बायें तरफ स्थित पुराने सेनीग्रेशन यूनिट शेड के नीचे सी0सी0 का कार्य (पार्ट-अ) | 645351.00 | 64535.00 | 30 दिन | 645.00 | 117.00 | 762.00 |
| 12 | शिवरी प्लान्ट में गेट नं. 01 से अन्दर जाने पर बायें तरफ स्थित पुराने सेनीग्रेशन यूनिट शेड के नीचे सी0सी0 का कार्य (पार्ट-स) | 845845.00 | 84585.00 | 30 दिन | 846.00 | 152.00 | 998.00 |
| 13 | शिवरी प्लान्ट में गेट नं. 01 से अन्दर जाने पर दायें तरफ स्थित फ्रेश वेस्ट प्लांट के सामने शेड के नीचे सी0सी0 का कार्य।(पार्ट-B) | 645797.00 | 64580.00 | 30 दिन | 646.00 | 116.00 | 762.00 |
| 14 | शिवरी प्लान्ट में गेट नं. 01 से अन्दर जाने पर दायें तरफ स्थित लीचेट टैंक के सामने नाला कवरिंग का कार्य। | 508788.00 | 50879.00 | 30 दिन | 509.00 | 92.00 | 601.00 |
| 15 | शिवरी प्लान्ट में गेट नं. 01 से अन्दर जाने पर बायें तरफ स्थित लिगेसी वेस्ट प्लांट के बगल में टिपिंग फ्लोर का निर्माण कार्य।(पार्ट-अ) | 847140.00 | 84714.00 | 30 दिन | 847.00 | 152.00 | 999.00 |
| 16 | शिवरी प्लान्ट में गेट नं. 01 से अन्दर जाने पर दायें तरफ स्थित फ्रेश वेस्ट प्लांट के सामने शेड के नीचे सी0सी0 का कार्य।(पार्ट-C) | 845380.00 | 84538.00 | 30 दिन | 845.00 | 152.00 | 997.00 |
| 17 | शिवरी प्लान्ट में गेट नं. 01 से अन्दर जाने पर गैसी फायर से पहले बायें तरफ टिपिंग फ्लोर का निर्माण कार्य।(पार्ट-1) | 845138.00 | 84514.00 | 30 दिन | 845.00 | 152.00 | 997.00 |
| 18 | शिवरी प्लान्ट में गेट नं. 01 से अन्दर जाने पर गैसी फायर से पहले बायें तरफ टिपिंग फ्लोर का निर्माण कार्य।(पार्ट-2) | 845352.00 | 84535.00 | 30 दिन | 845.00 | 152.00 | 997.00 |
| 19 | शिवरी प्लान्ट में गेट नं. 01 से अन्दर जाने पर बायें तरफ स्थित लिगेसी वेस्ट प्लांट के बगल में टिपिंग फ्लोर का निर्माण कार्य।(पार्ट-स) | 845352.00 | 84535.00 | 30 दिन | 845.00 | 152.00 | 997.00 |

शर्तें:- (01) निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक है। (2) शासनादेश सं0-6738/23-7-08-176 (सा0)/08 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10.00 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि और उसके ऊपर समस्त अवशेष धनराशि पर 05 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। 10.00 प्रतिशत निम्न तक 0.50 प्रति 01 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति कम दर पर सिक्योरिटी/परफारमेन्स गारण्टी ली जायेगी। (3) शासनादेश सं0 962/नौ-9-2017/81ज/17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी। (4) आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। (5) कार्य हेतु 01 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा। **मुख्य अभियन्ता**


## फर्रुखाबाद सपा जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक संपन्न हुई

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** दिनांक 7 फरवरी को आवास विकास स्थित जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पार्टी की की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य एजेंडा गत माह की गई बैठक में कार्रवाई की पुष्टि, विधानसभा व फ्रंटल की मासिक बैठक समय पर न होने पर विचार, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार जनपद में चलाए जा रहे हैं पीडीए कार्यक्रम पर चर्चा एवं सेक्टर स्तर पर पीडीए कार्यक्रम को कैसे गति दी जाए उस पर विचार एवं अन्य कार्यालय के खर्चों पर विचार किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष के समक्ष कार्यकर्ताओं ने वोट बढ़ाने व पीडीए कार्यक्रम के तहत कुछ बड़े नेताओं एवं दो विधान सभा प्रभारियों के द्वारा पूर्ण सहयोग न मिलने की शिकायत की।इस मौके पर जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि अगले वर्ष जिला पंचायत के चुनाव हैं जो भी व्यक्ति जिला पंचायत का चुनाव पार्टी के टिकट पर लड़ने के इच्छुक हैं वह अपने क्षेत्र में वोट बढ़ाने, पीडीए मीटिंग करवाने व बूथ कमेटियों को दुरुस्त करें तभी उसे पार्टी का टिकट मिलेगा। किसी भी व्यक्ति को पैसे के दम पर पार्टी का टिकट व चुनाव नहीं लड़ाया जाएगा ।उन्होंने तल्ख शब्दों में कहा कि जो भी नेतागण समाजवादी पार्टी से विधान सभा की टिकट की इच्छा रखते हैं तो संगठन के लोगों का सहयोग करना होगा तभी उनके नाम पर विचार कर शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराया जाएगा।उन्होंने कहा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव इस बात पर अत्यंत गंभीर हैं कि पार्टी के कार्यक्रमों में कौन जनपद के नेता रुचि नहीं ले रहे हैं। जिला अध्यक्ष ने कहा कि जो फ्रंटल के संगठन के जिला अध्यक्ष लगातार 3 मीटिंगों में नहीं आएंगे उन्हें नोटिस देकर तत्काल उनके प्रदेश अध्यक्ष से हटवा दिया जाएगा।

जोन नंबर एक में मोहम्मदाबाद के नगर अध्यक्ष मनोज यादव को सह प्रभारी बनाया गया एवं जिला अध्यक्ष ने सदर विधान सभा क्षेत्र से शिव शंकर शर्मा को पीडीए कार्यक्रम का प्रभारी नियुक्त किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि प्रत्याशी वही होगा जिसे संगठन वरीयता देगा। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन मोहम्मदाबाद हरीश यादव, कायमगंज विधान सभा प्रभारी सर्वेश अंबेडकर, जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद कठेरिया, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव, राष्ट्रीय सचिव युवजन सभा जितेंद्र सिंह यादव,अमृतपुर के विधानसभा अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह उर्फ भोला, सदर विधानसभा अध्यक्ष चंद्रेश राजपूत, भोजपुर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह यादव, अमन सूर्यवंशी जिला अध्यक्ष बाबा साहब वाहिनी,जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी अनुराग यादव ने प्रदेश व्यापी पीडीए कार्यक्रम को सेक्टर वार बैठक कर हर गांव तक पहुंचाने की बात की।

## खड़ी बस से जा भिड़ी श्रद्धालुओं से भरी बस, 2 की मौत, 12 घायल

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** अलीगढ़ जिले में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक



भीषण सड़क हादसा हो गया। जहां प्रयागराज महाकुंभ मेला से नहाकर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी एक मिनी बस यमुना एक्सप्रेसवे पर रास्ते में खड़ी वोल्वो बस में पीछे से टकरा गई। दोनों बसों की टक्कर इतनी भीषण थी कि इस हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मिनी बस में सवार सभी श्रद्धालु कुंभ नहाकर हरियाणा वापस लौट रहे थे। जानकारी अनुसार हादसा अलीगढ़ के थाना टप्पल क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेसवे पर 46 माइलस्टोन के पास का है। शुक्रवार सुबह करीब 5-30 बजे एक मिनी बस श्रद्धालुओं को लेकर प्रयागराज से हरियाणा जा रही थी, तभी श्रद्धालुओं से भरी मिनी बस यमुना एक्सप्रेस पर खड़ी वोल्वो बस में पीछे से टकरा गई। हादसे में क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को रास्ते से हटाया गया है। पुलिस अब हादसे की जांच पड़ताल में जुट गई है। हादसे को लेकर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि थाना टप्पल क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन 46 के पास आज सुबह 5-30 बजे करीब एक ट्रैवलर गाड़ी जोकि प्रयागराज से सवारियों को लेकर हरियाणा जा रही थी। एक्सप्रेस वे पर सड़क किनारे खड़ी एक डबल डेकर बस में पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रैवलर बस में सवार दो लोगों की मौत हो गई, जो हरियाणा के रहने वाले हैं। शवों को पोस्टमार्टम के भेज दिया है। हादसे में घायल लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

# चोरी व नकबजनी के पांच अभियुक्तों पर गैंगेस्टर एक्ट

अवधनामा संवाददाता




**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार पुलिस ने शुक्रवार को चोरी व नकबजनी करने वाले गैंग के पांच अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस ने गैगेस्टर एक्ट में कार्रवाई की है।

गैगेस्टर एक्ट में कार्रवाई किए गए अभियुक्तों में संदीप सिंह पुत्र शिवशंकर सिंह निवासी मुण्डेरा बाबू थाना अहिरौली बाजार, मनीष सिंह पुत्र स्व. रामरती सिंह निवासी भटहट थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर, देवेन्द्र पुत्र ध्रूपनरायन निवासी सेन्दुआर टोला झुगहिया थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर ओमकार गुप्ता पुत्र राम अचल गुप्ता निवासी परसौना टोला जंगल मोहम्मद बरवा थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर व रवि कुमार पुत्र रामरक्षा निवासी सेमरा नं. 2 थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर के विरुद्ध थाना अहिरौली बाजार पुलिस ने 3(1) उत्तर प्रदेश गैंगेस्टर एक्ट में कार्रवाई की है। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त अभियुक्तगणों द्वारा अपने-अपने परिवार एवं सगे संबंधियों गैंग सदस्यो के लिए आर्थिक व भौतिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से चोरी नकबजनी घटना को अंजाम देते हैं। तथा चोरी से अर्जित सम्पत्ति ले जाकर बिक्री कर अधिक रूपये अर्जित कर अपना जीवन यापन करते हैं। गैंग लीडर द्वारा अपने गैंग के सदस्यों के साथ थाना स्थानीय क्षेत्र के ग्राम मोरवन उर्फ गोपाला, हरपुर सुख्खड़ तथा बीच रात्रि में आमजन के घरों को निशाना बनाकर रात्रि में ताला तोड़कर चोरी की घटना कारित की गई है तथा उन घरों से सोने व चांदी के जेवरात व कुछ नकदी तथा एक अदद स्कूटी आदि की चोरी की गई है जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। उक्त चोरी की घटना के अनावरण प्रयास के क्रम में उक्त गिरोह के कब्जे से उपरोक्त मुकदमें में चोरी गए सोने व चांदी के जेवरात आदि की बरामदगी की गई है तथा उपरोक्त अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित की गई। यह गिरोह संगठित होकर अपने साथियों के लिए आर्थिक भौतिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से चोरी की घटनाओं को अंजाम देने का कार्य करते हैं एवं अवैध सम्पत्ति अर्जित करते हैं जिनके विरूद्ध थाना स्थानीय पर शुक्रवार को मुकदमा अपराध संख्या 44/2025 धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की गई।

## अज्ञात कारणों से रुई की दुकान में लगी आग लाखों का नुकसान

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत स्थित जिला पंचायत मार्केट में रुई की दुकान में कल शाम करीब 6 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया और दुकान मालिक को लाखों रुपए का नुकसान हुआ। डुमरियागंज स्थित जिला पंचायत जिला परिषद मार्केट में रविंद्र गुप्ता की राई ,चादर, गद्दा, रजाई व कपड़े की दुकान है उनके बगल सोनू की रुई, चद्दर व गद्दा की दुकान है वहीं बगल में रिज्वीआई क्लिनिक भी है रविंद्र गुप्ता की दुकान में शाम को आग लग गई देखते ही देखते कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और धू-धू कर दुकान जलने लगी आग की लपटें इतनी विकराल थी कि अगल- बगल के दो अन्य दुकानों को भी अपने चपेट में ले लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची तब तक दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो चुका था जो कुछ बचा वह भी झुलस कर बेकार हो गया रविंद्र गुप्ता ने बताया



कि उनका करीब 10 लाख रुपए से अधिक का सामान व बिक्री का नकदी रुपये गल्ले में था सब जलकर नुकसान हो गया है। वहीं रिज्वी आई क्लीनिक के डॉक्टर तनवीर रिज़वी बताया कि उनके करीब डेढ़ से दो लाख रुपये का सामान नुकसान हुआ वहीं बगल में सोनू वर्मा ने बताया कि उनका करीब 50 से 60 हजार रुपए के समान का नुकसान हुआ है। फिलहाल फायर ब्रिगेड ने आग को काबू में कर लिया है। मौके पर नायब तहसीलदार बिन्द्रेश गुप्ता व लेखपाल संजय वरुण पहुँच कर नुकसान का आंकलन करते नज़र आये।

## ट्रैक्टर ट्रॉली की ओवरस्पीड पर कड़ी कार्यवाही के आदेश

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जनपद में ट्रैक्टर ट्रॉली की ओवर स्पीड के बढ़ते मामलों को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। लगातार इस प्रकार की शिकायतें प्राप्त होने के बाद जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, एआरटीओ और ट्रैफिक इंस्पेक्टर को निर्देशित किया कि ट्रैक्टर ट्रॉली की ओवर स्पीड पर कड़ी कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान जनपद में सड़क सुरक्षा को बढ़ाने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस मुद्दे को गंभीरता से लें और इस पर प्रभावी कार्रवाई करें, ताकि दुर्घटनाओं को नियंत्रित किया जा सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि यदि ट्रैक्टर ट्रॉली ओवर स्पीड पाई जाती है, तो वाहन मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# मिल्कीपुर उपचुनाव 2025 की मतगणना स्थल का सामान्य प्रेक्षक ने किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** 273-मिल्कीपुर (अ0जा0) विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव 2025 को निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के लिए सामान्य प्रेक्षक नवीन एस.एल. (आई.ए.एस.) ने आज जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह के साथ राजकीय इंटर कॉलेज में 08 फरवरी 2025 को होने वाली मतगणना स्थल का निरीक्षण किया।इस दौरान, जिला निर्वाचन अधिकारी ने सामान्य प्रेक्षक को स्ट्रांग रूम, मतगणना के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम, काउंटिंग टेबल और अन्य संबंधित व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कार्यों को आज शाम तक अनिवार्य रूप से पूरा कर लिया जाए, ताकि कल की मतगणना प्रक्रिया में कोई भी असुविधा न हो।निरीक्षण के समय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करण नय्यर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेंद्र कुमार सिंह, रिटर्निंग ऑफिसर और उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रतन सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

मतगणना स्थल की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के बाद निर्वाचन आयोग ने सभी अधिकारियों को उच्चतम स्तर पर निगरानी रखने का निर्देश दिया है, ताकि उपचुनाव की प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी हो सके।

## विवि के शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विभागों में होंगे राष्ट्रीय-अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर विभिन्न विभागों में शैक्षणिक आयोजन होगा। इसके लिए विभागों से राष्ट्रीय-अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन के लिए प्रस्ताव 28 फरवरी तक मांगे गए है। विभागों ने सम्मेलन कराये जाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने शुरू कर दिए है। शीघ्र ही विभाग निर्धारित प्रारूप को पूरित कर जमा करेंगे। विवि की कुलपति प्रो0 गोयल के दिशा-निर्देशन में विश्वविद्यालय के रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट पॉलिसी-2024 के अन्तर्गत राष्ट्रीय-अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन के लिए विभागों को आर्थिक मदद दी जायेगी। कुलपति ने बताया कि परिसर में गुणवत्तापरक शोध के लिए आर एण्ड डी को प्रभावी कर दिया गया है। इससे विभागों के शैक्षणिक सत्र 2025-26 में राष्ट्रीय-अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित होंगे। इसके अतिरिक्त शिक्षकों एवं शोधार्थियों को रिसर्च करने में मदद मिलेगी जिससे इनका शैक्षणिक विकास होगा। अच्छे शोध कार्य के लिए शोधार्थियों एवं शिक्षकों को प्रात्सोहित किया जायेगा। इन सभी कार्य के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जायेगी।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक्सरे रिपोर्ट मोबाइल पर दी जा रही है, विवाद बढ़ा

**अयोध्या।** सोहावल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को एक्सरे की रिपोर्ट बिना फिल्म के, केवल एंड्रॉयड फोन पर दी जा रही है। यह प्रक्रिया स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों की मनमानी पर निर्भर करती है और मरीज को अपनी व्यक्तिगत सक्रिय एंड्रॉयड फोन की आवश्यकता होती है। अगर मरीज के पास फोन नहीं है, तो वह अन्य किसी के मोबाइल का उपयोग नहीं कर सकता।

इस मामले में आरोप है कि एक्सरे की सुविधा और अन्य जांच सेवाएं भी कर्मचारियों की मर्जी पर निर्भर करती हैं, जिसके कारण मरीजों को आए दिन नोकझोंक और विवाद का सामना करना पड़ता है। शुक्रवार को गुलालपुर निवासी रामकल्प पाण्डेय ने एक्सरे कराने के लिए स्वास्थ्य केंद्र का दौरा किया, जहां उन्हें भी यही समस्या का सामना करना पड़ा, जिससे विवाद उत्पन्न हो गया। इस मामले को लेकर महिला कर्मी मनीषा दुबे के खिलाफ शिकायत की गई।

# राम मंदिर के पहले शिलान्यास में अहम भूमिका निभाने वाले कामेश्वर चौपाल का निधन

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** रामलला के भव्य मंदिर के निर्माण के लिए पहली ईंट रखने वाले और विश्व हिंदू परिषद के नेता, राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य कामेश्वर चौपाल का निधन हो गया। वह लंबे समय से गुर्दे की बीमारी से जूझ रहे थे और दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।

कामेश्वर चौपाल का नाम राम मंदिर आंदोलन के इतिहास में हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने 9 नवंबर 1989 को अयोध्या में राम मंदिर के पहले शिलान्यास समारोह में पहली ईंट रखी थी और उसी दिन उस ऐतिहासिक समारोह को सफलतापूर्वक संपन्न कराया था। उनके योगदान को न केवल राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े लोग, बल्कि देश भर के लाखों श्रद्धालु हमेशा याद रखेंगे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने उन्हें उनके समर्पण



और योगदान के लिए %प्रथम कर सेवक% की उपाधि से सम्मानित किया था। उनका निधन अयोध्या और पूरे हिंदू समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

अयोध्या में कामेश्वर चौपाल के निधन पर शोक की लहर दौड़ गई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर व्यवस्था प्रमुख विवेक जी अग्रवाल, विवेकानंद नगर के नगर कार्यवाह प्रेम प्रकाश, नगर सह कार्यवाह सुनील जी, अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता केदारनाथ सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय रस्तोगी, करिअप्पा नगर के समरसता प्रमुख दिनेश जायसवाल, नगर विस्तारक रजनीश, जयप्रकाश पांडे, सोमू मुखर्जी, रतन राजपाल, अधिवक्ता परिषद के महामंत्री रत्नेश सिंह, कार्यकारिणी सदस्य कर्मवीर सिंह, राधा रमन सिंह, बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक द्विवेदी और अधिवक्ता सुनील त्रिपाठी सहित कई प्रमुख हस्तियों ने शोक व्यक्त किया है।

## फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 9 ब्लॉकों में चलेगा अभियान

**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में द्वितीय डीसीसी की बैठक संपन्न हुई जिसमें फाइलेरिया से बचाव की दवा 10 फरवरी से 25 फरवरी 2025 तक स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर निशुल्क खिलाई जाएगी। लिम्फेटिक फाइलेरिया (हाथीपांव) एक गंभीर रोग है, जो आजीवन विकलांगता का कारण बन सकता है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि किसी को दवा देना नहीं है सभी को अपने सामने दवा खिलानी है। जिलाधिकारी ने कहा कि ब्लॉकों में बनी रैपिड रिस्पॉन्स टीम पूरी तरह सक्रिय रहेगी। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अवधेश कुमार यादव, एसीएमओ डॉ डीके श्रीवास्तव, जिला मलेरिया अधिकारी सुजाता ठाकुर, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार देव पांडेय, दिव्यांग कल्याण अधिकारी, ईओ सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पौधों को कीट व बीमारियों से बचाने में सूक्ष्म जीवों की भूमिका महत्वपूर्णः कुलपति

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में ÷टिकाऊ कृषि उत्पादकता, मृदा स्वास्थ्य और पौध रोग प्रबंधन में सूक्ष्मजीव अनुकल्पों के प्रयोग÷ विषय पर 21 दिवसीय शीतकालीन स्कूल प्रशिक्षण के आयोजन की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस कार्यक्रम में आठ अलग-अलग राज्यों से कुल 25 वैज्ञानिक प्रतिभाग कर रहे है। कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि उभरते हुए पौधों को मिट्टी जनित कीटों और बीमारियों से बचाने में सूक्ष्मजीव सहायक सिद्ध होते हैं। सूक्ष्मजीवों के प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता और संरचना में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि मिट्टी के अच्छे स्वास्थ्य के लिए मिट्टी में कार्बनिक पदार्थों को बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। कुलपति ने कहा कि वर्तमान समय में रासायनिक खेती को छोड़कर प्राकृतिक व जैविक खेती करने की आवश्यकता है। कृषि विवि इसका जीता जागता उदाहरण है। कृषि विवि में एक एकड़ बंजर जमीन को उपजाऊ बनाकर प्राकृतिक खेती भी की जा रही है। कृषि महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. प्रतिभा सिंह ने कहा कि रसायनों के अधिक प्रयोग से मानव एवं मृदा स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है जिसे हम सभी को मिलकर रोकने की जरूरत है। पौधों की वृद्धि के लिए मृदा सूक्ष्मजीव आवश्यक हैं। ये प्रमुख पोषक तत्वों की उपलब्धता में सुधार कर पैदावार को बढ़ाने का कार्य करते हैं। इस दौरान पाठ्यक्रम निदेशक डा. महेंद्र सिंह ने 21 दिनों तक चलने वाले प्रशिक्षण से सभी को विस्तार से अवगत कराया। बताया कि देशभर के विभिन्न संस्थानों से लगभग 72 विशिष्ट वैज्ञानिकों द्वारा व्याख्यान दिए जाएंगे। यह कार्यक्रम मृदा एवं कृषि रसायन विभाग द्वारा डा. महेंद्र सिंह के संयोजन में आयोजित किया जा रहा है। अतिथियों का स्वागत संबोधन डा. सुरेश कुमार व धन्यवाद ज्ञापन डा. विवेक सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन तृप्ती ने किया। इस मौके पर विवि के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक एवं शिक्षक मौजूद रहे।

## फायर ब्रिगेड की गाड़ी खड़ी करने के लिए सभासद ने एमएलसी को दिया पत्र

**गोशाईगंज-अयोध्या।** गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं श्री सीता राम जी विराजमान मंदिर सेवा ट्रस्ट कस्बा दिलासीगंज की सदस्य श्री मती आरती जायसवाल ने अंबेडकर नगर के पूर्व सांसद एवं एमएलसी हरिओम पांडे को उनके आवास पर पत्र देकर गोसाईगंज बिस0 मुख्यालय पर अग्निशमन केन्द्र की स्थापना एवं आए दिन होने वाली आगजनी की घटना को रोकने के लिए गोसाईगंज कोतवाली मे फायर बिग्रेड की 2 गाडिया खडी किये जाने की मांग की है। मालूम हो कि बीते साल 1 मार्च को सभासद श्रीमती जायसवाल ने मुख्यमंत्री,मंडलायुक्त व डीएम को पत्र भेजकर अम्बेडकरनगर सीमांत स्थित गोसाईगंज विस0 मुख्यालय पर अग्निशमन केन्द्र की स्थापना एवम आए दिन आग से होने वाली जनहानि को रोकने के लिए गोसाईगंज कोतवाली में फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां खड़ी किए जाने की मांग की थी। पूर्व सांसद को दिए गए पत्र मे श्री मती जायसवाल ने दर्शाया है कि गोशाईगंज कस्बे मे अग्निशमन केन्द्र न होने से आये दिन कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत शेरवा घाट,महबूबगंज, अमसिन, लाल पुर, टंडौली, बोधीपुर, अंकारीपुर सहित आस पास के दर्जनों गावो मे निवास करने वालो के घरो, दूकानो, खेत, खलिहानो मे आग लगने पर फायर बिग्रेड की गाडी पहुचने तक जहा हजारो/लाखो रूपये की संपत्ति पलक झपकते जलकर खाक हो जाती है।

# अयोध्या धाम में पुलिस ने प्रसाद व्यापारी को पीटा, सिर फटा, पूरा बाजार बंद



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** शुक्रवार को हनुमानगढ़ी पर प्रसाद व्यापारियों ने पुलिस द्वारा उत्पीड़न का विरोध करते हुए बाजार बंद कर दिया। व्यापारी आरोप लगा रहे हैं कि पुलिस हर वक्त उन्हें रोक-टोक करती है और जब उन्होंने इसका विरोध किया तो पुलिस ने उन्हें पीटा। इस झड़प में कई व्यापारी घायल हो गए, जिनमें से एक व्यापारी अजय गुप्ता का सिर फट गया। अजय गुप्ता का आरोप है कि सीओ आशुतोष तिवारी ने उन्हें पीटा।

घटना के बाद नाराज व्यापारी हनुमानगढ़ी गेट पर बैठ गए हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और व्यापारी को समझाने का प्रयास किया।पुलिस का कहना है कि अयोध्या में भक्तों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। श्रद्धालु सुबह से ही स्नान करने और मंदिरों में पूजा करने के लिए पहुंच रहे हैं। हनुमानगढ़ी पर भक्तों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाइन लगाने की व्यवस्था की है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते व्यापारियों को प्रसाद बेचने में दिक्कत हो रही थी, जिससे उनका और पुलिस का विवाद हुआ।इस मामले पर समाजवादी पार्टी के पूर्व राज्य मंत्री पवन पांडे ने बीजेपी सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि जो पार्टी व्यापारियों के हित की बात करती थी, वही आज उनके खिलाफ कार्रवाई कर रही है। उन्होंने इस घटना की कड़ी निंदा की है।

## अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग को सौंपा ज्ञापन

**सहारनपुर।** दि कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। दि कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन से जुडे अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष ॠषिपाल सिंह व महासचिव विपिन मौर्य के नेतृत्व में जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ समय में विभिन्न जनपदों में अधिवक्ताओं के साथ लगातार लूट, हत्या आदि जैसे गम्भीर अपराध हो रहे हैं। पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं के साथ हो रहे इन अपराधों पर गम्भीरता से कार्यवाही नहीं की जाती है अपितु अधिवक्ताओं का नाम आते ही पुलिस का रवैया नकारात्मक हो जाता है।

# मतगणना की तैयारियों को लेकर भाजपा ने किया बैठक

## प्रत्येक मतगणना टेबल पर तथा एआरओ टेबल पर एक-एक भाजपा कार्यकर्ता


अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** आठ फरवरी को मिल्कीपुर उपचुनाव की मतगणना होगी। जिसको लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां पूर्ण कर ली है। मतगणना के लिए 14 टेबल लगाई गई है। प्रत्येक मतगणना टेबल तथा एआरओ टेबल पर एक-एक कार्यकर्ता नियुक्त किए गए है। मतगणना से पूर्व शुक्रवार देर शाम मतगणना में लगे कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। विधानसभा चुनाव संयोजक ओम प्रकाश सिंह व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह कार्यकताओं को प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को मतगणना के हर पहलू की जानकारी दी जाएगी। तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए सिविल लाइन पार्टी कार्यालय पर बैठक हुई। बैठक में चुनाव संयोजक ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि मतगणना को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। 14 मतगणना टेबल तथा एक एआरओ टेबल लगी है। प्रत्येक मतगणना टेबल पर भाजपा कार्यकर्ता नियुक्त रहेंगे। इसके अतिरिक्त अन्य व्यवस्थाओं के लिए भी कार्यकताओं को लगाया गया है। मतगणना में लगे कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। कार्यकर्ताओं को समय से मतगणना स्थल राजकीय इंटर कालेज पहुंचने के लिए कहा गया है। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल, प्रत्याशी चन्द्रभानु पासवान, जिला महामंत्री राघवेन्द्र पाण्डेय, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, अखण्ड प्रताप सिंह डिम्पल, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# 44 दिन में 45 हजार लोगों ने देखी शीशे की भूल-भुलैया

## अमानीगंज स्थित जल कल परिसर में स्थापित है भूल भुलैया



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** अयोध्या को पर्यटन की दृष्टि से निखारने के लिए योगी सरकार की ओर से शुरू कराए गए प्रोजेक्ट अब दौड़ने लगे हैं। इन्हीं में से एक प्रोजेक्ट है शीशों की भूल भुलैया। मिरर इमेज के संचालन को छह फरवरी तक 44 दिन हो गए। इतने दिनों में 45 हजार लोग पहुंच इसका दीदार कर चुके हैं। अकेले फरवरी माह के छह दिन में 22 हजार 663 रुपये के टिकट की बिक्री हो चुकी है।

रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद अयोध्या को विश्व स्तरीय पर्यटन नगरी बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। इसी के अंतर्गत अमानीगंज स्थित जलकल परिसर में अयोध्या नगर निगम ने 25 दिसम्बर 2024 को मिरर इमेज केन्द्र का उद्घाटन कराया।

**एक ही जैसे चार शीशे, 15 मिनट लगेंगे बाहर निकलने में**

मिररमेज का नजारा बहुत ही रोमांचक होने वाला है। क्योंकि इसमें एक ही तरह के चार शीशे लगाए गए हैं। आप अगर एक बार इसमें प्रवेश करेंगे तो पूरी घनचक्कर वाली स्थिति रहेगी। जिस तरफ आगे बढ़ेंगे शीशे से टकराने के खतरा रहेगा।

**लगी हैं छह एलईडी, स्वयंवर से लेकर राम रावण युद्ध भी दिखाया जाता है**

अमानीगंज स्थित जलकल कार्यालय में बनी यह मिररमेज पूरी तरह वातानुकूलित है। इसमें 43 इंच छह एलईडी भी लगाई गई हैं। उन एलईडी में सीता स्वयंवर, ताड़िका वध, अहिल्या का तारण और राम रावण युद्ध भी दिखाया जाता है। एलईडी के चलने के बाद यह सब अलग-अलग शीशों में भी दिखेगी।

**पौने तीन करोड़ की लागत से कराया गया है निर्माण**


राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अन्तर्गत मिरर इमेज का निर्माण पौने तीन करोड़ की लागत से कराया गया है। इसमें श्रद्धालुगण सीता माता की खोज के रोमांच का अनुभव प्राप्त कर रहे हैं। श्रीराम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपरान्त श्रद्धालुगण की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि इसे देखते हुए इसका संचालन कराया गया है।

इसमें लखनऊ के भुलभुलैया की तरह श्रद्धालु आंनद ले रहे हैं। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहता हैं।

**अब तक 5.59 लाख रुपये के टिकटों की बिक्री**

मिरर इमेज केंद्र में पहुंचने वालों को संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इसका अंदाजा टिकटों की बिक्री से लगाया जा सकता है। अब तक 5 लाख 59 हजार 239 रुपये के टिकटों की बिक्री हो चुकी है।

## फर्जी वसूली का खेल, दर्शनार्थी हो रहे परेशान



**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में नगर निगम के नाम पर फर्जी वसूली का मामला बढ़ता जा रहा है, जिससे दर्शनार्थी और स्थानीय लोग परेशान हो रहे हैं। अयोध्या आने वाले श्रद्धालु अपनी गाड़ियों को सुरक्षित स्थान पर खड़ा करने के लिए गाड़ी स्टैंड पर पार्किंग की उम्मीद करते हैं, लेकिन उन्हें केवल वसूली के पर्चे दिए जा रहे हैं। यह वसूली का खेल दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, जिससे प्रशासन और नगर निगम की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।एनएच 27 के सर्विस रोड पर प्राइवेट गाड़ियों से पैसे वसूलने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें एक युवक नगर निगम की पर्ची दिखाकर सौ-सौ रुपये वसूलता नजर आ रहा है। इस मामले को लेकर वहां के लोगों में गुस्सा और असमंजस की स्थिति बनी हुई है। वसूली करने वाले युवक ने पर्ची को नगर निगम का बताया, लेकिन जब इस बारे में उससे सवाल किया गया, तो वह रसीद की गड्डी लेकर फरार हो गया। इस नए वसूली मामले में होटल पंचशील के पास स्थित सर्विस रोड का जिक्र किया जा रहा है, जहां यह घटनाएं लगातार हो रही हैं। दर्शनार्थियों और प्राइवेट गाड़ियों से पर्ची काटकर पैसे वसूले जा रहे हैं, और यह सब नगर निगम के नाम पर हो रहा है। हालांकि, यह वसूली किस प्रकार की वैधता रखती है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

शहर में व्यावसायिक गाड़ियों से भी पर्ची काटकर वसूली की जा रही है, जिससे यात्री और स्थानीय लोग काफी परेशान हैं। इन घटनाओं ने एक नया शासनादेश लाने की आवश्यकता को उजागर किया है, ताकि इस तरह की अवैध वसूली को रोका जा सके और श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।

# मदरसा जामिया अरबिया में 250 छात्रों की दास्तान बंदी की गई



अवधनामा संवाददाता

**जैदपुर बाराबंकी।** मदरसा जामिया अरबिया नुरुल उलूम जैदपुर में एक जलस ए दस्तार बंदी का आयोजन किया गया। जिसकी निजामत मौलाना असजद नदवी ने की। जलसे का आगाज, कारी मुदस्सिर और मौलाना कारी रियाज नदवी ने तिलावते कलामे पाक से की। इस मौके पर मुख्य अतिथि मौलाना महमूद मदनी मुफ्ती सलमान मंसूरपूरी, मौलाना अब्दुस सुबहान मौलाना जहगीर साहब, मौलाना फैयाज कासमी सहित अन्य ओलमाओं ने खिताब फरमाया। जहां 250 छात्रों की दास्तान बंदी की गई। इस मौके पर मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि मुसलमान में बदलाव की जरूरत है। बदलाव जबान से नहीं दिल से करने की जरूरत है। हमें अपने जलसे व शादियों में सादगी लाने की बहुत ही जरूरत है। कुरआने मुकद्दर अल्लाह की मुकद्दस किताब होने के साथ-साथ आखिरी किताब है। जो कभी खत्म होने वाली नहीं है और मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम अल्लाह के आखिरी नबी हैं। इनके बाद कोई नबी और न कोई किताब आने वाली है। इस दौरान कारी मोहम्मद उल्ला जमियत ज़िला सदर, मौलाना जमाल काशमी ज़िला सचिव, मौलाना सय्यद अब्दुल हमीद काशमी बंकी, मौलाना अजहर काशमी बंकी, मौलाना इम्तियाजुल हक काशमी, मौलाना, रफीक, साहब, कारी अब्दुर्रहीम, नजमुल हसन मास्टर शकील, मास्टर आशिफ फारूकी, नबी उल्ला सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# लोधेश्वर महादेवा मेला में बिजली, पानी और सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजामः डीएम

## 16 फरवरी से शुरू होगा लोधेश्वर महादेवा का फाल्गुनी मेला 27 फरवरी को होगा समापन

अवधनामा संवाददाता



**बाराबंकी।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी इन्द्रसेन, उपजिलाधिकारी रामनगर पवन कुमार, पूर्व विधायक शारद अवस्थी और महादेवा मंदिर के मुख्य पुजारी आदित्य नाथ तिवारी सहित मेला कमेटी और सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ लोधेश्वर महादेवा फाल्गुनी मेले की तैयारियों हेतु समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा कि लोधेश्वर महादेवा मेला में बिजली, पानी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जायें। मेला परिसर में खाने पीने की वस्तुओं पर विशेष ध्यान रखा जाए। आस-पास के इलाकों से निराश्रित पशुओं या अन्य छुट्टा जानवरों को अभियान चलाकर पकड़वा लिया जाये। सड़क डाइवर्जन की व्यवस्था पहले से ही सुनिश्चित करा ली जाए और उसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी हो जाये। डीएम ने कहा कि एनएसएस और नेहरू युवा केन्द्र के वालिंटियर भी पर्याप्त संख्या में कांवरियों/श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिये लगाए जाएं। पानी के लिये पर्याप्त संख्या में टैंकर की उपलब्धता करा ली जाये। मोबाइल टॉयलेट्स की उपलब्धता सभी जरूरी स्थानों पर सुनिश्चित करा ली जाए। वाहनों की पार्किंग सहित सड़कों पर संकेतक और लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाए। मजबूत बैरिकेटिंग लगाई जाए। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों सहित सुरक्षा के लिये पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाये। रास्ते में सड़कों के किनारे लटक रही पेंड की टहनियों/झाड़ियों की कटाई-छटाई करा ली जाए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि लोधेश्वर महादेवा फाल्गुनी मेला में देश भर से लाखों की संख्या में काँवरिया/श्रद्धालु जलाभिषेक/पूजा अर्चना करने के लिये आते है, उनके लिये सभी जरूरी मूलभूत सुविधाओं का इंतजाम पहले से कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता रहेगी कि मेला का सफल और सुरक्षित आयोजन संपन्न हो सके।

# अज्ञात बदमाशों ने दुकान में सो रहे युवक का गला दबाकर हत्या की



अवधनामा संवाददाता

**मसौली बाराबंकी।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के लक्षबर बजहा गांव मे गुरुवार की रात एक युवक की गला दबाकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार की सुबह युवक का शव बजहा चौराहे से रायपुर जाने वाली मृतक की दुकान मे पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह सहित कई थानो की पुलिस फोर्स ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चले सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम लक्षबर बजहा निवासी 30 वर्षीय शिवमंगल चौहान पुत्र गुरुशरण चौहान बजहा चौराहे से रायपुर जाने वाली सड़क पर बनी दुकान मे बीती रात्रि सो रहा था शुक्रवार की सुबह शिवमंगल का शव उसी की दुकान के अंदर पड़ा मिला मृतक के गले मे निशान बना होने के कारण रात मे किसी ने गला कस कर हत्या कर दी है लोगो के अनुसार मृतक नशे का आदी था एक सप्ताह पूर्व मृतक की पत्नी रूबी अपने 10 वर्षीय यश एव 8 वर्षीय अंश के साथ मायके टेरासानी थाना मसौली चली गयी थी।

# मनरेगा श्रमिकों को नहीं मिल रही मनरेगा मजदूरी, मजदूर परेशान

**अवधनामा संवाददाता**

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र अन्तर्गत महात्मा गांधी राष्टीय रोजगार गारंटी योजना से कराये गये कार्य की मजदूरी मजदूर को



नही मिल रही है। जिसको लेकर कुछ ग्राम पंचायत के मजदूर कार्य करने से कतरा रहे है जिससे ग्राम पंचायत का विकास कार्य बाधित हो रहा है कुछ मजदूर से पुछने पर पता चला की कई महीनों से मजदूरी न मिलने से हम भुखमरी के कगार पर हैं। हम लोग को दुकानदार भी उधार देने बंद कर दिए है और परिवार मे अगर किसी को ईलाज करना पड रहा तो व्याज पर पैसा लेकर दवा कराना पड़ रहा है। प्रधान पंकज वर्मा अब्दुल हकीम, मनोज कुमार सुनील सिंह,कमलेश चौरसिया, गंगा राम यादव, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, निजामुद्दीन, अरबाज चौधरी, रिंकू पाण्डेय,अरविन्द पाण्डेय से बात करने पर पता चला की मजदूरी न मिलने से मनरेगा की मजदूरी न कर दूसरे प्रदेशों की ओर पलायन कर रहे हैं। गांव का विकास कार्य बंद पडा है। मनरेगा के मजदूरों का तीन माह से शासन से धन न आने से मजदूरी नहीं मिली है जीवनयापन करने के लिए मजदूर गांव छोड़कर शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। वही कुछ मजदूरो ने प्रधान से विकास खण्ड का घेराव करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है प्रधानो द्वारा कहा गया की जल्द ही पैसा आने वाला ताकी कोई समस्या न हो लेकिन कितने दिन तक मजदूरो को प्रधान ब्लाक आने से रोक सकते है।

# जियाभारी व रोईनिहवा में लगा चौपाल गाँव की समस्या गाँव में समाधान

## रोईनिहवा के प्राथमिक विद्यालय कैम्पस व जियाभारी में पंचायत भवन पर कार्यक्रम सम्पन्न





**अवधनामा संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत घोरही उर्फ रोईनिहवा में शुक्रवार को गाँव की समस्या गाँव में समाधान करने हेतु ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सचिव अवधेश कुमार यादव ने करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से अटल पेंशन योजना,राशनकार्ड, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, किसान सम्मान निधि, व्यक्तिगत शौचालय व युवाओं को रोजगार से जोड़ने आदि विविध योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड व परिवार कार्ड बनाये जाने पर जोर देते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही गरीब कल्याण व अन्य लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी देते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया है। उक्त अवसर पर पंचायत सचिव अवधेश कुमार यादव, ग्राम प्रधान मीरा देवी, प्रतिनिधि विजय प्रकाश पांडेय, तरुण कुमार, श्रवण पांडेय, श्यामू, शैलेन्द्र पांडेय, राजमती देवी, साफिया विन्द्रावती, कृष्ण गोपाल आदि लोग उपस्थित रहे। वहीं ग्राम पंचायत जियाभारी चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत सचिव दिलीप कुमार यादव ने करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जहां काफी संख्या में ग्रामीण जुटे रहे। उक्त अवसर पर ग्राम प्रधान विजय प्रकाश, अंबुज श्रीवास्तव, रोजगार सेवक आलोक कुमार, पंचायत सहायक, कोटेदार, आंगनबाड़ी आदि तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।


# 240 नशीली दवा के साथ नेपाली व्यक्ति गिरफ्तार



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नेपाल सीमा ठेठरी बाजार के करीब करमैनी में एक ब्यक्ति के पास से बृहस्पतिवार देर शाम को नशीली गोली व शीरप के साथ एस एस बी व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा एक व्यक्ति को पकडा गया है। पकड़े गये आरोपित का नाम जीयाउद्दीन पुत्र जैनुद्दीन उम्र 30वर्ष ग्राम सांस्कृतिकनगर पालिका वार्ड नम्बर 13कालीदह थाना लुम्बिनी जिला रुपेनदेही राष्ट्रीय नेपाल का निवासी है। एस एस बी व पुलिस बृहस्पतिवार की शाम अपने साथियों के साथ गस्त पर थे कि मुखबिर द्वारा सूचना मिला कि ठेठरी बाजार के रास्ते एक ब्यक्ति नेपाल में अवैध तरीके से 240 प्रशीको एसपास नशे की गोली व 20शीरप नेपाल ले जा रहा है। तुरंत हरिवंशपुर चौकी की पुलिस व यस यस बी के जवानों ने नाका बन्दी कर पकड़ लिया। पकड़े गये ब्यक्ति से पूछताछ करने लगे तो कहने लगा कि यह नशे की गोली नही है। पुलिस द्वारा कहा गया की मै डाक्टर बुलाकर चेक करा रहा हूं तब पता चलेगा किस चीज की दवा है। बरामद होने के बाद पुलिस एन डी पी एस अधिनियम के तहत मुकदमा लिख कर न्यायालय भेज दिया। मौके पर एस एस बी निरीक्षक सुनील कुमार,हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र यादव,हेड कांस्टेबल कन्हैया यादव, राम चन्द्र यादव मौजूद रहे।

# खाली घर को देखकर चोरों ने बनाया निशाना

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** चिल्हिया थाना क्षेत्र के



कन्दवा बाजार में एक व्यक्ति के खाली घर को देखकर चोरों ने बनाया निशाना।चोरों ने लगभग 28 लाख रूपये के सोने के गहने,नगदी व कीमती सामान उठा ले गये। चिल्हिया थाना क्षेत्र के कंदवा बाजार निवासी श्याम बिहारी मिश्रा पुत्र गंगा प्रसाद मिश्रा विगत पांच फरवरी को सपरिवार प्रयागराज महाकुंभ नहाने गये हुए थे।घर पर कोई सदस्य नहीं था। बीती रात अज्ञात चोरों ने उनके घर को खाली देखकर निशाना बनाया। घर के मुख्य द्वार पर लगे ताला को तोड़कर घर के अंदर घुस गये और पूरा घर खंगाला। कमरे की कुंडी तोड़कर उसके अंदर रखे आलमारी को तोड़कर उसमे रखा लगभग 20 लाख रूपये के सोने के गहने ,1.70 लाख नगद व लगभग दो लाख रूपये के कीमती सामान उठा ले गये।घर का ताला टूटा देख पास के लोगों ने इसकी सूचना श्याम बिहारी मिश्रा को दी वह घटना सुनकर काफी चिंतित हो गये और परिवार संग प्रयागराज से लौटकर घर आए तो देखा कि दरवाजा का ताला टूटा हुआ है।घर के अंदर कमरे की अलमारी टूटी हुई है उसमें रखा जेवर पैसा सब गायब था।घर के अंदर रखा कीमती सामान भी गायब था।यह सब देख वह दहाड़ मारकर रोने लगे। चिल्हिया थाना पुलिस को चोरी की घटना की लिखित तहरीर दी। इस संबंध में चिल्हिया थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद ने बताया कि तहरीर मिला है जांच किया जा रहा है।

# सर्वे संतु निरामया का सपना हुआ साकार : राजीव नयन



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** गुरु गोरक्षनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सिद्धार्थनगर एवं के तत्वावधान में शुक्रवार को विकास खण्ड बर्डपुर एवं लोटन क्षेत्र के भारत

- गुरु गोरक्षनाथ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में हजारों लोगों ने कराया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण
- बर्डपुर खण्ड एवं लोटन क्षेत्र से कुल 13 स्थानों पर आयोजित हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

नेपाल सीमा के क्षेत्रों में कुल 13 कैंपों के माध्यम से पीजीआई लखनऊ केजीएमयू,मेडिकल कालेज इत्यादि संस्थाओं से वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा भारी संख्या में लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए निःशुल्क दवाईयां वितरित की गई। साथ ही असाध्य रोगों से पीड़ित रोगियों को उचित उपचार हेतु उचित परामर्श भी दिया गया।

कार्यक्रम को लेकर राष्टीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक राजीव नयन ने बताया कि राष्टीय स्वयंसेवक संघ द्वारा जनपद के नेपाल सीमा से लगे विभिन्न विकास खण्डों में ऐसे परिवार जो गरीब, असहाय एवं आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण अपने बीमारियों का समुचित इलाज नहीं करा पाते हैं, ऐसे परिवारों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रत्येक वर्ष निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। जिस क्रम में शुक्रवार को बर्डपुर खण्ड के ककरहवा, बभनी, नन्दनगर, धनगढ़वा, रक्सेल (भरवलिया मंदिर परिसर) तथा बजहा तथा लोटन क्षेत्र के ठेठरी सहित अन्य छह स्थानों पर निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें पीजीआई लखनऊ, केजीएमयू लखनऊ, मेडिकल कालेज लखनऊ, मेडिकल कॉलेज गोरखपुर तथा मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर के वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा क्षेत्रवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित उपचार एवं दवाइयां उपलब्ध कराया गया तथा गंभीर रोगों से ग्रसित रोगियों को उपचार हेतु उचित परामर्श भी दिए गए। इस दौरान जिला प्रचारक विशाल कुमार ने स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन को लेकर स्वयंसेवकों एवं क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इस अवसर पर सत्यदेव,शिवेंद्र, नितेश पाण्डेय, अजय उपाध्याय, दीपक मौर्य, सबलू साहनी, अमन कुमार, आनंद चौधरी, अर्जुन चौधरी, प्रहलाद गुप्ता, श्रवण दूबे, फूलचन्द्र जायसवाल विवेक गोस्वामी, बीपी गुप्ता, पवन पाठक, मुलायम सिंह, अभिषेक कुमार, राकेश यादव शिवप्रकाश जायसववाल अरुण कुमार अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहे।

# दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की इकाई नेहरू युवा केंद्र/ माय भारत के जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव के निर्देश पर दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में गुरुवार को समापन हुआ। इस दौरान कार्यक्रम कें दौरान विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 100 मीटर साइकलिंग बालिका वर्ग, में प्रथम प्रियंका एवं द्वितीय स्थान नन्दनी व तृतीय स्थान संध्या नें प्राप्त किया, बालक वर्ग 400 मी दौड़ में प्रथम सचिन शर्मा द्वितीय स्थान संदेश व तृतीय स्थान रविकिशन रहें, बालिका वर्ग कबड्डी, में प्रथम स्थान खेसरहा की टीम एवं द्वितीय स्थान बांसी को प्राप्त हुआ साथ ही साथ बैडमिंटन बालिका वर्ग, में प्रथम स्थान मधु द्वितीय स्थान सोनी चौधरी प्राप्त हुआ एवं वालीबाल बालक वर्ग में बांसी विजेता तथा खेसरहा की टीम उपविजेता रही। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक कपिलवस्तु श्याम धनी राहीं कें प्रतिनिधि बाल गोविन्द पाठक तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा के युवा नेता अर्चिष्मान मिश्र, जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम सें कमलेन्द्र चौधरी, मान्यता प्राप्त पत्रकार कैलाश द्विवेदी व प्रदीप वर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम में सहयोगी के भूमिका में मनोज यादव, दीपक कुमार, द्वारा अतिथियों को बैच अलंकृत किया गया। इसके पूर्व अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कार्यक्रम में विभिन्न विकास खण्डों से आए हुए विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए समस्त विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मंच संचालक रुपेश मिश्र, रेफरी मनोज चौरसिया सहित पूर्व रा. यु. सें. प्रीति उपाध्याय दीपक कुमार प्रजापति अजय कुमार गुप्त, सनूप कुमार, अखिलेश यादव एवं आर्दश पाठक कार्यालय से ओंकारनाथ मिश्र के साथ ही साथ विभिन्न विकास खंडो से आए हुए दर्जनों युवा मौजूद रहे।

# सघन जांच अभियान चलाकर की जा रही है टीबी रोगियों की पहचान

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** क्षय रोग (टीबी) के रोकथाम के लिए सघन जांच अभियान चलाकर टीबी रोगियों की पहचान की जा रही है। इसी कड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोगिया अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर करौंदा मसिना में जांच शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को 110 लोगों की जांच हुई, जिसमें आठ सस्पेक्टेड मिले। संदिग्ध पाए गए रोगियो की बलगम व एक्सरे जांच के बाद इन पर रोग की पुष्टि होगी। आयुष्मान आरोग्य मंदिर करौंदा मसिना में शुक्रवार को आयोजित शिविर में ग्रामीणों के बीच सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी शारदा कुमारी रावत ने कहा कि टीबी के जीवाणु वायु द्वारा भी फैलते हैं। जब फेफड़ों की टीबी का रोगी खांसता या छींकता है तो वह माइक्रो वैक्टीरियम ट्यूबर कुलोसिस नाम के रोगाणु छोटे-छोटे कणों के रूप में वातारण में फैलता है। बलगम के छोटे छोटे कण सांस के साथ स्वस्थ्य व्यक्ति के शरीर में प्रवेश करते हैं। तब मरीज क्षय रोग से ग्रसित हो जाता है। सीएचओ ने बताया कि दो सप्ताह या इससे अधिक समय से लगातार खांसी आना, खांसी के साथ बलगम का आना, शाम के समय अक्सर शरीर का तापमान बढ़ जाना, संभावित रोगी के शरीर का वजन लगातार कम होना, प्रभावित मरीज के सीने में अक्सर दर्द महसूस होना, प्रभावित मरीज का बलगम रक्त रंजित होकर निकलना टीबी रोग के लक्षण हैं। बताया कि जरूरी नहीं है कि जिन पर टीबी रोग के लक्षण मिले हैं, उनमें टीबी रोग ही निकले। भली प्रकार जांच के बाद ही टीबी रोगियों के लिए दवा शुरू करेंगे। शिविर के दौरान 110 लोगों की एक्सरे से जांच हुई। जिसमें आठ संदिग्ध मिले। जांच शिविर में एक्सरे टेक्नीशियन अंकुर सिंह, मनोज कुमार मिश्र, आशा कार्यकर्ता सुशीला देवी, रीता मौजूद रही।

# भाजपा समाज को बांटकर सत्ता पर काबिज रहना चाहती है : इद्रीश पटवारी

## सपा ने किया पीडीए जन पंचायत चौपाल का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी ने शुक्रवार को निरालानगर वार्ड में पीडीए जन पंचायत चौपाल का आयोजन किया। चौपाल को संबोधित करते हुए पूर्व नपा अध्यक्ष व पूर्व सपा जिला उपाध्यक्ष मो इद्रीश पटवारी ने कहा कि हमारे मुखिया अखिलेश यादव समता और समाजवाद की बात कर रहे है। वह समाज के हर वर्ग में खुशहाली लाना चाहते है वही भाजपा की सरकार में सभी जनकल्याणकारी योजनाएं बंद है दलित, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों का कोई पुरसाहाल नहीं है। भाजपा समाज को बांटकर सत्ता पर काबिज रहना चाहती है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में सभी समाज के लोग परेशान है । मंहगाई चरम पर है, रोजगार नहीं मिल रहा है, युवा रोजगार के लिए दर दर भटक रहे है, गरीब और गरीब होता जा रहा है। चौपाल को नगर अध्यक्ष कपिल देव, सब्बू खान, पवन कुमार यादव, बुधीराम ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महताब आलम सन्नू, मैनू,पवन कुमार यादव, दिल्लू, गोलू मेकरानी, मुन्ना पांडे, सारिक ख़ान, अलीम ख़ान, अज़हर ख़ान, सालिक राम, नेवास यादव, प्रहलाद, साकिर, सिरताज अली, गणेश दत्ता, के सी त्रिपाठी, अलीम सिद्दीकी, मुबीन ख़ान आदि उपस्थित रहे।

## सैय्यदा खातून की अध्यक्षता में आयोजित हुआ पीडीए जन पंचायत चौपाल कार्यक्रम

# केंद्र और प्रदेश की गलत नीतियों के चलते आम जनता परेशान है : सैय्यदा खातून





**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव निर्देशानुसार शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र डुमरियागंज अंतर्गत सेक्टर भरवठिया के ग्राम सभा भरवठिया में डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून की अध्यक्षता में पीडीए जन पंचायत चौपाल कार्यक्रम आयोजित हुआ।

- सभी लोगों ने संविधान की रक्षा, सम्मान को बचाने का लिया संकल्प

जन पंचायत चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सैय्यदा खातून ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर ने सबको बराबरी का अधिकार दिया था इसीलिए कुछ लोग बाबा साहब के सिद्धांत का विरोध कर रहे है। उन्होंने कहा कि नब्बे फीसदी आबादी को हक़ और अधिकार देकर बाबा साहब ने आत्म सम्मान और आत्म विश्वास की भावना दी थी साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की गलत नीतियों के चलते आम जनता परेशान है। अफसर रिज़्वी ने कहा कि देश व प्रदेश की भाजपा सरकार भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महगाई बढ़ाकर जनता का उत्पीड़न करने से बाज़ नही आ रही है। दवाई पढ़ाई सब महंगी हो चुकी है। कार्यक्रम में पधारे सभी लोगों ने संविधान की रक्षा व बाबा साहेब के सम्मान को बचाने के लिए संकल्प लिया। पीडीए जन पंचायत चौपाल के दौरान बच्चा राम बौद्ध, लोहिया वाहिनी जिला उपाध्यक्ष अफजल खान, पप्पू सिद्दीकी, बाल कृष्ण ओझा, सूर्यप्रकाश उपाध्यक्ष, खान गुलाम मुस्तफा, राजू मौलाना, महफूज मलिक, नजीब मलिक, मतीबुलाह, सेक्टर प्रभारी सतीश चंद्र उर्फ मुन्नू श्रीवास्तव, सेक्टर सहप्रभारी रहीम, ताहिर मलिक, ललाऊ गौतम, पूर्व प्रधान कामिल अहमद, पुर्व प्रधान हाजी वफाती, रामदीन गौतम, मुन्नन महतो, लल्लू श्रीवास्तव, जुबेर अहमद, प्रदीप, इसरार अहमद, राकेश मौर्य, रुआब अली पूर्व प्रधान, अकरम खान, एजाज भाई, समाजवादी पार्टी के नेतागण सम्मानित जनता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# एसडीएम की अध्यक्षता में वृहद केडिट कैम्प का आयोजन

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय कानपुर द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजनान्तर्गत तहसील सभागार में एस डी एम शंशाक शेखर राय की अध्यक्षता में शुक्रवार को वृहद केडिट कैम्प का आयोजन जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा किया गया। इस अवसर उपायुक्त उद्योग उदय प्रकाश पासवान ने प्रतिभागियों को योजना की विस्तृत जानकारी दिया और योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त करने तथा स्वयं का रोजगार स्थापित करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की विस्तृत जानकारी दिया गया तथा योजना के प्रारम्भ के उद्देश्य से अवगत कराया गया। कौशल प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षणरत युवक एवं युवतियों ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया तथा उन्हें पंजीकरण ऑनलाइन एवं आफलाइन के माध्यम से कराने हेतु अवगत भी कराया गया। जिले में विभिन्न बैंक शाखाओं द्वारा 11 आवेदन पत्रों के सापेक्ष 48 लाख का ऋण स्वीकृत किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, डा अनूप अग्रहरी, प्रदीप कुमार चौरसिया, अभिषेक सिंह, शिवांश आदि मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने ली परेड की सलामी

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** एसपी केशव कुमार ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचकर परेड की सलामी ली। उन्होंने परेड में शामिल पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवाने के साथ ही टोलीवार ड्रिल कराया। विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए शस्त्र अभ्यास कराया। कहा कि परेड पुलिसकर्मियों में अनुशासन पैदा करता है। यदि अनुशासन होगा तो अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन बेहतर ढंग से किया जा सकता है। उन्होंने पुलिसकर्मियों से नियमित तौर पर परेड में शामिल होने का निर्देश दिया। एसपी ने डायल 112 वाहनों का निरीक्षण किया। वाहनों की हेडलाइट, हूटर, इंडिकेटर व फर्स्ट एड किट आदि उपकरणों की जांच की। उपकरणों को सुव्यवस्थित एवं सफाई रखने का निर्देश दिया। उन्होंने क्वार्टर गॉर्ड व शस्त्रागार का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर उसे व्यवस्थित ढंग से रखने को कहा। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन व प्रतिसार निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

# मातृ वंदन योजना : आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** शुक्रवार को विकास खंड परिसर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के विषय में उन्हें विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक बाल विकास परियोजना अधिकारी बढ़नी रविंद्र यादव ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को योजना की बारीकियों से अवगत कराया और लाभार्थियों तक इसका लाभ पहुंचाने के तरीकों पर चर्चा की।



सीडीपीओ रविंद्र यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को पहले बच्चे के जन्म पर गर्भावस्था के दौरान पोषण के लिए क्रमशः ?2000 और ?3000 दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि दूसरी संतान के रूप में यदि बच्ची का जन्म होता है तो ?6000 की अतिरिक्त राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता इस योजना के तहत लाभार्थियों के फॉर्म ऑनलाइन भरेंगी, जिससे लाभार्थियों को योजना का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राष्ट्रीय कृमि दिवस के बारे में भी जानकारी दी गई, जो 10 फरवरी से मनाया जाएगा। इस दिवस पर एक वर्ष से ऊपर के सभी बच्चों को कीड़े की दवा दी जाएगी। प्रशिक्षण में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दवाओं के वितरण के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर बीसीपीएम राजेश कुमार, वीओसी राधेश्याम यादव, बीएमसी नीलमणि श्रीवास्तव सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# आउटसोर्सिंग कर्मियों के चार माह का मानदेय दबाये बैठी है सरकार, नहीं मिल रहा बजट

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ व्यवस्था का अहम जिम्मा संभालने वाले आउट सोर्सिंग कर्मियों को तीन माह से मानदेय नहीं मिला है। तकरीबन 480 आउटसोर्सिंग कर्मी विगत तीन माह से मानदेय की आस लगाए हैं। बताया जा रहा है कि सरकार ने मेडिकल कॉलेज को बजट ही नही दे रही है। शासन मेडिकल कॉलेज का बजट दबाए बैठी है और यहां तैनात कर्मियों की मुश्किलें बड़ गई हैं। महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज में आउटसोर्सिंग के तहत तकरीबन 480 कर्मचारी काम कर रहे हैं । वार्ड ब्वाय से लेकर सफाई और दफ्तरी सहित तमाम पदों के काम का जिम्मा इन्ही आउटसोर्सिंग कर्मियों पर है। अस्पताल परिसर से लेकर पूरे कैंपस की सफाई का जिम्मा इन्ही कर्मियों पर है। प्रत्येक माह तकरीबन 70 लाख से अधिक रुपए इन कर्मचारियों के मानदेय पर खर्च होता है। बताया जा रहा है कि सरकार आउटसोर्सिंग कर्मियों के मानदेय के लिए बजट नही दे रही है। मिली जानकारी के मुताबिक अक्टूबर माह से सरकार ने बजट नही दिया है। सरकार इन कर्मियों के मानदेय का तकरीबन दो करोड़ अस्सी लाख से अधिक रुपया दबाए बैठी है। कॉलेज जिस बजट की मांग करता है उसमे भी कटौती हो जाती है । कर्मचारियों को नवम्बर ,दिसंबर और जनवरी माह का मानदेय नहीं मिला है। सेवा प्रदाता कंपनी ने अपनी तरफ से अक्टूबर माह का मानदेय इन कर्मियों को दिया है। कर्मचारियों का कहना है कि तीन माह हो गया है मानदेय नहीं मिला।

# बाबा पलटू साहब की जयंती पर भव्य शोभायात्रा

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** संत पलटू साहब की



जयंती के अवसर पर जलालपुर नगर प्रसिद्ध पलटू साहब मंदिर से महंत रामप्रसाद दास के निर्देशन में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भव्य झांकी और डीजे पर बजा रहे भजन के साथ भगवा वस्त्र धारण किए संत और श्रद्धालु नजर आए। जय बाबा पलटू साहब जयघोष करते हुए व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल,जिला कोषाध्यक्ष सीताराम अग्रहरि,जिला महामंत्री आदित्य गोयल,जिला प्रतिनिधि देवेश मिश्र,मंत्री शंभु गुप्ता समेत श्रद्धालु चल रहे थे। जगह-जगह शोभायात्रा को देखने के लिए नगरवासियों की भीड़ उमड़ी। इसके बाद शोभायात्रा वापस बाबा पलटू साहब मंदिर छाछू पहुंची।

## दिल्ली चुनावों की संभावनाएं




दिल्ली ने मतदान कर दिया। अब 8 फरवरी को जनादेश घोषित किया जाएगा कि दिल्ली किस पार्टी के पक्ष में है। बुधवार, 5 फरवरी की देर रात तक 60.4 फीसदी मतदान दर्ज किया गया, यह चुनाव आयोग का अधिकृत आंकड़ा है। कुल करीब 1.56 करोड़ मतदाताओं में से 65 लाख से अधिक मतदाताओं ने मतदान ही नहीं किया। दिल्ली जैसे राजधानी महानगर में यह उदासीनता महत्वपूर्ण है। दिल्ली का समूचा विचार और राजनीतिक सोच स्पष्ट नहीं हो पाती। जनादेश भी अधूरा ही रहेगा। दिल्ली सबसे शिक्षित और जागरूक महानगर है। उसके बावजूद चुनाव-प्रक्रिया के प्रति यह उदासीनता भी निराश करती है। लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण और बुनियादी नागरिक अधिकार मताधिकार ही है, जिसके जरिए नागरिक अपने जन-प्रतिनिधि और अपनी सरकार चुनते हैं। हालांकि इस बार का मतदान लोकसभा चुनाव से बेहतर रहा, लेकिन 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों से पिछड़ा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल की सीट नई दिल्ली पर 54.7 फीसदी ही मतदान हुआ। हालांकि इस सीट पर करीब 88 फीसदी हिंदू मतदाता हैं, लेकिन 'आप' और भाजपा के समर्थक हिंदू मतदाता घरों से कम निकले। मुख्यमंत्री आतिशी की सीट कालकाजी भी हिंदू-बहुल है, लेकिन सिर्फ 52 फीसदी ही मतदान किया गया, लेकिन इन सीटों के उलट मुस्लिम-बहुल मुस्तफाबाद, सीलमपुर, शाहीन बाग सरीखी सीटों पर बंपर मतदान किया गया, लेकिन वह भी 70 फीसदी से कम रहा। जहां 2020 में सांप्रदायिक दंगे हुए थे, वहां मुसलमानों ने सबसे ज्यादा मतदान किया। हालांकि दिल्ली एक अर्द्धराज्य है, संघशासित क्षेत्र भी है, लेकिन 'मिनी इंडिया' भी है, क्योंकि देश भर से लोग यहां पढ़ने, काम करने और एक बेहतर भविष्य के लिए आते हैं। दिल्ली के जनादेश की प्रतिध्वनि देश भर में गूंज सकती है।

राजधानी शहर में बीते 12 साल से 'आप' की सत्ता है, उससे पहले 15 साल कांग्रेस ने शासन किया, लिहाजा भाजपा 27 साल से 'वनवास' झेल रही है। इस बार 'आप' और भाजपा की राजनीति दांव पर है। मतदान के बाद 10 एग्जिट पोल के अनुमान सामने आए हैं, जिनमें से 8 भाजपा और सिर्फ 2 'आप' की सत्ता के पक्ष में हैं। एग्जिट पोल एक वैज्ञानिक, प्रयोगिक सर्वेक्षण-पद्धति है, लेकिन बीते एक अंतराल से भारत में सभी पोल गलत रहे हैं। हाल ही में हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड राज्यों के विधानसभा चुनावों के अनुमान भी गलत साबित हुए हैं। लोकसभा चुनाव के अनुमान भी धराशायी हो गए, लिहाजा कहा नहीं जा सकता कि जनादेश 'आप' या भाजपा के पक्ष में रहेगा। लेकिन जो भी जनादेश मिलेगा, वह ऐतिहासिक ही होगा। केजरीवाल और 'आप' का राजनीतिक उदय भ्रष्टाचार-विरोधी आंदोलन से हुआ था, लेकिन आज उन्हीं के चेहरों पर खरोंचे हैं। पार्टी के शीर्ष नेता-केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह-जेल जा चुके हैं और फिलहाल जमानत पर बाहर हैं, लेकिन अदालत में उनका अपराध अभी साबित होना है। जनता कुछ संदेह कर रही है और कुछ सवाल भी हैं, शायद इसीलिए केजरीवाल, आतिशी, सिसोदिया की सीटें फंसी हुई हैं। वे चुनाव हार भी सकते हैं। दिल्ली का प्रदूषण, गंदा पानी, प्रदूषित हवा, टूटी-फूटी सड़कें, शराब घोटाला, प्रदूषित यमुना आदि चुनावी मुद्दे बनते चले गए, जिनका नुकसान 'आप' को होता लगता है। यदि केजरीवाल और 'आप' चुनाव हार जाते हैं, तो पार्टी में बिखराव हो सकता है, क्योंकि 'आप' काडर आधारित पार्टी नहीं है। यदि केजरीवाल चुनाव जीत जाते हैं, तो उनका राजनीतिक ब्रांड मजबूत होगा।

कुरआन मजीद का तर्जुमा हिंदी में




कुरआन मजीद के तरजुमे की चन्द खुसूसियात :-

- हिन्दुस्तान की आज़ादी के बाद शियों की तरफ़ से पहला मुस्तक़िल तरजुमा (यानी इसे उर्दू से बदल कर हिन्दी में नहीं लिखा गया है)।
- बहुत ही आसान हिन्दी में।
- रवाँ तरजुमा।
- जो लोग क़ुरआन के तरजुमा को पहली बार पढ़ रहे हों, उनको भी आसानी से समझ में आने वाला तरजुमा (चाहे वे लोग मुस्लिम हों या ग़ैर-मुस्लिम)।
- क़ुरआन में सख़्त अल्फ़ाज़ जैसे फ़य, अन्फ़ाल व क़िसास वग़ैरा की वज़ाहत।
- जिन आयतों पर ग़ैर-मुस्लिम एतराज़ करते हैं, उनका फुटनोट में जवाब।
- क़ुरआन पढ़ते वक़्त ज़ेहन में आने वाले सवालात का फुटनोट में जवाब।
- जदीद साइंस के हिसाब से भी बहुत से प्वाइंट्स को उजागर करने वाला।
- क़ुरआन के अरबी मतन से ज़्यादा से ज़्यादा क़रीब रहते हुए तरजुमा।
- आज के दौर में जिन लोगों के पास तफ़सीर की मोटी-मोटी किताबों को देखने का वक़्त नहीं, उनके लिए ज़रूरत भर फुटनोट में वज़ाहत।
- ख़ूबसूरत कवर, उमदा काग़ज़, बेहतरीन प्रिंटिंग।

मौलाना सैय्यद शाहिद हुसैन (मीसम नौनहरवी)
इमामिया यूथ आर्गेनाइजेशन
व्हाट्सअप नं.- 7897100559, 7985409461

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़्वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

**नौ टैरिफ लाइनों के अंतर्गत आने वाले बुने हुए कपड़ों पर बुनियादी सीमा-शुल्क दर को 10 प्रतिशत या 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत या 115 रुपये प्रति किलोग्राम, जो भी अधिक हो करने की बजट घोषणा से बुने हुए कपड़ों के सस्ते आयात पर अंकुश लगाकर घरेलू वस्त्र उद्योग को मजबूती मिलेगी। यह उपाय घरेलू स्तर पर उत्पादित कपड़ों के उपयोग को प्रोत्साहित करेगा, क्षमता उपयोग को बढ़ावा देगा और स्थानीय विनिर्माण में निवेश को प्रोत्साहित करेगा।**

# केंद्रीय बजट : वस्त्र क्षेत्र को बढ़ावा

भारतीय परिधान और वस्त्र उद्योग लगभग 176 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 2 प्रतिशत का योगदान देता है। यह विनिर्माण उत्पादन का लगभग 11 प्रतिशत हिस्सा है। वस्त्र उद्योग देश में रोजगार सृजन के सबसे बड़े स्रोतों में से एक है, यह प्रत्यक्ष रूप से 45 मिलियन से अधिक वस्त्र श्रमिकों को रोजगार देता है। भारत वस्त्र और परिधानों का छठा सबसे बड़ा निर्यातक है। इस क्षेत्र में वैश्विक व्यापार में इसकी हिस्सेदारी लगभग 4 प्रतिशत है। देश के कुल व्यापारिक निर्यात में हस्तशिल्प सहित वस्त्र और परिधान (टी एंड ए) की हिस्सेदारी वर्तमान में लगभग 8 प्रतिशत है। यह क्षेत्र मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण युवा रोजगार जैसी सरकार की प्रमुख पहलों के साथ पूरी तरह से संरेखित है।


गिरिराज सिंह

बजट में वर्ष 2025-26 के लिए वस्त्र मंत्रालय के लिए 5,272 करोड़ रुपये के परिव्यय की घोषणा की गई। यह वर्ष 2024-25 के बजट अनुमानों (4417.03 करोड़ रुपये) की तुलना में लगभग 19 प्रतिशत की वृद्धि थी, और हाल के वर्षों में यह सबसे अधिक है। वस्त्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी निवेश योजना का बजट वर्ष 2024-25 में 45 करोड़ रुपये (बीई) से बढ़ाकर इस वर्ष 1148 करोड़ रुपये कर दिया गया है। वस्त्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना देश की विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने और पांच वर्ष की अवधि में 10,683 करोड़ रुपये के स्वीकृत वित्तीय परिव्यय के साथ निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कार्यान्वित की जा रही है। यह मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ), एमएमएफ परिधान और तकनीकी वस्त्र क्षेत्र जैसे उभरते क्षेत्रों को कवर करता है, ताकि इन क्षेत्रों को आकार और पैमाने हासिल करने में सक्षम बनाया जा सके, ताकि वे विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकें।



केंद्रीय बजट वर्ष 2025-26 में 'कपास उत्पादकता के लिए मिशन' की घोषणा की गई है। यह 5 वर्षीय मिशन कपास की खेती की उत्पादकता और स्थिरता में महत्वपूर्ण सुधार लाएगा। यह अतिरिक्त लंबे स्टेपल वाली कपास की किस्मों को बढ़ावा देगा। इस मिशन को कृषि एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और वस्त्र मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से लागू किया जाएगा।

वस्त्र मंत्रालय का राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (i) अनुसंधान, नवाचार और विकास, (ii) संवर्धन और बाजार विकास (i) शिक्षा और कौशल तथा (iv) तकनीकी वस्त्रों में निर्यात संवर्धन पर केंद्रित है। बजट में दो और प्रकार के शटल-लेस लूम को पूरी तरह से छूट प्राप्त वस्त्र मशीनरी की सूची में जोड़ा गया है। वस्त्र उद्योग में उपयोग के लिए शटल-लेस लूम रैपियर लूम (650 मीटर प्रति मिनट से कम) और शटल-लेस लूम एयर जेट लूम (1000 मीटर प्रति मिनट से कम) पर शुल्क मौजूदा 7.5 प्रतिशत से शून्य कर दिया गया है। नौ टैरिफ लाइनों के अंतर्गत आने वाले बुने हुए कपड़ों पर बुनियादी सीमा-शुल्क दर को 10 प्रतिशत या 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत या 115 रुपये प्रति किलोग्राम, जो भी अधिक हो करने की बजट घोषणा से बुने हुए कपड़ों के सस्ते आयात पर अंकुश लगाकर घरेलू वस्त्र उद्योग को मजबूती मिलेगी। यह उपाय घरेलू स्तर पर उत्पादित कपड़ों के उपयोग को प्रोत्साहित करेगा, क्षमता उपयोग को बढ़ावा देगा और स्थानीय विनिर्माण में निवेश को प्रोत्साहित करेगा। बजट में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को अर्थव्यवस्था में परिवर्तनकारी सुधार लाने के लिए एक स्रोत के रूप में पहचाना गया है। यह वस्त्र क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत की वस्त्र और परिधान उत्पादन क्षमता का अधिकांश हिस्सा एमएसएमई द्वारा किया जाता है, जो इस क्षेत्र का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। एमएसएमई के लिए वर्गीकरण मानदंडों में संशोधन जैसे प्रावधान गारंटी कवर के साथ ऋण उपलब्धता में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ उन्हें पैमाने की उच्च दक्षता, तकनीकी उन्नयन और पूंजी तक बेहतर पहुंच प्राप्त करने में मदद करेंगे। संशोधित वर्गीकरण के साथ, अब अधिक इकाइयाँ एमएसएमई के अंतर्गत आएंगी।

उपरोक्त एजेंडे को आगे बढ़ाने और भारतीय वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने के लिए, एक मेगा इवेंट - भारत टेक्स 2025, 11 प्रमुख वस्त्र उद्योग निकायों द्वारा आयोजित किया जा रहा है और वस्त्र मंत्रालय द्वारा समर्थित है। भारत टेक्स 2025 विस्तार और लक्ष्य दोनों के लिहाज से दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा आयोजन होगा, क्योंकि यह कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों और सहायक उपकरणों सहित पूरे वस्त्र उद्योग मूल्य श्रृंखला को एक ही स्थान पर उपलब्ध होगा। अनुकूल वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं और वस्त्र स्थिरता के दोहरे विषयों के आसपास निर्मित - यह कार्यक्रम स्थिरता, नवाचार और वैश्विक सहयोग पर केंद्रित है। मुख्य कार्यक्रम 14-17 फरवरी, 2025 को भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। इसमें कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों तक वस्त्रों की पूरी मूल्य श्रृंखला को सक्षम नीति समर्थन के साथ कवर किया जाएगा, जबकि सहायक उपकरण, परिधान मशीनरी, रंग और रसायन तथा हस्तशिल्प जैसी संबंधित प्रदर्शनियां 12 से 15 फरवरी, 2025 तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट ग्रेटर नोएडा में आयोजित की जाएंगी। संपूर्ण कच्चे माल मूल्य श्रृंखला में भारत को आत्मनिर्भर बनाने, अधिक निवेश प्राप्त करने, अपने घरेलू बाजार के आकार और निर्यात को बढ़ाने और बड़े पैमाने पर आजीविका के अवसरों को सुनिश्चित करने के लिए अपनी क्षमता को बनाए रखने एवं बढ़ाने के प्रयासों को सक्षम नीति समर्थन के साथ और अधिक सक्रिय करने की आवश्यकता होगी।

# स्वर्णिम भारत का पर्याय है सांस्कृतिक विरासत

**आत्मनिर्भरता, रामराज्य की परिकल्पना पर आधारित है। आत्मनिर्भर भारत की नींव गांधी के रामराज्य पर टिकी थी। गाँधी जी का स्वराज्य, रामराज्य की परिकल्पना का आधार था। स्वराज का अर्थ है जनप्रतिनिधियों द्वारा संचालित ऐसी व्यवस्था जो जन-आवश्यकताओं तथा जन-आकांक्षाओं के अनुरूप हो। यही स्वराज्य रामराज्य कहलाया। स्वराज का तात्पर्य स्वतंत्रता से है। बिना आत्मनिर्भर हुए स्वतंत्र नहीं हुआ जा सकता है। आत्मनिर्भरता या स्वावलम्बिता स्वतंत्र होने की एक कड़ी है। जब हम स्वतंत्र होंगे तभी हम स्वाभिमानी होंगे अर्थात स्वाभिमानिता के लिए स्वाधीनता जरुरी है।**

संविधान लागू हुए 75 वर्ष पूरे हो गए। गणतंत्र दिवस 2025 की थीम/प्रसंग थी स्वर्णिम भारत-विरासत और विकास। गणतंत्र दिवस 2025 के मुख्य अतिथि के तौर पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो को चुना गया था। भारतीय संविधान की प्रस्तावना को 13 दिसंबर 1946 को जवाहरलाल नेहरू द्वारा संविधान सभा में पेश किया गया था। इसे 22 जनवरी 1947 को स्वीकार किया गया था। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को अपनाया गया। आजादी के बाद देश को चलाने के लिए डॉ भीमराव अम्बेडकर के नेतृत्व में हमारे देश का संविधान लिखा गया। जिसे लिखने में पूरे 2 वर्ष 11 महीने और 18 दिन लगे। 26 जनवरी 1950 में भारतीय संविधान को लागू किये जाने के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। गणतंत्र दिवस की पहली परेड 1955 ई. को दिल्ली के राजपथ पर हुई थी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति तिरंगा फहराते हैं और हर साल 21 तोपों की सलामी दी जाती है। गणतंत्र दो शब्दों से मिलकर बना है । गण और तंत्र। वैदिक काल में गण का शाब्दिक अर्थ था दल, समूह, लोक। तंत्र का शाब्दिक अर्थ होता है डोरा, सूत (रस्सी)। अर्थात ऐसी रस्सी, डोरा, जो लोगों के समूह को जोड़े। लोकतंत्र कहलाता है और यही गणतंत्र है। अतएव हम कह सकते हैं कि गणतंत्र दिवस भारतीय संविधान को लागू किये जाने का द्योतक है। संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता शब्द बाद में भारत की भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी द्वारा भारतीय आपातकाल के दौरान जोड़े गए थे। भारत में आपातकाल (25 जून 1975 - 21 मार्च 1977) के दौरान, इंदिरा गांधी सरकार ने संविधान के बयालीसवें संशोधन में कई बदलाव किए थे। इसी संशोधन के ज़रिए समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को संप्रभु और लोकतांत्रिक शब्दों के बीच जोड़ा गया और राष्ट्र की एकता शब्दों को राष्ट्र की एकता और अखंडता में बदल दिया गया। भारत एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक देश है। अतएव भारत में सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक दृष्टि से स्वावलम्बन, स्वाभिमानता और समानता परिलक्षित होती है। स्वावलम्बिता, स्वाभिमानिता और समानता के मूल में स्वाधीनता वास करती है। अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता, विचारों की स्वतन्त्रता, विश्वास की स्वतन्त्रता, आस्था और पूजा की स्वतन्त्रता स्वतंत्र भारत की पहचान है। अतएव हम कह सकते हैं कि अक्षुण्ण विरासत और विकास की सेतु पर खड़ा सविधान ही भारतीय गणतंत्र व्यवस्था की पहचान है। आत्मविश्वास का होना ही आपको आत्मनिर्भर बनाता है। भगवद गीता में लिखा है नायं आत्मा बलहीनेन लभ्यः अर्थात यह आत्मा बलहीनो को नहीं प्राप्त होती है। आत्मबल ही आत्मविश्वास की जननी है। आत्मबल और आत्मनिर्भर शब्द एक दूसरे के पूरक हैं। आत्मनिर्भरता, स्वावलम्बी होने को दर्शाता है। स्वावलम्बन के जीवन की सफलता की पहली सीढ़ी है। सफलता प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को स्वावलम्बी अवश्य होना चाहिए। रामराज्य की परिकल्पना मोहनदास करमचंद गांधी की दी हुई थी। गांधीजी ने भारत में अंग्रेजी हुकूमत से मुक्ति के पश्चात ग्राम स्वराज के रूप में रामराज्य की कल्पना की थी। आत्मनिर्भरता, रामराज्य की परिकल्पना पर आधारित है। आत्मनिर्भर भारत की नींव गांधी के रामराज्य पर टिकी थी। गाँधी जी का स्वराज्य, रामराज्य की परिकल्पना का आधार था। स्वराज का अर्थ है जनप्रतिनिधियों द्वारा संचालित ऐसी व्यवस्था जो जन-आवश्यकताओं तथा जन-आकांक्षाओं के अनुरूप हो। यही स्वराज्य रामराज्य कहलाया। स्वराज का तात्पर्य स्वतंत्रता से है। बिना आत्मनिर्भर हुए स्वतंत्र नहीं हुआ जा सकता है। आत्मनिर्भरता या स्वावलम्बिता स्वतंत्र होने की एक कड़ी है। जब हम स्वतंत्र होंगे तभी हम स्वाभिमानी होंगे अर्थात स्वाभिमानिता के लिए स्वाधीनता जरुरी है। हिन्दुस्तान को गांधी का रामराज्य चाहिए। राम राज्य भगवान् राम के पुरुषार्थ और शासन का द्योतक है। भगवान् राम सहिष्णुता के प्रतीक थे। राम सत्य के प्रतीक थे। तभी तो भगवान् राम ने रामराज्य स्थापित किया था। आज आत्मनिर्भर भारत बनाने की बात हो रही है और वहीँ दूसरी ओर विदेशी कम्पनियाँ और विदेशी सामान की हिन्दुस्तान में बाढ़ आ गई है। प्रत्येक संस्था का निजीकरण होता जा रहा है। बेरोजगारी बढ़ रही है। आत्महत्याओं का ग्राफ बढ़ा है। यदि स्वावलम्बन, समानता और स्वाभिमान की बात करनी हो तो गांधी के रामराज्य की कल्पना करनी होगी। अतएव हम कह सकते हैं कि स्वतन्त्रता, गांधी के रामराज्य की परिकल्पना पर आधारित होनी चाहिए। सभी राजनैतिक पार्टियों को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के विचारों को आत्मसात करने की जरुरत है। वास्तव में भारत तभी स्वावलम्बी और स्वाभिमानी बन पाएगा। भारत को रामराज्य की परिकल्पना अपने पूर्वजों या पुरखों से विरासत में मिली हैं। रामराज्य की परिकल्पना रूपी विरासत को संजोकर रखने की जरुरत है। अयोध्या का राम मंदिर अपनी सांस्कृतिक विरासत का अद्वितीय उदाहरण है। भगवान् राम की प्राण प्रतिष्ठा के साथ राम मंदिर को पुनर्जीवित करना ही अपनी विरासत को सम्हालने का एक अच्छा उदाहरण है। किसी भी देश की विरासत उस देश के विकास की आधारशिला होती है। पुरखों से प्राप्त वस्तु, सम्पत्ति आदि को विरासत कहा जाता है। पूर्वजों द्वारा प्राप्त की गई वस्तु या संपत्ति आदि को ही विरासत कहा जाता है। विश्व में भारत अपने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, और आर्थिक दृष्टिकोण से स्वर्णिम स्थान रखता है। भारत विविध धर्मों, जातियों, भाषाओं,और संस्कृतियों का देश रहा है। भारत में मुख्यतः निम्नलिखित विरासतें हैं- 1.सांस्कृतिक विरासत 2. प्राकृतिक विरासत 3. मिश्रित विरासत। सांस्कृतिक विरासत दो प्रकार की होती है- मूर्त संस्कृति और अमूर्त संस्कृति। सांस्कृतिक विरासत में मूर्त संस्कृति जैसे इमारतें, स्मारक, परिदृश्य, अभिलेखीय सामग्री, किताबें, कला के कार्य और कलाकृतियाँ आदि आते हैं। अमूर्त संस्कृति जैसे लोकगीत, परंपराएँ, भाषा और ज्ञान) और प्राकृतिक विरासत (सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण परिदृश्य और जैव विविधता सहित) शामिल हैं।


डॉ. शंकर सुवन सिंह



# हर घर नल जल योजना : लक्ष्य तक पहुंचने की चुनौती

**समाजसेवी सिद्धनाथ के अनुसार, हर घर नल जल योजना बिहार में जल संकट को दूर करने के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। इसका उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है, ताकि जल जनित बीमारियों को कम किया जा सके और लोगों को सुरक्षित जल उपलब्ध हो। लेकिन योजना के क्रियान्वयन में गंभीरता की कमी के कारण यह अपनी पूरी क्षमता से सफल नहीं हो पा रही है।**

केंद्र सरकार की हर घर नल जल योजना ने शहरों से लेकर गांवों तक लोगों के जीवन को सरल बना दिया है। इस योजना का उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित करना है, जिससे लोगों का जीवन सुगम हो और जल जनित बीमारियों में कमी आए। देश के कई राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में शत-प्रतिशत घरों को नल के माध्यम से जल आपूर्ति की सुविधा मिल रही है, लेकिन बिहार सहित कुछ राज्यों में इस परियोजना के क्रियान्वयन में चुनौतियां बनी हुई हैं। इसके कारण यह योजना अब तक अपने उद्देश्यों को पूरी तरह सफल नहीं कर पाई है। राजधानी पटना स्थित अदालतगंज का स्लम इलाका भी ऐसा ही क्षेत्र है, जहां लोगों को समय पर स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं हो रहा। हालांकि प्रशासन और संबंधित विभाग इन चुनौतियों के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत हैं।


प्रिया रानी

पानी की समस्या का सबसे अधिक प्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। अदालतगंज के ईख मोहल्ले की निवासी मेहर देवी कहती हैं कि मोहल्ले में सुबह छह बजे पानी आता है और दस बजे बंद हो जाता है, फिर शाम को तीन बजे से रात दस बजे तक जल आपूर्ति होती है। कई बार पानी समय पर नहीं आता, जिससे हमें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं, करुणा देवी बताती हैं कि अक्सर निर्माण कार्य के चलते नालियां जाम हो जाती हैं, जिससे गंदा पानी पाइपलाइन में मिलकर नलों से निकलने लगता है। कुसुम देवी के अनुसार, नल जल योजना के तहत जो पानी आता है, वह कई बार बहुत गंदा और बदबूदार होता है। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति इस पानी को पीकर बीमार पड़ सकता है, इसलिए हम कहीं और से साफ पानी लाकर पीते हैं। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने पर दस से पंद्रह दिनों तक जलापूर्ति ठप हो जाती है, जिससे हमें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गायत्री देवी कहती हैं कि नल जल योजना के क्रियान्वयन के बावजूद कई स्थानों पर खुली नालियों का दूषित पानी पेयजल पाइपलाइन में चला जाता है, जिससे अक्सर शाम को गंदा और बदबूदार पानी आता है।

पटना सचिवालय और पटना जंक्शन के निकट स्थित इस स्लम बस्ती की आबादी लगभग 1,000 है, जिसमें 60 फीसदी ओबीसी और 20 फीसदी अल्पसंख्यक समुदाय के लोग निवास करते हैं। अदालतगंज, ईख कॉलोनी और ड्राइवर कॉलोनी नामक तीन मोहल्लों में विभाजित इस क्षेत्र के निवासी आज भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जीने को मजबूर हैं। ड्राइवर कॉलोनी की पुष्पा कुमारी कहती हैं, नल जल योजना के बाद भी यहां स्वच्छ पानी की भारी कमी है। कई बार शाम को भी गंदा पानी आता है। आशा देवी के अनुसार, नल से दूषित पानी आने के कारण हम पीने के लिए हैंडपंप के पानी का इस्तेमाल करते हैं। वहीं, इंदु कुमारी बताती हैं कि यहां हर पखवाड़े पानी की पाइपलाइन फट जाती है, जिससे नालियों का गंदा पानी उसमें मिल जाता है। अक्सर इस पानी को पीने से बच्चे बीमार हो जाते हैं।



स्थानीय समाजसेवी सिद्धनाथ के अनुसार, हर घर नल जल योजना बिहार में जल संकट को दूर करने के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। इसका उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है, ताकि जल जनित बीमारियों को कम किया जा सके और लोगों को सुरक्षित जल उपलब्ध हो। लेकिन योजना के क्रियान्वयन में गंभीरता की कमी के कारण यह अपनी पूरी क्षमता से सफल नहीं हो पा रही है। हालांकि, नगर निगम और संबंधित विभाग कई बार नागरिकों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हैं, लेकिन समस्या के स्थायी समाधान के लिए सुनियोजित रखरखाव की आवश्यकता है। इसके लिए एक निगरानी तंत्र बनाना जरूरी है, जो समस्या उत्पन्न होने से पहले ही उसका समाधान निकाल सके। जल जीवन मिशन की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2025 तक बिहार के 95.71 फीसदी घरों में स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है। खगड़िया, मधेपुरा और शेखपुरा जिलों में 100 फीसदी लक्ष्य प्राप्त हो चुका है, जबकि राजधानी पटना में 96.61 फीसदी लक्ष्य हासिल किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार द्वारा भी स्वच्छ जल योजना के तहत गांवों से लेकर शहरों तक स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर ध्यान दिया जा रहा है। राज्य सरकार 1.63 करोड़ परिवारों को नल के माध्यम से जलापूर्ति कर रही है, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों को लाभ मिल रहा है। कई जिलों में प्रतिदिन छह घंटे जलापूर्ति की जा रही है, जिससे जल संकट की समस्या काफी हद तक हल हुई है।

फिर भी, कई घरों को नियमित रूप से स्वच्छ जल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इसके पीछे रखरखाव की कमी एक बड़ी समस्या मानी जा सकती है। इसके समाधान के लिए कुछ ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। जैसे पाइपलाइन और जलाशयों की नियमित निगरानी एवं रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, मोबाइल जल परीक्षण प्रयोगशालाएं शुरू की जाए, ताकि मौके पर पानी की गुणवत्ता की जांच और सुधार किया जा सके। इसके अलावा प्रशासन और विभागों के साथ-साथ सामाजिक स्तर पर भी जल संरक्षण, स्वच्छता और जल उपयोग के प्रति लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। वहीं इस अभियान में स्थानीय स्तर पर संचालित स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों को भी जोड़ा कर बहुत हद तक समस्या का समाधान निकाला जा सकता है।

बहरहाल, चुनौतियों के बावजूद हर घर नल जल योजना बिहार के ग्रामीण और अदालतगंज जैसी स्लम बस्तियों में रहने वाले लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह सच है कि अभी भी कुछ क्षेत्रों में जल आपूर्ति और गुणवत्ता को लेकर समस्याएं बनी हुई हैं, लेकिन सरकार और स्थानीय एजेंसियां इनके समाधान के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं, जो सराहनीय है। यदि सुधारों को सही तरीके से लागू किया जाए, तो न केवल हर घर को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने का लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है, बल्कि स्वस्थ बिहार की परिकल्पना भी साकार हो सकती है। (चरखा फीचर्स)

# अभी यूपी में चलेंगी तेज हवाएं, होली से पहले लौटेगी ठंड

अवधनामा संवाददाता



■ दो-तीन दिनों तक ऐसा रहेगा मौसम, प्रभावित हो सकती है गेहूं की फसल

**लखनऊ।** पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और बारिश की शीतलता समेटे हुए चल रही पछुआ हवाओं ने तेजी से ठंड बढ़ा दी है। पूरे दिन खिली धूप के बीच 20 से 11 किमी प्रति घंटा के वेग से सरसराती पछुआ हवा ने ठंड का आभास कराया। बुधवार की शाम से ही चल रही पछुआ हवा गुरुवार की सुबह और गति पकड़ चुकी थी। इसके चलते अधिकतम तापमान में 30 डिग्री तक पहुंच चुका 24.3 डिग्री सेल्सियस पर आ गया जो सामान्य से 1.4 नीचे रहा। न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.1 डिग्री सेल्सियस अधिक 11.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

मौसम विभाग का अनुमान है की अभी दो-तीन दिनों तक ऐसे ही मौसम बना रह सकता है। दिन के समय सतह पर तेज पछुआ चलती रहेगी। इससे तापमान में थोड़ी सी कमी और आ सकती है या इसी के आसपास बना रह सकता है। रविवार के बाद से मौसम फिर गर्म होना आरंभ हो सकता है। वहीं जनवरी में ठंड व कोहरा कम पड़ने और फरवरी में तापमान बढ़ने के कारण गेहूं की फसल प्रभावित हो सकती है। तापमान और बढ़ा तो इससे गेहूं का उत्पादन घटेगा। मौसम में हो रहे बदलाव ने किसानों को चिंतित कर दिया है। यही नहीं मौसम का असर आम की फसल पर भी पड़ेगा।

बौर सूखने से गिरने की आशंका बढ़ जाएगी। कृषि विशेषज्ञ व पूर्व संयुक्त कृषि निदेशक डॉ. सीपी श्रीवास्तव ने बताया कि मौसम में आए बदलाव का असर गेहूं के उत्पादन पर पड़ेगा। ऐसे में किसानों का हल्की सिंचाई करते रहना चाहिए, जिससे खेत में दरार न पड़ने पाए। हालांकि एक दो दिन में मौसम में बदलाव की संभावना है और ठंड बढ़ेगी। ऐसे में किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है। मौसम विभाग ने बताया की आज यानी कि शुक्रवार से प्रदेश में 25 से 35 किमी प्रति घंटे की तेज रफ्तार से पछुआ हवाएं चलेंगी। तापमान में और गिरावट आएगी। जिसके बाद मौसम फिर से करवट लेगा। आज प्रदेश में कहीं भी कोहरे या बादल छाए रहने का अलर्ट नहीं जारी किया गया है। प्रदेश में 12 फरवरी तक मौसम शुष्क बना रह सकता है।

आईएमडी ने शनिवार को भी मौसम साफ रहने की संभावना जताई है। हालांकि पश्चिमी और पूर्वी यूपी में 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी हवाएं चल सकती हैं। जबकि 9 से 12 फरवरी तक पूरे प्रदेश में दिन के समय मौसम साफ रहेगा। हालांकि सुबह और रात के समय कहीं-कहीं पर कोहरा छाया रहेगा।

# 'भाजपा सांसद रघुनंदन का बयान भेदभाव पूर्ण'

## पसमांदा मुस्लिमों के ओबीसी दर्जे पर भाजपा सांसद के बयान की एआइपीएमएम ने की निंदा

अवधनामा संवाददाता

■ आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने प्रधानमंत्री को दिया ज्ञापन

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज (एआइपीएमएम) ने हाल ही में भाजपा सांसद रघुनंदन राव द्वारा संसद में दिए गए पसमांदा मुस्लिमों के ओबीसी दर्जे को समाप्त करने संबंधी बयान की कड़ी निंदा की है। संसद में उन्होंने कहा कि 'भाजपा, पसमांदा मुस्लिमों को तेलंगाना में ओबीसी कोटा का लाभ नहीं लेने देगी।' महाज इस बयान को संविधान के मूल अधिकारों, सामाजिक न्याय और आरक्षण संबंधी सिद्धांतों पर सीधा हमला मानता है। इस गंभीर विषय को लेकर महाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें इस बयान की भर्त्सना करते हुए यह स्पष्ट किया गया है कि पसमांदा मुस्लिम समुदाय को किसी भी कीमत पर उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता। महाज़ ने बताया कि संविधानिक और कानूनी प्रावधान में अनुच्छेद 340 सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों की पहचान कर उनके उत्थान के उपाय करने की बात करता है। और अनुच्छेद 15(4) और 16(4) के तहत पिछड़े वर्गों के लिए विशेष प्रावधान करने का अधिकार राज्य को दिया गया है।

एआइपीएमएम ने विभिन्न रिपोर्ट्स के बारे में यह बताया कि मंडल आयोग (1980) ने यह स्पष्ट किया कि भारत के पिछड़े वर्गों में बड़ी संख्या में पसमांदा मुस्लिम जातियाँ शामिल हैं, जिन्हें ओबीसी दर्जा दिया जाना चाहिए। सच्चर कमेटी रिपोर्ट (2006 में यह बताया गया कि पसमांदा मुस्लिम समाज की सामाजिक-आर्थिक स्थिति एससी/एसटी वर्ग से भी बदतर है। रंगनाथ मिश्रा आयोग (2009) ने सुझाव दिया कि सभी सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े मुस्लिम समुदायों को ओबीसी आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। पी.एस. कृष्णन रिपोर्ट भी इस बात को दोहराती है कि पसमांदा मुस्लिम समुदाय को आरक्षण से वंचित करना संविधान की मूल भावना के खिलाफ होगा। सुधीर आयोग (तेलंगाना सरकार) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, तेलंगाना की 56 प्रतिशत पिछड़ी आबादी में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी पसमांदा मुस्लिमों की है, और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है।

संगठन के संयुक्त पदाधिकारियों के बयान में कहा गया कि सांसद रघुनंदन राव अपने बयान को तुरंत वापस लें और सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। भाजपा स्पष्ट करे कि पसमांदा मुस्लिमों का ओबीसी दर्जा सुरक्षित रहेगा, ताकि उनकी शिक्षा, रोजगार और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ बाधित न हो। संगठन ने यह भी कहा प्रधानमंत्री स्वयं एक आधिकारिक बयान जारी करें, जिसमें यह सुनिश्चित किया जाए कि भाजपा पसमांदा मुस्लिमों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और भारत सरकार द्वारा सभी राज्यों को निर्देश दिया जाए कि वे पसमांदा मुस्लिमों की वास्तविक स्थिति को ध्यान में रखते हुए नीतियां बनाएं और लागू करें।

महाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ और मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुहम्मद युनुस ने एक संयुक्त बयान में कहा यह बयान न केवल सामाजिक न्याय की मूल भावना के खिलाफ है, बल्कि भाजपा सरकार के 'सबका साथ, सबका विकास' और 'पसमांदा मुस्लिम सशक्तिकरण' के दृष्टिकोण का भी उल्लंघन करता है। यदि पसमांदा मुस्लिमों के संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करने की कोई भी कोशिश की गई, तो इसे पूरी ताकत से चुनौती दी जाएगी।

महाज ने चेतावनी दी है कि यदि भाजपा सांसदों और नेताओं द्वारा इस तरह के भेदभावपूर्ण बयान जारी किए जाते रहे, तो संगठन पूरे देश में जन आंदोलन खड़ा करने से पीछे नहीं हटेगा। महाज स्पष्ट करता है कि पसमांदा मुस्लिमों को उनका संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिए हम हर कानूनी और लोकतांत्रिक तरीका अपनाएंगे।

# सीएमएस छात्र को 72,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के छात्र मनांश जिंदल को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स द्वारा 72,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। सी.एम.एस. छात्र को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी।

मनांश जिंदल ने इस सफलता का श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सैट एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है। सी.एम.एस. के 100 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है।

# टीएमयू स्टुडेंट्स को बताई नर्सिंग की नई टेक्निक्स

## तीर्थंकर पार्श्वनाथ नर्सिंग कॉलेज की ओर से डिज़ाइन थिंकिंग पर वर्कशॉप

अवधनामा संवाददाता



**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने स्मार्ट आईवी ड्रिप मॉनिटरिंग, एआई-संचालित प्रारंभिक सेप्सिस पहचान, पोर्टेबल डायलिसिस मशीन, मोबाइल हेल्थ क्लिनिक्स, दर्द प्रबंधन के लिए वर्चुअल रियलिटी तकनीक आदि के बारे में नर्सिंग स्टुडेंट्स को गहनता से समझाया। साथ ही उन्होंने डिज़ाइन थिंकिंग के विभिन्न चरणों, क्रिटिकल थिंकिंग के व्यावहारिक अनुप्रयोग और इनोवेशन डिज़ाइन के नवीनतम ट्रेंड्स पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्टुडेंट्स रचनात्मक और विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। प्रो. मंजुला ने नर्सिंग में उभरती नई तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, 3डी प्रिंटर और अन्य अत्याधुनिक नवाचारों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया, ये तकनीकें नर्सिंग प्रैक्टिस में क्रांतिकारी बदलाव लाने के संग-संग स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बना सकती हैं। प्रो. जैन तीर्थंकर पार्श्वनाथ नर्सिंग कॉलेज, अमरोहा की ओर से डिज़ाइन थिंकिंग, क्रिटिकल थिंकिंग और इनोवेशन डिज़ाइन पर आयोजित वर्कशॉप में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहीं थीं। इस अवसर पर नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, तीर्थंकर पार्श्वनाथ नर्सिंग कॉलेज, अमरोहा की प्रिंसिपल प्रो. श्योली सेन आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र में स्टुडेंट्स ने अपनी जिज्ञासाएं व्यक्त की, जिनका विशेषज्ञों ने समाधान किया।

प्रो. जैन बोलीं, स्मार्ट आईवी ड्रिप मॉनिटरिंग तकनीक में सेंसर्स द्रव प्रवाह दर- फ्लो रेट और मात्रा की निगरानी करते हैं। इससे नर्सों का कार्यभार कम होता है। एआई-संचालित प्रारंभिक सेप्सिस पहचान तकनीक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित है। इसमें पेशेंट के संकेतों और चिकित्सीय डेटा का विश्लेषण करके सेप्सिस के शुरुआती लक्षणों को जल्दी पहचान कर समय पर उपचार करके पेशेंट की लाइफ को बचाया जा सकता है। पोर्टेबल डायलिसिस मशीनें किडनी रोगियों के लिए वरदान साबित हो रही हैं। ये मशीनें हल्की, कॉम्पैक्ट और उपयोग में सरल होती हैं, जिससे मरीज घर पर ही आसानी से डायलिसिस कर सकते हैं। मोबाइल हेल्थ क्लिनिक्स दूर-दराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम हैं।

दर्द प्रबंधन के लिए वर्चुअल रियलिटी तकनीक में वीआर उपकरण रोगियों को एक आभासी दुनिया में ले जाकर उनका ध्यान दर्द से हटाने में मदद करते हैं। वर्कशॉप में समन्वयक श्री मुकुल कुमार, फैकल्टीज़- सुश्री शालू उपाध्याय, सुश्री अंकिता चौहान, सुश्री नित्या अवस्थी, श्री प्रशांत सिंह, सुश्री छाया राठौर, सुश्री दीक्षा यादव, सुश्री शशि राजपूत और आरुषि सक्सेना के संग-संग बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। संचालन फैकल्टी श्री सिद्धेश्वर अंगड़ी ने किया।

# ताइक्वाण्डो में सीएमएस छात्रा ने जीता गोल्ड मेडल

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की कक्षा-8 की छात्रा प्रज्ञा सिंह ने राज्य स्तरीय यूपी कप ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। चैम्पियनशिप का आयोजन यूपी ताइक्वाण्डो एसोसिएशन एवं ताइक्वाण्डो फेडरेशन ऑफ इण्डिया के संयुक्त तत्वावधान में चौक स्टेडियम, लखनऊ में किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में लखनऊ के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. की प्रतिभाशाली छात्रा ने अपनी खेल प्रतिभा, चुस्ती-फूर्ती, कौशल तथा दमखम के बलबूते स्वर्ण पदक अर्जित कर अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराया है एवं आने वाले समय में राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के संकेत दिये है। प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस होनहार बाल खिलाड़ी के उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं क्योंकि सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें खेलों व अन्य सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी विशेष रूप से तैयार करने में पूरे मनोयोग से संलग्न है।

# जनरेशन टैरिफ रेगुलेशन के खिलाफ उपभोक्ता परिषद में दाखिल की आपत्तियां

अवधनामा संवाददाता

■ कहा, कानून निजी घरानों को लाभ देने वाला नहीं बनने देंगे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा प्रस्तावित जनरेशन टैरिफ रेगुलेशन 2024 के संबंध में आज उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कडी आपत्ति करते हुए अपनी लिखित आपत्तियां विद्युत नियामक आयोग में दाखिल कर दिया और उसमें कहा है कहा विद्युत नियामक आयोग द्वारा इंसेंटिव( प्रोत्साहन) के मामले में जो व्यवस्था लाई जा रही है उससे आने वाले समय में पावर कारपोरेशन को लगभग रुपया 1000 करोड का नुकसान होगा इसलिए इस व्यवस्था को तत्काल समाप्त किया जाए क्योंकि इसका खामियाजा प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली दरों पर पडेगा और सबसे ज्यादा लाभ देश के ऊन उत्पादन इकाइयों जैसे बजाज रिलायंस टाटा व अन्य को होने वाला है इसलिए उपभोक्ता परिषद आगामी 12 फरवरी को होने वाली आम जनता की सुनवाई में इसका हर स्तर पर विरोध करेगा।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आज विद्युत नियामक आयोग में जो अपनी लिखित आपत्तियां दाखिल की है उसमें प्रमुख रूप से या मुद्दा उठाया है कि जनरेशन टैरिफ रेगुलेशन 2024 जो अगले 5 वर्षों के लिए तैयार किया जा रहा है का मसौदा जारी किया है उपभोक्ता परिषद विद्युत नियामक आयोग के सामने कुछ मुख्य सवाल उठाना चाहता है । वर्तमान में जो प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) के आधार पर 55 पैसा प्रति यूनिट से लेकर अधिकतम रुपया 1 प्रति यूनिट तक अधिकतम इंसेंटिव (प्रोत्साहन) का नियम बनाया जा रहा है और उसमें टी0ओ0डी पीक पर 50 से 55 प्रतिसत प्लांट लोड फैक्टर पर 55 पैसे प्रति यूनिट इंसेंटिव का प्रावधान करते हुए अलग-अलग स्लैब बार 95 प्रतिसत के ऊपर 1 रुपया प्रति यूनिट प्रोत्साहन देने की बात की गई है इससे आने वाले समय में पावर कारपोरेशन को लगभग 1000 करोड से ज्यादा का नुकसान होगा जिसका खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पडेगा 85 प्रतिशत प्लांट लोड फैक्टर सभी उत्पादन इकाइयों के लिए सामान्य प्रक्रिया है और उन्हें फिक्स कास्ट भी मिलता है ऐसे में 90 प्रतिसत के ऊपर प्लांट लोड फैक्टर जाने पर ही प्रोत्साहन की व्यवस्था किया जाना उचित होगा अन्यथा की स्थिति में आने वाले समय में राज्य के उत्पादन निगम तो थोडा बहुत लाभ पाएंगे लेकिन जो बडे निजी घराने बजाज रिलायंस टाटा व अन्य है उन्हें बडे पैमाने पर लाभ मिलेगा।

# बच्चों से दुर्व्यवहार व मारपीट करने वाली शिक्षिका को किया निलंबन

अवधनामा संवाददाता

■ सीडीओ ने बीडीओ चौमुहां से कराई थी जांच
■ सीडीओ के आदेश पर बीएसए ने की कार्रवाई

**मथुरा।** प्राथमिक विद्यालय नगला सपेरा विकास खण्ड चौमुहां में बच्चों के साथ मारपीट करने व उनके साथ दुर्व्यवहार करने पर विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका श्रीमती भावना गुप्ता को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने निलम्बित कर दिया है।

मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना व बीडीओ चौमुहां को शिकायत मिली कि प्राथमिक विद्यालय नगला सपेरा विकास खण्ड चौमुहां में कार्यरत शिक्षिका श्रीमती भावना गुप्ता बच्चों के साथ डंडे के साथ मारपीट करती है। बच्चों से स्कूलमें झाड़ू लगवाती व शौचालय की सफाई कराती है। इसके अलावा बच्चों से सिर दववाती है। सीडीओ ने इसकी जांच बीडीओ चौमुहां से कराई। जिसमें बच्चों के अभिभावकों के द्वारा लगाए आरोप सही पाये गए। इसके अलावा समय सेपूर्व विद्यालय बंद करके चली जाती थी। जिस पर सीडीओ ने उक्त शिक्षिका के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। जिस पर उन्होंने बीएसए को कार्रवाई के निर्देश दिए। बीडीओ चौमुहां की 24 जनवरी 25 की जांच रिपोर्ट के आधार पर बीएसए सुनील दत्त ने नगला सपेरा के प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती भावना गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया। निलम्बन अवधि में श्रीमती भावना गुप्ता को विभागीय नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। निलम्बन अवधि में श्रीमती भावना गुप्ता अपनी उपस्थिति कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी चौमुहाँ पर देंगी। प्रश्नगत प्रकरण में खण्ड शिक्षा अधिकारी राया को जाँच अधिकारी नामित करते हुये निर्देशित किया जाता है कि नियमानुसार जाँच पूर्ण करते हुये एक माह में अपनी सुस्पष्ट जॉच आख्या मय सुसंगत साक्ष्य सहित अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# आप हमें काम बताए, काम कराना हमारी जिम्मेदारी : किशन चौधरी

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** जिला पंचायत निधि से कराये जा रहे विकास कार्यो के शिलान्यास/लोकार्पण कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने ब्रज के विकास के लिए कोई कमी नहीं आयेगी, सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है, आप हमें काम बताए, काम कराना हमारी जिम्मेदारी है, यह वायदा जनता के बीच किया।

पंचम राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में स्वीकृत विकास खंड नौहझील के ग्राम मुसमुना पुराना शिवचरन जाटव के घर से मुसमुना मार्ग की ओर सीसी सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण पंचायत निधि से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने किया। वहीं उन्होंने मनीगढ़ी में ईंट खरंजा एवं नाली खडंजा का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। इन विकास कार्यो की अनुमानित लागत 30 लाख रूपये है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष का गणमान्य नागरिकों ने चांदी का मुकुट, पटुका, फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान प्रसिद्ध गायकों ने अच्छी अच्छी प्रस्तुतियां देकर जिपं अध्यक्ष को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

शिलान्यास/लोकार्पण कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष किशन चौधरी ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियां और विकास कार्यो से ग्रामीणों को अवगत कराते हुए कहा कि मैंने ऐसा कोई गांव नहीं छोड़ा है जिसमें पांच साल में विकास नहीं कराया हो। मेरे ब्रज की बहिन बेटी (मातृशक्ति) को पहले कीचड़ व जलभराव में से निकलना पड़ता था, अब उन्हें एक गांव से दूसरे गांव में जाने पर कीचड़ का सामना नही करना पड़ रहा है। पूरे जिले में ऐसा कोई गांव, जहां विकास कार्य नहीं हुआ, उसे हमें बताएं, काम कराने की जिम्मेदारी हमारी है, सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है, बस आप काम बताए मैं कराकर दूंगा।

# महावन के वृद्धा आश्रम में व्यवस्थाएं नहीं मिली ठीक

अवधनामा संवाददाता

■ शौचालय गंदे थे, रसोई के सामने गंदा पानी जमा मिला

**मथुरा।** समाज कल्याण विभाग के सहयोग से नगला खूबी महावन में स्थित अशर्फी ग्राम उद्योग द्वारा संचालित हो रहे वृद्धा आश्रम में व्याप्त अव्यवस्थाएं जिला समाज कल्याण अधिकारी के निरीक्षण में खुलकर सामने आ गई। उनको आश्रम की साफ सफाई खराब मिली, दवाईयों का रख रखाव अच्छा नहीं मिला। बिल जमा नहीं होने पर तीन दिन से विद्युत कनैक्शन कटा हुआ था। जनरेटर सैट भी खराब पड़ा था। उन्होंने संस्था एवं आश्रम की संचालिका को निर्देश दिए कि आश्रम की अव्यवस्थाएं पांच दिन में ठीक की जाएं।

निरीक्षण के बाद जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल सिंह ने अशर्फी ग्राम उद्योग द्वारा संचालित तहसील महावन के गांव नगला खूबी के वृद्धा आश्रम में समस्त संवासियों को भोजन गुणवत्ता वाला उपलब्ध कराया जा रहा था। संवासियों ने स्वीकार किया कि निर्धारित मेनू केअनुसार उनको भोजन मिल रहा है। लेकिन आश्रम में साफ सफाई खराब पायी गई। शौचालय, किचिन, कमरों, बाथरूम व अन्य स्थानों में गंदगी मिली, रसोई घर के सामने गंदा पानी जमा था। उन्होंने बताया कि पूर्व के निरीक्षण में संस्था के अध्यक्ष को साफ सफाई के लिए निर्देशित किया गया था कि तब उन्होंने कहा था कि नवीन बिल्डिंग मेंवृद्धा आश्रम को स्थानांतरित कर लिया जाएगा। लेकिन उनके द्वारा कई महिनों के बाद भी वृद्धा आश्रम स्थानांतरित नहीं किया गया। अब उन्होंने दो दिवस के अंदर लिखित स्पष्टीकरण संस्था के अध्यक्ष से मांगा है। दवाईयों को रखरखाव अच्छा नहीं मिला। स्वास्थ्य कैंप में 10 जनवरी को लगाया गया था उसके बाद नहीं लगा।

# डीएम ने गलत रिपोर्टिंग पर दी कड़ी चेतावनी

## हालात सुधारने के दिये सख्त निर्देश, अधिकारी लगातार करेंगे निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



■ गोशालाओं में गोवंश की स्थिति से संतुष्ट नहीं दिखे डीएम

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने निराश्रित, बेसहारा गौवंश के भरण पोषण की व्यवस्था के लिए जनपद स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन समीक्षा समिति की बैठक ली। डीएम को कई गौशालाओं में गौवंश का स्वास्थ्य खराब मिला।

चिकित्सकों द्वारा सही समय से निरीक्षण नहीं किया जा रहा है। जिसपर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए कड़े निर्देश दिए कि सभी अपने कार्यों में सुधार लाएं। सभी अधिकारी गौआश्रय स्थलों पर विभिन्न रजिस्टरों, भूसा, गायों की उपस्थिति, चारा, सुपुर्दगी, चिकित्सा पंजिका आदि के अपने अपने निरीक्षण के दौरान चेक करें। श्री सिंह ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक सप्ताह में सभी गौशालाओं की जिओ टैगिंग कराना सुनिश्चित करें। मौजूद गौशालाओं में गायों की संख्या का सही आंकड़ा प्रस्तुत किया जाए, गौवंश की संख्य की फॉल्स, गलत रिपोर्टिंग न करें। सभी खंड विकास अधिकारी और पशु चिकित्सा अधिकारी ईयर टैगिंग 100 प्रतिशत कराएं। कोई भी गौवंश सड़क पर न मिले। सड़क पर गौवंश मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। संरक्षित निराश्रित गोवंश की संख्या, अवशेष निराश्रित गोवंश की संख्या, नवीन स्थापित अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल संख्या, वृहद गौ संरक्षण केंद्र की क्रियाशीलता की स्थिति एवं निर्माणाधीन केंद्रों में गोवंश संरक्षण की स्थिति, अस्थाई गोवंश की संख्या के अनुरूप शेड की उपलब्धता, गोवंश की बरसात ऋतु से बचाव के लिए प्रबंध, भूसा व हरे चारे संग केंद्रित आहार की उपलब्धता, संरक्षित गोवंश के स्वास्थ्य की स्थिति यथा स्वस्थ अथवा कमजोर, भरण पोषण हेतु धनराशि की उपलब्धता, गोवंश के भरण पोषण हेतु प्राप्त धनराशि के सापेक्ष जनपद द्वारा प्रेषित उपयोगिता प्रमाण पत्र की स्थिति, गोवंश की देखरेख के लिए केयरटेकर, श्रमिकों की व्यवस्था, संरक्षित गोवंश में ईयर टैगिंग की स्थिति, नर गोवंश के बधियाकरण की स्थिति, जनपद के ऐसे विकासखंड जिसमें सबसे ज्यादा निराश्रित गोवंश हैं, उनमें क्षेत्रीय स्तर पर गोवंश संरक्षण के लिए क्या क्या किया जा रहा है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, उपायुक्त उद्योग रामेंद्र कुमार, अपर नगर आयुक्त रामजी, उप कृषि निदेशक राजीव कुमार, डीसी मनरेगा विजय कुमार पाण्डेय, जिला उद्यान अधिकारी मनोज चतुर्वेदी सहित समस्त खंड विकास अधिकारी एवं पशु चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास की 648वीं जयंती 12 फरवरी को

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी करोड़ों दलितों शोषितों के मसीहा बोधिसत्व संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का 648 वां जन्मदिवस 12 फरवरी 2025 दिन बुधवार को बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जायेगा।

इस शुभ अवसर पर बोधिसत्व संत शिरोमणि गुरु रविदास जी को पुष्पांजलि कार्यक्रम प्रातः सुबह 9 बजे से एवं भव्य शोभायात्रा प्रातः 10 से आकर्षक झांकियों के साथ संत शिरोमणि गुरू रविदास आश्रम मसानी रोड़ मथुरा से प्रारम्भ होकर डीग गेट, भरतपुर गेट, थाना कोतवाली, होली गेट, छाता बाजार, विश्राम घाट, स्वामीघाट, चौक बाजार, मंडी रामदास अर्जुनपुरा होते हुए पुनःसंत रविदास आश्रम मसानी पर समापन होगी बोधिसत्व संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का पुष्पांजलि एवं शोभायात्रा सम्मान समारोह कार्यक्रम की बैठक कर आयोजन समिति के पदाधिकारी ने रविदास जी के अनुयायियों से लोगों को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है। संत शिरोमणि रविदास जी की भव्य शोभा यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि बलदेव क्षेत्र के विधायक पूरन प्रकाश, इसके अलावा प्रमुख रूप से सेवानिवृत्ति अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार भूकेश, पूर्व जिला जज पीतम सिंह पूर्व जिला जज एसपी सिंह, मोहन सिंह पूर्व सहायक श्रम आयुक्त, चिरंजी लाल आर्य रक्षा मंत्रालय पूर्व आईएएस अधिकारी एसडीम ज्वालीराम भूकेश पूर्व डिप्टी कमांडेड बीएसएफ बंदन रविदास शोभायात्रा अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह रविदास शोभायात्रा जिला सचिव लव कुमार और अंबेडकर सामाजिक अधिकार मंच के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह आदि होंगे। बोधिसत्व संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 648 वीं पुष्पांजलि एवं भव्य शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पूरे परिवार सहित कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कर जन्मोत्सव समारोह की शोभा बढ़ायें।

# सृजन साहित्यिक अभिरुचि मंच के तत्वावधान में कवि सम्मेलन संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** पंवासा स्थित जौहर स्थल पर सृजन साहित्यिक अभिरुचि मंच के तत्वावधान में एक कवि सम्मलेन का आयोजन किया गया,जिसका शुभारम्भ रूपकिशोर गुप्ता,श्रीपाल शर्मा एवं ज्ञानप्रकाश उपाध्याय ने माँ वाणी के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। कवि सम्मलेन का आगाज करते हुए कवयित्री शबनम शर्मा ने माँ शारदे की वंदना करके श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। बागपत से आये ओजकवि ने कुछ यूँ गुनगुनाया- यार तो सब पुराने हो गये, उनसे मिले जमाने हो गए। यादें किस्से पुराने हो गए, न मिलने के बहाने हो गये। बहजोई से आए कवि दीपक गोस्वामी चिराग को सुनकर श्रोतागण मस्ती से झूमने लगे, उन्होंने कुछ यूँ बयां किया- ओ ! बसंत ऋतुराज पधारो स्वागत आज तुम्हारा है। मादक मोहक रूप तुम्हारा, सब ऋतुओं से न्यारा है। इसके बाद बदायूँ के चारुकार अरशद रसूल ने अपने शेरो से शमां बांधते हुए पढ़ा- तुम साथ हो अगर तो हमारा वसंत है, वरना तो लग रहा है कि आरा वसंत है। ज्ञानप्रकाश राही ने ओज रस की प्रस्तुति देते हुए कहा- तिरंगे में लिपटा आया है,माँ का कर्ज चुका आया है,शीश झुका कर करें वंदना,मृत्युंजय का पद पाया है। युवा चारुकारा डॉ सुनीता शंख्वार ने श्रोताओं को अपनी रचनाओं से सराबोर कर दिया फागुनी बयार लेके, पालकी कँहार लेके, गीत मल्हार लेके, आ गयो बसंत है। व्यंग्य कवि अतुल कुमार शर्मा ने कुछ यूँ बयां किया दिल जले दुनिया में बहुत अब दीप जलते चाहिए, सुगंधित हो पूरी धरा कुछ पुष्प खिलने चाहिए। द्वेष की दुर्गंध और ईर्ष्या की आग से, बीमार मानवता के अब ढंग बदलने चाहिए। डॉ संदीप सचेत ने कहा- यूँ न पत्थर-सा मैं बन जाता, सूना-सूना न जग होता। बसंत में न मैं पतझड़ गाता,तू आता तो खिल खिल जाता। इसके बाद चन्दौसी से आई कवयित्री मनीषा गौतम ने कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए कहा- तू कितना भी मशरूफ रख ले खुद को औरों में मेरे नाम का एक लम्हा.. तेरा वक्त चुराता तो जरूर होगा। कवि वेंकेट कुमार ने कहा- प्रकृति सुना रही सारे साज, उसको है अपने पर नाज। चहुँओर छाई मादकता, कामदेव के सिर सजा है ताज, आया रे आया वसंत ऋतुराज। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि रूपकिशोर गुप्ता ने सभी कवियों के काव्य पाठ को सराहते हुए कहा कि सृजन साहित्यिक अभिरुचि मंच ने अल्पकाल में ही अपना एक विशेष स्थान बनाया है, नेपाल के कवियों को भी बहजोई में बुलाकर सम्मानित किया है। सृजन साहित्यिक अभिरुचि मंच की ओर से कविगणों को, स्मृतिचिह्न देकर साहित्य साधक सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर शबनम शर्मा, वेंकट कुमार, श्रेय कौशिक, गरिमा उपाध्याय, अरविन्द कुमार, सक्षम कौशिक, विनीता शर्मा, अभय पाल राघव, रूप कुमार राघव, शिवा उपाध्याय, शिवानी शर्मा तनिष्क, आदि लोग उपस्थित रहे।

# नेहरू महाविद्यालय में एक दिवसीय स्वच्छता शिविर संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के तत्वाधान में एक दिवसीय शिविर के अंतर्गत स्वच्छता अभियान एवं महिला सशक्तिकरण की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.अनिल सूर्यवंशी ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता से स्वास्थ्य बेहतर होता है स्वच्छता का सभी को ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने महाविद्यालय के स्वयंसेवकों की तारीफ की एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। मनोविज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रो. डा. संजीव शर्मा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण से राष्ट्र एवं समाज का सशक्तिकरण होता है महिला जितनी अधिक सशक्त होगी उतना ही परिवार का विकास होगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.सुधाकर उपाध्याय ने कहा कि आज के समय में महिलाओं का मजबूत और सशक्त होना बहुत आवश्यक है। महिलाओं के कंधों पर परिवार एवं समाज के निर्माण का विशेष भार होता है। सभी महिलाओं को मजबूती के साथ आगे बढ़ना चाहिए। इस दौरान राधा देवी, पूनम, राखी, वैष्णवी, पलाश, रानी, निकिता, नीतू का विशेष योगदान रहा।

## बेटी को बंधक बनाकर पिता ने किया दुष्कर्म

**महोबा।** थाना महोंबकंठ के एक गांव में पत्नी के मायके जाने पर बेटी को अकेला देख उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत करने पर बेटी को जान से मारने और घर से निकालने की धमकी दी। घटना की जानकारी पीड़िता के मामा को होने पर मौके पर पहुंचे मामा पर भी अभियुक्त ने हमला कर दिया। बाद में मां की तहरीर पर युवती के पिता पर गम्भीर धराओं मे मुकदमा दर्ज कराया गया। मामला थाना महोबकंठ के एक गांव का है। गांव निवासी युवती की मां अपने मायके गई हुई थी बेटी घर अकेली थी। तभी पिता ने बेटी को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। मां के घर पहुंचने पर बेटी ने अपने साथ घटी घटना की जानकारी दी। दास्तां सुनने के बाद मां के पैरों तले जमीन खिसक गई। उसने सारी जानकारी अपने जनपद छतरपुर के कस्बा हरपालपुर निवासी अपने भाई को दी। पीड़ित युवती के मामा कुछ लोगों के साथ थाना महोबकंठ के एक गांव पहुंचे जहां पर आरोपी ने उनपर हमला कर दिया, और बाईक क्षतिगृस्त कर दी। मामा के साथ पहुंची पीड़िता की मां ने थाना महोबकंठ में अपने पति के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस नें युवती को मेंडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल महोबा भेज दिया है।

# बलिया में इंडस्ट्रियल क्लस्टर की मांग स्वागत योग्यः एआइपीएमएम

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी द्वारा पूर्वांचल के बुनकर समाज की समस्याओं को लेकर की गई पहल और बलिया में इंडस्ट्रियल क्लस्टर स्थापित करने की मांग का ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने स्वागत किया है।

महाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ और चीफ एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर मुहम्मद युनुस ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि यह पहल पसमांदा मुस्लिम समाज के आर्थिक उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पूर्वांचल के बलिया, मऊ, वाराणसी, आजमगढ़, गाजीपुर और जौनपुर जिलों में लाखों बुनकर परिवार हथकरघा और वस्त्र उद्योग से जुड़े हैं। लेकिन तकनीकी पिछड़ापन, बाजार की कमी, सरकारी योजनाओं की जटिलता और कच्चे माल की बढ़ती कीमतों के कारण यह समुदाय गंभीर संकट का सामना कर रहा है।

महाज ने कैबिनेट मंत्री जीतन राम मांझी का आभार व्यक्त किया और सरकार से अनुरोध किया कि इस प्रस्ताव को जल्द से जल्द मंजूरी देकर औद्योगिक क्लस्टर की स्थापना के लिए ठोस कदम उठाए जाएँ। महाज का मानना है कि इससे बुनकरों को आधुनिक मशीनों, डिजाइन प्रशिक्षण, मार्केटिंग सहायता और सरकारी अनुदान का लाभ मिलेगा, जिससे उद्योग को मजबूती मिलेगी और बुनकरों का जीवनस्तर सुधरेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ और मुहम्मद युनुस ने कहा कि महाज इस मुद्दे पर निरंतर सरकार का ध्यान आकर्षित करता रहेगा और बुनकर समुदाय के हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेगा।

# इंसुलेटेड लाइन बिछाने से बिजली चोरी पर लगी रोक



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** बिजली चोरी रोकने और वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने के लिए अब शहर में इंसुलेटेड बिजली लाइन बिछाने का कार्य तेजी से शुरू हो गया है। शहर के अधिकांश इलाकों में इंसुलेटेड बिजली लाइन बिछा दिए जाने से बिजली चोरी की समस्या से निजात मिल गई है। साथ ही वोल्टेज भी बढ गया है। बिजली चोरी बंद हो जाने से सरकार को लाखों रुपये राजस्व का लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि पूर्व में बिछी बिजली लाइन के तारों में लोग कटिया डालकर चोरी करते थे। लेकिन इंसुंलेटेड बिजली लाइन बिछा दिए जाने से अब बिजली चोरी की समस्या से निजात मिल गई है। चाह कर भी लोग बिजली की चोरी नही कर पा रहे है। बिजली चोरी थम जाने से अब अच्छा वोल्टेज आने से पंखे, टीवी, धड़ल्ले से चल रहे है। शहर में चारों तरफ इंसुलेटेड लाइन बिछाने का कार्य तेजी से चल रहा है। कई मोहल्लों में इंसुलेटेड बिजली लाइन पूरा हो चुका है। अब मकनियापुरा, नैकानापुरा और गांधीनगर में तेजी से इंसुलेटेड बिजली लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। जबकि आधे शहर में इंसुलेटेड बिजली लाइन बिछा दी गई हैं।

# ई. रिक्शा और टेम्पों चालकों की वजह से लगता है जाम

- मरीजों और रोडवेज आने जाने वाले यात्रियों को होती है परेशानी

अवधनामा संवाददाता



टेंपो और ईरिक्शा चालक सड़क पर जहां सवारी देखते वहीं पर तत्काल ब्रेक लगा देते हैं, जिससे उनके पीछे चलने वाले वाहन व बाइक चालकों की अक्सर रिक्शे के पीछे से टक्कर हो जाती है। इतना ही नहीं रोडवेज और जिला अस्पताल के पास खासी भीड होने के बाद भी टेंपो चालकों द्वारा बेतरतीब तरीके से आटो टेंपो को खड़ा कर दिए जाने के कारण अक्सर जाम लग जाता है। जिसके चलते जिला अस्पताल जाने वाले वाहन व एम्बुलेंस जाम में फस जाते हैं, जिसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ता है। पुलिस प्रशासन द्वारा रोडवेज और जिला अस्पताल के मध्य सिपाही को भी तैनात किया गया, लेकिन बावजूद इसके ईरिक्शा, टेंपो चालक अपनी हरकतों से बाज नहीं आते हैं।

**महोबा।** जिले में ईरिक्शा और टेंपो चालकों की अराजकता के चलते आएदिन शहर के मुख्य मार्गो में जाम लग जाने से लोगो को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। लोग सड़कों में जाम खुलने के इंतजार में खड़े रहने से उनका काफी समय भी बर्बाद होता हैं, इतना ही नहीं आएदिन कोचिंग जाने वाले छात्र छात्राओं को भी जाम की समस्या से कारण लेट होना पड़ता है तो वहीं रोडवेज के बाहर सड़क पर डग्गामार वाहन चालक सवारियों को आस पास क्षेत्रों के बैठाकर ले जाने के कारण रोडवेज को राजस्व का नुकसान होता है बावजूद इसके प्रशासनिक अधिकारी और यातायात पुलिस टेंपो और ईरिक्शा चालकों पर लगाम नहीं लगा पा रही हैं। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अधिकारियों को अवैध रुप चल रहे टेंपो स्टैंडों का बंद कराने के निर्देश जारी किए थे, लेकिन इस पर प्रशासनिक अधिकारियों ने आज तक कोई अमल नही किया है। जिसके चलते टेंपो, ईरिक्शा चालक अपनी मनमर्जी से जहां चाहते हैं वहीं पर सड़क किनारे टेंपो और ईरिक्शों को खड़ा करके अपना टेंपो स्टैंड संचालित कर लेते है, जिसका खामियाजा सड़क किनारे बनी दुकानों के दुकानदारों को भुगतना पड़ता है। कारण, ईरिक्शा और टेंपो चालक दुकानों के आगे टेंपों खड़ी कर देते हैं, जिससे ग्राहकों को दुकानों तक पहुंचने परेशानी होने की वजह से वह आगे चले जाते और आएदिन दुकानदारों और टेंपो संचालकों के बीच झगड़ा होता रहता है।

कुछ यही हाल जिला अस्पताल के सामने और रोडवेज के पास का हे जहां पर डग्गामार वाहन व टेंपो चालक वाहनों को खड़ा कर करके सवारियां भरते हैं। इससे यात्री रोडवेज बसों का इंतजार न करके टेंपो में बैठकर चरखारी, कबरई, कुलपहाड़, खन्ना, खरेला, पनवाड़ी, श्रीनगर आदि कस्बों की यात्रा करते हैं, इससे रोडवेज को भारी राजस्व का नुकसान होता है। रोडवेज के चालकों परिचालकों द्वारा विरोध करने पर टेंपो चालक झगड़ा करने पर आमादा हो जाते हैं। पुलिस प्रशासन इस पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस अधीक्षक संभल श्री कृष्ण कुमार ने सभी थानों को दिये निर्देश।

**संभल।** बाल अपराधों के खिलाफ अब सम्भल पुलिस जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन एवं प्रयत्न संस्था के संयुक्त तत्वाधान में सम्भल को बाल अपराध मुक्त जिला बनाने के क्रम में जिले में अभियान चलाएगी। एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी जनपद में पहले से ही बाल अपराधों जैसे बाल विवाह, बाल श्रम एवं बाल तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चला रहे है जिसे और प्रभावी बनाने के लिए अभियान में सहयोग हेतु एक पत्र श्रीमान पुलिस अधीक्षक सम्भल महोदय के सामने प्रस्तुत किया। जिस पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए पुलिस अधीक्षक ने अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी एवं दक्षिणी , समस्य क्षेत्राधिकारीगण एवं ए.एच.टी. थाना प्रभारी और समस्त थानों के थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान में सहयोग करने के लिए निर्देशित किया गया। जिससे कि को बाल विवाह, बाल श्रम एवं बाल तस्करी मुक्त जिला बनाया जा सके।

### पुलिस अधीक्षक संभल श्री कृष्ण कुमार ने सभी थानों को दिये निर्देश



**संभल।** बाल अपराधों के खिलाफ अब सम्भल पुलिस जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन एवं प्रयत्न संस्था के संयुक्त तत्वाधान में सम्भल को बाल अपराध मुक्त जिला बनाने के क्रम में जिले में अभियान चलाएगी। एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी जनपद में पहले से ही बाल अपराधों जैसे बाल विवाह, बाल श्रम एवं बाल तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चला रहे है जिसे और प्रभावी बनाने के लिए अभियान में सहयोग हेतु एक पत्र श्रीमान पुलिस अधीक्षक सम्भल महोदय के सामने प्रस्तुत किया। जिस पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए पुलिस अधीक्षक ने अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी एवं दक्षिणी , समस्य क्षेत्राधिकारीगण एवं ए.एच.टी. थाना प्रभारी और समस्त थानों के थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान में सहयोग करने के लिए निर्देशित किया गया। जिससे कि को बाल विवाह, बाल श्रम एवं बाल तस्करी मुक्त जिला बनाया जा सके।

### संदिग्ध लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया

**संभल।** ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के क्षेत्र मे जुम्मे की नमाज से पूर्व पुलिस ने मस्जिद के पास से संदिग्ध लोगों को हिरासत मे लिया है बीते 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद से पुलिस प्रशासन द्वारा सतर्कता बरती जा रही है हिरासत मे लिए गये लोगों से पूछताछ की जा रही है इस दौरान हिरासत मे लिए गये लोगों ने जनपद रामपुर के रहने वाले बताये है हिरासत मे लिए गये लोग अनअवशक रूप से मस्जिद के आसपास घुम रहे थे हिरासत में लिए गये लोगों से पूछताछ की जा रही है कि ये लोगो यहॉ किस कारण घुम रहे थे इस के बाद ही पुलिस कार्रवाई करेंगी 24 नवंबर के बाद से शाही जामा मस्जिद मे जुम्मे की नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन की भारी सुरक्षा व्यवस्था की जाती है मस्जिद के आसपास पुलिस चौकसी बरत रही हैं।

### कहते हैं कि एकता में बड़ी ताकत है...



**ललितपुर।** वार्ड नंबर 16 के बाशिंदों ने एक नई मिसाल कायम की है। यहां बरसों से एक सड़क उबड़-खाबड़ जर्जर हालत पड़ी थी। यहां के नागरिकों ने बताया कि कई बार नगर पालिका परिषद में सड़क बनवाने की बात कही कि यहां की सड़क नहीं बनी आम लोगों को परेशानी होती है। पार्षद से भी कहा तब भी नहीं बनी। आखिरकार मोहल्ले वासियों परेशान होकर एक राय मशवरा करके अपने स्वयं का धन एकत्र कर मार्ग बनवा लिया है। इस बात की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। साथ ही और भी मोहल्ले वाले अब इस तरह का मन बना रहे है। यदि उनका छोटा-मोटा काम नगर पालिका परिषद नहीं करती है तो वह स्वयं के खर्च पर कर लेंगे।

### मोबाइल फोन चोरी करने वाला बदमाश पकड़ा



**ललितपुर।** कस्बा मड़ावरा में विगत दिनों मोबाइल की दुकान से फोन चोरी होने का मामला प्रकाश में आया था। प्रकरण को लेकर मड़ावरा पुलिस ने एक शातिर बदमाश को पकडने़ में सफलता हांसिल की है। बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी मड़ावरा के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मड़ावरा पुलिस ने पंजीकृत एफआईआर धारा 305(ए), 317 (2), 331(4) बीएनएस के अभियोग में वांछित ग्राम धवा निवासी सोनू कुमार पुत्र नारायण बुनकर को गांव की रोड़ से पकड़ा है। सोनू के कब्जे से चोरी किया गया एन्ड्रायड मोबाइल व 09 अदद कीपैड फोन बरामद किये गये। बदमाश को पकडने़ वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मड़ावरा अशोक कुमार वर्मा, उ.नि. प्रवीन गिरि, उ.नि. विपिन डेढ़ा, हे.कां. नरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# बैंडबाजों के साथ निकाली गई कलश यात्रा



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** नगर के गायत्री प्रज्ञापीठ में चल रहे पांच कुंडीय महायज्ञ के उपलक्ष में गायत्री परिवार के तत्वावधान में भव्य शोभा यात्रा एवं कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें मां गायत्री, भगवान शंकर, माता पार्वती, राधिका एवं भगवान कृष्ण जी की आकर्षक झांकियां ट्रैक्टरों में सजाकर बैंड बाजों के साथ निकाली गई। कलश यात्रा में अश्व नृत्य करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा के दौरान भक्तों में विषेश उत्साह दिखाई दिया। शोभायात्रा गायत्री प्रज्ञा पीठ से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए देर शाम को गायत्री प्रज्ञापीठ पहुंचकर समाप्त हुई। कलश यात्रा के दौरान महिलाएं पीले वस्त्र पहनकर और सिर पर कलश रखे हुए धार्मिक गीत गाते हुए चल रही थी। बैंड बाजों से धार्मिक धुन निकलने के कारण पूरा नगर का माहौल भक्तिमय सा दिखाई दे रहा था। बैंड बाजों की धुन और अश्व नृत्य देखने के लिए जगह जगह सड़कों पर लोगों की भारी भीड़ जमा थी। गायत्री प्रज्ञा पीठ परिवार से मथुरा प्रसाद साहू एवं डॉक्टर प्रेम नारायण सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि ऋषि परंपरा एवं शास्त्रों के विधान के अनुरूप गायत्री पंच कुंडीय महायज्ञ के साथ शांतिकुंज हरिद्वार से प्रशिक्षित टोली द्वारा यज्ञादि व ज्ञान प्रवचन कार्यक्रम के आयोजन से सभी प्राणियों के रोग शौक एवं विद्यमान मानसिक समस्याओं का समाधान होता है। उन्होंने बताया कि दिनांक 8 फरवरी 2025 से प्रातः 9 बजे से पंच कुंडीय यज्ञ, शाम 3 बजे से दीप यज्ञ एवं दिनांक 9 फरवरी 2025 दिन रविवार प्रातः 9 बजे से पंच कुंडीय यज्ञ पूर्णाहुति भंडारा कन्या भोज एवं प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस शोभा यात्रा में मथुरा प्रसाद साहू, डॉक्टर प्रेम नारायण सक्सेना, कमलेश कुमार द्विवेदी, सरिता द्विवेदी, डॉक्टर बीडी द्विवेदी सहित भारी संख्या में महिलाएं बहनें सर पर कलश रख कर पीतांबर वस्त्र धारण कर भक्ति गीत गाते हुए चल रहीं थीं।

## आचार्य विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि दिवस पर सादर विनयांजलि

**ललितपुर।** आचार्य विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि दिवस पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो.भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि युगपुरुष आचार्य विद्यासागर द्वारा प्रणीत मूक माटी महाकाव्य युगान्तकारी कृति है। अतएव मूल रूप से वह ऐसे कवि रहे हैं जो हर समय मानवता की मातृभाषा बोलते रहे हैं। उपनिषद के महावाक्य में कहा गया है कविर्मनीषी परिभूः स्वयभू। यथा तथ्यतोह्यथार्न व्यदधात-शाश्वतीभ्यः समाभ्यः अर्थात कवि मन का स्वामी, विश्व प्रेम से भरा हुआ, आत्मनिष्ठ, यथार्थभाषी, शाश्वत काल पर दृष्टि रखने वाला होता है। समुद्र जैसे सब नदियों को अपने उदर में समा लेता है, उसी प्रकार समस्त ब्रह्माण्ड को अपने प्रेम से ढक ले इतनी व्यापक बुद्धि आचार्यश्री की वाणी में पग पग पर एक सच्चे कवि होने के नाते दृष्टिगोचर होती रही है।

# अतिक्रमण हटाकर नालियां निर्माण कराने की मांग

- आजादपुरा तृतीय के लोगों ने डीएम को भेजा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** अतिक्रमण हटाये जाने और नाली निर्माण की मांग को लेकर शहर के वार्ड संख्या 12 मोहल्ला आजादपुरा तृतीय के लोगों ने लामबंद होकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। बताया कि वार्ड संख्या 10 व 12 कृष्णा सिनेमा के सामने मॉल से राजाराम गोस्वामी के मकान होते हुये अनंदीलाल पाठक के मकान से संजय कटारे के मकान तक अतिक्रमण हटाया जाये, जिससे लोगों को राहत मिल सकेगी। बताया कि अनंदीलाल पाठक के मकान से संजय कटारे के मकान तक नाली निर्माण भी करायी जाये, ताकि बारिश और आम दिनों में नालियों में बहने वाला पानी सड़क पर न आये और लोगों को समस्या से निजात मिल सके। मोहल्लेवासियों ने यह भी बताया कि श्रीश्री 1008 नन्दीश्वर मंदिर के पास स्थित सार्वजनिक कूप पर आने-जाने के लिए रास्ता दिलाया जाये, जिससे गर्मियों में मोहल्लेवासियों को नव सौंदर्यकरण कूप पर पानी भरने में असुविधा न हो। ज्ञापन देते समय बृजबिहारी, कौशिल्या, लक्ष्मण सिंह, आभा, जाहिद खान, भान सिंह, बृजलाल, अभिषेक रिछारिया, ध्रुव सैनी, अनंदीलाल पाठक, देवेन्द्र सोनी, देशराज सिंह, संजय कटारे, शिवम शर्मा, विनोद कुमार, संजीव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# विद्युत विभाग की टीम पर जानलेवा हमला

- डायल 112 की पुलिस टीम ने पहुंच कर बचाया
- चार नामजद व अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** गांव में अवैध संयोजनों की चैकिंग करने गयी विद्युत टीम पर जानलेवा हमला होने की खबर ने गुरूवार की देर शाम हड़कम्प मचा दिया। विद्युत कर्मियों का आरोप है कि उन्हें गांव के दबंग लोगों ने बंधक बना लिया। पुलिस के आने के बाद ही वह अपनी जान बचा सके। साथ ही दो सोने की अंगूठी इस मारपीट में गिर जाने और संविदा कर्मियों के मोबाइल फोन्स तोड़े जाने के भी आरोप लगाये गये हैं। इस सम्बन्ध में पुलिस ने चार नामजद व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

मूल रूप से कानपुर देहात अन्तर्गत अकबरपुर थाना क्षेत्र के गाम बारा में रहने वाले इंजी.मो. इस्लाम ने तालबेहट पुलिस तहरीर दी है। बताया कि वह विद्युत उप केन्द्र पूराकलां 33/11 पर बतौर अवर अभियंता पद पर तैनात हैं। बताया कि गुरूवार को 9.50 बजे वह अपने साथ संविदा कर्मी प्रदीप मिश्रा, जयवेन्द्र बुन्देला, बलवीर यादव व सूरज कुशवाहा के साथ गांव चुरावनी में चैकिंग अभियान चला रहे थे। बताया कि वर्तमान में रबी की फसल के लिए अस्थाई संयोजनों की रसीदें काटी जा रहीं हैं, जिसको देखते हुये वह गांव में अवैध रूप से संचालित विद्युत मोटरों की जांच कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान चुराव में रहने वाले विजय सिंह पुत्र सोवत सिंह, अर्जुन सिंह पुत्र सोवत सिंह, वरदानी पुत्र कल्लू व मोहित पुत्र प्रीतम ने अपने कुछ साथियों के साथ एकराय होकर विभागीय टीम को गालियां देते हुये लाठी-डण्डों व कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। बताया कि जान से मारने की धमकी देते हुये पूरी टीम को बंधक बना लिया गया।

# मसौरा ग्राम समूह पेयजल योजना के पांच ग्रामों का एडीएम ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** अपर जिलाधिकारी ने मेसर्स जे.एम.सी. द्वारा क्रियान्वित मसौरा ग्राम समूह पेयजल योजना के जोन-12 खितवांस टंकी के अन्तर्गत अण्डेला ग्राम एवं जोन-02 टीला टंकी के अन्तर्गत टीला ग्राम का निरीक्षण सहायक अभियन्ता, टीम लीडर पी.एम.सी., डी.पी.एम. टी.पी.आई. एवं कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबंधक के साथ किया गया। मसौरा ग्राम समूह पेयजल योजना में कुल 45 ग्राम सम्मिलित है। मसौरा के कुल 45 ग्रामों के सापेक्ष 41 ग्रामों में ही जल आपूर्ति कि जा रही है। जोन-12 खितवांस टंकी के अन्तर्गत अण्डेला ग्राम का निरीक्षण ग्राम प्रधान धनुष रानी के प्रतिनिधि एवं जल गुणवत्ता जांच कि जलसखी महिलाओं के साथ ग्राम के प्रत्येक घर, उच्च एवं प्राथमिक विद्यालय का जलापूर्ति निरीक्षण किया गया और पाया गया कि जल आपूर्ति कि जा रही है। जलसखी महिलाओं ने उच्च माध्यमिक विद्यालय में जल कि गुणवत्ता कि जांच स्कूल के बच्चों के समक्ष किया। अपर जिलाधिकारी के समक्ष स्कूल कि अध्यापिकाओं ने किये जा रहे जलापूर्ति को पीकर बच्चों को प्रेरित किया। अपर जिलाधिकारी ने स्कूल के बच्चों कि बोला कि अपने माता-पिता व आस-पड़ौस को समक्षाएं कि जल का दुरूपयोग न करें पानी भर जाने के बाद नलों कि टोटी को बंद रखे एवं क्षतिग्रस्त न करें। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था कि वाटर एम्बुलेंस, मरम्मत करने वाली टीम भी साथ रही और कुछ कनेक्शनों कि मरम्मत भी करायी। तत्पश्चात जोन-02 टीला टंकी के अन्तर्गत टीला ग्राम के अन्तिम छोर तक प्रत्येक घर के गृह संयोजन/जलापूर्ति निरीक्षण किया गया और यह पाया गया कि प्रत्येक घर में जल आपूर्ति कि जा रही है। कुछ गृहस्वामियों द्वारा नल कनेक्शन घर के अन्दर नहीं लिये है जिसके लिए अपर जिलाधिकारी ने गृहस्वामियों को समक्षाया कि नल कनेक्शन अपने घर के अन्दर ही करायें जिससे कि वह क्षतिग्रस्त न हो एवं ग्रामवासियों को बताया गया कि पानी को बर्बाद न करें, पानी का सदुपयोग करें। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था कि वाटर एम्बुलेंस, मरम्मत करने वाली टीम भी साथ रही और कुछ कनेक्शनों कि मरम्मत भी करायी। तत्पश्चात जोन-04 किसरदा टंकी के अन्तर्गत कुआंघोसी एवं किसरदा ग्राम के अन्तिम छोर तक प्रत्येक घर के गृह संयोजन, जलापूर्ति निरीक्षण किया गया और यह पाया गया कि प्रत्येक घर में जल आपूर्ति कि जा रही है एवं अपर जिलाधिकारी द्वारा ग्रामवासियों को बताया गया कि पानी को पीने, खाना बनाने में उपयोग करे पानी को बर्बाद होने से बचायें एवं पानी का सदुपयोग करें। जोन-07 सिलावन टंकी के अन्तर्गत सिलावन ग्राम के अन्तिम छोर तक प्रत्येक घर के गृह संयोजन/जलापूर्ति निरीक्षण किया गया और यह पाया गया कि प्रत्येक घर में जल आपूर्ति कि जा रही है एवं अपर जिलाधिकारी द्वारा ग्रामवासियों को बताया गया कि पानी को पीने, खाना बनाने में उपयोग करे पानी को बर्बाद होने से बचायें एवं पानी का सदुपयोग करें।

# साधारण साड़ी में चार चांद लगा देंगे ये ट्रेंडी डिजाइंस वाले चोकर सेट, सबकी निगाहें आप पर होगी

किसी भी फंक्शन में महिलाओं को आमतौर पर साड़ी वियर करना सबसे ज्यादा पसंद होता है। साड़ी में हर महिला सुंदर दिखती है। अगर आप भी साड़ी के लुक बेहतरीन करना चाहते हैं, तो आप चोकर सेट पहन सकते हैं, जो काफी स्टाइलिश लुक देते हैं और आप इसमें खूबसूरत नजर आएगी। कुंदन से लेकर पर्ल चोकर सेट को पहनकर आप सबसे सुंदर नजर आएगी, सबकी निगाहें आप पर होगी।

अगर आप भी साड़ी में खूबसूरत दिखना चाहते हैं तो आप कुंदन वर्क चोकर सेट जरुर पहन सकते हैं। इस तरह के चोकर आपके साड़ी लुक में चार चांद लगा देगा। यह आपको कई डिजाइन्स में मिल जाएंगे। जिन्हें आप 300 से 400 रुपये की कीमत खरीद सकते हैं।



सिंपल साड़ी को स्टाइलिश बनाने के लिए आप इस तरह के पर्ल वर्क वाला चोकर स्टाइल कर सकते हैं। यह चोकर आपके स्टाइल को और भी खूबसूरत बना देगा। इस तरह के चोकर आप कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ 300 रुपये की कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकते हैं।

फंक्शन के लिए रॉयल लुक पाना चाहते हैं, तो आप गोल्ड चोकर सेट का चयन कर सकते हैं। गोल्ड प्लेटेड और मोती वर्क में आपको कई सारे डिजाइंस मिल जाएंगे। आप गोल्ड प्लेटेड चोकर बाजार या फिर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म में आसानी से खरीद सकते हैं। यह आपको आसानी से 400 से 500 रुपये की कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकते हैं।

# गंजेपन से बचने के लिए सप्ताह में दो बार इस नुस्खे का करें इस्तेमाल, चंद महीनों में दिखेगा असर

बालों के झड़ने की समस्या से अक्सर लड़कियां परेशान रहती हैं। लेकिन लड़कियों से ज्यादा लड़कों में को हेयर फॉल की समस्या परेशान करती हैं। क्योंकि लड़कियों के बाल चाहे जितने झड़ रहे हों, लेकिन लंबे बालों की वजह से गंजापन उतना दिखता नहीं है। जितना कि लड़कों के सिर पर गंजापन दिखता है। खासकर अगर बाल आगे की ओर से झड़ना शुरू हो जाएं। इससे ज्यादा शर्म की बात लड़कों के लिए और कोई नहीं हो सकती है।

एक लड़के का दुख एक लड़का ही समझ सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसी हेयर ग्रोथ रेमेडी के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको बनाने के लिए सिर्फ दो चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। सिर्फ दो चीजों को पानी में उबालकर एक ऐसा नुस्खा तैयार किया गया है, जो बालों को बढ़ाने और उनको झड़ने से रोकने में



फायदेमंद साबित होगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हेयर ग्रोथ टोनर बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

***लड़कों को अधिक रहता है गंजेपन का खतरा***

लड़कों में एंड्रोजन नामक एक सेक्स हार्मोन होता है। जो हेयर ग्रोथ को रेगुलेट करता है। वहीं जब मेल हार्मोन इंबैलेंस हो जाते हैं, तो बालों के झड़ने की समस्या होने लगती है।

सिर के क्राउन एरिया से हेयर लॉस और फॉल की समस्या शुरू होती है। लड़कों में भी यह समस्या देखा जाता है। वहीं करियर और फ्यूचर की टेंशन की वजह से खुद पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। यह बालों के झड़ने का भी कारण बनता है।

***बाल बढ़ाने का नुस्खा***

पानी- 200 ग्राम

लौंग- 3-4 चम्मच

रोजमेरी- 2-3 चम्मच

वहीं अगर आपके पास ड्राई रोजमेरी लीफ हैं। तो दो से तीन चम्मच लें और अगर ताजी ग्रीम रोजमेरी है तो उसकी 3-4 कलियों का इस्तेमाल करें।

***हेयर ग्रोथ टोनर***

सबसे पहले एक पैन में 200द्बद्य पानी डालकर गर्म कर लें।

जब पानी में हल्का उबाल आने लगे, तो इसमें रोजमैरी के पत्ते और 3-4 चम्मच लौंग डालकर उबाल लें।

10 मिनट तक पकाने के बाद पानी को सामग्री सहित एक स्प्रे बोतल में भरकर रख दें।

आप दिन में दो बार इसका इस्तेमाल करें। इससे बता चलेगा कि आपके बालों की ग्रोथ कैसे बढ़ती है और गंजापन की समस्या खत्म होगी।

***हेयर ग्रोथ टोनर के फायदे***

सप्ताह में दो बार इस नुस्खे का इस्तेमाल कर आप हेयर ग्रोथ को बढ़ा सकते हैं। महीने भर में आपको इसका रिजल्ट देखने को मिलेगा। वहीं यह आपके बालों को बढ़ाने में सहायता करेगा। इसलिए बिना देर किए आप इस नुस्खे का इस्तेमाल करना शुरूकर देना चाहिए।

# खूबसूरत स्किन पाने के लिए न करें केमिकल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल, नैचुरल ब्यूटी पाने के लिए डाइट में शामिल करें ये चीजें

हेल्दी स्किन यानी खूबसूरत त्वचा। स्किन बाहर से जितनी खूबसूरत दिखे, उतनी ही अंदर से भी खूबसूरत होनी चाहिए। इसके लिए जरूरी है स्किन को अंदर से पोषण दिया जाए। अगर आप नियमित रूप से पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों को अपनी डाइट में शामिल करते हैं। इससे न सिर्फ आपकी स्किन न सिर्फ हेल्दी दिखेगी बल्कि बाहर से चमकदार भी बनेगी। एक्सपर्ट की मानें, तो स्किन को अंदर से खूबसूरत बनाने के लिए न सिर्फ अच्छा खाना जरूरी है बल्कि आपके अंदर थोड़ा धैर्य होना भी जरूरी है।

क्योंकि आपकी डाइट का असर आपकी स्किन पर भी देखने को मिलता है। ऐसे में आपकी त्वचा पर असर दिखने में 6 से 8 सप्ताह का समय लग जाएगा। इसका कारण यह है कि स्किन की कई परतें होती हैं और सबसे ऊपरी परत तक हमारी डाइट का असर पहुंचने में अच्छा खासा-समय लग जाता है। स्किन को खूबसूरत बनाने के लिए आपको अपनी डाइट में कुछ चीजों को शामिल करना चाहिए।

***नींबू करेगा स्किन की सफाई***

दिन में एक बार सुबह उठने के बाद या फिर दिनभर में कभी भी नींबू पानी का सेवन करना चाहिए। इससे आपकी स्किन की रंगत बेहतर होगी। हर दिन सुबह नींबू पानी का सेवन कने से स्किन को विटामिन सी मिलता है। साथ ही आप सलाद, सब्जी और दाल आदि में नींबू का रस डालकर इसको अपनी डाइट का हिस्सा बना सकती हैं।

***चुकंदर से साफ होगा खून***

आपकी स्किन की सेहत इस बात पर निर्भर करती है कि आपका खून कितना साफ है और शरीर में कितने बेहतर तरीके से ब्लड सर्कुलेशन हो रहा है। वहीं आपके शरीर में खून की क्वालिटी जितनी अच्छी होगी, उतना ही आपकी स्किन उतनी ही ज्यादा खूबसूरत और बेदाग होगी। बता दें कि खून के माध्यम से स्किन



को सबसे ज्यादा पोषण प्राप्त होता है। चुकंदर खून बनाने में काफी अच्छा माना जाता है। यह खून को साथ करता है। इसलिए आप इसको सब्जी, सलाद या फिर सूप के जरिए अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

***पानी से स्किन को मिलेगी नमी***

हमारे शरीर के हर हिस्से में पानी का अंश होता है। दांत से लेकर बाल तक में कुछ-न-कुछ मात्रा पानी की है। इसलिए एक्सपर्ट भी सलाह देते हैं कि हर दिन 8-10 गिलास पानी पीना चाहिए। यह आपके बालों और स्किन के लिए काफी अच्छा होता है। शरीर की कोशिकाएं पानी से स्वस्थ रहेंगी और पोषक तत्वों को आसानी से ग्रहण कर सकेंगी और बेकार सामग्री शरीर से बाहर निकल जाएगी। आपको दिन भर में कितना पानी पीना चाहिए, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप पका हुआ खाना दिन भर में कितनी बार खाती हैं। अगर आप दोपहर के खाने में सलाद का सेवन करती हैं और दिन में एक बार फल खाती हैं। तो पानी पीने की मात्रा अपने आप कम हो जाती है। वहीं अगर आप व्यायाम, कैफीन और मसालेदार खाना खाती हैं, तो आपको अधिक पानी पीना चाहिए।


***बाल बनेंगे खूबसूरत***

बालों को खूबसूरत बनाने के लिए सदियों से बादाम का इस्तेमाल किया जा रहा है। बादाम का तेल न केवल ऊपरी स्किन को खूबसूरत बनाता है, बल्कि नियमित रूप से बादाम का सेवन करने से आपकी स्किन भी खूबसूरत और हेल्दी बनेगी। क्योंकि बादाम में मैग्नीशियम होता है, जो ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाता है। साथ ही बादाम नर्वस सिस्टम के लिए भी उपयोगी होता है।

***स्किन को आराम पहुंचाएगा धनिया***

दाल, सब्जी और अन्य डिशेज को गार्निश करने के लिए धनिया पत्ती का इस्तेमाल किया जाता है। धनिया पत्ती में विटामिन सी, विटामिन ए और क्लोरोफिल भरपूर मात्रा में पाया जाता है। धनिया के यह पोषक तत्व स्किन के लिए काफी अच्छे माने जाते हैं। स्किन पर दाग-धब्बों और अन्य होने वाली बीमारियों के निदान में भी धनिया को काफी उपयोगी माना जाता है। धनिया में मैग्नीशियम, आयरन, फोलेट और मैग्नीज भी पाया जाता है। यह फ्री रेडिकल्स के प्रभाव से आपकी स्किन की रक्षा करता है।

# साधारण से साधारण कुर्ता भी दिखेगा स्टाइलिश, तो जान लें कौन से फुटवियर करें मैच



आमतौर पर महिलाएं आउटफिट में मस्त दिखने के लिए क्या-क्या नहीं करती है। फिर चाहे वेस्टर्न कपड़े पहन लें या फिर सिंपल से सूट। दरअसल, किसी भी प्रकार के कपड़े को पहनने के साथ इसकी स्टाइलिंग करना सबसे ज्यादा जरुरी होता है। आपके सिंपल से लुक में भी जान डाल देंगी। यदि आप डेली वियर में सलवार कुर्ता या कुर्ता पलाजो पहनकर भी अट्रैक्टिव दिखना चाहती हैं तो जान लें कि कौन से फुटवियर कुर्ते के साथ नहीं पहनने चाहिए। आइए आपको बताते हैं कुर्ते के साथ कौन से फुटवियर पहनने चाहिए और कौन से नहीं।

***कुर्ते के साथ कौन-से फुटवियर पहनें***

सलवार कुर्ते में स्टाइलिश और जबरदस्त लुक पाने के लिए आप इन प्रकार के फुटवियर को जरुर पहनें।

- ब्लॉक हील्स
- मोजरी
- म्यूल्स
- क्लोज प्वाइंटेड टो हील्स या फ्लैट
- स्लीक स्ट्रैप सैंडल्स

***सलवार कुर्ते के साथ इन फुटवियर को भूलकर भी ना पहनें***

- ग्लैडिएटर
- ब्रॉड स्ट्रैप फुटवियर
- फ्लिप फ्लॉप चप्पल
- फ्लैट वेजेज
- पीप टो सैंडल्स

# कच्चा दूध से बना हुआ फेस पैक को चेहरे पर लगाकर मिलेगा शीशे की तरह चमक, जानें कैसे बनाएं

मौसम कोई भी हो स्किन की हमेशा केयर करना चाहिए। बदलते मौसम स्किन ड्राई और बेजान हो जाती है। ऐसे में हमे अपनी स्किन केयर करना भी जरुरी है। स्किन को हेल्दी बनाने के लिए कई घरेलू नुस्खें जिन्हें आप अजमाएं और त्वचा की रंगत में निखार लाएं। कच्चा दूध स्किन के लिए बेहद लाभकारी होता है। इसे लगाकर चेहरे को साफ किया जा सकता है। जिन लोगों की स्किन ड्राई रहती है उनके लिए ये काफी अच्छा है क्योंकि कच्चा दूध स्किन को मॉइश्चराइज करने में मदद करता है। आइए आपको बताते हैं कच्चे दूध से फेस पैक कैसे बनाएं।

***कच्चे दूध का फेस पैक के लिए क्या चाहिए***

- 2 चम्मच कच्चा दूध
- आधा छोटा चम्मच हल्दी पाउडर
- कॉफी
- गेहूं का आटा



***कैसे बनाएं ये फेस पैक***

कच्चा दूध का फेस पैक बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में दूध लें और इसमें हल्दी और चीनी मिला लें। जब चीनी घुल जाए तो इसमें कॉफी और गेहूं का आटा डालकर अच्छे मिक्स करें। एक गाढ़ा पेस्ट बनाकर तैयार करें और फिर इसे अपने साफ चेहरे पर लगाएं। फेस पैक लगाने के बाद पैच टेस्ट जरुर करें।

***कैसे लगाएं ये फेस पैक***

इस फेस पैक को लगाने के लिए आप सबसे पहले चेहरे को साफ कर लें और फिर फेस पैक को चेहरे पर अच्छे से लगाएं। कम से कम 15 से 20 मिनट तक इस फेस पैक को चेहरे पर लगा रहने दें और फिर स्किन साफ करने से पहले चेहरे पर पानी छिड़के और इस हल्के हाथों से रब करने की कोशिश करें। इस बात का ध्यान रखें कि हल्के हाथों से ही रब करें। फिर इसे गुनगुने पानी से साफ कर लें।

# ग्लोइंग स्किन पाने के लिए इन 4 ड्रिंक का करे सेवन, बड़े ही कम का है यह नुस्खा



ग्लोइंग स्किन पाने की सबकी चाहत होती है। लेकिन फिर भी चेहरे पर एक्ने और झुर्रियां सब बिगड़ देती है। त्वचा को निखारने के लिए न जाने हम सभी क्या-क्या नहीं करते। महंगे-महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का यूज करते हैं। लेकिन तब भी स्किन साफ नहीं होती है। आइए आपको बताते हैं नेचुरल तरीके से ग्लोइंग स्किन कैसे बना सकते हैं।

***एबीसी जूस***

ग्लोइंग स्किन पाने की चाह रखने वाले अब आप इस फार्मूला जिसका नाम एबीसी के नाम से जाना जाता है। यह तरह-तरह का जूस जिसमें ए से एप्पल, बी से बीटरूट और सी से कैरेट होता है। इन 3 चीजों से बना जूस हमारी स्किन को अंदर से डिटॉक्स करता है और खून साफ करने में काम करता है।

***रेड जूस***

चेहरे को ग्लोइंग स्किन बनाने के लिए अगर आप एबीसी जूस नहीं पीना चाहते हैं जो रेड जूस जरुर पिएं। इसे बनाने के लिए गाजर, अनार, आंवला, पुदीना और अदरक का इस्तेमाव किया जाता है। इतना ही नहीं, यह आपके गट को हेल्दी रखने में मदद करता है और जब गट हेल्दी रहेगा तो स्किन अपने आप स्वस्थ रहेगी।


***विटामिन सी जूस***

ग्लोइंग स्किन के लिए विटामिन सी बेहद जरुरी माना जाता है। ग्लोइंग स्किन के लिए कई तरह के सीरम का यूज करते हैं, जिनमें विटामिन सी सीरम जरुर शामिल होते हैं। आप चाहें तो पाइनएप्पल, मौसमी, अदरक और गाजर से बना विटामिन सी रिच जूस पीकर आप स्किन को साफ और चमकदार बना सकते हैं। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स आपके चेहरे से दाग-धब्बों को भी कम करता है।

***ग्रीन जूस***

अब आपको स्किन स्पेशलिस्ट के पास जाकर अपनी त्वचा को डिटॉक्स करने के लिए इंजेक्शन लेने कोई जरुरत नहीं है, नूट्रिशनिस्ट अविन्का भल्ला का बताया ग्रीन जूस बनाने का तरीका बताया है। आप इसको बनाने के लिए सेब, खीरा, धनिया और नींबू का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह आपकी त्वचा को निखारने में काफी मदद करेगा।

# इमली और चावल के आटे से बनाएं ये स्क्रब, मिलेगी ग्लोइंग स्किन



जब भी स्किनकेयर की बात आती है, तो अक्सर हम मार्केट में मिलने वाले तरह-तरह के प्रोडक्ट्स पर भरोसा करते हैं। जबकि आप अपनी किचन में ही हर समस्या का हल ढूंढ सकते हैं। अपनी स्किन की केयर करने के लिए आप किचन में मौजूद इमली और चावल के आटा की मदद से नेचुरल स्क्रब बनाकर इस्तेमाल करें। इमली में अल्फा हाइड्रॉक्सी एसिड होते हैं जो स्किन को धीरे-धीरे एक्सफोलिएट करते हैं, और टैन हटाते हैं। वहीं, चावल का आटा गंदगी और अतिरिक्त तेल को साफ करने में मदद करता है।

आप चावल का आटा और इमली के साथ-साथ कुछ अन्य इंग्रीडिएंट्स को इसमें मिक्स करें और अपनी स्किन को पैम्पर करें। ये स्क्रब केमिकल-फ्री और बजट-फ्रेंडली हैं और इससे आपको तुरंत परिणाम देखने को मिलता है। अगर आप अपनी स्किन को नेचुरली पैम्पर करना चाहते हैं तो इस स्क्रब को बनाकर इस्तेमाल करें।

इमली, चावल का आटा और बेसन से बनाएं स्क्रब

यह स्क्रब डीप क्लींजिंग में मददगार है और ऑयली व एक्ने प्रोन स्किन के लिए काफी अच्छा माना जाता है।

***आवश्यक सामग्री***

1 बड़ा चम्मच इमली का गूदा

1 बड़ा चम्मच चावल का आटा

1 बड़ा चम्मच बेसन

*एक चुटकी हल्दी*

स्क्रब बनाने का तरीका

स्क्रब बनाने के लिए सभी सामग्री को मिक्स करें।

अगर ज़रूरत हो तो आवश्यकतानुसार गुलाब जल का इस्तेमाल करें।

अब अपने चेहरे को नम करें और स्क्रब को चेहरे पर लगाएं।

इसे सर्कुलर मोशन में हल्के से मसाज करें और 5-7 मिनट तक लगा रहने दें।

अंत में, ठंडे पानी से धो लें।

इमली, चावल का आटा और कॉफी स्क्रब

यह एक एंटी-टैन स्क्रब है, जो स्किन से टैनिंग हटाने के साथ-साथ स्किन को ग्लोइंग भी बनाता है।

***आवश्यक सामग्री***

1 बड़ा चम्मच इमली का गूदा

1 बड़ा चम्मच चावल का आटा

1 छोटा चम्मच कॉफी पाउडर

1 छोटा चम्मच नारियल का तेल

स्क्रब बनाने का तरीका

सबसे पहले सभी सामग्री को अच्छी तरह मिक्स करें।

तैयार पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाकर सर्कुलर मोशन में स्क्रब करें।

# वैलेंटाइन डे पर दिखना चाहती हैं ब्यूटीफुल और स्टाइलिश, तो वियर करें ये रफल ड्रेसेस

फरवरी का महीना प्रेम के लिए बेहद खास माना जाता हैं। हर साल 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे मनाया जाता है। वैलेंटाइन वीक की शुरुआत 7 फरवरी हो जाती है। लव बर्ड्स वैलेंटाइन डे को सेलिब्रेट जरुर करते हैं। इस दिन कपल कहीं बाहर घूमने या पार्टी जरुर करते हैं। कई जगहों पर वैलेंटाइन पार्टी का आयोजन होता है। अगर आप भी वैलेंटाइन डे के लिए बढ़िया स्टाइलिश ड्रेस की तलाश में हैं, तो आप ये रफल ड्रेस जरुर स्टाइल करें। आइए आपको बताते हैं इन स्टाइलिश ड्रेसेस के बारे में, जिन्हें आप पहन सकते हैं।

***साटन रफल ड्रेस***

वैलेंटाइन डे पर न्यू लुक पाने के लिए आप साटन रफल ड्रेसेस जरुर पहन सकती हैं। यह ड्रेस परफेक्ट स्टाइल स्टेटमेंट हो सकती है और इस ड्रेस के आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन मिल जाएंगे। साटन रफल ड्रेस के साथ आप हील्स साथ



पर्ल वर्क वाले इयररिंग्स पहन सकते हैं। इसके साथ ही आप लाइट मेकअप जरुर करें।

***फ्लोरल रफल मिडी ड्रेस***

वैलेंटाइन डे की पार्टी में आप फ्लोरल रफल मिडी ड्रेस वियर कर सकते हैं। फ्लोरल आउटफिट इन दिनों काफी ट्रेंड में और वैलेंटाइन डे पर स्टाइल करने के लिए सबसे बेस्ट है। इन ड्रेसेस के साथ आप मिनिमल मेकअप कर सकते हैं और बालों को कर्ल करके स्टाइल करें। इस टाइप की ड्रेस आपको ऑनलाइन या ऑफलाइन 800 रुपये की कीमत पर मिल सकती है।

***ए-लाइन रफल मैक्सी ड्रेस***

इस खास दिन पर आप एक बढ़िया लुक चाहती हैं, तो आप ए-लाइन रफल मैक्सी ड्रेस वैलेंटाइन डे की पार्टी में पहन सकती हैं। इस ड्रेस के साथ आप सिल्वर चेन ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं, जो एकदम परफेक्ट लुक देगी। इसके साथ ही आप हील्स पेयर कर सकती हैं।

# वैलेंटाइन डे से पहले बिना पिंपल के क्लियर स्किन चाहते हैं, तो इन तरीकों को जरूर अपनाएं, दाग भी होंगे गायब

वैसे तो हर किसी चाहत होती है क्लियर स्किन पाना, लेकिन कई बार खराब जीवनशैली और गलत खानपान के कारण चेहरे को कई स्किन प्रॉब्लम झेलना पड़ता है। आमतौर पर जब भी कोई फंक्शन आता है या फिर कोई स्पेशल डे आने वाला हो। शरीर में जब हॉर्मोन्स लेवल डिस्टर्ब होता है तब ये दिक्कत बढ़ने लगती है। मौसम में बदलाव आता, जंक फूड या ऑयली फूड खाने से भी पिंपल हो सकता है। अगर वैलेंटाइन वीक से पहले आपके चेहरे पर पिंपल निकल आएं, तो इससे कैसे निपटे। इन तरीकों को अपनाकार पिंपल का दाग भी गायब हो जाएगा।

***बेकिंग पाउडर और गुलाब जल वाला नुस्खा***

सबसे पहले आप दो चुटकी बेकिंग सोडा में एक बूंद नींबू का रस और थोड़ा-सा गुलाबजल मिलाकर पेस्ट बना लें। फिर तैयार पेस्ट को पिंपल पर लगाएं। पेस्ट सूख जाए तो इसे ताजे पानी से साफ



कर दें। रात को आप इस पेस्ट को पिंपल पर लगा सकते हैं। जिन लोगों की सेंसेटिव स्किन वाले लोग इसे लगाकर कुछ ही देर में साफ कर लें।

***पिंपल को गायब करने के लिए लौंग का नुस्खा***

लौंग का यूज सेहत और स्किन से जुड़ी समस्याओं में किया जाता है। पिंपल से निपटने के लिए आप लौंग को पीसकर बारीक पाउडर बना लें। इसके बाद लौंग पाउडर में गुनगुना पानी मिलाकर एक पेस्ट तैयार करें और फिर इस पेस्ट को पिंपल वाली जगह पर लगाएं। रात में इसे लगाएं और अगली सुबह तक पिंपल गायब हो जाएगा।

***पिंपल से निपटने में जायफल का प्रयोग करें***

जायफल की तासीर गर्म होती है और ये पिंपल में जमा पस को निकालने में मदद करता है। पिंपल पर इसका इस्तेमाल करने के लिए जायफल का पाउडर लें और इसमें एलोवेरा मिलाकर पिंपल पर लगाएं। कुछ देर तक लगा रहने दें और फिर आप चेहरा को धो सकते हैं।

# देश में 14 करोड़ से ज्यादा महिलाओं की स्तन कैंसर जांच हुईः जेपी नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को लोकसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में बताया कि देश में 14 करोड़ से ज्यादा महिलाओं की स्तन कैंसर की जांच की गई है। जांच के दौरान 57,184 महिलाओं में इस बीमारी का पता चला, जिनमें से 50,612 का इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने राष्ट्रीय एनसीडी पोर्टल के आंकड़ों का हवाला देते हुए ये भी बताया कि देश में नौ करोड़ से अधिक महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर की जांच की गई है। जिनमें से 96,747 महिलाओं में इस बीमारी का पता चला और 86,196 का इलाज चल रहा है।

**गैर संचारी रोगों की जांच के लिए शुरू किया गया एनसीडी पोर्टल**

सरकार ने साल 2018 में गैर संचारी रोगों (एनसीडी) की जांच और प्रबंधन और मरीजों की निरंतर देखभाल सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय एनसीडी पोर्टल की शुरुआत की थी। एनसीडी बीमारियों में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मुख कैंसर, स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर जैसी

**एनसीडी पोर्टल**

**सरकार ने साल 2018 में गैर संचारी रोगों (एनसीडी) की जांच और प्रबंधन और मरीजों की निरंतर देखभाल सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय एनसीडी पोर्टल की शुरुआत की थी।**

बीमारियां शामिल हैं। इस पोर्टल का उद्देश्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य संवर्धन, शीघ्र निदान, प्रबंधन और उचित स्तर की स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए रेफरल पर ध्यान केंद्रित करना था। इस कार्यक्रम के तहत, देश भर में 770 जिला एनसीडी क्लीनिक, 233 कार्डियक केयर यूनिट (सीसीयू), 372 जिला डे केयर सेंटर और सामुदायिक



स्वास्थ्य केंद्रों पर 6410 एनसीडी क्लीनिक स्थापित किए गए हैं।

**देश में 2450 बाल देखभाल गृह**

महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने शुक्रवार को लोकसभा में एक लिखित प्रश्न के जवाब में बताया कि देशभर में 2450 बाल देखभाल संस्थान हैं और उनमें से 199 में विशेष जरूरत वाले बच्चों की देखभाल की जाती है। उन्होंने बताया कि 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष जरूरत वाले बच्चों के लिए कोई संस्थान नहीं है। ठाकुर ने कहा कि मिशन वात्सल्य के तहत देश भर में बाल देखभाल संस्थान और विशेष जरूरत देखभाल केंद्र काम कर रहे हैं। मिशन वात्सल्य के दिशा-निर्देशों के अनुसार, 50 बच्चों की क्षमता वाले सीसीआई में विशेष जरूरतों वाले 10 बच्चों के लिए एक विशेष इकाई हो सकती है। इसी तरह, 25 बच्चों की क्षमता वाले सीसीआई में पांच बच्चों के लिए एक विशेष इकाई हो सकती है। महाराष्ट्र, अरुणाचल प्रदेश, गोवा, गुजरात और ओडिशा उन 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शामिल हैं, जिनके पास विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए कोई सीसीआई नहीं है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने भीख मांगने की रोकथाम के लिए विभिन्न अधिनियम बनाए हैं। एक अन्य सवाल का उत्तर देते हुए अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि दिसंबर 2024 के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 5 वर्ष तक की आयु के केवल 7.50 करोड़ बच्चे ही आंगनवाड़ी में नामांकित हैं और पोषण ट्रैकर पर पंजीकृत हैं। इनमें से 7.18 करोड़ बच्चों की ऊंचाई और वजन के विकास मापदंडों पर माप की गई।

इनमें से 39.68 प्रतिशत बच्चे बौने, 17.22 प्रतिशत कम वजन वाले और 5.5 प्रतिशत कमजोर पाए गए।

# मलयेशिया जा रहे विमान ने की आपात लैंडिंग, मेडिकल इमरजेंसी के कारण चेन्नई एयरपोर्ट पर उतरा

**चेन्नई।** मलयेशिया जा रहे एक विमान ने चेन्नई में आपात लैंडिंग की है। जानकारी के मुताबिक, विमान में सवार एक यात्री ने बेचैनी की शिकायत की थी, उस दौरान विमान भारत के चेन्नई शहर के पास से गुजर रहा था। जिसके बाद तुरंत पायलटों एयरपोर्ट से संपर्क किया और वहां लैंडिंग की।

**दोपहर करीब 2 बजे उतरा विमान**

चेन्नई हवाई अड्डे के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को कुआलालंपुर जाने वाली एक इंटरनेशनल फ्लाइट को %चिकित्सा आपातकाल% के कारण वहां अनिर्धारित लैंडिंग करनी पड़ी है। जब मस्कट (ओमान) से आने वाली यह फ्लाइट यहां हवाई क्षेत्र में उड़ रही थी, तो एक यात्री ने बेचैनी की शिकायत की। इसके बाद पायलटों ने तुरंत लैंडिंग के लिए चेन्नई हवाई अड्डे से संपर्क किया। इसके बाद विमान दोपहर करीब 2 बजे उतरा और एक मेडिकल टीम ने तुरंत मौके पर पहुंची और यात्री का इलाज किया गया।



**एयर इंडिया के विमान ने की थी आपात लैंडिंग**

इससे पहले पांच जनवरी को एयर इंडिया की उड़ान 2820 की बंगलूरू के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद आपात लैंडिग की थी। जब विमान का इंजन अचानक बंद हो गया था। जानकारी के मुताबिक, विमान बंगलूरू का चक्कर लगाने के एक घंटे बाद वापस लौट आया था। इस आपात लैंडिग के बाद सभी यात्री सुरक्षित हैं।

**बुद्धा एयरलाइंस के एक विमान की आपात लैंडिंग**

वहीं इसी दिन, नेपाल की बुद्धा एयरलाइंस के एक विमान ने आपात लैंडिंग की थी, जब विमान के बाएं इंजन में आग लग गई थी। इसके बाद विमान ने काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग की थी। जानकारी के मुताबिक, घटना के दौरान विमान में चालक दल के सदस्यों समेत 76 यात्री सवार थे। इसके बाद, त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने एक बयान जारी करके इस आपात लैंडिंग के संबंध में जानकारी दी। उसने बताया कि विमान ने वीओआर लैंडिंग की और सुरक्षित हवाईअड्डे पर लौट आया

# हजारों निवेशकों को भी अधर में छोड़ा, शेल कंपनियों के जरिए खरीदी लग्जरी गाड़ियां और आलीशान कोठियां

**नई दिल्ली।** जांच एजेंसी के मुताबिक, मेसर्स व्यूएनो मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड और अन्य के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत जांच चल रही है। ईडी ने उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर (नोएडा) पुलिस द्वारा बीएनएस, 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एक एफआईआर के आधार पर उक्त मामले की जांच शुरू की थी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), जालंधर जोनल कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत कुर्की की एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। यह कार्रवाई मेसर्स व्यूएनो मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड और अन्य के खिलाफ चल रही जांच में की गई है। अनंतिम कुर्की आदेश में अस्थायी रूप से 6 अचल संपत्तियां, 73 बैंक खाते और 26 लग्जरी वाहनों को कुर्क किया गया है। इनकी कुल कीमत 178.12 करोड़ रुपये (लगभग) बताई गई है। ईडी द्वारा कंपनी के सीईओ सुखविंदर सिंह खरौर व अन्य को जांच में शामिल होने का नोटिस भेजा गया है, मगर वे अभी तक ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए हैं।

जांच एजेंसी के मुताबिक, मेसर्स व्यूएनो मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड और अन्य के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत जांच चल रही है। ईडी ने उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर (नोएडा) पुलिस द्वारा बीएनएस, 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एक एफआईआर के आधार पर उक्त मामले की जांच शुरू की थी।

ईडी की जांच से पता चला है कि मेसर्स व्यूएनो मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड (एम/एस वीएमएसएल) ने अन्य समूह संस्थाओं के साथ मिलकर विभिन्न निवेशकों को क्लाउड पार्टिकल्स बेचने और उच्च किराये के रिटर्न के वादे पर उन पार्टिकल्स (एसएलबी मॉडल) को वापस पट्टे पर देने की आड़ में अपने पैसे का निवेश करने के लिए प्रेरित किया था। हालांकि जिस तरह के निवेश की बात कही गई थी, उसके लिए कंपनी के पास कोई पर्याप्त बुनियादी ढांचा नहीं था। निवेशकों को अंधेरे में रखा गया।

जिस काम में निवेशकों का पैसा लगाया जाना था, उसे छोड़कर दूसरे कार्यों में पैसा लगाया गया। आपराधिक गतिविधियों से उत्पन्न अपराध की आय (पीओसी) का उपयोग व्यावसायिक उद्देश्यों के अलावा उस पैसे को अन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया गया था। मेसर्स वीएमएसएल और समूह की कंपनियों द्वारा उस पैसे से शानदार वाहनों की खरीद की गई।

# ईडी ने तृणमूल नेता अनुब्रत मंडल के बैंक खातों से जब्त किए 26 करोड़, पशु तस्करी मामले में कार्रवाई

**नई दिल्ली।** ईडी ने पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी दल के नेता के बैंक खातों के कुल 26 करोड़ रुपये जब्त किए गए है। जानकारी के मुताबिक, अनुब्रत मंडल के खिलाफ कथित सीमा पार मवेशी तस्करी रैकेट में पीएमएलए के तहत कार्रवाई की गई है। प्रवर्तन निदेशालय ने पश्चिम बंगाल में कथित सीमा पार मवेशी तस्करी रैकेट की चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल के करीब 26 करोड़ रुपये के बैंक खाते जब्त किए हैं। जानकारी के मुताबिक, अनुब्रत मंडल को नवंबर 2022 में संघीय एजेंसी ने गिरफ्तार किया था और पिछले साल सितंबर में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें इस मामले में जमानत दे दी थी।




धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अनुब्रत मंडल के खिलाफ 25.86 करोड़ रुपये के बैंक खाते को अस्थायी रूप से जब्त करने का आदेश जारी किया गया है। ईडी ने एक बयान में कहा कि ये पैसे 36 बैंक खातों में रखे गए हैं। पश्चिम बंगाल में मवेशी तस्करी के गठजोड़ को संरक्षण प्रदान करने के लिए अनुब्रत मंडल ने 48.06 करोड़ रुपये की अपराध आय हासिल की थी।

**इस तरह से पैसे किए गए हासिल**

जांच एजेंसी ने कहा, अपराध के समय वह टीएमसी के बीरभूम जिला अध्यक्ष थे और बीरभूम व पश्चिम बंगाल के आस-पास के जिलों के स्थानीय प्रशासन पर उनका बहुत अधिक नियंत्रण था। अपने अंगरक्षक सहगल हुसैन के माध्यम से अनुब्रत मंडल मामले के सरगना मोहम्मद इनामुल हक के साथ लगातार संपर्क में था, ऐसा आरोप लगाया गया। ईडी ने कहा कि अनुब्रत मंडल ने मोहम्मद इनामुल हक से हासिल नकदी को संरक्षण प्रदान करने के लिए अपने परिवार के सदस्यों, संबद्ध संस्थाओं, बेनामीदारों (जिनके नाम पर बेनामी संपत्ति है) और बीरभूम के स्थानीय व्यापारियों के कई बैंक खातों में जमा करके उसे लूटा। उन्होंने इसे बैंकिंग चैनलों के माध्यम से वापस कर दिया।

अब तक, एजेंसी ने इस मामले में चार आरोपपत्र दायर किए हैं। धन शोधन की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से शुरू हुई है। पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर कथित मवेशी तस्करी रैकेट चलाने के आरोप में पूर्व बीएसएफ कमांडेंट सतीश कुमार, मोहम्मद इनामुल हक और अन्य के खिलाफ जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एफआईआर दर्ज की है।

## बुलडोजर कार्रवाई मामले में अदालत की अवमानना का आरोप

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को संभल के अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्यवाही की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और याचिकाकर्ता को संबंधित उच्च न्यायालय में जाने को कहा। दरअसल याचिका में दावा किया गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने बीते साल दिए अपने आदेश में बिना पूर्व नोटिस और सुनवाई का मौका दिए बगैर बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश दिया था। याचिका में आरोप लगाया गया है कि संभल में प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा अदालत के आदेश की अवमानना की गई। याचिका में याचिकाकर्ता ने कहा है कि 13 नवंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश में बुलडोजर से तोड़फोड़ की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। अदालत के आदेश के बावजूद 10-11 जनवरी 2025 को संभल स्थित उसकी संपत्ति में बिना किसी पूर्व सूचना और उसका पक्ष सुने बगैर तोड़फोड़ की गई।

## पाकिस्तानी सेना ने 12 आतंकियों को किया ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनके बेटे हमजा शहबाज को आठ साल पुराने भ्रष्टाचार के एक मामले में बरी कर दिया। शिकायतकर्ता के खुद को मामले से अलग करने के बाद अदालत ने यह फैसला सुनाया। शिकायतकर्ता जुल्फिकार अली का दावा है कि उसने न तो कोई शिकायत दर्ज कराई थी और न ही उसे उस आवेदन की जानकारी है जिसके आधार पर मामला शुरू किया गया। भ्रष्टाचार निरोधक अदालत के न्यायाधीश सरदार मोहम्मद इकबाल ने फैसला सुनाया, जिसे सोमवार को सुरक्षित रखा गया था। अदालत के एक अधिकारी ने कहा, लाहौर की एक भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने शहबाज शरीफ और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री हमजा शहबाज को रमजान शुगर मिल भ्रष्टाचार मामले में बरी कर दिया, क्योंकि शिकायतकर्ता ने खुद को मामले से अलग कर लिया था।

# एच-1बी वीजा के लिए आवेदन की तारीख का एलान

**न्यूयॉर्क।** एच-1बी वीजा के जरिए अमेरिकी तकनीकी कंपनियां हर साल भारत, चीन आदि देशों के हजारों कुशल कर्मचारियों को अपने यहां नौकरी पर रखती हैं। अमेरिकी कर्मचारियों को नियुक्त करने की सुविधा देता है। इस वीजा के जरिए अमेरिकी तकनीकी कंपनियां हर साल भारत, चीन आदि देशों के हजारों कुशल कर्मचारियों को अपने यहां




नागरिकता और आव्रजन सेवा विभाग ने साल 2026 के लिए एच-1बी वीजा के लिए आवेदन की तारीखों का एलान कर दिया है। इस एलान के मुताबिक 7 मार्च से लेकर 24 मार्च तक आवेदन किया जा सकेगा। गौरतलब है कि एच-1बी वीजा के सबसे ज्यादा लाभार्थियों में भारतीय भी शामिल हैं। एच-1बी वीजा एक अप्रवासी वीजा है, जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी कुशल नौकरी पर रखती हैं। यूएससीआईएस ने बताया कि आवेदनकर्ता को यूएससीआईएस की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन की फीस 215 डॉलर होगी। एच-1बी वीजा के सबसे बड़े लाभार्थियों में भारतीय शामिल हैं। एच-1बी वीजा के जरिए हर साल करीब साढ़े छह लाख विदेशी कुशल कर्मचारियों को अमेरिका में काम करने की मंजूरी दी जाती है। अमेरिकी आव्रजन विभाग ने कहा कि आवेदनकर्ताओं का चुनाव में धोखाधड़ी को कम करने के आवेदन प्रक्रिया में कुछ प्रावधान किए गए हैं।

**1990 में हुई थी एच-1बी वीजा प्रोग्राम की शुरुआत**

एच-1बी वीजा नॉन इमीग्रेंट वीजा प्रोग्राम के तहत विशेष क्षेत्रों में विदेशी कर्मचारियों को अस्थायी तौर पर नियुक्त करने की सुविधा देता है। इसके लिए कर्मचारी के पास क्षेत्र विशेष की विशेषज्ञता और शैक्षिक योग्यता होनी चाहिए। अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की तरफ से 17 जनवरी 2025 को एच-1बी वीजा के नियम लागू किए गए थे। एच-1बी वीजा की शुरुआत 1990 में हुई थी। अमेरिकी राजनीति में भी एच-1बी वीजा का मुद्दा गरम है। दरअसल कई ट्रंप समर्थक नेता एच-1बी वीजा पर रोक की मांग कर चुके हैं, जबकि ट्रंप समर्थक एलन मस्क, विवेक रामास्वामी समेत कई अहम नेता इसके समर्थक हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद एच-1बी वीजा का समर्थन कर चुके हैं।

# सरकारी कर्मियों को नहीं मिलेगा 18 माह के महंगाई भत्ते या राहत का बकाया, वित्त राज्य मंत्री का जवाब

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अब पूरी तरह से साफ कर दिया है कि कर्मचारियों को 18 माह के डीए/डीआर का बकाया नहीं मिलेगा। विभिन्न कर्मचारी संगठन लंबे समय से इस मांग को केंद्र सरकार के समक्ष उठा रहे थे। मौजूदा संसद सत्र में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने स्पष्ट शब्दों में कह दिया है कि वर्ष 2020 में वैश्विक महामारी के विपरीत वित्तीय प्रभाव तथा सरकार द्वारा किए गए कल्याणकारी उपायों के वित्तपोषण का वित्त वर्ष 2020-21 के बाद राजकोषीय प्रभाव पड़ा था, इसलिए महंगाई भत्ता/महंगाई राहत का बकाया दिया जाना संभव नहीं है। इन भत्तों का एरियर जारी नहीं किया जाएगा। कोरोनाकाल में केंद्र सरकार ने 18 माह का डीए/डीआर रोककर 34,402 करोड़ रुपये बचा लिए थे।



सांसद आनंद भदौरिया ने लोकसभा में तीन फरवरी को डीए/डीआर की बकाया राशि जारी करने को लेकर सवाल पूछा था। उन्होंने अपने सवाल में पूछा, क्या कोविड-19 के दौरान केंद्र सरकार के कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए महंगाई भत्ता और महंगाई राहत, 18 महीने के लिए रोक दी गई थी। उसे जारी नहीं किया गया। यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है। सरकार द्वारा इसे जारी नहीं करने के क्या कारण हैं। क्या सरकार, अपने कर्मचारियों द्वारा व्यय किया जाना सुनिश्चत करने के लिए इसे जारी करेगी। क्या यह कदम देश की लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में सहायक होगा। यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है। यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं।

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने इस सवाल का जवाब देते हुए बताया, केन्द्र सरकार के कर्मचारियों/पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ता (डीए)/महंगाई राहत (डीआर) की दिनांक 01.01.2020, 01.07.2020 और 01.01.2021 से देय तीन किस्तों को फ्रीज करने का निर्णय कोविड-19 के दौरान लिया गया था। इसका कारण आर्थिक व्यवधान था। उसे ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया था। तब इसका मकसद, सरकारी वित्त पर दबाव को कम करना था। अगले सवाल का जवाब वित्त राज्य मंत्री ने %नहीं% में दिया। क्या सरकार डीए/डीआर की बकाया राशि जारी करेगी, इसके जवाब में मंत्री ने कहा, प्रश्न नहीं उठता। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा, वर्ष 2020 में वैश्विक महामारी के विपरीत वित्तीय प्रभाव तथा सरकार द्वारा किए गए कल्याणकारी उपायों के वित्तपोषण का वित्त वर्ष 2020-21 के बाद राजकोषीय प्रभाव पड़ा, इसलिए महंगाई भत्ता/महंगाई राहत का बकाया दिया जाना संभव नहीं है।

बता दें कि जेसीएम स्टाफ साइड से लेकर विभिन्न कर्मचारी संगठन, फेडरेशन और एसोसिएशन, डीए/डीआर के बकाया 34,402 करोड़ रुपये लौटाने का आग्रह कर चुके हैं। वित्त मंत्रालय में ऐसे कई संगठनों ने अपना प्रतिवेदन दिया है।

# अमेरिका से बात करना कोई बुद्धिमानी और सम्मान की बात नहीं: अयातुल्ला अली खामेनई



ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनई ने शुक्रवार को एक बड़ा बयान देते हुए कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत करना बुद्धिमानी, समझदारी या सम्मान की बात नहीं है। खामेनई का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ परमाणु समझौते के मुद्दे पर फिर से बात करने की इच्छा जाहिर की थी। हालांकि खामनेई का यह बयान उनके ही पूर्व के उस बयान के विपरीत है, जिसमें खामनेई ने अमेरिका के साथ

**विपरीत**

**अब अयातुल्ला खामेनेई ने चौंकाते हुए इसके विपरीत बयान दिया है।**

बातचीत के लिए तैयार होने की बात कही थी। गौरतलब है कि अब भी खामनेई ने अमेरिका से बातचीत न करने का कोई सीधा आदेश जारी नहीं किया।

बीते दिनों जब अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप ने जीत हासिल की तो ईरानी अधिकारियों ने संकेत दिए थे कि वे परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत के लिए ट्रंप के संदेश का इंतजार कर रहे हैं। अब अयातुल्ला खामेनेई ने चौंकाते हुए इसके विपरीत बयान दिया है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर अधिकतर दबाव बनाने संबंधी एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। इस दौरान ट्रंप ने ये भी कहा कि वे चाहते हैं कि उन्हें इस आदेश का ईरान के खिलाफ इस्तेमाल न करना पड़े। उन्होंने ईरान के साथ बातचीत को लेकर भी सकारात्मक संकेत दिए थे।

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने भी पूर्व में अमेरिका के साथ बातचीत की वकालत की थी और कहा था कि हमें बातचीत के लिए अपने दरवाजे खुले रखने चाहिए, लेकिन अब खामेनेई ने अमेरिका से बातचीत को सम्मान के खिलाफ बताया है। ईरान के स्टैंड में बदलाव ट्रंप के हालिया बयान से जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल मंगलवार को ट्रंप ने इस्राइली पीएम के साथ बातचीत के बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि अमेरिका को गाजा पर नियंत्रण मिलना चाहिए और अमेरिका गाजा में पुनर्निर्माण का काम करे। उन्होंने गाजा के विस्थापितों को गाजा के बाहर ही बसाने का सुझाव दिया था। अब ईरान के सुप्रीम लीडर ने ट्रंप के गाजा को लेकर दिए बयान पर बिना नाम लिए टिप्पणी करते हुए कहा कि अमेरिकी बैठकर दुनिया का नक्शा फिर से बना रहे हैं लेकिन केवल कागज पर, क्योंकि इसका वास्तविकता में कोई आधार नहीं है। वे हमारे बारे में बयान देते हैं, राय व्यक्त करते हैं और धमकियां देते हैं। अगर वे हमें धमकाते हैं, तो हम भी उन्हें बदले में धमकाएंगे। अगर वे अपनी धमकियों पर अमल करते हैं, तो हम भी अपनी धमकियों पर अमल करेंगे। अगर वे हमारे देश की सुरक्षा का उल्लंघन करते हैं, तो हम भी उसी तरह जवाब देंगे।

# बांग्लादेश में भीड़तंत्र का कहर बरकरार, अब निर्वासित पीएम शेख हसीना के पैतृक घर को किया जमींदोज



**ढाका।** बांग्लादेश में बेकाबू भीड़ ने ढाका में मौजूद अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के घर और उनके कुछ रिश्तेदारों की तमाम संपत्तियों को ध्वस्त कर दिया है। इस दौरान भीड़ ने अवामी लीग पार्टी के नेताओं को भी निशाना बनाया है। जानकारी के मुताबिक, बुलडोजर जुलूस के रूप में किए गए इसे सोशल मीडिया पर साझा किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने संपत्तियों की सुरक्षा करने में असमर्थता भी जताई है।

अगस्त 2024 में, शेख हसीना के करीब 15 साल के शासन का अंत हो गया, जब जुलाई महीने से छात्रों के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके बाद शेख हसीना ने सत्ता छोड़कर भारत में निर्वासन पर मजबूर हुईं। फिलहाल, भारत में रह रहीं शेख हसीना को वापस लाने की मांग बढ़ रही है। लेकिन अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत भारत को किसी भी प्रत्यर्पण से पहले संभावित जोखिमों का मूल्यांकन करना होगा।

76 वर्षीय शेख हसीना बांग्लादेश में सबसे लंबे कार्यकाल वाली प्रधानमंत्री रही हैं। उनका पहला कार्यकाल 1996 से 2001 तक रहा था। इसके बाद आवामी लीग 2009 से 2014 तक सरकार में रही। 2014 के बाद लगातार तीन कार्यकाल पूरा करने वाली पीएम शेख हसीना का कार्यकाल 2023 में हिंसा और जनाक्रोश के कारण कठघरे में रहा। इस साल की शुरुआत में अमेरिका समेत कई प्रमुख पश्चिमी देशों ने समावेशी और विश्वसनीय चुनाव का आह्वान किया था। वहीं, हसीना सरकार के पतन के बाद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने न्याय प्रणाली समेत संस्थानों की मरम्मत के लिए सुधारों की शुरुआत की है। यह अधिकारों के उल्लंघन और भ्रष्टाचार के लिए जवाबदेही की दिशा में भी कदम उठा रही है, और विश्वसनीय चुनावों का वादा किया है। हालांकि, यूनुस सरकार पर कई समूहों का दबाव बढ़ रहा है, जिनमें छात्र, राजनीतिक संगठन और हिंसा के पीड़ित परिवार शामिल हैं।

## सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की मस्क की योजना पर अदालत की रोक

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में संघीय कर्मचारियों को बड़े पैमाने पर नौकरी से निकालने की एलन मस्क की योजना पर एक संघीय अदालत के जज ने फिलहाल रोक लगा दी है। मैसाच्युसेट्स के एक न्यायाधीश ने यह रोक लगाई है। मस्क की योजना की समयसीमा गुरुवार को खत्म हो गई, लेकिन अब अदालत ने इसे सोमवार तक बढ़ा दिया है। उल्लेखनीय है कि एलन मस्क, डोनाल्ड ट्रंप की सरकार में सरकारी दक्षता विभाग नामक स्वतंत्र इकाई के प्रभारी हैं। इस विभाग को सरकार के खर्चों को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी दी गई है।

एलन मस्क के सरकारी दक्षता विभाग ने बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने के लिए एक योजना पेश की थी, जिसमें कर्मचारियों को इस्तीफा देने के बदले आठ महीने का वेतन समेत कई अन्य सुविधाएं देने का एलान किया गया है।

# अच्छी नौकरी के लिए करे परिश्रम: विवेक

**मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के क्रियान्वयन हेतु जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में शुक्रवार को मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना उच्च शिक्षा के क्रियान्वयन हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय के निदेशक केंद्रीय शिक्षुता सलाहकार विवेक कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण योजना विद्यार्थियों को कुशल बनाने के लिए भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। उत्तर प्रदेश सरकार भी इसके सफलता के लिए प्रयासरत है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (उच्च शिक्षा), उत्तर प्रदेश सरकार के उद्देश्यों पर चर्चा की। इसके साथ ही अपरेंटिसशिप अधिनियम के विविध आयामों पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि सभी लोग नौकरी चाहते है पर नौकरी के लिए जो तैयारी है वह नहीं करते। जब तक परिश्रम से किसी कार्य को नहीं सीखते तब तक आपको एक अच्छी नौकरी नहीं मिल सकती। सरकार का यह प्रयास है कि पढाई के साथ कैसे आपको रोजगार मिले। उन्होंने शिक्षुता के लिए आवेदन करने की पूरी प्रक्रिया समझाई। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि अपने व्यवहार से आप शिक्षा जगत में आगे बढ़ सकते है, सरकार द्वारा चलाए गए योजनाओं से हमें जुड़ना चाहिए। हमारे विद्यार्थी इस योजना से जुड़ेंगे तो निश्चित रूप से उन्हें लैब मिलेगा।परीक्षा नियंत्रण डॉ विनोद कुमार सिंह ने कहा कि सबसे पहले हमें वर्तमान समय के साथ चलना चाहिए, भूत से आप सीखिए और भविष्य के लिए सोचे, उन्होंने कहा कि कुछ पाने के लिए कुछ खोना नहीं करना पड़ेगा।वित्त अधिकारी प्रो अजय प्रताप सिंह ने कहा विश्व के कई देशों में शिक्षुता योजना चलाई जा रही है जिसके सकारात्मक परिणाम मिले है। कार्यक्रम के उद्देश्यों पर ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अविनाश पाथर्डीकर ने प्रकाश डाला। संचालन डॉ नितेश जायसवाल ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो.राघवेंद्र पाण्डेय, डॉ.कर्मचन्द यादव, डॉ. गंगेश दीक्षित, डॉ. नीलेश सिंह, श्याम त्रिपाठी सहित विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

## महाकुंभ से लौट रही कार गहरे गड्ढे में गिरी, पांच घायल

**जौनपुर (जफराबाद)** क्षेत्र के जैतपुरा गांव के समीप स्थित जोगीबीर बाबा मंदिर के पास शुक्रवार की भोर में प्रयागराज से महाकुम्भ से लौट रही कार सड़क के नीचे 20 फिट गहरे गड्ढे में गिर गयी।कार में सवार पांच लोग घायल हो गए।फिलहाल किसी की चोट गम्भीर नही बतायी जा रही है।

जलालपुर क्षेत्र के दलपतपट्टी गांव के निवासी डॉ एस के यादव महाकुंभ स्नान करके परिवार के साथ कार से घर आ रहे थे। वे खुद कार चला रहे थे।बताया जाता है उनको ऊक्त स्थान पर झपकी आ गयी। झपकी आते ही कार जोगीबीर बाबा पूल के अप्रोच सड़क से 20 फिट गहरे गड्ढे में गिर गयी। जिससे कार में सवार सभी पांचों लोग घायल हो गए।जब कार नीचे गयी तब वहां मौजुद एक व्यक्ति ने शोर मचाकर लोगों को बुलाया।आनन फानन में भारी संख्या में स्थानीय लोग जमा हो गए।उन लोगों ने घायलों के परिजन को सूचना दिया।परिजन तत्काल मौके पर आए और उन्हें निजी अस्पताल ले गए। जहां सभी का उपचार चल रहा है।

# बकरी अनुसंधान संस्थान द्वारा संचालित परियोजना में बकरी वितरण

अवधनामा संवाददाता



**बाँदा।** राष्ट्रीय पशुधन मिशन द्वारा वित्त पोषित परियोजना बुंदेलखंड क्षेत्र में बकरी मूल्य श्रृंखला का विकास के अंतर्गत केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान मखदूम, मथुरा ने पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में परियोजना के लाभार्थियों को मल्टीप्लायर स्कीम के अंतर्गत बकरी झुण्ड यानी कुल 14 बकरी एवं बकरा का वितरण किया गया तथा उनके पोषण के लिए बकरी दाना एवं मिनरल मिक्सचर प्रदान किया गया। जिसमें विकास खण्ड बड़ोखर खुर्द, बबेरू एवं तिंदवारी जनपद बांदा तथा कबरई विकास खण्ड महोबा के चार उन्नतशील बकरी पालक प्रमुख हैं जो कि पहले से परियोजना में चयनित हैं। इस अवसर पर बकरी पालकों को बकरियों के पोषण, सर्दियों में स्वास्थ प्रबंधन, कृत्रिम गर्भाधान का महत्व, नस्ल और प्रजनन प्रबंधन, सामान्य प्रबंधन एवं सफल विपणन आदि पर जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशक डॉ. एन.के. बाजपई ने विश्विद्यालय के प्रसार कार्यक्रमों के बारे में किसानों को बताया तथा कहा, कि बुन्देलखण्ड को गोट लैंड कहा जाता है क्योंकि यहा बकरी के लिए अनुकूल परिस्थितियां और चारागाह हैं। इस तरह की परियोजनाओं को बुंदेलखंड क्षेत्र की बकरी संपदा के लिए बहुउपयोगी एवं आवश्यक बताया। विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विद्यालय के सहायक प्राध्यापक डा.मयंक दुबे ने बकरियों में अतः प्रजनन की समस्या एवं उनके समाधान पर चर्चा की। इस अवसर पर संस्थान के परियोजना कर्मी संदीप कुमार ने कृषकों को परियोजना के उद्देश्यों एवं इस वर्ष होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही कार्यक्रम के अंत में परियोजना के लाभार्थियों को बकरी दाना एवं मिनरल मिक्सचर वितरित किया गया। इस कार्यक्रम का क्रियानवहन परियोजना के अन्वेषक डा.अनुपम कृष्ण दीक्षित एवं सह अन्वेषकों के दिशा निर्देशानुसार परियोजना कर्मी संदीप कुमार एवं रामौतार द्वारा संपन्न किया गया।

## इंडियन थीएट्रिकल ट्रेडीशंस विषय पर मुख्य संबोधन का आयोजन

**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा इंडियन थीएट्रिकल ट्रेडीशंस विषय पर मुख्य संबोधन का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर जया कपूर, अंग्रेजी विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज आमंत्रित थीं। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो॰ आशिमा घोष के द्वारा मुख्य वक्ता के स्वागत से हुआ।मुख्य वक्ता प्रो॰ जय कपूर ने अपने संबोधन में इंडियन थीएट्रिकल ट्रेडीशंस के बारे में बात की उन्होंने बताया की किस तरह भारतीय नाट्य परंपरा ने पश्चिमी थिएटर को प्रभावित किया उन्होंने प्रोसीनियम थिएटर की खूबियां, रस सिद्धांत के उपयोग, तथा आजादी के द्वारा दौरान प्रचलित मराठी, बंगाली, पारसी, तथा लोक नाटक शाला पद्धति एवं ईपटा के विभिन्न विशेषताओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित कम्युनिकेटिव इंग्लिश प्रोग्राम, पीपीटी प्रेजेंटेशन, एवं लेटर राइटिंग कंपटीशन के पुरस्कार विस्तृत किए गए।

# पुलिस ने 24 वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण तथा वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने 24 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। थाना अतर्रा पुलिस ने 9, थाना बबेरू और पैलानी ने 4-4, थाना बिसंडा, कोतवाली नगर और कालिंजर ने 2-2 तथा थाना नरैनी पुलिस ने 1 वारंटी को गिरफ्तार किया। थाना अतर्रा पुलिस द्वारा गिरफ्तार वारंटीःनुइया पुत्र अंशू यादव निवासी आऊ, संतोष यादव पुत्र जग्गा यादव निवासी आऊ, भोदू तिवारी उर्फ अखिलेश तिवारी पुत्र बारेलाल निवासी सिमरिया कुशल, जयकिशोर पुत्र वासुदेव मौर्या निवासी खटौरा, विजयपाल पुत्र शिवबालक निवासी खटौरा, बच्चा पुत्र शिवबली यादव निवासी आऊ, रमइया पुत्र रामकृपाल उर्फ फटहा निवासी आऊ, बंदी यादव उर्फ बंदरिया पुत्र मुल्लू यादव निवासी पचोखर, लालबाबू पुत्र राजाराम निवासी अन्थुवा। थाना बबेरू पुलिस द्वारा गिरफ्तार वारंटीःउमाशंकर पुत्र संतू निवासी फुफुंदी, पप्पू उर्फ धर्मेंद्र पुत्र नरेश कुशवाहा निवासी फुफुंदी, सतीश उर्फ लंबे पुत्र रामभवन निवासी अछाह, रमेश ठेकेदार पुत्र स्व. जयकरन निवासी पडरी। थाना पैलानी पुलिस द्वारा गिरफ्तार वारंटीः चंद्रपाल पुत्र रामधनी केवट निवासी पैलानी डेरा, शिवनारायण पुत्र भिखुवा निवासी पंडवन डेरा इछावर, भूरा पुत्र सीताराम केवट निवासी पंडवन डेरा, राजू पुत्र रामलाल उर्फ रामगोपाल निवासी अलोना। थाना कालिंजर पुलिस द्वारा गिरफ्तार वारंटीः रामदास पुत्र कल्लू निवासी चंद्रपुरा, भइयन उर्फ देवीदीन पुत्र बल्दू निवासी चंद्रपुरा। थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार वारंटीः सोनू सोनकर पुत्र कल्लू सोनकर निवासी लोधा कुआं जोगिनी मंदिर के पास, दिनेश सोनी पुत्र रमाशंकर सोनी निवासी दुल थोक कस्बा। थाना बिसंडा पुलिस द्वारा गिरफ्तार वारंटीःसंजय पुत्र गयादीन निवासी तुलसी का पुरवा, बब्लू पुत्र रामसेवक निवासी हस्तम। थाना नरैनी पुलिस द्वारा गिरफ्तार वारंटीः वाजिद पुत्र आविद निवासी वार्ड नं. 9 शास्त्री नगर।

# कुष्ठ से विकलांग हुए लोगों की निःशुल्क सर्जरी की है व्यवस्था

**12 हजार रुपए की धनराशि दी जाती है, रहने और खाने की व्यवस्था मुफ्त**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** शासन के निर्देश के क्रम में जनपद में 30 जनवरी से 13 फरवरी तक कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ0 प्रभात कुमार ने गुरुवार को बदलापुर, नौपेड़वां, बख्शा आदि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का दौरा किया, जहां पर सभी आशा कार्यकर्ता, आशा संगिनी और डाक्टर लोग उपस्थित मिले। उन्होंने इन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से कुष्ठ रोग की समाज में स्थिति, कुष्ठ रोग के प्रति लोगों के मन में भ्रांतियां, उन भ्रांतियों को कैसे दूर किया जाए, भ्रांतियां दूर करने के लिए किन-किन उपायों को अपनाया जाए सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही रोग की सही जानकारी होने, संकोच न करने और जल्द से जल्द जांच कराकर इलाज शुरू करा देने के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करने का निर्णय लिया।

बख्शा ब्लाक के पंचायत भवन पर उन्होंने ब्लाक क्षेत्र के प्रधानों से मुलाकात कर उन्हें जागरूक किया। उन्हें बताया कि आप समाज के महत्वपूर्ण अंग हैं। आपकी कही बातों पर गांव वाले आसानी से अमल कर लेते हैं। उन्हें बताया कि कुष्ठ रोग के बारे में सही जानकारी होना, समय से इलाज हो जाना हमारे अभियान का प्रमुख हिस्सा है। लोग जागरूक रहें और समय से इलाज करा लें। जो लोग कुष्ठ रोग के कारण विकलांग हुए हैं, उनके लिए शासन ने राकेस्ट्राटिव सर्जरी की व्यवस्था की है। यह सर्जरी प्रयागराज जिले के नैनी तथा अयोध्या में उपलब्ध है। यह सर्जरी पूर्णतया निःशुल्क की जाती है और संबंधित मरीज को 12 हजार रुपए की धनराशि भी मिलती है। इतना ही नहीं रहने और खाने की व्यवस्था मुफ्त में रहती है। वहीं समाज कल्याण विभाग की ओर से कुष्ठ रोग से विकलांग हो चुके लोगों को तीन हजार रुपए पेंशन की व्यवस्था की जाती है।

# विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश आजमगढ़

अवधनामा संवाददाता




**आजमगढ़।** पूर्वान्चल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण के विरोध में आजमगढ़ के बिजली कर्मचारियों, विद्युत अभियन्ताओं एवं संविदा कर्मियों ने विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर प्रदेश व्यापी आन्दोलन के तहत आजमगढ़ के सिधारी हाइडिल कार्यालय के बाहर कार्यालय समय के बाद विभागीय कार्य सम्पादित कर सायंकाल बजे के बाद वृहस्पतिवार को बिजली के निजीकरण के विरोध में विरोध सभा कर मोमबत्ती जुलूस निकाल कर चेतावनी दी कि ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण के द्वारा प्रदेश की जनता को मोमबत्ती युग में लाने के ऊर्जा प्रबन्धन के प्रयास को किसी भी हालत में प्रदेश के बिजली कर्मचारी पूरा नहीं होने देंगे। दिनांक 01 फरवरी 2025 को लखनऊ में संयुक्त संघर्ष समिति के सभी घटक, श्रम संघों सेवा संगठनों की केन्द्रीय कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक कर आगे के कार्यक्रम घोषित किये जायेंगे तथा माननीय मुख्यमन्त्री, उत्तर प्रदेश सरकारसे अपील किया कि निजीकरण की प्रक्रिया हेतु जारी की गयी टेण्डर नोटिस को तत्काल निरस्त करने की कृपा करें। सभा की दुर्वाष प्रजापति ने की तथा संचालन प्रभु नारायण पाण्डेय प्रेमी, संयोजक, उ0प्र0 विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, आजमगढ़ ने किया एवं सैयद मुनौव्वर अली, ई0 उपेन्द्र नाथ चौरसिया, ई0 विक्रम वीर सिंह, रोशन यादव, काशी नाथ गुप्ता, रवि शंकर गुप्ता, अभिषेक श्रीवास्तव आदि ने सम्बोधित किया एवं विरोध सभा में उपस्थित होकर कृपा शंकर पाठक, छोटे लाल, विरेन्द्र यादव, मो0 शाहिद अहमद, राजेश चौबे आदि आटो रिक्शा चालक समिति के नेताओं ने बिजली कर्मचारियों के निजीकरण के खिलाफकिये जा रहे आन्दोलन का समर्थन किया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 594 जोड़ों का विवाह संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**बाँदा।** समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन पं. जे.एन.पी.जी.कॉलेज ग्राउंड में किया गया। गायत्री परिवार के पुरोहितों ने पूरे रीति-रिवाज और मंत्रोच्चारण के साथ विवाह संपन्न कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, विधायक नरैनी ओम मणि वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासु गुप्ता, जिलाधिकारी जे.रीभा, अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार एवं अमिताभ यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान 594 जोड़ों का विवाह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिनमें 7 अल्पसंख्यक जोड़ों का निकाह भी रीति-रिवाज के साथ कराया गया। राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवारों की बेटियों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। इस योजना के तहत दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के साथ आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता दी जा रही है। सरकार ने इस योजना की सहायता राशि 31 हजार से बढ़ाकर 51 हजार रुपये कर दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और विवाह तक की जिम्मेदारी उठा रही है। इस दौरान मिशन शक्ति योजना, कन्या सुमंगला योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना एवं जननी सुरक्षा योजना जैसी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल ने कहा कि सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी जे.रीभा ने नवदम्पतियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार राज, व्यापार मंडल के मनोज जैन, नगर पंचायत अध्यक्ष बबेरू विवेकानंद गुप्ता, समाज कल्याण अधिकारी अभिषेक कुमार अवस्थी, डीसी एनआरएलएम, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीनू सिंह, सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अर्चना भारती ने किया।

## प्रवासी भारतीय जबरन और अन्यायपूर्ण अमानवीय व्यैहार के विरोध में किया प्रदर्शन




**आजमगढ़।** आजमगढ़ कांग्रेस ने निवर्तमान शहर अध्यक्ष मोहम्मद नजम शमीम के नेतृत्व में अमेरिका द्वारा प्रवासी भारतीय जबरन और अन्यायपूर्ण अमानवीय तरीके से भारत भेजना उस पर भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौन स्थिति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। हमारे नागरिकों का अमेरिका द्वारा निष्कासन से सभी आर्थिक संकट का शिकार हुए हिरासत में उन्हें अपमानजनक व्यवहार झेलना पड़ा, और पूरी यात्रा के दौरान हथकड़ियों में रखा गया। यह हमारे नागरिकों की गरिमा पर सीधा हमला है। नजम ने कहा की केंद्र में भाजपा सरकार पूरी तरह विफल रही है। इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाये जाने के बजाय इसे सही ठहराने में लगी है। यह हमारे नागरिकों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा में सरकार की अक्षमता को दर्शाता है। हमारी मांग है कि भारत सरकार तुरंत इस प्रकरण में हस्तक्षेप करें और जो भी भारतीय अमेरिका में बचे हुए हैं उन्हें सासम्मान अपनी वायुयान व्यवस्था देकर बुलाया जाए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अपनी चुप्पी तोड़ते हुए अमेरिका को लाल आंख दिखाकर इसका कड़ा विरोध करें नहीं तो भारत की जनता इन्हें माफ नहीं करेगी। निवर्तमान प्रदेश महासचिव अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि भारत के इतिहास में हमारे नागरिक पहली बार इस तरह शर्मसार हुए देश की जनता भाजपा सरकार की निष्क्रियता खुली आंखों से देख रही है जनता इन्हें माफ नहीं करेगी भारत सरकार को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए। कार्यक्रम मे सर्वश्री अवधेश कुमार सिंह, मोहम्मद नजम शमीम, बेलाल अहमद बेग, मुन्नू यादव, शीला भारती, रामगणेश प्रजापति, संदीप कपूर, पूर्णमासी प्रजापति, शाहिद खान,रियाजुल हसन, गिरीश चतुर्वेदी,रामप्यारे यादव, मुन्नू मौर्य, जोगिंदर यादव,बालचन्द राम, वीरेंद्र चौहान,प्रदीप यादव, प्रमोद यादव, मन्तराज यादव, उमेशचंद गौतम, आदि लोग उपस्थित रहे।

## हज़रत सैयद गाज़ी रब्बानी साहब का वार्षिक उर्स होगा आज 8 फरवरी को

**बाँदा।** विश्व विख्यात धार्मिक एवं आध्यात्मिक गुरु हज़रत सैयद गाज़ी रब्बानी साहब का वार्षिक उर्स कल 8 फरवरी, शनिवार को हिरा मॉडल स्कूल के पास स्थित उनके आस्ताना कैंपस में संपन्न होगा। छोटे हजरत के नाम से विख्यात शख्सियत के उर्स में देश भर से हजारों अकीदतमंद शिरकत करेंगेइस कार्यक्रम में सुबह कुरान का पाठ, इसके बाद नात, असर के बाद मजार पर गुलपोशी, और शाम मजार पर हल्का वजीफा के बाद रात को धार्मिक गुरुओं द्वारा तकरीर और नात पाक कही जाएंगी। उक्त जानकारी देते हुए सज्जादा नशीन शाहिद मियां ने बताया कि कुल शरीफ की फतेहा रात को ठीक 10:35 पर संपन्न होगा। व्यवस्था को संचालित कर रहे अबरार मियां, महमूद मियां, नवाब रब्बानी ने बताया कि बाहर से आए सभी लोगों के बैठने और खाने पीने का इंतेज़ाम भी अकीदतमंदों ने किया है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**एसी 25000 वोल्ट कर्षण को चालू करना सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी"**

जनसाधारण की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि पूर्वोत्तर रेलवे के करनैलगंज–घाघराघाट सेक्शन की विद्युतीकृत तीसरी लाइन पर 25000 वोल्ट ए.सी. विद्युत कर्षण आरंभ करने के लिए, सभी समपारों पर सड़क सतह से 4.78 मीटर की स्पष्ट ऊँचाई पर गेजें लगाई गई हैं ताकि बहुत अधिक ऊँचाई वाले लोडेड सड़क वाहन को विद्युतमय कर्षण तार की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क में आने से रोका जा सके। जनसाधारण को एतद्वार अधिसूचित किया जाता है कि सड़क वाहनों के लदान के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊँचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहन में ढोए जा रहे लोड से किसी भी स्थिति में ऊँचाई गेजों का अतिक्रमण न करें। अत्यधिक ऊँचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार हैं:– 1. ऊँचाई गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा। 2. वाहन पर ले जाई जा रही सामग्रियों या उपस्कर को खतरा। 3.चालकों की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क के कारण आग लगने का खतरा और जीवन की हानि का खतरा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण
मुजाधि/विद्युत–236 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम की अध्यक्षता में निःशुल्क टैबलेट/स्मार्ट फोन वितरण की अद्यतन प्रगति के सम्बन्ध में बैठक संपन्न



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निःशुल्क टैबलेट/स्मार्ट फोन वितरण की अद्यतन प्रगति के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वामी विवेकान्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत पिछले वर्ष के टैबलेट/र्स्माट फोन को पात्र पंजीकृत छात्रों में शत-प्रतिशत वितरण नही कराये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि 07 दिन के भीतर सभी महाविद्यालयों में पात्र पंजीकृत छात्रों में टैबलेट/र्स्माट फोन वितरण कराना सुनिश्चित किया जाए अन्यथा उनके मान्यता निरस्तीकरण करने पर विचार किया जाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि अवशेष टैबलेट/स्मार्ट फोन वितरण के सम्बन्ध में सभी महाविद्यालयों के प्रबंधक और प्रधानाचार्यो की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक 10 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे पूर्वान्चल विश्वविद्यालय के संगोष्ठी भवन में आहूत की जाए। बैठक में प्रतिभाग न करने वाले महाविद्यालयो के विरूद्ध विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाएगी। बैठक में ज्वाइट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ट, वरिष्ठ कोषाधिकारी उमाशंकर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### भारतीय प्रवासियों के साथ हुआ आतंकवादी जैसा व्यवहार अत्यंत दुःखद- कांग्रेस

**प्रयागराज।** अमेरिका सरकार द्वारा भारतीय प्रवासियों के साथ हुआ दुर्व्यवहार पूर्ण कृत्य से देश की सबसे पुरानी और राष्ट्र तथा राष्ट्रीय नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षा करने वाली भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी को भी गहरा दुःख हुआ है। जिसके कारण आज महानगर कांग्रेस कमेटी प्रयागराज के अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन के नेतृत्व में धरना स्थल सिविल लाइंस प्रयागराज पर अमेरिका के इस दुष्कृत्य के विरोध में आ विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन में महानगर कांग्रेस कमेटी प्रयागराज के अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन ने कहा कि भारतीय प्रवासियों के साथ अमेरिका के इस दुर्व्यवहार से भारत की छवि विश्व पटल पर धूमिल हुई है। भारत की वर्तमान भाजपा सरकार अमेरिका के आगे नतमस्तक हो गई है, क्योंकि छोटा सा देश कोलंबिया और मैक्सिको ने अपने अपने प्रवासियों को लेकर आए अमेरिका के सैनिक जहाज को उतरने नहीं दिया। उनको वापस अमेरिका भेज दिया लेकिन भाजपा सरकार के मुखिया सबसे बड़े राष्ट्रवाद का चोला ओढ़े हुए है, अपने देश के नागरिकों को ससम्मान वापस नहीं ला पाये। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार की विदेशनीति ही नहीं आर्थिक और रक्षा नीति में भी फिसड्डी साबित हुई है।

### 23 ओवर लोडिंग वाहनों को जनपद के विभिन्न स्थानों में थानों में किया गया निरुद्ध

**बाँदा।** जिलाधिकारी जे.रीभा.के कुशल निर्देशन में एआरटीओ शंकर सिंह द्वारा के विभिन्न क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया7जिसमें टैक्स बकाया, बिना परमिट, परमिट शर्तो के विरोध, बिना फिटनेस, बिना एच एसआरपी नंबर के, ओवरलोडिंग वाहनों के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत ऐसे 11 वाहनों को ध्यान कोतवाली एवं मंडी समिति पुलिस चौकी में निरूद्ध किया गया एवं वहीं 12 विभिन्न प्रकार के वाहनों को थाना पैलानी/जसपुरा में निरुद्ध किया। इस प्रकार कुल 23 से अधिक वाहनों को निरुद्ध किया गया। एआरटीओ प्रशासन शंकर सिंह ने बताया, कि यह अभियान शासन की मनसा की अनुरुप जिलाधिकारी के निर्देशन में निरंतर चलाया जाएगा। कोई भी वाहन बिना परमिट, फिटनेस, ओवरलोडिंग, बिना उचित दस्तावेजों की स्थिति में सड़कों पर न चलाएं एवं किसी भी प्रकार की कार्यवाही से बचें।

## महिला पुलिसकर्मियों की सुनी समस्याएं

**बाँदा।** मिशन शक्ति अभियान को अधिक प्रभावी बनाने और महिला पुलिसकर्मियों की समस्याओं के निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में मासिक गोष्ठी का आयोजन पुलिस लाइन सभागार में किया गया। गोष्ठी में जनपद के सभी महिला उपनिरीक्षक एवं महिला पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनी गई और उनके निस्तारण के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने स्कूलों, कॉलेजों, गांवों और कस्बों में अधिक से अधिक कार्यशालाएं आयोजित करने के निर्देश दिए ताकि मिशन शक्ति अभियान को जमीनी स्तर पर अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इसके उपरांत महिला संबंधी अपराधों के उत्कृष्ट विवेचना कार्य और मिशन शक्ति अभियान में प्रभावी भूमिका निभाने वाली 21 महिला पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया।

# मिनिस्टीरियल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्टमेन्ट उत्तर प्रदेश जनपद शाखा-आजमगढ़ के चुने गये पदाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** मिनिस्टीरियल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्टमेन्ट उत्तर प्रदेश जनपद शाखा-आजमगढ़ का द्विवार्षिक अधिवेशन चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें कार्यालय अधिशासी अभियनता शारदा सहायक खण्ड-32, आजमगढ़ के संघ भवन सिविल इंजिनियर संघ आजमगढ़ के प्रांगण में मिनिस्टीरियल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्टमेन्ट उत्तर प्रदेश जनपद शाखा-आजमगढ़ का चुनाव में मुख्य अतिथि के रूप में रामलाल यादव प्रान्तीय अध्यक्ष मिनिस्टीरियल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्टमेन्ट उत्तर प्रदेश लखनऊ अध्यक्षता में चुनाव सम्पन्न कराया गया। जिसमें निम्न पदाधिकारी निर्वाचित घोषित हुए। जिसमें आरिफ संयोजक सरक्षक ,बृजेश कुमार श्रीवास्तव संयोजक सरक्षक ,राजाराम जनपद अध्यक्ष, प्रभाकर राय कार्यवाहक, अध्यक्ष, संजय, चौहान, वरिष्ठ, उपाध्यक्ष, साहबुद्दीन, वरिष्ठ, उपाध्यक्ष, शेषनाथ यादव महामंत्री पातालीश चन्द्र यादव कोषाध्यक्ष, अमरजीत यादव, संयुक्त मंत्री, मूरतराम चने गाएं। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आडिटरमुख्य अतिथि के रूप में प्रान्तीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ एवं प्रान्तीय अध्यक्ष मिनिस्टीरियल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्टमेन्ट उत्तर प्रदेश लखनऊ ने अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए कहा कि कर्मचारियों शिक्षकों की पुरानी पेंशन बहाली के लिए हमलोग लगातार राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार से धरना के माध्यम से एवं रैली के माध्यम से सरकार को चेता रहा है। अगर पुरानी पेंशन बहाली होने तक संघर्ष जारी रहेगा एवं लिपिकों को वेतन विसंगति तथा कनिष्ठ सहायक का न्यूनतम ग्रेड पे 2800 किया जाये। चतुर्थ श्रेणी के पदों की रोकी गयी भर्ती तत्काल बहाल किया जाए। सरकारी सेक्टरों में संविदा पर कार्य कर रहे कर्मचारियों को न्यूनतम 24000 दिया जाए। इनकों राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए, जो केन्द्र सरकार द्वारा 8वों वेतन आयोग समिति की जो घोषणा हुई है उसमें कर्मचारियों की वेतन सुधार के साथ-साथ वेतन विसंगति को दूर किया जायेगा, अन्य पर विचार किया गया। अधिवेशन में निम्न लोग उपस्थित रहें, उदयभान, रजनीश राय, मनोज सिंह यादव राजाराम, शेषनाथ यादव, योगेन्द्र कुमार, शहाबुद्दीन, लल्लन प्रसाद, प्रभाकर राय, साधना, बबीता, नूरफतमा, अरिवन्द्र प्रसाद, रामअकबाल सिंह, संतोष सोनकर, सुनील चौधरी, दिवाकर राम, अनिल कुमार, संजय चौहान, ध्रुव प्रकाश सिंह, रणजीत यादव, आदि लोग उपस्थित थे।

# वैलेंटाइन्स डे पर प्यार और सेहत का अनोखा तोहफाः इस बार दीजिये कैलिफोर्निया आमंड्स!

**नई दिल्ली।** भारत में वैलेंटाइन्स डे को प्यार और अपने प्रियजनों की देखभाल का प्रतीक माना जाता है। इस खास दिन पर अगर आप कोई ऐसा उपहार देना चाहते हैं, जो आपकी भावनाओं के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य का भी ख्याल रखे, तो कैलिफोर्निया आमंड्स से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। यह न सिर्फ स्वादिष्ट और कुरकुरे होते हैं, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होते हैं। इन बादामों में मौजूद पोषक तत्व न केवल संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं, बल्कि यह दर्शाते भी हैं कि आप अपने अपनों की सेहत की कितनी परवाह करते हैं।




कैलिफोर्निया आमंड्स में 15 जरूरी पोषक तत्व होते हैं, जिनमें विटामिन ई, मैग्नीशियम, डाइटरी फाइबर, सेहतमंद फैट्स और प्रोटीन शामिल हैं। इन्हें ष्किंग ऑफ नट्सष् भी कहा जाता है, क्योंकि यह शरीर को कई तरह से लाभ पहुंचाते हैं। रोजाना थोड़ी मात्रा में बादाम का सेवन करने से दिल की सेहत को बढ़ावा मिलता है, वजन नियंत्रण में मदद मिलती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होती है। 200 से अधिक वैज्ञानिक अध्ययनों में साबित हो चुका है कि कैलिफोर्निया आमंड्स सेहत के लिए बेहतरीन विकल्प हैं। इन्हें अपनी दिनचर्या में शामिल करना बेहद आसान है और यह एक पूरी तरह से प्राकृतिक और पौष्टिक विकल्प भी हैं। इस वैलेंटाइन्स डे पर अपने प्रियजनों को स्वास्थ्य से भरपूर यह अनमोल तोहफा जरूर दें।

प्यार के मौसम में अपने प्रियजनों के प्रति देखभाल दिखाने का मतलब है उनकी सेहत का ध्यान रखना, और बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली खान ने इसी पर अपनी राय साझा की। उनका कहना है, मेरे लिए, प्यार का मतलब है उनके स्वास्थ्य का ख्याल रखना। मैं हमेशा यह सुनिश्चित करती हूं कि मेरा परिवार और मैं बैलेंस डाइट लें, जो प्राकृतिक और पौष्टिक हो, जैसे कैलिफोर्निया आमंड्स। ये बादाम सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं और इनमें जरूरी पोषकत्व भी होते हैं। बचपन से ही बादाम मेरी डाइट का हिस्सा रहे हैं और मैंने अपनी बेटी को भी यही आदत सिखाई है। इस बार हमें एक सेहतमंद तोहफा चुनना चाहिए और सेहत के लिए हानिकारक विकल्पों से बचना चाहिए।

मैक्स हेल्थकेयर की डायटीटिक्स की रीजनल हेड ऋतिका समद्दार ने भी इस बारे में कहा, ष्मैं हमेशा अपने मरीजों को रोजाना के आहार में मुट्ठीभर बादाम जैसे प्राकृतिक खाद्य पदार्थ शामिल करने की सलाह देती हूं।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने पेश किया विशेष पैकेज




**कानपुर।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने वरिष्ठ नागरिकों की विशिष्ट वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से अनूठी बैंकिंग सेवाओं और उत्पादों की एक विशेष श्रृंखला लॉन्च की है।इन सेवाओं में सीनियर सिटीज़न सेविंग्स अकाउंट और सीनियर सिटीज़न फिक्स्ड डिपॉजिट्सशामिल हैं, जो वरिष्ठ नागरिकों के लिए बेहतर, सुरक्षित और उनकी जरूरतों के अनुसार अनुकूलित वित्तीय समाधान प्रदान करने की बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। वरिष्ठ नागरिकों के लिए बैंक की पेशकश पर बात करते हुए, श्री चिन्मय धोबले, कंट्री हेड- रिटेल लाइबिलिटीज़ और ब्रांच बैंकिंग,ने कहा, हम अपने वरिष्ठ नागरिकों को खास महसूस कराना चाहते हैं और इसी सोच के साथ, उनके लिए नई और उपयोगी सेवाएँ लेकर आए हैं।

सीनियर सिटीज़न सेविंग्स अकाउंट में से हमने उन 30 से ज्यादा शुल्कों को खत्म कर दिया है, जो आमतौर पर सेविंग्स अकाउंट पर लगाए जाते हैं।

इसके साथ ही, हमने अपने सम्मानित वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक खास पैकेज तैयार किया है, जिसमें फिक्स्ड डिपॉजिट को समय से पहले तोड़ने पर कोई पेनल्टी नहीं होगी।

इसमें हेल्थ बेनेफिट्स, साइबर इंश्योरेंस और वरिष्ठ नागरिकों की जरूरतों के हिसाब से बनाई गई एक खास ऐप भी शामिल है।

# रुधिर आरोग्य इंस्टिट्यूट में मिलेगा रक्त विकार से पीड़ित रोगियों को ईलाज

**लखनऊ।** सामान्य और घातक सभी प्रकार के रक्त विकारों से पीड़ित रोगियों के उपचार की व्यवस्था अब राजधानी के रुधिर आरोग्य इंस्टिट्यूट ऑफ़ ब्लड डिसऑर्डर्स एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट केंद्र में मिलेगी। डॉ सुनील दबड़घाव सीनियर क्लिनिकल हेमेटोलॉजिस्ट और बोन मैरो ट्रांसप्लांट फिजिशियन ने बताया कि रुधिर आरोग्य इंस्टिट्यूट ऑफ़ ब्लड डिसऑर्डर्स एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट क्षेत्र में रोगी के लिए एकमात्र मैत्रीपूर्ण मॉड्यूल है, जो रक्त विकारों वाले रोगियों के लिए सस्ती लागत पर गुणवत्ता पूर्ण उपचार प्रदान करने को कटिबद्ध है एवं उत्तर प्रदेश और आस-पास के क्षेत्रों में रक्त विकारों और कैंसर देखभाल के भविष्य को समय और उपचार की लागत को अनुकूलित करके पुनर्परिभाषित करने के लिए तत्पर है। 'रुधीर आरोग्य इंस्टीट्यूट ऑफ ब्लड डिसऑर्डर्स एंड बोन मैरो ट्रांसप्लांट' 4वीं मंजिल, ओ पी चौधरी अस्पताल, उत्रेठिया, रायबरेली रोड, लखनऊ में स्थित है, और यह वयस्कों और बच्चों में पाए जाने वाले ITP, अप्लास्टिक एनीमिया, ल्यूकेमिया, लिंफोमा, मल्टीपल मायलोमा और कई अन्य सौम्य और घातक रक्त विकारों का गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करता है, साथ ही आवश्यकतानुसार बोन मैरो ट्रांसप्लांट भी करता है, जो सस्ती दरों पर उपलब्ध है। यह केंद्र पिछले 2 वर्षों से कार्यरत है और पिछले 4 महीनों में डॉ. सुनील दबड़घाव की विशेषज्ञ निगरानी में 5 बोन मैरो ट्रांसप्लांट किए गए हैं।




'रुधिर आरोग्य इंस्टिट्यूट ऑफ ब्लड डिसऑर्डर्स एंड बोन मैरो ट्रांसप्लांट' सभी प्रकार के बोन मैरो ट्रांसप्लांट करने में विशेषज्ञता रखता है, अर्थात्; ऑटोलॉगस, एलोजेनिक और हैप्लो आइडेंटिकल (आधा मिलान के साथ)। सामान्य परिस्थितियों में, ऑटोलॉगस ट्रांसप्लांट की अनुमानित लागत (लगभग रु.) 4.5 से 5.5 लाख है और एलोजेनिक ट्रांसप्लांट की लागत लगभग रु. 8 से 10 लाख है, जो सरकारी अस्पतालों में होने वाले खर्चों के बराबर है। केंद्र सामान्य नागरिक की पहुंच में उपचार लाने के लिए पी एम जे वाई और मुख्यमंत्री राहत कोष जैसी सरकारी योजनाओं के माध्यम से समर्थन प्रदान करता है।

# न्यूरोबियन का सबसे बड़ा बी अभियान




**लखनऊ।** लगभग आधे भारतीय वयस्क विटामिन-बी की कमी के लक्षणों से पीड़ित हैं[1] जिसमें झुनझुनी, सुन्नता और कमजोरीजैसे लक्षण शामिल हैं। यह कमजोर तंत्रिका स्वास्थ्य के कारण हो सकता है, जिसे पेरिफेरल न्यूरोपैथी के रूप में जाना जाता है। विशेष रूप से, ये सूक्ष्म लक्षण अक्सर पकड़ में नहीं आते हैं, जिसके परिणामस्वरूप लाखों लोग तंत्रिका क्षति के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं। स्वस्थ तंत्रिकाओं को बनाए रखने के महत्व पर लोगों को शिक्षित करने के उद्देश्य से , भारत के #1 तंत्रिका देखभाल ब्रांड न्यूरोबियन ने अपना नया अभियान - सबसे बड़ा बी शुरू किया है।यह अभियान विटामिन बी के लाभों और तंत्रिका क्षति के शुरुआती लक्षणों के बारे में व्याप्त ज्ञान की कमी को पूरा करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की दिशा में एक अगला कदम है। महान अभिनेता श्री अमिताभ बच्चन, जिन्हें प्यार से बिग-बी के नाम से भी जाना जाता है, के साथ यह अभियान सामान्य विटामिन-बी गोलियों के मुकाबले न्यूरोबियन की विटामिन-बी की गोलियों की तिगुनी ताकत को प्रदर्शित करता है। पीएंडजी हेल्थ इंडिया के प्रबंध निदेशक मिलिंद थट्टे ने कहा, भारत में, कई लोग तंत्रिका संबंधी समस्याओं और इससे जुड़े झुनझुनी, सुन्नता और कमज़ोरी के लक्षणों का निदान तब तक टालते रहते हैं जब तक कि वे असहनीय न हो जाएं।

# मराठा गौरव के लिए एक शानदार गीत; विक्की कौशल की फिल्म छावा से ए.आर. रहमान का 'आया रे तूफ़ान' अब रिलीज़ हो गया है!

ट्रेलर और पहले गाने जाने तू को मिली शानदार प्रतिक्रिया के बाद, टीम ने बहुप्रतीक्षित ऐतिहासिक महाकाव्य 'छावा' का दूसरा गाना 'आया रे तूफ़ान' लॉन्च किया। अकादमी पुरस्कार विजेता ए.आर. रहमान द्वारा रचित और गाया गया यह विद्युतीय गीत भारत के सबसे निडर राजाओं में से एक के राज्याभिषेक के लिए एक रोमांचकारी गीत है। दूरदर्शी दिनेश विजान और मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित, छावा का निर्देशन लक्ष्मण उटेकर ने किया है और इसमें विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना ने क्रमशः छत्रपति संभाजी महाराज और महारानी येसुबाई की शक्तिशाली भूमिकाएँ निभाई हैं।

इस गाने को विक्की कौशल और निर्देशक लक्ष्मण उटेकर ने प्रशंसकों और मीडिया के एक बड़े समूह के सामने संभाजीनगर में लॉन्च किया। यह फिल्म 14 फरवरी 2025 को दुनिया भर में रिलीज़ होने वाली है।

ए.आर. रहमान और वैशाली सामंत ने अपनी आवाज़ दी है और इरशाद कामिल और क्षितिज के भावपूर्ण बोलों के साथ, आया रे तूफ़ान मराठी लोक तत्वों, पारंपरिक वाद्ययंत्रों और लेज़िम की लय से भरपूर है। यह गीत एक योद्धा राजा के राज्याभिषेक की भव्यता को दर्शाता है, जिसकी विरासत आग और स्टील में उकेरी गई है। स्क्रीन पर चमकने वाली तीव्रता के साथ एक विशाल पैमाने पर शूट किया गया, यह गीत संयोग से छत्रपति संभाजी महाराज के वास्तविक राज्याभिषेक की तारीख़ पर ही फ़िल्माया गया था।




ए.आर. रहमान ने कहा कि आया रे तूफ़ान एक युग का आह्वान है; यह छत्रपति संभाजी महाराज की अडिग भावना को एक शानदार श्रद्धांजलि है। जब मैंने इस गीत की रचना करने का फैसला किया, तो मेरा विचार मराठा दहाड़ को उसके सबसे भव्य, सबसे विद्युतीय रूप में सामने लाना था, जो आत्मा में गूंजता हो। इस रचना में हर धड़कन, हर नोट, हर युद्ध की पुकार कुछ आदिम, शक्तिशाली और उत्सवपूर्ण जगाने के लिए है - मुझे खुशी है कि यह। विक्की कौशल ने कहा, ÷आया रे तूफ़ान प्रकृति की एक आदिम शक्ति है। सेट पर मौजूद हर एक व्यक्ति ने छत्रपति संभाजी महाराज की पवित्र विरासत का सम्मान करने के लिए अपना दिल, खून और पसीना बहाया। यह हमारे लिए सिर्फ़ एक गाना नहीं था; यह एक ज़िम्मेदारी थी, एक आह्वान था। आया रे तूफ़ान एक बहुत बड़ी उपलब्धि है - एक ऐतिहासिक प्रतीक का राज्याभिषेक, और इसे जीवंत करने में सक्षम होना शब्दों से परे एक सौभाग्य है। मुझे गर्व है कि महान ए.आर. रहमान सर ने अपनी मंत्रमुग्ध कर देने वाली रचना और दमदार आवाज़ के साथ इस गान को आगे बढ़ाया है, जो बेमिसाल बहादुरी के युग का आह्वान करता है।

# टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने स्मार्ट पेंशन सिक्युर प्लान लॉन्च किया

**मुंबई।** करियर में आ रहे नए-नए बदलाव और बढ़ती हुई जीवन प्रत्याशा के साथ, भारत में आज के दौर का वर्कफोर्स ऐसे समाधानों की तलाश कर रहा है जो पारंपरिक रिटायरमेंट प्लानिंग से परे हों। चाहे वह स्न्ढ्ढन्न्श्च (फाइनेंशियल इंडिपेंडेंस रिटायर अर्ली) पीढ़ी हो, महत्वाकांक्षी उद्यमी हों या करियर में बदलाव करने वाले व्यक्ति हों, रिटायरमेंट प्लानर एक मज़बूत रिटायरमेंट कॉर्पस को सुरक्षित करने के लिए स्मार्ट तरीकों को प्राथमिकता दे रहे हैं। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी 2021 के अनुमानों से पता चलता है कि 2050 तक, भारतीय पुरुषों और महिलाओं की जीवन प्रत्याशा औसतन 4-5 साल बढ़ेगी, यानी वे औसतन 76-80 साल की आयु तक जीवित रहेंगे। इसलिए आज के समय में अभिनव, लचीले और विकास-उन्मुख वित्तीय समाधानों की आवश्यकता पहले से कई ज़्यादा बढ़ गयी है।

इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए) ने स्मार्ट पेंशन सिक्योर प्लान लॉन्च किया है। यह एक अभिनव यूनिट-लिंक्ड पेंशन प्लान है, जिसे नए जमाने की रिटायरमेंट ज़रूरतों के अनुरूप डिज़ाइन किया गया है। दूसरा स्वतंत्र आय स्त्रोत बनाने से लेकर सेवानिवृत्ति बचत को सुरक्षित करने तक, यह योजना डिजिटल सैवी और वित्तीय सुरक्षा और स्वतंत्रता चाहने वाले आधुनिक प्रोफेशनल्स की आकांक्षाओं को पूरा करती है।

**आज के दौर में स्मार्ट रिटायरमेंट प्लानिंग क्यों महत्वपूर्ण है**

लंबी जीवन प्रत्याशा- भारतीय पुरुषों और महिलाओं की जीवन प्रत्याशा 4-5 सालों से बढ़ने की यानी वे 76-80 वर्ष की आयु तक जीवित रहने की उम्मीद है।

# मैंडीज़ ने एक हाई-ऑक्टेन ट्रैक रिलीज़ किया, जो ताकत, हैसियत और बेबाक जीवन पेश करता है




**नई दिल्ली।** भारतीय संगीत में लोकप्रियता हासिल करते हुए मैंडीज़ ने अपना नया ट्रैक, 'कैसी बातें' पेश किया है। इसमें आत्मविश्वास, रवैया और आला दर्जे का जीवन दर्शाया गया है। यह गाना स्ट्रीट स्मार्ट के साथ लग्ज़री का मिलन कराता है, जिससे मैंडीज़ की दुनिया की झलक मिलती है, जिसमें ताकत, हैसियत और प्रशंसा जिंदगी का एक तरीका है। जीत की खुशी मनाना हो, या इसके वाईब को महसूस करना हो, 'कैसी बातें' अपनी संक्रामक ऊर्जा और बेबाक रवैये के साथ माहौल बना देता है।

मशहूर निर्माता हितेन द्वारा जबरदस्त बीट्स में तैयार किया गया मैंडीज़ का सिग्नेचर रैप फ्लो 'कैसी बातें' सफलता और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करता है। इसके बोल संबंधों और ड्रामा के बीच बगावती मजाक का बेहतरीन चित्रण करते हैं। समकालीन हरियाणवी आवाजों और बोल्ड थीम्स को मिलाकर उन्होंने लगातार अपने फैंस की संख्या बढ़ाई है। 'कैसी बातें' के साथ मैंडीज़ अपने संगीत को एक नए धरातल पर ले जा रहे हैं, जिससे एक ऐसी वाईब उत्पन्न हो रही है, जो साहसी, आत्मविश्वास से भी और बहुत दिलकश है। इस गीत में महत्वाकांक्षा के साथ बेहतरीन अंदाज और आत्मविश्वास का मिलन कराया गया है, जिससे यह उन लोगों के लिए परफेक्ट ट्रैक बन गया है, जो अपनी शर्तों पर जिंदगी जीते हैं।

मैंडीज़ ने कहा, ''कैसी बातें अपनी शर्तों पर जिंदगी जीने के बारे में है। यह उन लोगों का गीत है जो अपने महत्व को पहचानते हैं और उसे दिखाने में कोई झिझक महसूस नहीं करते। मैं कुछ ऐसा बनाना चाहता था, जो शक्तिशाली हो, जिसके साथ आपकी वाईब जुड़ सकें, फिर चाहे आप परिश्रम कर रहे हों या फिर अपनी जीत का जश्न मना रहे हों। मुझे उम्मीद है कि यह गीत सभी लोगों को बहुत पसंद आएगा।''

कैसी बातें के साथ मैंडीज़ ने एक जबरदस्त बैंगर पेश किया है, जो प्लेलिस्ट पर छा जाएगा। यह जहाँ भी चलेगा, वहाँ की ऊर्जा बढ़ जाएगी। फैंस को इसमें न केवल उनका सिग्नेचर स्वैगर मिलेगा, बल्कि यह हर किसी को अपनी संक्रामक बीट्स और निडर स्टोरीटैलिंग से उत्साहित कर देगा। कड़ी मेहनत हो या फिर जीत का जश्न, कैसी बातें आपके आत्मविश्वास को बढ़ाने और बेबाक साहस प्रदान करने के लिए परफेक्ट साउंडट्रैक है।

# एयरटेल पेमेंट्स बैंक रियल टाईम I4C इंटीग्रेशन के साथ लाईव होने वाला पहला पेमेंट्स बैंक बना

Payments Bank

**नई दिल्ली।** ग्राहक सुरक्षा को मजबूत बनाने की एक बड़ी पहल में एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपने सिस्टम को गृह मंत्रालय एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस के माध्यम से इंडियन साईबरक्राईम कोऑर्डिनेशन सेंटर के नेशनल साईबरक्राईम रिपोर्टिंग पोर्टल सिटिजन फाईनेंशियल साईबर फ्रॉड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम के साथ इंटीग्रेट किया है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक भारत में पहले चार बैंकों में से एक और पहला पेमेंट्स बैंक बन गया है, जिन्होंने यह इंटीग्रेशन स्थापित किया है। इससे फाईनेंशन फ्रॉड्स को रोकने और ग्राहकों को सुरक्षा प्रदान करने की एयरटेल पेमेंट्स बैंक की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है।यह एडवांस्ड API इंटीग्रेशन 1930 हैल्पलाईन सहित I4C, नेशनल साईबरक्राईम रिपोर्टिंग पोर्टल द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों के निपटान के लिए बैंक द्वारा किए जाने वाले मैन्युअल कार्यों को ऑटोमेट कर देगा। एयरटेल पेमेंट्स बैंक, I4C और गृह मंत्रालय के बीच हाथों-हाथ जानकारी साझा हो जाने से साईबरक्राईम शिकायतों का निपटान ज्यादा तेजी से और ज्यादा लॉजिकल प्रोसेसिंग द्वारा हो सकेगा। इससे I4C, गृह मंत्रालय को विभिन्न विवरण मिल सकेंगे, जिसमें शिकायतों की संख्या, मोबाईल नंबर, एकाउंट नंबर, दर्ज कराई गई फ्रॉड की राशि, ट्रांज़ैक्शन के संदर्भ आदि शामिल हैं। इस सिस्टम द्वारा बैंक तुरंत कार्रवाई करने में समर्थ बनेगा ताकि दर्ज कराए गए एकाउंट का दुरुपयोग फौरन रोका जा सके।गणेश अनंतनारायणन, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने इस प्रगति के बारे में कहा, ''एयरटेल पेमेंट्स बैंक ग्राहकों की सुरक्षा पर केंद्रित है। (I4C), गृह मंत्रालय के साथ हमारा इंटीग्रेशन फाईनेंशियल फ्रॉड्स को रोकने में आगे रहने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। साथ ही, इससे नेशनल साईबरक्राईम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज कराई गई शिकायतों का हाथों-हाथ निपटारा भी सुनिश्चित होगा।

# श्रेया और अबीर ने भावुक ट्रैकः 'जाने जाना' पेश किया

**नई दिल्ली।** नॉन-स्टॉप बेहतरीन गाने देने और संगीत की दुनिया में हलचल मचाने के बाद उभरते हुए गायकों, श्रेया जैन और अबीर ने अपना नया गीत, 'जाने जाना' पेश किया है। इसमें प्यार, पछतावे और आगे बढ़ने के खट्टी-मीठी चुभन के साथ वह सब कुछ है, जो आप सुनना चाहते हैं। 'जाने जाना' एक मीठा गीत है, जो हृदय में उसी जगह पर चोट करता है, जहाँ दर्द होता है। इस गीत में वह दर्दनाक लम्हा पेश किया गया है, जब आपको एहसास होता है कि आपके सामने आगे बढ़ने के अलावा कोई रास्ता शेष नहीं बचा है, जबकि आपके दिल में प्यार का एहसास अभी भी बाकी होता है। यह ट्रैक सही व्यक्ति के लिए है, जिसका दिल गलत समय पर टूटता है। यह गीत आपके दिल में लंबे समय के लिए बस जाएगा।

इस गाने के लिए श्रेया जैन और अबीर पहली बार साथ काम कर रहे हैं। श्रेया अटैक के साथ बॉलिवुड में कदम रखा था, जब उन्होंने क्लासिकल संगीत को आधुनिक लहजे में पेश किया। वहीं, अबीर वॉक अवे के लिए मशहूर हैं, जिन्होंने हिंदी और पंजाबी के मिश्रण से टूटे दिल के




संगीत को मधुर बना दिया है। जाने जाना में इन दोनों के साथ में गाने से एक भावनात्मक गहराई और मधुर संगीत उत्पन्न हुए हैं, जो बिल्कुल ऐसे महसूस होते हैं कि संगीत ने आपको अपने आगोश में ले लिया है। इसका हर शब्द दिल पर चोट करता है, वहीं कोरस उस पर मल्हम लगाता है। इस ट्रैक में छोड़कर जाने देने के सफर का चित्रण है, और इन दोनों की आवाज ने हर क्षण को यादगार बना दिया है।

श्रेया ने कहा, ''यह गाना हर उस व्यक्ति के लिए है, जिसने गहराई से प्यार किया है, और जिसके लिए छोड़कर जाना और ज्यादा गहरा अनुभव है। यह सीने में उस दर्द का बयाँ करता है, जो तब उत्पन्न होता है, जब आप जानते हैं कि सब कुछ खत्म हो गया है, लेकिन फिर भी किसी हिस्से में प्यार बाकी रह जाता है। जाने जाना यह एहसास कराता है कि कभी-कभी जाने देने का निर्णय सबसे साहसी होता है। इस गीत के लिए अबीर के साथ काम करके बहुत अच्छा लगा। उनकी ऊर्जा और अद्वितीय आवाज ने इसे खास बना दिया। मैं बेसब्री से इंतजार में हूँ कि आप भी इस सफर का अनुभव लें।''

अबीर ने कहा, ''मैं चाहता था कि यह गाना आपके देर रात के विचारों को पेश करे। और यह उस क्षण में तब्दील हो गया जब आप छत की ओर देखते हुए विचारों में खो जाते हैं। जाने जाना वो बंदिश है, जो जिसकी हम सभी को जरूरत है, लेकिन वो हमें मिल कभी नहीं पाती। श्रेया के साथ काम करने का अनुभव बहुत अच्छा था। वो बहुत प्रतिभाशाली हैं और इस ट्रैक में उन्होंने जो ऊर्जा लाई है, उससे हम कुछ ऐसा बना पाए, जो बिल्कुल नया और वास्तविक है।

# राज्यपाल ने राजभवन के प्रतिष्ठित फ्लावर शो में पुरस्कार विजेता श्रिपद रामायण संग्रह की सराहना की



**लखनऊ।** राजभवन, लखनऊ में आयोजित प्रतिष्ठित फ्लावर शो का शुभारंभ उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस भव्य आयोजन में प्रभु श्री राम लग्ज़री इन्सेंस द्वारा प्रस्तुत पुरस्कार विजेता श्रिपद रामायण संग्रह का विशेष प्रदर्शन किया गया।

श्रिपद रामायण संग्रह, जो कला, सुगंध और कहानी कहने की एक अनूठी शैली को प्रस्तुत करता है, को माननीय राज्यपाल द्वारा विशेष रूप से सराहा गया। उन्होंने इस संग्रह को रामायण की दिव्यता को सुगंध और धूप के माध्यम से जीवंत करने का एक सराहनीय प्रयास बताया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा- यह एक अद्भुत उपलब्धि है! श्रिपद रामायण श्रृंखला जिस तरह सुगंध और धूप के माध्यम से रामायण की गाथा को जीवंत करती है, वह अत्यंत सराहनीय है। यह न केवल हमारी सांस्कृतिक और कलात्मक विरासत को सहेजता है, बल्कि रामायण के ज्ञान को एक अत्यंत आकर्षक और प्रभावी तरीके से जन-जन तक पहुँचाता है।

राज्यपाल की सराहना इस संग्रह की सांस्कृतिक एवं कलात्मक महत्ता को प्रमाणित करती है और यह दर्शाती है कि यह भारतीय परंपराओं और मूल्यों को वैश्विक स्तर पर प्रचारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह संग्रह भगवान श्री राम के जीवन दर्शन को समर्पित है, जिसमें मिथिला की प्राचीन मधुबनी कला को संजोया गया है और रामायण के महत्वपूर्ण प्रसंगों जैसे राम की शिक्षा, स्वयंवर एवं रावण वध से प्रेरित सुगंधों को शामिल किया गया है। प्रशांत कुमार, सीएमडी, मोड रिटेल्स सेल्स एंड मार्केटिंग प्रा. लि., ने अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की यह सराहना हमारे लिए अत्यंत प्रेरणादायक है।

# सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल-वृंदावन योजना और मोहनलालगंज में नए परिसरों की घोषणा की गई

**लखनऊ।** भारत की अग्रणी के-12 स्कूल श्रृंखला, सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल्स ने लखनऊ में अपने नवीनतम सीबीएसई-पैटर्न 2 स्कूलों की स्थापना की घोषणा की है, जिससे प्रमुख शिक्षा में एक नया अध्याय शुरू हो गया है। पहले शैक्षणिक सत्र (2025-26) के लिए प्रवेश 05 फरवरी 2025 से शुरू होने वाले हैं, कक्षाएं अप्रैल 2025 में शुरू होंगी। अपने अभिनव दृष्टिकोण और पारंपरिक मूल्यों के साथ आधुनिक शिक्षाशास्त्र को जोड़ने वाली दृष्टि के लिए जाना जाने वाला, जयपुरिया स्कूल एक बेजोड़ शैक्षणिक अनुभव का वादा करता है। . पिछले दशक में, इस प्रतिष्ठित संस्थान को भारतीय शिक्षा कांग्रेस, श्वस्थ्वञ्जस्, स्कू न्यूज़, ष्ठद्बष्ट और अन्य प्रमुख संगठनों द्वारा भारत की सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक श्रृंखला के रूप में मान्यता दी गई थी। हाल ही में,




जयपुरिया को एजुकेशन वर्ल्ड द्वारा भारत का सबसे सम्मानित शिक्षा ब्रांड नामित किया गया था।

99त्न प्रथम श्रेणी छात्र सफलता दर में परिलक्षित उत्कृष्टता की विरासत के साथ, समूह गर्व से 60+ के-12 स्कूलों का संचालन करता है, जो 55,000+ छात्रों को सेवा प्रदान करता है और 3,000+ समर्पित शिक्षकों द्वारा समर्थित है। वृन्दावन योजना और मोहनलाल गंज परिसर कोई अपवाद नहीं होंगे, जो नवीन और आकर्षक गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला के माध्यम से शैक्षणिक प्रतिभा और समग्र विकास के लिए समान प्रतिबद्धता लाएंगे। वृन्दावन योजना और मोहनलाल गंज परिसरों में माता-पिता और छात्र एक ऐसे संस्थान की आशा कर सकते हैं जो आधुनिक दृष्टिकोण के साथ दिमागों का पोषण करता हो, भारतीय परंपराओं, मूल्यों में गहराई से निहित हो और वैश्विक मानसिकता से भरा हो!

जयपुरिया ग्रुप के वाइस चेयरपर्सन श्रीवत्स जयपुरिया ने शिक्षा के लिए अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए कहा, हम दृढ़ता से मानते हैं कि समग्र शिक्षा का लक्ष्य हमारे छात्रों को आवश्यक जीवन कौशल से लैस करना है। अपनी परंपराओं में गहराई से जुड़े रहते हुए, हम 21वीं सदी के लिए विश्व स्तर पर जिम्मेदार नागरिकों को आकार देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए सक्रिय रूप से अंतरराष्ट्रीय मानसिकता को बढ़ावा देते हैं। लगातार भारत के शीर्ष 10 में स्थान पाने वाले हमारे स्कूलों ने पिछले पांच वर्षों में उल्लेखनीय 99त्न प्रथम श्रेणी की सफलता दर हासिल की है, जिसमें छात्र न केवल शैक्षणिक रूप से बल्कि विभिन्न प्रकार की सह-पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारा अद्वितीय संस्कृत पाठ्यक्रम देवभाषा न केवल एक भाषा है बल्कि भारत की संस्कृति में निहित एक दर्शन है। हमारी दृष्टि आधुनिकता को सांस्कृतिक जड़ों के साथ जोड़ती है

# कॉमेडके यूनिगेज यूजीईटी की प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन की तारीख घोषित




**लखनऊ।** पिछले पांच दशकों में, कर्नाटक ने हायर एजुकेशन में अपने आप को हमेशा आगे रखा है, जिसने देश के सभी कोनों से बड़े बड़े सपने देखने वाले इंजीनियरों को आकर्षित किया है। राज्य में कई अच्छे कॉलेज हैं, जहां अलग-अलग तरह के कोर्स उपलब्ध हैं। यहां के छात्रों को अच्छी नौकरियां भी मिलती हैं। इस स्ट्रोंग एजुकेशन सिस्टम की वजह से स्किल्ड लोग तैयार हो रहे हैं, जो देश और विदेश में कामयाबी हासिल कर रहे हैं।

कॉमेडके यूजीइटी/यूनिगेज 2025 प्रवेश परीक्षा शनिवार, 10 मई, 2025 को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा कर्नाटक के 150 से ज्यादा इंजीनियरिंग कॉलेजों और देशभर के 50 से ज्यादा प्राइवेट और सेल्फ- फंडेड यूनिवर्सिटीज में प्रवेश के लिए होती है। इसे कुपेका (केयूपीईसीए) और यूनिगेज से जुड़े संस्थानों में बी.ई/बी.टेक में एडमिशन के लिए आयोजित किया जाता है। यह ऑनलाइन परीक्षा भारत के 200 से ज्यादा शहरों में 400 से अधिक सेंटर पर होगी। जिसमें यू पी के सेंटर आगरा, अलीगढ़, बरेली, ग़ाज़ियाबाद, गोंडा, गोरखपुर, झाँसी, कानपुर, लखनऊ, मथुरा, मेरठ, मोरादाबाद, मुजफ्फरनगर, नॉएडा ,प्रयागराज और वाराणसी में होंगे। इसमें 1,20,000 से ज्यादा छात्र शामिल हो सकते हैं।

# युवाओं को आत्मविश्वास और अनुशासन की प्रेरणा देती है स्काउटिंग : राहुल सिंह

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** शुक्रवार को भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद के तत्वाधान में आयोजित बीएड् परिचयात्मक शिविर और स्काउट गाइड शिविर शुक्रवार को शुरू हुआ। पीएम श्री राजकीय इंटर कालेज टीकरमाफी के प्रधानाचार्य राहुल सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिविर का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मेंद्र कुमार मिश्र प्राचार्य और विशिष्ट अतिथि डॉ अब्दुल हमीद (प्रवक्ता) पी एम श्री राजकीय इण्टर कॉलेज, टीकरमाफी, ने माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर इस समापन शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत डॉ प्रतीक त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष ने माल्यार्पण कर सभी अतिथियों का वाणी के माध्यम से स्वागत उद्बोधन किया। डॉ अब्दुल हमीद जी ने स्काउट और गाइड के महत्व को बताया और सेवा भावना से ओतप्रोत रहते हुए सेवा करने के प्रति सभी को जागरूक किया। राहुल सिंह ने कहा की स्काउटिंग एक स्वयंसेवी संगठन है जो युवाओं के भीतर शारीरिक, मानसिक और चारित्रिक विकास में अपना योगदान देती है एवं युवाओं में आत्मविश्वास और अनुशासन में रहने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि स्काउटिंग का प्रशिक्षण लोगों को सेवा और आत्मविश्वास बढ़ाने में सहयोग प्रदान करता है और सभी को अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु प्रेरित करता है। परिचयात्मक शिविर के मुख्य प्रशिक्षक- जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) शशांक यादव, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) श्रीमती रेणुका पांडेय व जिला ट्रेनिंग काउंसलर (स्काउट) मो. शकील खान, सचिन शर्मा और महाविद्यालय के परिसर के समस्त अध्यापक चंद्रदेव त्रिपाठी विभागाध्यक्ष डॉ प्रतीक त्रिपाठी , डॉ जनार्दन मिश्र प्रवक्ता, बृजेंद्र बहादुर सिंह प्रवक्ता, भास्कर प्रसाद त्रिपाठी प्रवक्ता बीएड आदि मौजूद रहे।

# अगले वर्षाकाल में पौधारोपण की तैयारी शुरू, विभागों को लक्ष्य आवंटित, 15 फरवरी तक भूमि चयन

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जुलाई 2025 में वृहद पौधारोपण को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। सभी पौधशालाओं में नये पौधे तैयार करने का काम शुरू हो गया है। जिला वृक्षारोपण, पर्यावरण और गंगा समिति की बैठक में इस वर्ष वर्षाकाल में 4364560 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शासन की ओर से इस वर्ष प्रदेश का वृहद पौधारोपण का लक्ष्य 35 करोड है।

वृक्षारोपण समिति की बैठक में सभी सरकारी विभागों को पौधरोपण का लक्ष्य आवंटित करते हुए डी एम निशा अनंत ने 15 फरवरी तक स्थल चयन करने के साथ नदियों के किनारे पौधरोपण,घाटों और पार्कों के निर्माण के भी निर्देश दिए हैं। पिछले वर्षा काल में जनपद में 4662000 पौधै लगाए गए थे। इस वर्ष वर्षाकाल में 4364560 पौधे लगाने का लक्ष्य है। इसमें से वन विभाग का लक्ष्य 2002400 है। पिछले वर्ष लगाए गए पौधों में से ग्राम समाज और बंजर की जमीनों पर लगाए गए 25 फीसदी से अधिक पौधे सूख गए हैं। वृक्षारोपण और पर्यावरण समिति की बैठक में डी एम ने पिछले कार्यों की समीक्षा की, आगे के लक्ष्य पर चर्चा हुई परंतु जिले में जल और वायु प्रदूषण के साथ भूमिगत जल संकट पर कोई चर्चा नहीं हुई। डीएम ने जल निगम के अधिशासी अभियंता इंजीनियर अनिल कुमार राव को एक सप्ताह के भीतर सभी स्कूलों में पानी की जांच कराने के निर्देश दिए हैं।



अगले वर्षा काल में पौधारोपण की तैयारी शुरू हो गई है। सभी पौधशालाओं में पौध तैयार किए जा रहे हैं। एक महीने शासन की ओर से नियुक्त जांच समिति ने पिछले वर्ष हुए पौधरोपण का स्थलीय सत्यापन किया था।वन विभाग की ओर से लगवाए गए 95 फीसदी पौधे जीवित हैं। पौधों की सुरक्षा के साथ प्रकृति को सुंदर बनाए रखना राज समाज दोनों की जिम्मेदारी है।

**रणवीर सिंह**
**डी एफओ, अमेठी**

### वायु प्रदूषण और भूमिगत जल संकट के खतरे बढ़े

जिले में औद्योगिकीकरण की प्रक्रिया तेज है। नगर पंचायत अमेठी, मुसाफिर खाना, नगर पालिका जायस, गौरीगंज के साथ अन्य कस्बों में भी वायु प्रदूषण निरंतर बढ़ रहा है। अयोध्या -प्रयागराज हाइवे पर स्थित त्रिशुंडी में पिछले तीन साल के भीतर एक नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित हुआ है। कोकाकोला कम्पनी निरंतर भूमिगत जल का दोहन कर रही है। अमेठी जल बिरादरी के संयोजक डॉ अर्जुन पांडेय ने इस मामले में आवाज भी उठाई है, किंतु जिला प्रशासन प्रकृति के साथ निरंतर हो रहे खिलवाड़ पर मौन है। गोमती नदी और मालती नदी के किनारे पौधरोपण कराने में वन विभाग पूरी तरह कमजोर है। जिला मुख्यालय पर किसी भी तरह के पर्यावरण पार्क के निर्माण की भी अभी तक कोई कार्ययोजना नहीं बनी है।

### पौधरोपण के साथ पौधों की सुरक्षा जरूरी : टीपी सिंह

**अमेठी।** टीपी सिंह को जिले में वृक्ष मित्र के रूप में जाना जाता है। पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण को जीवन का मिशन बना चुके टी पी सिंह ने कहा कि सरकार हर वर्ष वृहद पौधारोपण पर करोड़ों रुपए पानी की तरह फेंक रही है।लगाए जाने पौधों की निगरानी का सिस्टम कमजोर है। मैने अब तक जितने पौधे लगाए हैं उनमें से 99 फीसदी जीवित हैं और हरे भरे हैं मैं जो पेड़ लगाया हूं कम से कम तीन साल तक उनकी सिंचाई के साथ सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाता हूं।

**वायु प्रदूषण और भूमिगत जल संकट पर मौन है जिले की पर्यावरण समिति**

### 9 फरवरी को होगा एस सी/एस टी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन का जिला अधिवेशन



**अमेठी।** एस सी/एस टी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन का जिला अधिवेशन, माता सावित्री बाई फुले जयंती और शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन 9फरवरी को कान्हा मैरिज लान गौरीगंज में किया गया है। समारोह की तैयारी के क्रम में शुक्रवार को एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अधिकारियों और सेवा निवृत्त शिक्षक से मिलकर आमंत्रण पत्र प्रदान किए। जिला अधिवेशन में जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के पदाधिकारियों के साथ अम्बेडकर कल्याण समिति और बामसेफ के कार्यकर्ताओं को भी आमंत्रित किया गया है। एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री इन्द्रेश राव को समारोह का मुख्य अतिथि बनाया गया है। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को विशिष्ट अतिथि बनाया गया है। जिला महामंत्री आर एस चक्रवर्ती और राम अभिलाष ने शुक्रवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी और कार्यालय कार्मिकों को भी आमंत्रित किया।

### सिंहपुर में 132 नवयुगल परिणय सूत्र में बंधे



**अमेठी/तिलोई अवधनामा संवाददाता।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत शुक्रवार को सिंहपुर विकास खंड परिसर में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। सामूहिक विवाह में कुल 132 नवयुगल परिणय सूत्र में बंधे। नवविवाहित दम्पत्तियों को समाज कल्याण विभाग की ओर से उपहार भी प्रदान किए गए। राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह के प्रतिनिधि मृगांकेश्वर शरण सिंह और ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने विवाहित जोड़ों को उपहार प्रदान किए। सामूहिक विवाह में 126 जोड़ो की शादी हिन्दू रीति रिवाज से हुई। छह मुस्लिम जोडों को निकाह पढ़ाया गया। परियोजना निदेशक ऐश्वर्य यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ल के साथ खंड विकास अधिकारी बहादुरपुर और अन्य अधिकारी तथा पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी पदाधिकारियों ने डीपीओ को सौंपा मांग पत्र



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** अंगनबाड़ी कर्मचारी जन कल्याण एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष बीना सिंह, संरक्षक विक्रम सिंह व कोषाध्यक्ष प्रियंका सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार को जनपद स्तरीय समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जिले में मोबाइल वितरण तो हुआ है, लेकिन उसके संचालन में समस्याएं आ रही हैं, जिससे कार्य प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा, मानदेय भुगतान में देरी, प्रोत्साहन राशि न मिलना, जन्म प्रमाण पत्र संबंधी अड़चनें, साइबर अपराधों की रोकथाम, और चावल वितरण प्रक्रिया में सुधार जैसी कई समस्याओं को हल करने की मांग रखी गई। संघ ने आग्रह किया कि इन मुद्दों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की जाए, ताकि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की परेशानियों का स्थायी समाधान हो सके। इस अवसर पर संघ के कई अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### श्रीराम नाम की ईंट से जयपुर में देवरिया के टीके सिंह बनवा रहे मुफ्त अतिथि गृह

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** लार क्षेत्र के ग्राम चूड़ियां के रहने वाले बड़े



उद्योगपति तारकेश्वर सिंह राजस्थान के जयपुर में विज्ञान नगर में एक मुफ्त अतिथि गृह का निर्माण करा रहे हैं जिसका भूमि पूजन देवरिया भाजपा के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने किया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि तारकेश्वर सिंह एक समाजसेवी हैं तथा देवरिया, कुशीनगर, गोरखपुर और आस पास के पूर्वांचल के शुभचिंतकों और अतिथियों को राजस्थान के जयपुर में मुफ्त रहने और खाने के लिए अतिथि गृह का निर्माण करा रहे हैं। उन्होंने श्री सिंह की श्रद्धा और सेवा भावना को धन्यवाद देते हुए कहा कि अपने क्षेत्र के लोगों के लिए सेवा का यह भाव बहुत ही कम लोगों में देखने को मिलता है। इसके पहले ये चूड़ियां के ग्राम प्रधान के रूप में अपनी सेवा दिए हैं। इस अतिथि गृह की विशेषता यह है कि इसके निर्माण में श्री राम नाम अंकित ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है।

### महिला उचक्कों ने बैग से उड़ाए 11 हजार रुपये

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज नगर के करूणा मार्केट चौराहे पर एक महिला फिर महिला उचक्कों का शिकार हो गयीं। उनके बैग से 11 हजार रूपये नगदी पार कर दिया। नगर के आजाद नगर मोहल्ले में रहने वाली नीलम सिंह चैहान पत्नी राजेन्द्र सिंह इंडियन ओवरसीज बैंक से 11 हजार रूपये की निकासी कर रूपयों को बैग में रख लिया। करूणा मार्केट चैराहे पर अपरिचित बन किसी दूकान का पता पूंछा। उसी बीच हल्की धक्का-मुक्की कर उनके बैग से रूपये उड़ा दिये।

# स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं की फेयरवेल सेरेमनी आयोजित हुई

अवधनामा संवाददाता



**नसीराबाद, रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बगहा, सलोन मे आज विद्यालय परिसर में कक्षा 12 के छात्र - छात्राओंकी फेयरवेल सेरेमनी आयोजित हुई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा अनेक रंगारंग एवं मूल्यपरक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, व्याख्यान और ग्रुप डांस आदि शामिल रहे। हम पागल नहीं हैं भइया हमारा दिमाग खराब है गीत पर प्रस्तुत ग्रुप डांस सबसे अच्छी प्रस्तुति रही। कक्षा 12 की मानसी, रिद्धिमा, और आदित्य सिंह के व्याख्यान भावनात्मक व अपने जूनियर्स के लिए प्रेरक रहे।

शिक्षिका सोनल तिवारी के निर्देशन में छात्राओं द्वारा प्रस्तुत समूह व युगल नृत्य बेजोड़ तथा संगीत शिक्षक शुभेंदु वर्मा द्वारा तैयार कराया गया इंस्ट्रूमेंट्स सांग बेहद रोचक रहे। कक्षा 12 की आराध्या सिंह ने अपने एकल गान से खूब वाहवाही बटोरी। इन कार्यक्रमों के मध्य फर्स्ट ईयर के विद्यार्थियों द्वारा अपने सीनियर्स को पोएट्रिक टाइटिलऔर स्मृति-चिह्न के माध्यम से शुभकामना सहित भावपूर्ण विदाई दी गई।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए एवार्ड भी प्रदान किए गए। जिसमें आदित्य सिंह स्टूडेंट आफ दि ईयर, हर्षित जायसवाल स्पोर्टस परसन आफ दि ईयर तथा शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए सुभी सिंह,पलक यादव, सार्थक यादव और सौरभ मौर्य चुने गए। मिस फेयरवेल और मिस्टर फेयरवेल का एवार्ड क्रमशः फलक नाज़ व अभिनव मिश्र को प्रदान किया गया। आज के समारोह के आरंभ में विद्यालय के संस्थापक प्रबंध निदेशक और आज के मुख्य अतिथि माननीय डॉ शशिकांत शर्मा जी तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती कामाक्षा सिंह द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं उनका पूजन अर्चन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और मुख्य अतिथि के सम्मान में टीका अलंकरण, बैज़ अलंकरण और स्वागत गान के साथ हुआ।

# गणित में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए अभ्यास बेहद जरूरी : शिवनाथ चक्रवर्ती

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** गणित में अच्छे अंक प्राप्त करने हेतु सबसे अधिक अभ्यास की आवश्यकता होती है। जिला शिक्षा एवम प्रशिक्षण संस्थान कुशीनगर के गणित के प्रवक्ता शिवनाथ चक्रवर्ती ने आगामी यूपी बोर्ड सहित अन्य बोर्ड की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले कक्षा 10 एवं कक्षा 12 के परीक्षार्थियों को गणित की परीक्षा को उत्तीर्ण करने एवं अच्छे अंक प्राप्त करने हेतु कुछ सुझाव दिए हैं।

उन्होंने बताया कि गणित में अच्छे अंक प्राप्त करने हेतु सबसे अधिक अभ्यास की आवश्यकता होती है। अतः विद्यार्थी अधिक से अधिक अनसॉल्व्ड पेपर्स तथा मॉडल पेपर्स को सॉल्व करें। इससे अभ्यास भा अच्छा होगा तथा प्रश्नों को हल करने की गति में वृद्धि होगी। गणित के जिस पाठ में अधिक समस्या आती उसका बार बार अभ्यास करें। जैसा कि विदित है कि अब परीक्षाओं में लगभग 15 दिन शेष है। अतः इस अवधि में कुछ भी नया न पढ़े, जो याद है उसका अधिक से अधिक रिवीजन करें। गणित विषय में अवधारणाओं के साथ साथ सबसे अधिक महत्वपूर्ण है सूत्र। विद्यार्थी सभी सूत्रों को प्रयोग करके समझें। जिससे परीक्षा के दौरान प्रश्नों को हल करने में कोई समस्या न आए। गणित के कुछ क्षेत्र जैसे-ज्यामिति, मेंसुरेशन, त्रिकोणमिति, निर्देशांक ज्यामिति, द्विघात समीकरण पर अधिक ध्यान दें। अब जो समय शेष है उससे घबराएं नहीं, बल्कि एक कुशल रणनीति बनाएं एवं उसका पालन करें।

**परीक्षा के दौरान निम्न बातों का ध्यान रखें**

प्रश्नपत्र को ध्यान से पढ़ें प्रश्नों को जल्दीबाजी में हल न करें जो प्रश्न समझ न आए उसे छोड़ अगले प्रश्न को हल करें। प्रश्नों के आकार के अनुसार उत्तर लिखें उत्तर पुस्तिका को स्वच्छ रखने का प्रयास करें यदि संभव हो तो प्रश्नों को क्रम से हल करें।

# किसानों को आर्थिक सुरक्षा देगा केंद्रीय बजट : पवन मिश्र



**सलेमपुर अवधनामा संवाददाता।** भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा चलाये जा रहे बजट धन्यवाद पत्र कार्यक्रम के अंतर्गत सलेमपुर उपनगर के डाकघर से भाजपा कार्यकर्ताओ ने किसान कल्याणकारी केंद्रीय बजट 2025-26 के लिये किसानों की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और कृषि मंत्री को सम्बोधित बजट धन्यवाद पोस्टकार्ड को उनके पते पर प्रेषित किया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा किवित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट से देश के किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, बजट में फसलों का उत्पादन बढ़ाने के साथ ही उसका उचित मूल्य मिलने के लिये प्रावधान किया गया है, किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाकर पांच लाख रुपये की गई है, जिससे देश के किसानों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। जिला मंत्री अभिषेक जायसवाल ने कहा कि बजट में सबसे ज्यादा जोर कृषि क्षेत्र पर दिया गया है जिससे देश के किसान भारत की विकास यात्रा में भी सहायक होंगे। मण्डल अध्यक्ष भाजपा पुनीत यादव ने कहा कि इस बजट से किसानों की आय बढ़ेगी और परम्परागत कृषि को बढ़ावा भी मिलेगा, जिससे किसान समृद्ध और खुशहाल होगा। बजट धन्यवाद पत्र कार्यक्रम में गब्बर दुबे जी,अशोक सिंह जी,सुमंत चतुर्वेदी, डॉक्टर विनोद पांडे जी, मुकेश राय, आकाश जायसवाल, अनूप मिश्रा अजय गौतम, अवधेश मद्देशिया, अभय सिंह उपस्थित रहे।

### कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

**देवरिया।** अमेरिका में रह रहे प्रवासी भारतीयों को जबरन क्रूरता पूर्वक वहां से अपमानित कर हथकड़ी लगाकर भारत भेजने पर नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर शुक्रवार को निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष आनंददेव गिरि चुन्नू के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय पर जाकर राष्ट्रपति महोदय को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण राय को सौंपा। इस दौरान आनंददेव गिरि चुन्नू ने कहा कि भाजपा सरकार के नाकामी के कारण अमेरिका ने भारतीयों के साथ अपमान जनक व्यवहार कर क्रूरता की सारे हदें पार कर दिया है। प्रवासी भारतीयों को हथकड़ी लगाकर भेजना सरकार की विफलता है। केंद्र सरकार इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के बजाय इसे सही ठहराने में लगी है। यह कृत्य हमारे नागरिकों के सम्मान व अधिकारों की रक्षा में सरकार की अक्षमता को दर्शाता है। कांग्रेस इस जघन्य कृत्य के खिलाफ आवाज बुलंद कर नागरिकों की गरिमा की रक्षा करने का कार्य करेगी। मोदी सरकार की विदेश नीति इस मामले में पूरी तरह से विफल साबित हुई है।

### प्रसार्ड ट्रस्ट भवन का लोकार्पण एवं कृषि गोष्ठी का आयोजन

**भाटपार रानी, देवरिया।** प्रोफेसर रवि सुमन कृषि एवं ग्रामीण विकास ट्रस्ट मल्हनी के भवन का लोकार्पण मुख्य ट्रस्टी प्रोफेसर सुमन प्रसाद मौर्य प्रसिद्ध गृह विज्ञान वैज्ञानिक के कर कमलों द्वारा प्रोफेसर रवि प्रकाश मौर्य अध्यक्ष, एवं प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कृषि एवं ग्रामीण विकास गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका उदघाटन उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य ने किया। उप कृषि निदेशक द्वारा कृषि की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कृषि यंत्रीकरण होने से पशुपालन पर प्रभाव पड़ा है वर्तमान परिवेश में खेती के साथ साथ पशुपालन पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. मान्धाता सिंह ने जायद में उर्द मूंग की खेती पर जानकारी दी। डा. रजनीश श्रीवास्तव उधान वैज्ञानिक ने सब्जियों पर विशेष बल दिया। भूमि संरक्षण अधिकारी संन्तोष मौर्य ने मृदा परीक्षण पर प्रकाश डाला। सेवानिवृत्त उप निदेशक रेशम आर. एल. मौर्य ने जैविक खेती की जानकारी दी। ट्रस्ट द्वारा सभी को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र, देकर सम्मानित किया गया।

### बैनर पर नो हेलमेट, नो फ्यूल हकीकत में आओ ले जाओ

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** सड़क सुरक्षा के लिहाज से नो हेलमेट नो पेट्रोल की व्यवस्था 26 जनवरी से लागू की गई है, लेकिन जिले में इसका पालन महज खानापूर्ति भर रह गया है। ज्यादातर पेट्रोल पंपों पर बड़े-बड़े बैनर लगा दिए गए हैं, मगर ज्यादातर जगहों पर बिना हेलमेट के पेट्रोल मिल रहा है। जहां थोड़ा सख्ती है, वहां दूसरे व्यक्ति से हेलमेट लेकर पेट्रोल भरवा रहे हैं। सड़क हादसों को रोकने के लिए सरकार की ओर से लगातार सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट तो चार पहिया वाहन चालकों को सीटबेल्ट अनिवार्य किया गया है। ऐसे में अब नो हेलमेट नो फ्यूल व्यवस्था का पेट्रोल पंप पर इसका असर नहीं नजर आ रहा है। जागरूकता के लिए हर पेट्रोल पंप पर संचालकों ने बैनर तो लगा दिया, लेकिन उसका पालन कराने में वह नाकाम हैं। इसका परिणाम है कि अधिकतर पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट के भी लोग पेट्रोल भरवा रहे हैं। वहीं जिन पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं मिल रहा है वहां लोग दूसरे से हेलमेट लेकर उसे लगाकर पेट्रोल भरवा रहे हैं।

### इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करना बेहद आसान

**लालगंज,रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** नए इनकम टैक्स बिल बेहद सरल और आसान बनाया जा सकता है। जिसे टैक्स पेयर्स आसानी से समझ सके। टैक्स पेयर्स के लिए आने वाले दिनों में इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करना बेहद आसान हो सकता है। केंद्र सरकार इनकम टैक्स रिटर्न फाइलिंग नियमों को बेहद आसान और सरल करने की तैयारी में है, सरकार बढ़ते टैक्स विवादों को लेकर बेहद परेशान है और करीब 120 विलियन डॉलर की वैल्यू के बराबर टैक्स मामले विवादों के घेरे में हैं। नए टैक्स कानून के जरिए इसे कम करने की तैयारी है। नए इनकम टैक्स बिल में टैक्स कानूनों के तहत फाइनेंशियल ईयर और एसेसमेंट ईयर कहने की प्रेक्टिस को बदला जाएगा और केवल टैक्स ईयर के तौर पर इसे परिभाषित किया जाएगा। इसके अलावा टैक्स रिटर्न फाइल करने के लिए एडिशनल फॉर्म की संख्या को घटाया जाएगा। वित्त मंत्री ने टैक्स पेयर्स को विभाग की ओर से भेजे जाने वाले नोटिस की भाषा को ऐसा बनाने को कह चुकी है जिसे टैक्स पेयर्स आसानी से समझ सके और टैक्स विभाग को जवाब देने के लिए उन्हें वकील हायर नहीं करना पड़े।

### झुंड में छुट्टा मवेशी, भीड़भाड़ जगहों पर मचा रहे हैं अफरा-तफरी

**लालगंज-रायबरेली।** कस्बे में आवारा मवेशियों के साथ साथ दूध देने वाली पालतू गायो की बहुतायत संख्या है आवारा मवेशी वह पालतू गायों का झुंड बाजार में निकलते हैं तो फल ठेला व्यवसाय साग सब्जी कारोबारियों का काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं। आवारा मवेशियों की वजह से सब्जी कारोबारियों एवं फल व्यवसायियों में सुबह से शाम तक अफरा-तफरी का माहौल बाजार में बना रहता है। उल्लेखनीय है कि छुट्टा मवेशियों से मुक्त करने के लिए सरकार ने आदेश तो दिए लेकिन संसाधन नहीं।

# स्कूली व आंगनबाड़ी के बच्चों को खिलाई जायेगी एल्बेंडाजोल की दवा

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन बीडीओ कक्ष मोतीचक में हुई जिसका अध्यक्षता खंड शिक्षाधिकारी रामानंद वर्मा ने किया। बैठक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम और बाल विकास परियोजना की टीम ने बच्चों के स्वास्थ्य सुधार के लिए चलाई जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

प्रभारी चिकित्साधिकारी मोतीचक डॉ राजेश कुमार मद्धेशिया ने बताया कि 10 फरवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर एक से उन्नीस वर्ष तक के सभी बच्चों को स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में एल्बेंडाजोल की दवा दी जाएगी। जो बच्चे इस दिन दवा नहीं ले पाएंगे, उन्हें 14 फरवरी को दवा वितरित की जाएगी। एल्बेंडाजोल दवा के फायदों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि यह दवा बच्चों के पेट में मौजूद कीड़ों को खत्म करती है। इससे बच्चों में खून की कमी और चिड़चिड़ेपन की समस्या दूर होती है। कृमि संक्रमण बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को प्रभावित करता है और उनके जीवन की गुणवत्ता को कम करता है। बीडीओ रामानंद वर्मा ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दे रही है। साथ ही ग्राम प्रधानों को भी जागरूकता फैलाने के लिए प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों के समग्र स्वास्थ्य, पोषण स्थिति, शिक्षा और जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। इस मौके पर प्रभारी सीडीपीओ विभा शाही, बीपीएम सुनील कुमार, राजेश कुमार, संजय, उदय सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



तैयारी बैठक को संबोधित करते बीडीओ व अन्य

# छात्रों को तकनीकी शिक्षा के साथ आत्मनिर्भर बना रहा टैबलेट : लोकेश

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज विकास खण्ड क्षेत्र के जगदीशपुर बरडीहा में स्थित विद्यार्थी स्नातकोत्तर महाविद्याल में अध्यनरत परस्नातक के छात्र छात्राओं में। शासन से निर्गत 38 टेबलेट वितरित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्रबंधक लोकेश पाण्डेय एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती वन्दना पाण्डेय व विशिष्ट अतिथि श्रीमती पुष्पा पाण्डेय रही। अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते लोकेश पाण्डेय ने कहा कि शासन का छात्र-छात्राओं को टैबलेट देने का मुख्य उद्देश्य उन्हें तकनीकी शिक्षा में आगे बढ़ाना है। टैबलेट छात्रों को तकनीकी शिक्षा के साथ आत्मनिर्भर बना रहा। वन्दना पाण्डेय ने कही कि छात्रों को जो टैबलेट दिया जा रहा है उसका वह तकनीकी शिक्षा में उपयोग करें।

टैबलेट के माध्यम से घर बैठे ही तकनीकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सभी अतिथियों ने महाविद्यालय में अध्ययनरत एमए के कुल 38 छात्र छात्राओं में टैबलेट वितरण किया। प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार पाण्डेय ने आएं हुए अतिथियों की प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान महाविद्यालय प्रबंधन निदेशक शिवशरण पाण्डेय, उपप्राचार्य रमेश चंद्र मिश्रा, डीएड प्रभारी प्रदीप मिश्रा, बीबी राय, प्रवक्ता डॉ विवेक कुमार राय, उदयभान यादव, मनोज यादव, सविता सिंह, श्वेता, गरिमा, लिपिक अखिलेश कुमार शुक्ला, रजनीश तिवारी, अभिषेक शंकर त्रिपाठी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



टेबलेट के साथ छात्र व अतिथि

बहराइच/सुल्तानपुर/फिरोजाबाद/मैनपुरी

# डीएम ने पशु चिकित्सालय का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** कार्यालयों एवं परिसर की साफ-सफाई, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, अभिलेखों के रख-रखाव, उपलब्ध संसाधनों इत्यादि का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय पयागपुर, सीडीपीओ कार्यालय, किसान कल्याण केन्द्र तथा पशु चिकित्साधिकारी पयागपुर के कार्यालय का निरीक्षण किया। विकास खण्ड मुख्यालय पयागपुर परिसर के निरीक्षण के दौरान डीएम ने साफ-सफाई पर संतोष व्यक्त करते हुए खण्ड विकास अधिकारी दिपेन्द्र पाण्डेय को निर्देश दिया कि परिसर में जहां पर भी स्थान रिक्त हो शोभाकार पौधे रोपित करा दें।

विकास खण्ड कार्यालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने कक्ष-कक्षों की साफ-सफाई एवं अभिलेखों के रख-रखाव को देखा तथा उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। डीएम ने आवास, मनरेगा, एनआरएलएम, आईजीआरस एवं शिकायत पटल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक जानकारी प्राप्त की। डीएम ने निर्देश दिया कि आईजीआरएस एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले आवेदन-पत्रों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक व समय से ,किया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि आवासीय योजनाओं में निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाय तथा गार्ड फाइल एवं विभिन्न योजनाओं से सम्बन्धित शासनादेशों को सुरक्षित सुव्यवस्थित ढंग से रखा जाय।

डीएम ने ब्लाक कार्यालय के निरीक्षण के उपरान्त बाल विकास परियोजना अधिकारी पयागपुर के कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय का गेट टूटा हुआ पाया गया। डीएम ने निर्देश दिया कि गेट को तत्काल दुरूस्त कराएं तथा कार्यालय एवं परिसर की साफ-सफाई में और सुधार लाया जाय।

## चिकित्सकों ने छात्राओं को किया स्वास्थ्य के प्रति जागरूक

**शिकोहाबाद।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के द्वितीय दिवस पर उपप्राचार्या प्रो शशिप्रभा तोमर की अध्यक्षता में एनएसएस प्रभारी डॉ माया गुप्ता एवं डॉ नम्रता प्रसाद के निर्देशन में हुआ। इस कार्यक्रम में डॉ ज्ञान चन्द्र पालीवाल एवं डॉ पायल त्रिपाठी ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। लाइफ स्टाइल और कैंसर के ऊपर बृहद जानकारी दी। संतुलित आहार को ग्रहण करना और फास्ट फूड से दूर रहने को कहा। हार्टअटैक से बचाव व सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। डॉ पायल त्रिपाठी ने फिरोजाबाद में फैले फ्लोरोसिस बीमारी के सम्बन्ध में जानकारी व बचाव के उपाय में कैल्शियम युक्त भोजन ग्रहण की सलाह दी। समाज सुधारक सर्वेश यादव ने नशा मुक्ति अभियान के प्रति स्वयंसेविकाओं को जागरूक करने के साथ नशा मुक्ति पर शपथ ग्रहण करवाया। शिविर के द्वितीय सत्र में महाविद्यालय के परिसर में बगीचे की सफाई कर स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान किया। शिविर के तृतीय दिवस में आजीविका परामर्श पर प्रो सीमारानी जैन, दर्शना कुमारी एवं सोनिका ने छात्राओं को कैरियर काउंसिलिग की जानकारी दी। सी क्रम में संगीता यादव (गृहविज्ञान विभाग) ने स्वयंसेविकाओं को कलश मेकिंग की जानकारी दी। जिससे वेस्ट मैटेरियल का प्रयोग करके कलश का निर्माण किया जा सके। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तीन वांछितों को अवैध चाकू सहित किया गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस द्वारा 3 वांछित अभियुक्तों को मय 2 अदद अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा गश्त के दौरान 2 नफर अभियुक्तगण नितिन पुत्र सुभाष चन्द निवासी टंकी के सामने नया रसूलपुर थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद, फैजान पुत्र इकबाल निवासी वाल्मिकी बस्ती, डाक बंगला थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद को वकीलपुरा मण्डी थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद से 1 अदद अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया गया है। वहीं गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान प्रकाश में आये 1 अन्य अभियुक्त कन्हैया पुत्र मनोज कुमार निवासी गली नं.-9 शहीद चौक के सामने पुराना रसूलपुर थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद को डाक बंगला के पास जाने वाली गली थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद से को मय 1 अदद अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण नितिन तथा कन्हैया उपरोक्त थाना रसूलपुर पर पंजीकृत मु.अ.सं. 59/2025 धारा 35(1)/106 बीएनएसएस., 317(2)/317 (5) बीएनएस. व 4/25 आयुध अधिनियम में वांछित अभियुक्त हैं। अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में शामिल रहे अनुज कुमार प्रभारी निरीक्षक, उ.नि. विमल कुमार, प्रशिक्षु उ.नि. आयुष राणा, मु.आ. 754 रेशमपाल, का. 306 रोकी तोमर, का0 1078 अमित शर्मा, का0 627 फरमान थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम श्री राजकीय अभिनव विद्यालय में हेल्थ कैंप



**सुल्तानपुर।** शासन द्वारा प्रदेश के पीएम श्री विद्यालय योजना में चयनित माध्यमिक विद्यालयों में चलाई जा रही स्वास्थ्य प्रशिक्षण योजना श्रृंखला का पहला हेल्थ कैंप दिनांक 7 फरवरी 2025, शुक्रवार को पीएम श्री राजकीय अभिनव विद्यालय टिकरी पन्ना, भदैया में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुल्तानपुर द्वारा नामित चिकित्सकों द्वारा छात्र-छात्राओं का परीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुल्तानपुर द्वारा नामित चिकित्सा दल में डॉ मनीष यादव, डॉ हरेंद्र नाथ वरुण, डॉ शहाबुद्दीन अम्मार, अमरीश कुमार तथा डॉ रंजन गौतम सम्मिलित हुए। उक्त चिकित्सकों द्वारा छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए, उन्हें स्वस्थ जीवन के लिए तौर तरीके तथा उपाय सुझाए गए। स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत छात्र-छात्राओं को तथा आगंतुकों को सूक्ष्म जलपान कराया गया। पांच हेल्थ कैंप श्रृंखला के अन्य चार हेल्थ कैंप का आयोजन क्रमशः 13, 18, 21 व 25 फरवरी 2025 को आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष मिश्रा ने दी तथा छात्र-छात्राओं के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

### बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर किया जिले का नाम रोशन



**सुल्तानपुर।** बॉक्सिंग एकेडमी में ट्रेनिंग किए बाल मुकुंद सिंह सब जूनियर भार वर्ग 38 से 40 लखनऊ जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के डी स्टेडियम लखनऊ में हुई। इस प्रतियोगिता में भाग लेकर बाल मुकुंद सिंह ने गोल्ड मेडल जीत कर सुल्तानपुर जिले का नाम रोशन किया।परिजनों व वासियों ने ट्रेनिंग करा रहे बाबू के डी सिंह स्टेडियम लखनऊ के कोच कृपा शंकर का का आभार माना है।

## एक वांछित अभियुक्त पुलिस गिरफ्त में

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 0433/2024 में वांछित 01 अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा गश्त के दौरान मु0अ0सं0 0433/2024 धारा 64(1), 115(2), 351(2), 352 बीएनएस थाना रसूलपुर के वांछित 01 अभियुक्त नदीम पुत्र साबिर निवासी राही नगर, गालिब नगर, थाना रसूलपुर फिरोजाबाद को हींग की मण्डी थाना कोतवाली कमिश्नरेट आगरा से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार, उ0नि0 विमल कुमार, प्रशिक्षु उ0नि0 आदित्य प्रताप सिंह, मु0आ0 754 रेशमपाल, का0 306 रोकी तोमर, का0 1553 विशाल कुमार, थाना रसूलपुर फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

# भाजपा नेता की सरकारी जमीन पर गड़ी नजर

**सुलतानपुर।** जिले में सरकारी जमीन कब्जा करने और सत्ता का दुरुपयोग करने में माहिर है सुलतानपुर जिले की तहसील कादीपुर के क्षेत्र के सत्ता पक्ष के एक नेता अपने आप को जनता का जनप्रतिनिधि कहते है और उनका भूमाफियाओं के साथ उठना बैठना रहता है। भूमाफिया ऐसा वैसा नहीं बल्कि सफेद पोस एक नेता है, नेता भी मामूली नहीं, जहां मुख्यमंत्री के साथ बैठकर कई सारे फोटो खींचकर सोशल मीडिया पटल पर रखते हैं।वहीं दूसरी तरफ खुद मुख्यमंत्री के नाम को बदनाम करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है। जिला अधिकारी भी सोचने पर मजबूर हो जाएंगे। ऐसा कौन सा सफेद पोस नेता है। जिले अधिकारी को भी ठेंगा दिखाने से बाज नहीं आ रहा है। जहां मुख्यमंत्री भूमाफियाओं के कमर तोड़ रहे हैं,वहीं दूसरी तरफ अपने ही एक नेता के लिए जेसीबी में तेल खत्म हो जाता है या फिर भाजपा नेता को संरक्षण मिल जाता है। जो अपराधिक गतिविधियों में शामिल होकर तांडव करने लगते हैं।



रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां



**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार हैः–

**दिनांक 03.02.2025 (सोमवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04229 | प्रयाग जं. | 21:10 | अयोध्या कैंट जं. | 01:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04271 | फाफामऊ | 13:00 | जौनपुर जं. | 16:20 | थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफ़राबाद जं. स्टेशन |
| 04293 | प्रयाग जं. | 20:20 | लखनऊ | 02:00 | फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04219 | प्रयाग जं. | 05:35 | अयोध्या धाम जं. | 10:30 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा, अयोध्या कैंट जं. एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन |
| 04225 | प्रयाग जं. | 13:55 | अयोध्या कैंट जं. | 18:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04233 | प्रयाग जं. | 09:40 | अयोध्या धाम जं. | 15:05 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 02275 | सूबेदार गंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं., एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., मसकनवाँ, स्वामी नारायन छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, मगहर एवं सहजनवा स्टेशन |
| 05078 | गोण्डा जं. | 21:40 | अयोध्या धाम जं. | 23:50 | बरुआ चक, मोतीगंज, झिलाही, मनकापुर जं., टिकरी, नवाबगंज गोंडा, कटरा एवं रामघाट हॉल्ट स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | सुल्तानपुर, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं., देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं. जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05178 | झूँसी जं. | 14:15 | गोरखपुर जं. | 22:55 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंडिहार जं., मऊ जं., बेल्थरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05186 | प्रयागराज रामबाग | 08:30 | गोरखपुर जं. | 18:00 | झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05157 | छपरा | 12:30 | झूँसी जं. | 20:40 | सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जंक्शन, चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, नंदगंज, औंरिहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और हंडिया खास स्टेशन |
| 05130 | झूँसी जं. | 13:30 | छपरा | 21:30 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंरिहार जं., नंदगंज, गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, करीमुद्दीन पुर, चित बड़ागांव, फेफना जंक्शन, बलिया, बांसडीह रोड, सहतवार एवं सुरेमनपुर स्टेशन |
| 05163 | थावे जं. | 15:30 | झूँसी जं. | 02:45 | गोपालगंज, मांझागढ़, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, राजापट्टी, मसरख, शाम कौड़िया, मढ़ौरा, पटेरही, खैरा, छपरा कचहरी, छपरा, सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन। |
| 05164 | झूँसी जं. | 10:00 | थावे जं. | 20:30 | |
| 05125 | छपरा | 10:05 | प्रयागराज रामबाग | 18:35 | सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, नंदगंज, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूसी जं. स्टेशन |
| 05126 | प्रयागराज रामबाग | 21:55 | छपरा | 06:30 | |
| 05121 | दोहरीघाट | 08:00 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | मुरादपुर (हॉल्ट), अमिला, घोसी, कोपागंज, इंदारा जं., मऊ जं., पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियां, हुरमुजपुर हाल्ट, सादात, माहपुर, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास और झूसी स्टेशन |
| 05122 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | दोहरीघाट | 06:00 | |
| 05162 | झूँसी जं. | 18:30 | भटनी जं. | 01:10 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंड़िहार जंक्शन, सादात, जखनियां, दुल्लहपुर, मऊ जं., इंदारा जं., चक्र रोड, कीडिहरापुर, गोबिंदपुर दुगली, बेल्थरा रोड, तुरती पार, लार रोड, सलेमपुर जं. और पिवकोल स्टेशन |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी जं. | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी जं. | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | |
| 07110 | बनारस | 17:30 | नरसापुर | 05:00 | वाराणसी, काशी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., चन्दौली मझवार, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन, सोन नगर जं., जपला, गढ़वा रोड जं., डालटनगंज, बरवाडीह जं., लातेहार, टोरी, बरकाकाना जं., मूरी, रांची, हटिया, राउरकेला, झारसुगुड़ा जं., सम्बलपुर, बरगढ़ रोड, बलांगीर, टिटिलागढ जं., केसिंगा, मुनिगुड़ा, रायगड़, पार्वतीपुरम, बोब्बिलि जं., विजयनगरम जं., कोत्तावलसा जं., पेन्दुर्ति, उत्तर सिम्हाचलम, दुव्वाडा, अनकापल्ली, एलमंचिली, अन्नवरम, सामलकोट जं., राजमंड्री, निडदवोलु जं., तणुकु एवं भीमवरम जं. स्टेशन |

**दिनांक 04.02.2025 (मंगलवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04229 | प्रयाग जं. | 21:10 | अयोध्या कैंट जं. | 01:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04271 | फाफामऊ | 13:00 | जौनपुर जं. | 16:20 | थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफ़राबाद जं. स्टेशन |
| 04293 | प्रयाग जं. | 20:20 | लखनऊ | 02:00 | फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04233 | प्रयाग जं. | 09:40 | अयोध्या धाम जं. | 15:05 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 02417 | सुबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सुबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., मसकनवाँ, स्वामी नारायन छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, मगहर एवं सहजनवा स्टेशन |
| 05078 | गोण्डा जं. | 21:40 | अयोध्या धाम जं. | 23:50 | बरुआ चक, मोतीगंज, झिलाही, मनकापुर जं., टिकरी, नवाबगंज गोंडा, कटरा एवं रामघाट हॉल्ट स्टेशन |
| 05077 | अयोध्या धाम जं. | 00:45 | गोण्डा जं. | 03:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | सुल्तानपुर, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं., देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं. जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05158 | झूँसी जं. | 06:30 | भटनी जं. | 14:50 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंडिहार जं., सादात, जखनियां, दुल्लहपुर, मऊ जं., इंदारा जं., चकरा रोड, कीड़िहरापुर, दुगली, गोबिंदपुर, बेलथरा रोड, तुरतीपार, लार रोड, सलेमपुर जं. और पिवकोल स्टेशन |
| 05164 | झूँसी जं. | 10:00 | थावे जं. | 20:30 | गोपालगंज, मांझागढ़, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, राजापट्टी, मसरख, शाम कौड़िया, मढ़ौरा, पटेरही, खैरा, छपरा कचहरी, छपरा, सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन। |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी जं. | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी जं. | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# लोकतंत्र और संविधान को मजबूती से लागू करना सपा का मुख्य लक्ष्य हैं: उदयभान

अवधनामा ब्यूरो



**सैफई, इटावा।** समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में चलाए जा रहे पी0डी0ए0 चर्चा कार्यक्रम का शुक्रवार को ब्लॉक के सेक्टर चिथोनी के अंतर्गत गांव बिरोली में पी डी ए चर्चा कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जबर सिंह ने की इस कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुये समाजवादी पार्टी इटावा के पी डी ए कार्यक्रम के जिला प्रभारी उदयभान सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने PDA की शुरुआत की है और गांव-गांव में जाकर भा जा पा सरकार द्वारा पी डी ए के साथ जो हो रहा है वह पी डी ए के बीच बैठकर उनसे चर्चा करने को कहा है तब से भारतीय जनता पार्टी बौखला गई है भारतीय जनता पार्टी के नेता बौखला गये है उन्होंने सभी लोगों को PDA से जुड़ने के लिए आवाहन किया और आग्रह किया और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के सपने को पूरा करने के लिए आगे आए जो संविधान के साथ खिलवाड़ कर रहे है उनको आने वाले समय में सबक सिखाए। भारतीय जनता पार्टी के लोग संविधान और शिक्षा से वंचित रखना चाहते हैं अगर हम शिक्षित हो जाएंगे तो हक और अधिकार मांगने लगेंगे उन्होंने 2027 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को हराने का कार्य करे। वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, महिलाओं के ऊपर की जा रहे। पक्षपात, शोषण, उत्पीड़न, तथा सामाजिक न्याय के विरुद्ध पी0डी0ए0जन पंचायत के माध्यम से लोकतंत्र और संविधान को मजबूती से लागू करना समाजवादी पार्टी का मुख्य लक्ष्य हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित विशिष्ट अतिथि डॉ. अरविंद यादव ने कहा कि आज पी डी ए कार्यक्रम के माध्यम से हम जगाने का कार्य कर रहे है कि वर्तमान में देश प्रदेश की सरकार पी डी ए के हकों को छीन रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप पधारे प्रदेश सचिव जनवेद भोजवाल, विधानसभा अध्यक्ष रामनरेश यादव, चंदगी राम यादव, हरी मोहन दुबे, प्रदीप यादव, सीमा पाल, रवि यादव विधायक, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष शाक्य, विजय यादव, विनोद कुमार, राजेंद्र निराला, लक्ष्मी देवी प्रधान, कृपा राम प्रधान, रणवीर सिंह, प्रिंस यादव, लायक सिंह, ईश्वर दयाल, उपेंद्र सिंह, अवनीश शर्मा, राकेश जाटव, अर्जुन सिंह पाल, सुनील कांत, सतीश कुमार, बलवीर सिंह, राम प्रकाश, दिलावर सिंह आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहित शाक्य ने किया।

# छात्र-छात्राओं को इटावा सफारी पार्क का कराया गया भ्रमण



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** इटावा सफारी पार्क में विश्व बाघ दिवस से ही ग्रामीण पृष्ठभूमि के परिषदीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं को वन्य जीवों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ''अनुभूति कार्यक्रम''की शुरुआत की गई है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक शुक्रवार को बच्चों को सफारी का निःशुल्क भ्रमण अनवरत रूप से कराया जा रहा है। इस मौके पर शुक्रवार को जसवंतनगर विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालय वाउथ के छात्र-छात्राओं को सफारी का भ्रमण कराया गया। इसके अतिरिक्त वानिकी प्रषिक्षण संस्थान, कानपुर से प्रशिक्षु वनरक्षक/वन्यजीव रक्षक का भी इटावा सफारी पार्क में शैक्षिक भ्रमण कराया गया जिसमें लगभग 57 वन रक्षक/वन्यजीव रक्षक सम्मिलित थे। साथ ही इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून से वर्ष 2019, 2020, 2021 एवं 2022 बैच के 36 भारतीय वन सेवा के अधिकारियों ने थीमेटिक टूर प्लान के अन्तर्गत आज इटावा सफारी पार्क का भ्रमण किया। इन अधिकारियों को इटावा सफारी पार्क के प्रबंधन के सम्बन्ध में विस्तार से बताया गया तथा सफारी भ्रमण के उपरांत इन अधिकारियों से इटावा सफारी पार्क के बेहतर प्रबंधन के लिए सुझाव मांगे गये। जिस पर इन अधिकारियों द्वारा अपने-अपने सुझाव दिए गए।

# कलशयात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब



**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे के बड़ी देवी मंदिर में होने वाली भागवत कथा के पहले कस्बे में धूमधाम से कलशयात्रा निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में महिला और पुरुषों ने भाग लिया। कस्बे के बड़ी देवी मंदिर प्रांगण में शनिवार से होने वाला 25वां विशाल शतचंडी महायज्ञ और नौ दिवसीय भागवत कथा के पहले बड़ी देवी मंदिर से कलशयात्रा निकाली गई जो कस्बे की मुख्य सड़कों से होकर पुनः अपने गंतव्य स्थान पर सम्पन्न हुई।इस दौरान हजारों की संख्या में महिला पुरुष भक्तों ने भाग लिया।भागवत कथा का रसपान कराने के लिए वृंदावन धाम से भागवताचार्य श्री पुरुषोत्तम शरण जी महाराज आ रहे हैं। भागवत कथा के समापन पर बड़ी देवी मंदिर में विशाल भण्डारे का आयोजन होगा।आयोजन समिति ने अधिक से अधिक भक्तों से भागवत कथा में शामिल होकर पुण्य प्राप्त करने की अपील की है।

# इटावा के खिलाड़ियों ने किया बेहतरीन खेल का प्रदर्शन




अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** मण्डलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता कानपुर मण्डल कानपुर का आयोजन स्व.रतनलाल शर्मा स्मारक स्टेडियम किदवई नगर कानपुर में आयोजित हुआ जिसमें इटावा के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए जनपद का नाम शीर्ष जिले कायम रखा। खो-खो बालक वर्ग प्राथमिक स्तर बालक बालिका दोनों वर्गों में मीरखपुर पुठियाँ जसवंतनगर के खिलाड़ियों ने जीत दर्ज की। जूनियर स्तर खो खो बालक बालिका वर्ग में जसवंत नगर टीम ने जीत दर्ज कर परचम लहराया। प्राथमिक स्तर बालक कबड्डी बढ़पुरा टीम विजयी रही। जूनियर स्तर कबड्डी बालक में जसबन्तनगर टीम विजेता रही। बॉलीबाल में बालिका टीम उपविजेता रही। मनीष ने 200 मीटर में पहला, 100 मीटर में दूसरा, गोविंदा ने 400 मीटर दौड़ में पहला, विशाल ने गोला फेंक में पहला, 600 मीटर में दूसरा स्थान अतुल ने चक्का में दूसरा बालिका वर्ग में शिवा जसवंतनगर ने गोला में पहला, प्राथमिक स्तर में हर्ष ने 100 मीटर में पहला, 400 मीटर में दूसरा, शालिनी ने 100 मीटर में तीसरा एवं 200 मीटर में दूसरा स्थान प्राप्त किया। 600 मीटर बालिका वर्ग में मोहनी धरवार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रिले रेस बालिका वर्ग में टीम सैफई इटावा उपविजेता रही। इटावा टीम का प्रतिनिधित्व जिला व्यायाम शिक्षक/गौरव पाठक/प्रमिला पाठक ब्लाक व्यायाम शिक्षक राजेश जादौन, शोएब आलम, अवधेश राठौर, योगेन्द्र चौधरी, अजय कुमार सिंह, अर्चना चौधरी, यतेन्द्र सिंह, उमेश चन्द्र यादव, जितेंद्र यादव, अमरपाल यादव, लालू, बलबीर सिंह, अरशद हुसैन, सुषमा, प्रदीप सिंह, रजपाल सिंह, अशोक राजपूत, ज्योत्स्ना सिंह राहुल कुमार आदि ने प्रमुख भूमिका निभाई।

# कुल की फातिहा के साथ सम्पन्न हुए दो बड़े उर्स



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र में शुक्रवार को कुल की फातिहा के साथ दो बड़े उर्स सम्पन्न हुए।जिनमें मुल्क के अमन चैन और तरक्की के लिए मांगी गई दुआओं में हजारों हाथ एक साथ उठे। कस्बे सहित क्षेत्र के प्रख्यात सूफी संत हजरत पीर सुर्खरु बाबा रह.और बदरुद्दीन बाबा कम्हरिया का तीन दिवसीय सालाना उर्स शुक्रवार को कुल की फातिहा के साथ सम्पन्न हुए।जिनमें हजारों अकीदतमंदों ने मुल्क के अमन चैन और उन्नति की दुआएं मांगी। क्षेत्र के कम्हरिया स्थित हजरत बदरुद्दीन निजामी के तीन दिवसीय उर्स में देश के कोने कोने से हजारों अकीदतमंदों ने अपनी हाजिरी पेश की।वहीं कस्बे के मोहल्ला हैदरिया स्थित मशहूर सूफी संत पीर सुर्खरु बाबा का तीन दिवसीय उर्स भी शुक्रवार को कुल की फातिहा के साथ सम्पन्न हुआ जहां हजारों अकीदतमंदों ने अपनी हाजिरी पेश की।दोनों उर्सों में गुरुवार को चादरपोशी और लंगर के साथ कव्वालियों की महफिल का आयोजन किया गया था जो देर रात तक चलता रहा जबकि शुक्रवार को कुल की फातिहा के साथ तीन दिवसीय उर्स सम्पन्न हुए।इस दौरान कस्बे सहित क्षेत्र के हजारों अकीदतमंद अपनी हाजिरी पेश करने आस्तानों में पहुंचे।

# ट्रक बैक करते समय हादसे, दो की मौत

अवधनामा संवाददाता

**राठ,हमीरपुर।** राठ क्षेत्र स्थित चिकासी थाना के इछौरा गांव की बालू खदान में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। सुबह करीब 4:30 बजे बैक हो रहे एक ट्रक ने खदान में सो रहे दो मजदूरों को कुचल दिया। हादसे में 30 वर्षीय मानवेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल राघवेंद्र को उरई मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। मृतक मानवेंद्र जालौन जनपद के कदौरा थाना क्षेत्र के बड़ा गांव का रहने वाला था। वह अपनी पत्नी माया, मां रामजानकी, 6 वर्षीय पुत्र अंश और 5 वर्षीय पुत्री अंशिका का भरण-पोषण करने के लिए बालू खदान में काम करता था। दूसरा मृतक राघवेंद्र कदौरा थाना क्षेत्र के लोची का डेरा गांव का निवासी था और अविवाहित था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोपहर करीब 2:30 बजे मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। चिकासी थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। दोनों मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।

# जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने पर दिया गया बल**

अवधनामा ब्यूरो



**ओ.डी.एफ. गांवों में बने शौचालय, बनाये गये कूड़ा प्रबन्धन केन्द्र व प्लास्टिक मुक्त अभियान के सम्बन्ध में जॉच कर उपलब्ध कराया जाये आख्या : जिलाधिकारी**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने आज कलेक्ट्रेट के जन सुनवाई कक्ष में जिला स्वच्छता समिति/जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की बैठक की, बैठक में जिलाधिकारी ने नगर पंचायतों व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता के प्रति किये गये कार्यों की समीक्षा करते हुए ओ.डी.एफ. गांवों में बने शौचालय, बनाये गये कूड़ा प्रबन्धन केन्द्र व प्लास्टिक मुक्त अभियान हेतु किये गये प्रबन्धन के बारे में जिला पंचायत राज अधिकारी ने जानकारी प्राप्त की। जिस पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि गांव में प्लास्टिक कलेक्शन के लिए घरों पर बोरियां टांगी गयी है, बोरी भर जाने पर उसमें से प्लास्टिक निकालकर आर.आर. सी. पर उसको इकट्ठा कर प्लास्टिक का निस्तारण एवं बाजार से लिंक कर उसको बेचकर ग्राम पंचायत की आय भी बढ़ाई जा रही है। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ओ.डी.एफ. गांवों में किये गये शौचालय निर्माण व बनाये जाने वाले शौचालयों की सूची उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रो में बने व्यक्तिगत शौचालय की समीक्षा करते हुए कहा कि अब तक कितने शौचालय बने हैं, जिस पर जिला पंचायत राज अधिकारी बताया कि जनपद में 19 हजार 738 शौचालय निर्माण का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें अब तक 13588 लाभार्थियों को प्रथम की धनराशि प्रेषित की गई है, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जिन लाभार्थी को शौचालय निर्माण के लिए प्रथम किश्त दी गयी है, उनके निर्माण प्रगति की जॉच कराते हुए दूसरी किश्त की धनराशि उपलब्ध कराया जाये, जिससे शौचालय निर्माण समय से पूरा कराया जा सकें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि अवशेष शौचालय निर्माण के लिए पात्र लाभार्थियों का चयन करते हुए शौचालय के निर्माण कार्य में तेजी लाया जायें, इस कार्य में शिथिलता न बरती जायें। उन्होंने कहा कि पूर्व में निर्मित शौचालय व बनाये जाने वाले शौचालयों की सूची उपलब्ध कराया जाये, जिससे शौचालयों के स्थिति आकलन किया जा सके।

इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने गांवों में बनाये गये कूड़ा प्रबन्धन केन्द्र व आर.आर.सी. की समीक्षा करते हुए कहा कि कूड़ा प्रबन्धन केन्द्र व आर.आर.सी. को उपयोग करने के साथ ही ग्रामीण लोगों को इसके प्रयोग के लिए जागरूक भी किया जाये, जिससे इसका सही ढंग से उपयोग करते हुए कूड़ा निस्तारण किया जाये। उन्होंने कहा कि नागरिकों को प्लास्टिक के थैले के उपयोग से बचने के लिए जागरूक करने के साथ ही उससे होने वाले वातावरण को नुकसान व स्वास्थ्य हानि से सचेत करें।

## संक्षिप्त समाचार

### वृद्धजनों को लेकर महाकुंभ स्नान के लिए बस रवाना



**हमीरपुर।** शासन के निर्देश के क्रम में जनपद के मुख्यालय स्थित वृद्धाश्रम में निवासरत मेडिकली फिट पाए गए तथा इच्छुक 42 वृद्धजनों को आज बस द्वारा महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज भेजा गया है। वृद्धजनों को महाकुंभ में स्नान हेतु ले जा रही इस बस को जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने वृद्धाश्रम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने वृद्ध जनों का पुष्पमाला आदि से स्वागत भी किया। वृद्धजनों के अलावा इस बस में 06 कर्मचारियों को भी वृद्धजनों की सहूलियत के लिए लगाया गया है। महाकुंभ प्रयागराज में इन वृद्धजनों के लिए पहले से ही स्नान के लिए , रुकने के लिए ,खाने-पीने आदि सभी के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। महाकुंभ में इन वृद्धजनों के स्नान आदि करने के पश्चात कल यह बस वृद्धजनों को लेकर पुनः प्रयागराज से चलकर हमीरपुर आएगी। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला, समाज कल्याण अधिकारी राम शंकर पटेल तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

### अवैध खनन मामले में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज



**सुमेरपुर,हमीरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम देवगांव में अवैध खनन करने के मामले में अज्ञात लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। ग्राम देवगांव निवासी अनुज पाण्डेय की शिकायत पर अवैध मोरम खनन की जाँच 31 जनवरी को नायब तहसीलदार द्वारा की गयी थी। जिसमें खण्ड संख्या 31/8 में पूर्व खंड के पास रास्ता कटा पाया गया था मौके पर कोई खनन करते नही मिला। जांच टीम का कहना था कि अज्ञात लोगो द्वारा सुनियोजित तरीके से अवैध बालू का खनन किया जा रहा है। खनिज विभाग द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### मारपीट और दलित उत्पीड़न का मामला दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे के एक दबंग बाईक सवार ने दलित आटो चालक को बेवजह बेरहमी से पीट दिया जिसपर पुलिस ने मारपीट और दलित उत्पीड़न का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला सिजनौडा निवासी धर्मेंद्र वर्मा ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह आटो चलाता है और उसी सिलसिले में बड़े चौराहे पर था तभी सिचौली पुरवा निवासी जावेद खान अपनी एवेंजर बाईक लेकर आया और बेवजह गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा।पीड़ित ने बताया कि वहां से वह किसी तरह से आ गया तो आरोपी ने अस्पताल गेट के पास बाईक लगाकर रोक लिया और नामपता तथा जाति पूछी पीड़ित ने बताया कि जैसे ही उसने दलित समाज का बताया तो आरोपी ने फिर से मारपीट कर उसे बुरी तरह से पीटा और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट और दलित उत्पीड़न का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शराब पीकर बेरहमी से पीटा, मुकदमा दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** शराब के नशे में दबंग ने एक व्यक्ति को बेरहमी से पीट दिया जिससे उसका हाथ टूट गया।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम किसवाही निवासी बलवंत सिंह ने थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते पांच फरवरी को गांव के अवधेश कुमार सिंह ने उसे शराब के नशे में गाली गलौज करते हुए बेरहमी से पीट दिया जिससे उसका एक हाथ टूट गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कोल कंट्रोलर, भारत सरकार ने किया एनसीएल का दौरा



**सोनभद्र/सिंगरौली।** कोल कंट्रोलर , भारत सरकार (आईआरटीएस) सजिश कुमार एन. ने भारत सरकार की मिनी रत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) का दौरा किया। इस दौरान सजिश कुमार ने एनसीएल सीएमडी बी. साईराम एवं निदेशक मण्डल से औपचारिक मुलाक़ात की एवं कोयला उत्पादन, प्रेषण ,उत्पादकता, गुणवत्ता और अन्य खदान परिचालन गतिविधियों जैसे प्रमुख विषयों पर चर्चा की। एनसीएल में दो दिवसीय दौरे के दौरान सजिश कुमार एन. ने शुक्रवार को एनसीएल की निगाही परियोजना का दौरा कर व्यू प्वाइंट्स से खदान का अवलोकन किया। साथ ही ड्रैगलाइन परिचालन को देखा। इसके अलावा उन्होनें निगाही स्थित इको-पार्क का दौरा किया एवं पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर महाप्रबन्धक (उत्पादन) /टीएस टु सीएमडी, दीपक सक्सेना, परियोजना अधिकारी निगाही सी पी सिंह एवं परियोजना तथा मुख्यालय से अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनसीएल में संपन्न हुई 47वीं त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के मुख्यालय में शुक्रवार को 47वीं त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक आर ए मीना, उपमहानिदेशक खान सुरक्षा महानिदेशालय, नॉर्दर्न ज़ोन, गाजियाबाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सीएमडी एनसीएल बी. साईराम, एनसीएल के निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी /संचालन) जितेंद्र मलिक, डीएमएस (माइनिंग), वाराणसी राजीव कृष्णकुमार, डीएमएस (इलेक्ट्रिकल) नॉर्दर्न जोन, ग़ाज़ियाबाद पी कुमार, डीएमएस (मैकेनिकल) नॉर्दर्न जोन, संदीप श्रीवास्तव, डीडीएमएस (माइनिंग) वाराणसी, के जीवन, डीडीएमएस (इलेक्ट्रिकल), नॉर्दर्न जोन, ग़ाज़ियाबाद शर्मा रंजन, एनसीएल के जेसीसी सदस्य सीएमएस से अजय कुमार, आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह, बीएमएस से श्यामधर दुबे, एचएमएस से अशोक पांडे, सीएमओएआई प्रतिनिधि सर्वेश सिंह, श्रमिक संगठनों से सुरक्षा समिति के सदस्य, सभी क्षेत्रो के महाप्रबन्धक एवं मुख्यालय के विभागाध्यक्ष शामिल हुए। बतौर अध्यक्ष अपने उद्बोधन में उपमहानिदेशक खान सुरक्षा महानिदेशालय, गाजियाबाद आर ए मीना ने टीम एनसीएल की प्रशंसा करते हुए कहा कि एनसीएल में सुरक्षा नियमावलियों का अनुपालन किया जा रहा है। बैठक में उन्होने खान सुरक्षा से संबन्धित चर्चा के दौरान आए विभिन्न विषयों पर अपना दृष्टिकोण रखते हुए मार्गदर्शन दिया। उन्होने सुरक्षा हेतु एनसीएल द्वारा की जा रहा पारिवारिक परामर्श जैसी सभी पहलों को सराहा। साथ ही उन्होने कहा कि हम सभी के समेकित प्रयासों से शून्य क्षति दक्षता हासिल कर सकते हैं। उन्होने वर्ष 2025 के लिए एनसीएल को सुरक्षा के साथ लक्ष्य पूर्ति हेतु शुभकामनाएं भी प्रेषित की। त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति को संबोधित करते हुए सीएमडी एनसीएल बी. साईराम ने एनसीएल कर्मियों की सुरक्षा हेतु कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराया। साथ ही उन्होने एनसीएल द्वारा सुरक्षा की दिशा में उठाए जा रहे निवारक एवं सतत कदमों को विस्तार से रखा।

इस दौरान डीजीएमएस के पदाधिकारी एवं श्रमिकसंघ प्रतिनिधियों ने भी सुरक्षा में निरंतर सुधार के संबंध में अपने विचारों को विस्तार से रखा एवं सुझाव दिये। इस अवसर पर एक सुरक्षा प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया गया जिसमें विगत वर्ष की बैठक का क्रियान्वयन प्रतिवेदन के साथ एनसीएल खदानों में संचालन के दौरान सुरक्षा के लिए किए जा रहे विभिन्न कार्यों व नई पहलों का विस्तृत ब्यौरा रखा गया। एनसीएल अपने खनिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न नवाचारी पहलों को अमल में ला रही है, जिसमें रोको-टोको अभियान, सुरक्षा वार्ता, प्रशिक्षण, बैक शिफ्ट निरीक्षण और आई-गोट (iGot) प्लेटफॉर्म का उपयोग आदि शामिल हैं। साथ ही मोबाइल लॉकर सुविधा, ऑडियो क्लिप्स द्वारा जागरूकता, सुरक्षा ऑडिट रिपोर्ट, सेफ्टी माइन्स प्लान का पूर्ण अनुपालन, और चिकित्सा स्वास्थ्य शिविरों, पारिवारिक परामर्श संगोष्ठी का नियमित आयोजन, ग्रहणियों को फ़र्स्ट-एडर बनाना जैसी पहलों पर निरंतर कार्य कर रही है।

# कोल इंडिया को मिला गोल्डन पीकॉक सीएसआर अवॉर्ड

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/सिंगरौली।** एनसीएल की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड को निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रतिष्ठित 'गोल्डन पीकॉक सीएसआर अवॉर्ड 2024' से नवाजा गया है। कोल इंडिया अध्यक्ष पी.एम. प्रसाद एवं निदेशक (कार्मिक) विनय रंजन ने इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा सीएसआर विषय पर गुरुवार को मुंबई में आयोजित 19वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में यह सम्मान हासिल किया। यह प्रतिष्ठित सम्मान जरूरतमंद लोगों की जिंदगियों में बदलाव की कोल इंडिया की प्रतिबद्धता की एक मान्यता है। कंपनी की सीएसआर पहलों ने अब तक लगभग साढे तीन करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। पिछले पांच वर्षों से केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसई) में सबसे अधिक सीएसआर खर्च करने वाली कंपनी के रूप में कोल इंडिया ने सिर्फ पिछले वित्त वर्ष में सीएसआर गतिविधियों पर 572 करोड़ रुपये खर्च किए। कंपनी अपने सीएसआर फंड का 70त्न से अधिक हिस्सा स्वास्थ्य सेवा, पोषण और स्वच्छता, और शिक्षा व आजीविका से जुड़े कार्यों पर खर्च करती है। भारत सरकार की यह महारत्न कंपनी अपनी सीएसआर पहलों के माध्यम से राष्ट्रीय मिशनों में भी महत्वपूर्ण योगदानकर्ता रही है। कंपनी ने हाल के वर्षों में स्वच्छ विद्यालय अभियान के तहत 50,000 से अधिक शौचालयों का निर्माण कराया, आकांक्षी जिलों में जनजीवन की बेहतरी के लिए 850 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए और कोविड-19 के प्रसार को रोकने हेतु 700 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान दिया।

# बोलेरो ने दम्पत्ति सहित चार को रौंदा, एक की मौत, तीन गंभीर



**कुरारा,हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर घायल हो गए। यह हादसा रिठौरा मोड के पास उस समय हुआ, जब कानपुर के विजयनगर निवासी दीपक बाल्मीकि अपनी पत्नी गीता के साथ एक शादी समारोह में जा रहे थे।जानकारी के अनुसार दंपती सड़क पार कर रहे थे और उन्हें एक बाइक से टक्कर लग गई। बाइक पर सवार संदीप और सुधीर जब घायलों की मदद करने के लिए रुके थे, तभी एक तेज रफ्तार बोलेरो ने चारों को रौंद दिया और चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। कुरारा थाना पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने 40 वर्षीय गीता को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल दीपक और सुधीर को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए कानपुर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से बताया कि मृतका के परिजनों को सूचित कर दिया है और फरार बोलेरो चालक की तलाश में जुटी है।

# टेनिस प्रतियोगिता 2024-25 का हुआ शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/सिंगरौली।** शुक्रवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में कोल इंडिया अंतर कंपनी लॉन टेनिस प्रतियोगिता 2024-25 का भव्य शुभारंभ हुआ। यह प्रतियोगिता 7 फरवरी से 11 फरवरी, 2025 तक खेल परिसर, सीईटीआई सिंगरौली में आयोजित की जा रही है। कोल इंडिया अंतर कंपनी लॉन टेनिस प्रतियोगिता 2024-25 में कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियां एमसीएल, एनसीएल, एसईसीएल, डबल्यूसीएल, बीसीसीएल, सीएमपीडीआईएल सहित सिंगरेनी स्थित एससीसीएल की टीम प्रतिभाग कर रही हैं। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान एनसीएल सीएमडी, बी. साईराम बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, श्रमिक संघ के जेसीसी सदस्य सीएमएस से अजय कुमार, बीएमएस से श्यामधर दुबे, एचएमएस से अशोक पांडे एवं महाप्रबंधक (कार्मिक) प्रमोद कुमार सिन्हा, एनसीएल स्पोर्ट्स प्रोमोशन बोर्ड मेम्बर्स, मुख्यालय से विभागाध्यक्षगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान अपने उद्बोधन में बी. साईराम ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें सच्ची खेल भावना एवं पूर्ण मनोयोग से खेलों में भाग लेने का संदेश दिया। कोल इण्डिया अंतर कंपनी लॉन टेनिस प्रतियोगिता 2024-25 टीम चैंपियनशिप, ओपेन सिंगल्स, ओपेन डबल्स एवं वरिष्ठ वर्ग ओपेन सिंगल्स, ओपेन डबल्स श्रेणियों में खेली जा रही है जिसका समापन मंगलवार को किया जाएगा। गौरतलब है कि कोल इंडिया व इसकी सभी अनुषंगी कंपनियों द्वारा कर्मियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु वर्ष भर अनेक खेल प्रतियोगिताओं जैसे क्रिकेट, लॉन टेनिस, बैडमिंटन, फुटबॉल, कैरम, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स इत्यादि का आयोजन किया जाता है।

# महाकुम्भ में उमड़ा आस्था का महासागर





## स्नानार्थियों की संख्या 40 करोड़ के पार


- शुक्रवार शाम 4:00 बजे तक 78.78 लाख से अधिक स्नानार्थियों ने किया स्नान

अवधनामा ब्यूरो

**महाकुम्भ नगर/लखनऊ।** प्रयागराज में तीनों अमृत स्नान (मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी) के बाद भी श्रद्धालुओं व स्नानार्थियों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। पूरे देश और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से पवित्र त्रिवेणी में श्रद्धा और आस्था के साथ डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु प्रतिदिन लाखों की संख्या में प्रयागराज पहुंच रहे हैं। बसंत पंचमी के अंतिम अमृत स्नान पर्व के बाद भी करोड़ों श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में स्नान को पहुंच रहे हैं। शुक्रवार, 7 फरवरी को शाम बजे तक 52.07 लाख लोगों ने त्रिवेणी में स्नान किया। इसके बाद कुल स्नानार्थियों की संख्या 40 करोड़ के ऊपर पहुंच गई है। स्नानार्थियों में 10 लाख कल्पवासियों के साथ-साथ देश-विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल रहे।

मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब एक नए शिखर पर पहुंच गया है। इसी क्रम में शुक्रवार सुबह तक महाकुम्भ में स्नानार्थियों की संख्या ने 40 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। शुक्रवार को सुबह 10 बजे तक 42.07 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगा ली है। इसके साथ ही महाकुम्भ में स्नानार्थियों की कुल संख्या 40 करोड़ पार हो गई। अभी महाकुम्भ को 19 दिन शेष है और पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की संख्या 50 करोड़ के पार जा सकती है। यदि अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था, जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था। एक फरवरी और 30 जनवरी को 2-2 करोड़ के पार और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य डुबकी लगाई, इसके अलावा बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई थी।

## महाकुम्भ में दिख रही सनातन संस्कृति की एकताः आरिफ मो. खान



महाकुम्भ पहुंचे बिहार के राज्यपाल अरिफ मोहम्मद खान ने शुक्रवार को संगम भ्रमण के दौरान भारत की सनातन संस्कृति को महान बताया। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ में सनातन संस्कृति की एकता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। अपने प्रयागराज दौरे के दूसरे दिन आरिफ मो. खान ने कहा, भारत की सनातन संस्कृति का मूल आदर्श एकात्मता है, जहां सभी भेद समाप्त हो जाते हैं। हमारी संस्कृति हमें सिखाती है कि यदि हम किसी भी मानव को उनके दिव्य रूप में देखें, तो हमें यह अहसास होगा कि मानव ही माधव का स्वरूप है। अग्नि अखाड़े के सचिव संपूर्णानंद के यहां आकर राज्यपाल अरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि महाकुम्भ में आकर यह स्पष्ट होता है कि भारत की संस्कृति और परंपरा मानवता को जोड़ने का कार्य करती है। यहां मौजूद लोग एक-दूसरे को भले ही न जानते हों, लेकिन फिर भी सब एकजुट होकर इस आयोजन में भाग ले रहे हैं। अग्नि अखाड़ा के सचिव संपूर्णानंद ने राज्यपाल को रुद्राक्ष की माला और अंगवस्त्र देकर उनको सम्मानित किया।

## श्रद्धालुओं को कांग्रेस स्वयं सेवकों ने वितरित किये कम्बल



उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के सेवा शिविर में जरूरतमंद श्रद्धालुओं को कम्बल, गर्म कपड़े वितरित किये गये। शुक्रवार को सेक्टर पंद्रह के तुलसी मार्ग स्थित कांग्रेस सेवा दल के सेवा शिविर में संगठन की राष्ट्रीय प्रभारी कल्पना भटनागर ने पहुंचकर स्वम सेवको का उत्साहवर्धन किया। महाकुम्भ क्षेत्र में लगे सेवा दल के पांच दिवसीय कार्यशाला में शामिल होकर जरूरतमंद श्रद्धालुओं को कम्बल और गर्म कपड़े वितरित किये। इस दौरान सेवा दल की राष्ट्रीय सचिव कल्पना भटनागर ने कहा की आस्था की नगरी में चल रहे सेवा शिविर के कैम्प में हर दिन कम्बल, गर्म कपड़े, धार्मिक साहित्य, तुलसी की माला और पौधों का वितरण किया जाना अत्यंत प्रेरणादायक है। वहीं सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष डा0 प्रमोद पाण्डेय ने कहा की सनातन धर्म पर सत्ता की राजनीति ने कुठाराघात किया है, वह कुम्भ में परिलीक्षित हो रहा है। श्रद्धालुओं की आस्था से खिलवाड़ इससे पूर्व के आयोजन में कभी नही हुआ। वहीं शिविर में सेवा दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को श्रद्धालुओं की सेवा के लिये प्रशिक्षित भी किया गया। इस मौके पर डा0प्रमोद पाण्डेय, अनिलदेव त्यागी, सतीश बिंद, सुशील तिवारी, हसीब अहमद, प्रदुम दुबे, अमित पटेल, कनिष्का रफेल, भूपेंद्र शुक्ला, सरिता यादव, मनोज द्विवेदी, अनिल शुक्ला, आशीष यादव, गिरीश्कान्त, शिफा खान, धर्मेंद्र बिंद, मंदन मुरारी, हरिश चंद्र अग्रहरी समेत आदि लोग मौजूद रहे।

## पंजाब के 1700 श्रद्धालु आज आएंगे संगम स्नान को : राजेंद्र मिश्रा

भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर की बैठक पार्टी कार्यालय सिविल लाइन में आयोजित की गई। इस अवसर पर बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि दिनांक 8 फरवरी को अमृतसर पंजाब से चलकर त्रिवेणी संगम में स्नान करने के लिए 1700 श्रद्धालु प्रयागराज आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कहा कि सभी श्रद्धालु प्रयागराज जंक्शन पर सुबह 9:30 बजे तक आ जाएंगे और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करेंगे और उन्हें संगम स्नान कराने के लिए ले जाएंगे। सभी श्रद्धालुओं को संगम स्नान हेतु भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 40 बस की व्यवस्था की गई है और सभी बसों के प्रभारी नियुक्त कर दिया गया है। जिनकी जिम्मेदारी होगी सभी श्रद्धालुओं को स्नान कराने के पश्चात प्रयागराज जंक्शन तक छोड़ने की है।

प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने जानकारी दी इसके अलावा माघी पूर्णिमा के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह विनोद तावड़े एवं भारतीय जनता पार्टी के सभी प्रदेश अध्यक्ष गण और कई प्रदेशों के कैबिनेट मंत्री प्रयागराज आएंगे और संगम स्नान करेंगे इस बीच वो पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ परिचय बैठक करेंगे बैठक में प्रमुख रूप से वरुण केसरवानी रवि, राजेश सिंह, राजेश केसरवानी, रोहित जायसवाल, मनोज कुमार कुशवाहा, रोहित पप्पू पांडे, कुलदीप मिश्रा, अनुज कुशवाहा, राकेश भारती, प्रशांत शुक्ला, एवं सभी मंडल अध्यक्ष गण उपस्थित रहे।

## गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने भी लगाई डुबकी

- बोले- त्रिवेणी संगम में स्नान सौभाग्य की बात
- मुख्यमंत्री ने संगम स्नान से पूर्व बड़े हनुमान मंदिर में की पूजा अर्चना, गुजरात पवेलियन का भी किया अवलोकन



**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज महाकुम्भ में उमड़ रहे आस्था के जनसमुद्र के बीच शुक्रवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी श्रद्धा की डुबकी लगाने पहुंचे। संगम त्रिवेणी में स्नान करने के बाद उन्होंने योगी सरकार द्वारा किए गए प्रबंधों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कुम्भ क्षेत्र में सुंदर व्यवस्था की गई है और कहीं भी किसी को कोई समस्या नहीं हो रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि त्रिवेणी संगम में स्नान मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री ने संगम स्नान से पूर्व बड़े हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की और फिर सेक्टर 7 स्थित गुजरात पवेलियन का भी अवलोकन किया।

त्रिवेणी संगम में स्नान के बाद गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने योगी सरकार द्वारा किए गए प्रबंधों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कुम्भ क्षेत्र में सुंदर व्यवस्था की गई है और कहीं भी किसी को कोई समस्या नहीं हो रही है। भूपेंद्र पटेल ने कहा, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाएं अद्भुत हैं। स्वच्छता से लेकर हर सुविधा तक, सब कुछ बहुत ही अच्छा है। गुजरात सीएम ने कहा, हमें पवित्र स्नान करने का अवसर मिला, यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। त्रिवेणी संगम, जो भारत की आस्था का केंद्र है, वहां स्नान करने के बाद हर व्यक्ति स्वयं को भाग्यशाली मानता है। मोटरबोट से पूरी सुरक्षा के बीच मुख्यमंत्री त्रिवेणी संगम पहुंचे और यहां उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चारण और श्लोकों के बीच आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान उन्होंने भगवान सूर्य को अर्घ्य भी दिया। उनके साथ औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने भी पावन डुबकी लगाई। इसके बाद मुख्यमंत्री ने गंगा पूजन और गंगा आरती भी की।

## बॉलीवुड कलाकारों ने संगम में लगाई डुबकी



- संगम में डुबकी लगाना सौभाग्य की बात : राजकुमार राव

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ में बड़ी संख्या में आम और खास सभी लोग त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने आ रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव, अभिनेत्री नीना गुप्ता और अभिनेता संजय मिश्रा महाकुम्भ पहुंचे। सभी कलाकारों ने इस भव्य आयोजन की प्रशंसा की और यहां के माहौल को अविस्मरणीय बताया। बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि वह और उनकी पत्नी पत्रलेखा मां गंगा के प्रति गहरी श्रद्धा रखते हैं। राजकुमार राव ने कहा, मैं संगम में डुबकी लगाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। हम पिछली बार भी महाकुम्भ में आए थे। पत्रलेखा और मैं मां गंगा के प्रति समर्पित हैं। हम परमार्थ निकेतन आश्रम में ठहरे हुए हैं। जो भी यहां स्नान कर सकता है, वह सौभाग्यशाली है। भगवान की कृपा से हमें यह अवसर मिला है।

### समय होता तो यहीं घर बना लेता- संजय मिश्रा

मशहूर अभिनेता संजय मिश्रा ने महाकुम्भ के माहौल को अद्भुत बताते हुए कहा कि यहां भारी भीड़ है, लेकिन फिर भी सारी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए किए गए प्रयास सराहनीय हैं। अगर मेरे पास समय होता, तो मैं यहीं अपना घर बना लेता।

### सालों से यहां आने की इच्छा थी : नीना गुप्ता

नीना गुप्ता ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, मैं सालों से यहां आना चाहती थी। यह एक अनोखा अनुभव है। आखिरकार, आज मैंने डुबकी लगा ली। यहां का माहौल अविश्वसनीय है। मैंने अपने जीवन में इससे बड़ा जनसमूह कभी नहीं देखा। सरकार ने इतने बड़े आयोजन को सफलतापूर्वक आयोजित किया है, यह काबिले-तारीफ है।

### महाकुम्भ में स्नान के साथ संतों का आशीर्वाद लेना भी जरूरी : मालिनी अवस्थी

प्रसिद्ध लोकगायिका मालिनी अवस्थी ने महाकुम्भ में श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे केवल त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान तक ही सीमित न रहें, बल्कि संतों का आशीर्वाद भी लें। मालिनी अवस्थी ने कहा, महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं का उद्देश्य सिर्फ स्नान करना नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें संतों के दर्शन कर उनका आशीर्वाद भी लेना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुम्भ का संदेश पूरे विश्व में गया है कि जो इस पावन अवसर पर स्नान नहीं करेगा, वह इस सौभाग्य से वंचित रह जाएगा। इसी कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए आ रहे हैं।

## संस्कार भारती के मंच पर कलाकार हुए सम्मानित



**प्रयागराज/लखनऊ।** संस्कार भारती के माहेश्वर परिसर महाकुंभ 2025 में राष्ट्रीय है कला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन दर्शकों का आकर्षण का केंद्र बन गया है। हजारों दर्शकों ने इसे देखा और सराहा है। प्रदर्शनी संयोजक डॉ सचिन सैनी एवं व वरिष्ठ कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा ने बताया कि बृहस्पतिवार को प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि न्यायाधीश सुधीर नारायण अग्रवाल ने किया तथा मंच पर कला प्रदर्शनी में प्रतिभागी इलाहाबाद विश्वविद्यालय के 35 कला विद्यार्थियों एवं नवोदित कलाकारों को अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय महामंत्री अश्विन दलवी ने मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुधीर नारायण को अंग वस्त्र से मंच पर सम्मानित किया एवं राज्य ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष गिरीशचन्द्र मिश्र ने कलाकारों के सृजनशीलता की जमकर प्रशंसा की। पंडाल में डेकोरेशन,अल्पना एवं सेल्फी प्वाइंट बनाने वाले कलाकारों को भी न्यायमूर्ति ने सम्मानित किया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई की श्रेया श्रीवास्तव ने शानदार गीत संगीत की सांस्कृतिक प्रस्तुति दे तालियां बटोरी। डॉ. सचिन सैनी और रवीन्द्र कुशवाहा ने प्रदर्शनी का शानदार संयोजन किया। जसमें संस्कार भारती महाकुंभ 2025 के शिविर संयोजक सुशील राय, अध्यक्ष डॉ योगेंद्र मिश्रा, अखिल भारतीय मंचीय कला संयोजक देवेंद्र रावत,संगठन मंत्री दीपक शर्मा, विश्वविद्यालय अध्यक्ष डॉ इंदु शर्मा, गायिका रागनी चंद्रा, कलाकार नागेन्द्र श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष शंभूनाथ श्रीवास्तव, प्रधानाचार्या रेखा तिवारी आदि ने कलाकारों का उत्साह वर्धन किया।

# वक्फ संयुक्त संसदीय समिति केवल धोखा देने के लिए : मौलाना कल्बे जवाद

- यह बिल हमारे औकाफ पर कब्जा करने की सुनियोजित साजिश
- हम आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के हर आंदोलन में शामिल होंगे

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** मजलिस उलमा-ए-हिन्द के महासचिव मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने वक्फ संशोधन विधेयक पारित किये जाने की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि वक्फ संयुक्त संसदीय समिति केवल धोखा देने के लिए है। यह बिल हमारे औकाफ पर कब्जा करने की सुनियोजित साजिश है। मुसलमानों को इस मामले में आगे आना होगा ताकि औकाफ की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। मौलाना ने वक्फ मामले में आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का समर्थन करते हुए कहा कि हम बोर्ड के हर आंदोलन में शामिल होंगे। जल्द ही आंदोलन शुरू होगा और जो भी आंदोलन में शामिल नहीं होगा वह कौम का गद्दार कहलाएगा। मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि जिस तरह संयुक्त संसदीय समिति ने मनमाने ढंग से बैठकें कीं और सरकार समर्थकों को विधेयक पर विचार के लिए बुलाया, उससे पता चल रहा था कि औकाफ पर सरकार की नियत ठीक नहीं है। मौलाना ने इशारों में कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक पर पक्ष रखने के लिए उन्हीं लोगों को बुलाया जिन्हें पद की लालच थी और वे लोग कौम के बजाए सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। शिया वक्फ पर किसी प्रतिनिधिमंडल को न तो बुलाया गया और न ही उलमा व राष्ट्रीय संगठनों की ओर से पेश प्रस्तावों को पढ़ा तक गया, क्योंकि कमेटी सिर्फ धोखा देने के लिए गठित की गयी थी। सरकार नजूल को समझे बिना औकाफ पर कब्जे की योजना बना रही है। जिन लोगों ने अंग्रेजों का विरोध किया उनकी सम्पत्तियां नजूल में दर्ज की गयीं थीं। मौलाना ने कहा कि क्या हमें देशभक्त होने की सजा मिल रही है। मौलाना ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि यह कांग्रेस की जिम्मेदारी थी कि वक्फ सम्पत्ति को नजूल से निकाल वक्फ में दर्ज कराने का काम करती, लेकिन कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ कांग्रेस की नीतियों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है।

इस मामले में भाजपा कांग्रेस की शिष्य है। मौलाना ने कहा कि हमें यह बिल हरगिज मंजूर नहीं क्योंकि यह वक्फ बिल नहीं सांप का बिल है जो औकाफ को डसने के लिए लाया गया है। उन्होंने कहा कि अफसोस की बात है कि अधिकांश मौलवी और कौमी लीडर बिल पर चुप हैं। जो लोग पद की लालच में बिल का समर्थन कर रहे हैं वह कौम के प्रति ईमानदार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल भी मुसलमानों के प्रति ईमानदार नहीं हैं। इसलिए उन पर भी भरोसा नहीं करें और औकाफ की सुरक्षा के लिए मुसलमान खुद आगे आएं।

## कांग्रेस ने डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजा

**लखनऊ।** अमेरिकी सरकार के भारतीय प्रवासियों के अन्यायपूर्ण निर्वासन से उत्पन्न संकट को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर शहर कांग्रेस ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्टपति को सम्बोधित ज्ञापन भेजा। शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी और डॉ. शहजाद आलम के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राष्टपति से केन्द्र सरकार को अमेरिका में रह रहे भारतीयों के साथ हो रहे अन्याय और अमानवीय व्यवहार को रोकने के लिए अमेरिकी सरकार से वार्ता की मांग की गयी है। शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव और डॉ. शहजाद आलम ने कहा कि 56 इंच सीने का दावा करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में अमेरिकी सरकार जिस तरह का व्यवहार भारतीयों से कर अपना लगातार अपमान कर रही है। ऐसे में केन्द्र सरकार का फर्ज बनता है कि अमेरिका में रह रहे भारतीयों पर अन्याय मामले पर चुप्पी तोड़े और वहां की सरकार से वार्ता कर लोगों को सम्मान दिलाए। ज्ञापन कार्यक्रम में पंडित नितिन शर्मा, विजय बहादुर सिंह, राजेन्द्र पाण्डे, तीरथराज मिश्रा, बाकर मेहदी, मोहम्मद सलमान, आर.बी. सिंह सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

# मुमताज़ पीजी कॉलेज में शैक्षिक सम्मेलन का आयोजन आज

अवधनामा ब्यूरो

- देशभर से प्रसिद्ध विद्वान और शिक्षा विशेषज्ञ अपने विचार व्यक्त करेंगे

**लखनऊ।** मुमताज पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के महत्वपूर्ण शैक्षिक सफर की पचासवीं वर्षगांठ के अवसर पर स्वर्ण जयंती समारोह में शहर की प्रसिद्ध और पुरानी संस्था अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन के तहत शनिवार 8 फरवरी को सुबह साढ़े दस बजे एक शैक्षिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। समारोह का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव करेंगे, जबकि अध्यक्षता भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ. एसवाई कुरेशी करेंगे। इस महत्वपूर्ण शैक्षिक सम्मेलन का केंद्रीय विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति है, जिसका नया दृष्टिकोण सभी के लिए समान और समावेशी शिक्षा प्रणाली है, जिसमें शिक्षा को न केवल रोजगार के साधन के रूप में बल्कि आलोचनात्मक सोच, रचनात्मक क्षमताओं और समग्र कौशल के आधार पर भी महत्व दिया गया है। शिक्षा, संस्कृति और सभ्यताः अतीत, वर्तमान और भविष्य के परिप्रेक्ष्य में उपशीर्षक के तहत आयोजित होने जा रहे इस शैक्षिक सम्मेलन में शिक्षा, संस्कृति और सभ्यता के आपसी संबंधों के साथ-साथ नई शिक्षा नीति के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर चर्चा की जाएगी, जिससे छात्रों को उनके शैक्षिक लक्ष्यों को निर्धारित करने और सहायक तत्वों से परिचित कराने की कोशिश की जाएगी। इस सम्मेलन में विद्वान और शिक्षा विशेषज्ञ जैसे डॉ. नजीब जंग (पूर्व उपराज्यपाल दिल्ली और पूर्व कुलपति जामिया मिल्लिया इस्लामिया दिल्ली), शाहिद सिद्दीकी (पूर्व सांसद), सैयद महमूद अख्तर (मुख्य कार्यकारी अधिकारी एईएईडीयू), चेयरमैन डॉ. मोहम्मद अतीक, मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली (इमाम ईदगाह लखनऊ), प्रोफेसर डॉ.अब्बास अली महदी (कुलपति एरा मेडिकल यूनिवर्सिटी), चांसलर इंटीग्रल यूनिवर्सिटी प्रोफेसर सैयद वसीम अख्तर और दिल्ली विश्वविद्यालय से प्रोफेसर इरतेज़ा करीम अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

## मानचित्र समाधान दिवस आयोजित

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को प्राधिकरण भवन के कमेटी हॉल में मानचित्र समाधान दिवस आयोजित हुआ। शिविर में नजूल, अर्जन, सीलिंग, ट्रस्ट व लैण्ड यूज से संबंधित 14 आवेदकों को मौके पर अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के साथ 30 मानचित्र/शमन मानचित्र स्वीकृत किये गये। लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शिविर में रह कर एक-एक प्रकरण की समीक्षा कर कार्रवाई के निर्देश दिये। शिविर में प्राधिकरण के मानचित्र, अभियंत्रण, नजूल, नियोजन, ट्रस्ट अनुभाग के अलावा जिला प्रशासन, नगर निगम और जलकल के अधिकारी भी मौजूद थे। लविप्रा के मुख्य नगर नियोजक के.के. गौतम ने बताया कि शिविर में कुल 12 मानचित्र व 18 शमन मानचित्र स्वीकृत किये गये। वहीं ऑनलाइन 35 आवेदनों का निस्तारण किया गया। इसके अलावा शिविर में 32 लोगों ने मानचित्र, शमन मानचित्र के लिए आवेदन किया। उपाध्यक्ष ने 28 फरवरी को पुनः मानचित्र शिविर लगाने के निर्देश दिये हैं, जिसमें प्रक्रियाधीन प्रकरणों के अलावा नये आवेदनों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## मजलिसे सैय्युम आज

**लखनऊ।** रेलवे से सेवानिवृत्त इंजीनियर स्वर्गीय आबिद रजा रिजवी के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे सैय्युम शनिवार को होगी। हरदोई रोड के सरफराजगंज स्थित बिल्कीस जहां की मस्जिद में शनिवार सुबह 10 बजे होने वाली मजलिस को मौलाना मूसी रजा यूसुफी खिताब करेंगे। महिलाओं की मजलिस शनिवार को उनके सरफराजगंज स्थित आवास, लहरपुर हाउस में सुबह 10 बजे होगी। विदित हो कि 86 वर्षीय स्वर्गीय आबिद रजा का गुरुवार को निधन हो गया था, जिन्हें मिस्त्री की बगिया स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। स्वर्गीय के परिवार में पत्नी, तीन पुत्र और एक पुत्री हैं।

## जश्ने अली अकबर का आयोजन कल

**लखनऊ।** नवासए रसूल हजरत इमाम हुसैन के बेटे और हमशक्ले पयम्बर हजरत अली अकबर के जन्मदिन की खुशी में ठाकुरगंज स्थित इमामबाड़ा बहिश्ते जहरा में जश्ने अली अकबर का आयोजन रविवार को किया जाएगा। उस्मान हुसैन और समीर कुरैशी की ओर से रविवार को दोपहर 3 बजे ठाकुरगंज के मुसाहबगंज कुमेदान की बगिया स्थित इमामबाड़ा बहिश्ते जहरा में होने वाली महफिल का आगाज तिलावते कलामे पाक से होगा। महफिल को मौलाना शब्बर हुसैन खान, मौलाना हसनैन बाकरी जौरासी और मौलाना नहजतुल हसन खिताब करेंगे। उलमा के खिताब के बाद शोअरा अपने कलामों का नजराना पेश करेंगे।